# अंकुर













**पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय**

**( दिल्ली विश्वविद्यालय )**

**नेहरू नगर, नई दिल्ली-110065**

# Editorial Board



**Standing Faculty Editors** *(L-R)* : Mr Sampat Kumar *(Sanskrit)*, Dr Giridhar Gopal Sharma *(Sanskrit)*, Dr Mukesh Aggarwal *(Principal)*, Dr Veena Gulati *(Chief Editor)*, Ms Lallianpuii Ralte *(English)*, Ms Nancy Khera *(English)* Dr Alok Deepak Upadhyay *(Hindi)*

**Sitting Student Editors** *(L-R)* : Anand Kumar Mishra *(Hindi)*, Amisha Singh *(Hindi)*, Shaily *(Sanskrit)*, Archana *(Sanskrit)*, Ria Sharma *(English)*, Komal Joshi *(English)*, Kartik Gupta *(English)*

# अंकुर

असतो मा सद्गमय

# पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय

(दिल्ली विश्वविद्यालय)

नेहरू नगर, नई दिल्ली 110065

www.pgdavcollege.edu.in

email:pgdavcollege.edu@gmail.com

वर्ष : 2018-19

अंक : 67

Patron
**Dr Mukesh Aggarwal**

Chief Editor
**Dr Veena**

Editors (Sanskrit)
**Dr Giridhar Gopal Sharma**
**Mr Sampat Kumar**

Editors (Hindi)
**Dr Alok Deepak Upadhyay**
**Dr Yogender Kumar**

Editors (English)
**Ms Nancy Khera**
**Ms Lallianpuii Ralte**

Student Editors
Sanskrit : **Archana, Shaily**
Hindi : **Anand Kumar, Amisha Singh, Arpit Shakaya**
English : **Ria Sharma, Komal Joshi, Kartik Gupta**

Publisher
**Ms Garima Gaur Srivastava**

Printer
**Ess Pee Printers**



## *From the Principal's Desk*

I am delighted that year after year our college magazine continues to be a testament to the vibrant academic and co-curricular endeavours of both teachers and students. The very purpose of education would be defeated if our efforts were confined only to didactic instruction and no impetus were put on creative freedom and diversified thinking. Ankur symbolizes the sprouting of a lovingly planted seed of thought, rife with potential of growth, symbiosis and benevolence to give more life. The magazine, living upto its name, has given a similar nurturing and enriching platform to the contributors.

I commend the dedication of the Editor-in-Chief, Dr Veena and her team, who have worked hard to bring us this year's Ankur. I wish the magazine all the success.

Dr Mukesh Aggarwal

# Interview with Dr. Dolly Narula



Dr. (Mrs.) Dolly Narula a very popular teacher in the Economics Department of the College retired on 28th February after an illustrious teaching career. She was liked by one and all for her amicable nature, smiling face and dignified approach towards all. Before her retirement, Dr. Narula shared her experiences of 40 long years in the college with her students in an interview and 'Ankur' is privileged to publish a few excerpts of the same. In the chat four students namely, Manrip, Drishti, Amisha and Anand asked a few questions and Dr. Narula gave very candid replies:-

**Manrip**: Madam, please tell us from where you did your schooling and higher education.

**Dr. Narula**: I did my schooling from Salwan School, New Rajendra Nagar as I was staying in Rajendra Nagar itself. After higher secondary school. I was clear in my mind, that I wanted to do Economics Honours from Lady Shri Ram College. But my father insisted that I should not spend too much time travelling and I should rather join some nearby college like Kalindi or Janki Devi. As Kalindi College did not offer Economics Honours at that time, I opted for Janki Devi College reluctantly; but today I must confess, I have enjoyed my association with Janki Devi College very much. Later on, I pursued my post graduation from Delhi School of Economics and did my M Phil and PhD from there itself.

**Drishti**: Madam, during school were you interested only in studies only or did you take part in extra-curricular activities as well?

**Dr Narula**: Yes, of course you can say that my concentration and first priority was always on my studies but to refresh myself, I used to take part in other activities also like sports and NCC. You may not believe it but I was quite good in athletics.

**Manrip**: Madam we all know that teaching is a very noble profession. But I would like to know at what age did you get the idea of joining this profession and was there anybody who inspired you to join this profession?

**Dr Narula:** Frankly speaking, since childhood I always wanted to be a doctor but I grew up and understood the process of medical profession. Sometimes I used to get scared that medical studies involved a lot of dissection of frogs and it drained all my enthusiasm. Besides this I was very much impressed and inspired by the personality of my Economics teacher in school, Mrs Sugesh. Initially, I was not attracted to the Economics subject as such but was impressed by the mannerism, dress sense and the way she used to carry herself. I wanted to be like her. As destiny would have it even during my college. I got fantastic teachers who charmed me with their personalities Mrs. Kamla, Professor K.L Krishna, Professor Prashant Patnayak. It got entrenched in my subconscious mind that one day I would join the teaching profession. To achieve this goal I gave my 100%. Today I am happy and contented person.

**Drishti:** Madam tell us something about your first day in teaching profession.

**Dr. Narula:** I joined as temporary teacher in Daulat Ram College at the age of 21. When I entered the class, a few students mistook me for a student. It was hard to explain that I was the teacher. It was really a funny situation.

**Manrip:** Madam, we know that you joined this college some 40 years ago. Please enlighten us about the changes you have noted in the teaching pattern and the changes in the students response.

**Dr. Narula:** As I understand, nothing drastic has changed in the basic approach, because it has been a continuous process. Yes, I agree we are now banking more on technology and the relations between teachers and students are more open. Today the communication between the two is on a higher level.



**Anand:** Madam, how has this profession changed your perspective in life?

**Dr. Narula:** As you know teaching is a noble and responsible profession. Definitely it has taught me a lot. I am more introspective, patient and emphathising. It has also enabled me to understand the challenges of today's youth. Furthermore, this profession has made me a responsible citizen and now I consider that through this profession one can contribute a lot of positive things to the society. I am highly satisfied when I find that my students are benefiting from my experiences.

**आनंद:** मैडम आज आप सेवानिवृत्त हो रही हैं तो इस अवसर पर आप विद्यार्थियों के लिए क्या संदेश देना चाहेंगे?

**डॉ. नरुला:** वस्तुत: मैं विद्यार्थियों को नियमित रूप से प्रोत्साहित करती रहती हूँ। उनसे वार्तालाप करना, उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करना, कुछ नया सिखाना और उनसे कुछ नया सीखना मेरा स्वभाव रहा है। संदेश के तौर पर मैं विद्यार्थियों से कहना चाहूंगी कि 18 से 25 वर्ष की आयु उनमें पूरे जीवन का महत्वपूर्ण समय है। इन्हीं वर्षों में उन्हें समय गंवाए बिना अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। विद्यार्थियों का मस्तिष्क बहुत तेज होता है। जरूरत है उन्हें अपने ज्ञान एवं शक्ति को सकारात्मक दिशा में लगाने की, यदि वह अपनी पढ़ाई पूरी मेहनत और ईमानदारी से करेंगे तो निश्चय ही सफल होंगे। वर्तमान समय में विद्यार्थी बहुत ही Alert और Talented हैं। अपने भविष्य का सही निर्णय लेने के योग्य हैं। बस दिशानिर्देश सही मिलना चाहिए।

**अमीषा:** मैडम हमारे जैसे कई छात्र आगे चलकर शिक्षक बनना चाहते हैं। उन्हें आप क्या परामर्श देंगे?

**डॉ. नरुला:** जैसा कि मैंने पहले भी कहा अनुशासन जीवन के हर क्षेत्र में आवश्यक है किंतु शिक्षक बनने के लिए अनुशासन की महत्ता और भी बढ़ जाती है। क्योंकि यहाँ प्रश्न विद्यार्थियों के जीवन को संवारने का है। इसलिए अनुशासन, ईमानदारी और समुचित ज्ञान किसी भी शिक्षक को एक आदर्श शिक्षक बना सकते हैं। शिक्षक का कर्तव्य बहुत बड़ा है।



**Manrip:** Madam, you have been a successful woman. What is secret of your success?

**Dr. Narula:** Yes, my journey in life has been very satisfying and I owe it all to the grace of the Almighty. I have full faith in God. God gave me caring parents, loving siblings, good education and happy married life. All this contributed to my inner strength.

**Drishti:** Madam, what are your other interests in life and how do you spend your spare time?

**Dr. Narula:** Since childhood I have been a voracious reader. I read all types of good literature like fiction, poetry and articles on current affairs. I enjoy reading Kabir, Rahim and other Sufi writers and am still enjoying reading the works of Shivani and Malathi Joshi in particulars. Listening to melodious ghazals and old songs is my hobby.

**अमीषा:** मैडम! यदि आप की सेवानिवृत्ति 5 साल के लिए टाल दी जाए तो आपको कैसा अनुभव होगा?

**डॉ. नरुला:** सच कहूँ तो मैं जीवन के इस मोड़ पर सेवानिवृत्त होते हुए बहुत संतुष्ट हूँ। संतुष्ट इसलिए भी हूँ कि पिछले 40 वर्षों की मधुर स्मृतियाँ मेरे साथ हैं। हां यह बात अवश्य है कि मैं अपने सहयोगियों के स्नेह और सान्निध्य की कमी को अवश्य महसूस करूँगी। परिवर्तन तो प्रकृति का नियम है। नए लोगों को अवसर मिलना चाहिए ताकि वह भी अपना योगदान दे सकें।

**Manrip:** Madam what are your future plans?

**Dr. Narula:** Of course I am retiring but not tiring. As I am fond of travelling, I would like to explore new places in India and would like to visit a few countries abroad. I would also like to do some social work.

**Drishti:** Madam you look younger than your age. What is the secret behind this?

**Dr. Narula:** I do not know whether I look younger than my age but one thing I am sure is that I always try to remain positive in my thoughts. Maybe that has to do something about my looks. I have never clouded my thoughts with negativity. My mother used to impart these thoughts by telling us very soul searching stories in our childhood and I still remember them. I have never tried to hurt somebody intentionally. Jealousy has no place in my life. I wish happiness for all.

**Manrip:** Madam, it was very nice talking to you We wish you a happy retired, though not tired life with your family. We hope you will continue your association with this college by guiding us from time to time.

This poem is dedicated to my mentor Dr. Dolly Narula who had been teaching in the Department of Economics in P.G.D.A.V. College.

## SPIRITUAL LESSONS

Ma'am you are a great teacher
And your macro economics teaching have
Helped us academically, professionally in our careers
But very few know that you are a true Karma Yogi
Your teachings have led to our spiritual growth.
When times are tough and difficulties surround
When there is fire in the forest and flood in the river
When there is darkness in the valleys around
Your teachings are sunshine full of love and compassion
Your teachings are a ray of hope to mankind
You taught us humility with our heads held high
You taught us wisdom in human relationships
You taught us selfless service without expectations
You taught us leadership without dictating anyone
You taught us to enjoy freedom with more responsibilities
Ma'am you have imbibed in us knowledge with character
Every soul you have met, every life you have touched
Has become happy, healthy and more peaceful
Ma'am you are a great teacher
And your teachings go beyond macro economics.

**Varun Bhushan**
Assistant Professor
Department of Economics

This poem is dedicated to my mentor Dr. Dolly Narula who had been teaching in the Department of Economics in P.G.D.A.V. College.

## SPIRITUAL LESSONS

Ma'am you are a great teacher
And your macro economics teaching have
Helped us academically, professionally in our careers
But very few know that you are a true Karma Yogi
Your teachings have led to our spiritual growth.
When times are tough and difficulties surround
When there is fire in the forest and flood in the river
When there is darkness in the valleys around
Your teachings are sunshine full of love and compassion
Your teachings are a ray of hope to mankind
You taught us humility with our heads held high
You taught us wisdom in human relationships
You taught us selfless service without expectations
You taught us leadership without dictating anyone
You taught us to enjoy freedom with more responsibilities
Ma'am you have imbibed in us knowledge with character
Every soul you have met, every life you have touched
Has become happy, healthy and more peaceful
Ma'am you are a great teacher
And your teachings go beyond macro economics.

**Varun Bhushan**
Assistant Professor
Department of Economics

# मुख्य सम्पादकीय

हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हमारे लोकतंत्र की प्रमुख विशेषता यह है कि हम 'सजीव लोकतंत्र' के निवासी हैं। कई देश लोकतंत्र की दुहाई तो देते हैं, लेकिन व्यवहार में वहां लोकतंत्र अनुपस्थित रहता है। लोकतंत्र अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पक्षधर एवं समर्थक होता है किंतु यदि इसका दुरुपयोग होने लगे- लोकतंत्र को कमजोर करने की चेष्टा होने लगे तो लोकतंत्र इस पर अंकुश भी लगा सकता है।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संदर्भ में 'मीडिया' की भूमिका प्रायः चर्चा होती है। प्रत्येक परिस्थिति में मीडिया को निष्पक्षता एवं साफ़गोई से अपनी बात रखनी चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कुछ लोग संवैधानिक संस्थाओं की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाने से भी नहीं चूकते। तथ्यों के अभाव में केवल सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने की प्रवृत्ति राष्ट्रहित में नहीं हो सकती। राष्ट्र और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जहां हमें अपने अधिकारों के प्रति सजग होना चाहिए वहीं अपने कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति भी तत्पर होना चाहिए।

भारत एक युवा राष्ट्र है। कालखंड में युवा वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वर्तमान संदर्भ में देश के युवावर्ग के समक्ष चुनौतियां सिर उठाए खड़ी हैं। पल-पल परिवर्तित होने वाली राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियाँ किसी परीक्षा की घड़ी से कम नहीं हैं। बाहरी विषमताएँ भी प्रहार करने को तैयार हैं। हमारे देश की युवा पीढ़ी देशभक्त, सजग, सतर्क एवं उत्तरदायित्व को वहन करने में सक्षम है। आवश्यकता इस बात की है कि उसे उचित मार्गनिर्देश मिले। सकारात्मक सोच उसे कभी भटकने ना दे। आज का युवामन कल्पना की ऊंची उड़ान भरता हुआ भी यर्थात से अनभिज्ञ नहीं है। उसका मन और मस्तिष्क दोनों सक्रिय हैं। संभवतः इसीलिए अनुभूति और अभिव्यक्ति- दोनों 'सच्ची' हैं। 'अंकुर' के लिए सामग्री-संचयन की प्रक्रिया आरंभ हुई तब स्पष्ट हो गया की समसामयिक घटनाचक्र ने विद्यार्थियों के समक्ष अनेक चिंत-बिंदु प्रस्तुत किए हैं। जिन्हें उनकी लेखनी विविध रूपों में प्रस्तुत करने वाली है। सभी ज्वलंत मुद्दों पर विचार मनन करते हुए विद्यार्थियों ने समाज के प्रति अपनी सहभागिता पूर्ण रूप से निभाई है। इस अंक में शिक्षक वर्ग ने भी अमूल्य योगदान दिया है। शिक्षक वर्ग के लोगों की उपस्थिति हमारे विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन भी करेगी और उत्साहवर्धन भी ऐसा मेरा विश्वास है। हमारे महाविद्यालय के रचनाकारों ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की महत्ता एवं गरिमा को बनाए रखने का पूर्ण प्रयास किया है।

'अंकुर' का यह अंक उन वीरों को समर्पित है जिन्होंने पुलवामा हमले में अपने प्राणों की आहुति दी। हम उन वीरों को नमन करते हुए 'दिनकर' जी के शब्दों में श्रद्धांजलि देते हैं।

कलम, आज उनकी जय बोल

जो अगणित लघुदीप हमारे,

तूफ़ानों में एक किनारे,

जल-जलकर बुझ गए एक दिन-

माँगा नहीं स्नेह मुँह खोल
कलम, आज उनकी जय बोल!
पीकर जिनकी लाल शिराएँ,
उगल रही लपट दिशाएँ
जिनके सिंहनाद से सहमी-
धरती रही अभी तक डोल,
कलम, आज उनकी जय बोल।

वर्ष 2018-19 के इस अंक की निर्माण यात्रा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मुकेश अग्रवाल का दिशानिर्देश एवं अमूल्य समय हमें निरंतर मिलता रहा। मैं संपादक मंडल की ओर से उनके प्रति आभार प्रकट करती हूँ।

संपादक-मंडल के अपने साथियों- नैंसी खेड़ा, ललियनपुई, गिरिधर गोपाल शर्मा, श्री संपत कुमार, डॉ. आलोक दीपक उपाध्याय एवं डॉ. योगेंद्र कुमार का भी मैं धन्यवाद करती हूं जिनके परिश्रम एवं सहयोग से पत्रिका का रूपाकार संभव हो सका।

इस यात्रा में छात्र संपादक मंडल का सहयोग उल्लेखनीय है। उन्हें साधुवाद! पत्रिका के सज्जा पक्ष के लिए मैं 'आइरिस' एवं 'इम्प्रेशन' सोसायटी के छात्र आदित्य भुकर एवं आकर्ष किचलू का धन्यवाद करती हूँ।

2018-19 का नया अंकुर आपके समक्ष प्रस्तुत है-

-डॉ. वीणा



# संस्कृत खण्डः

# विषय सूची


| क्र. सं. | विषय | |
|---|---|---|
| 1. | वैदिकी | - डॉ. गिरिधर गोपाल शर्मा |
| 2. | संस्कृत वाङ्मय में पर्यावरण चिन्तन | - डॉ. दिलीप कुमार झा |
| 3. | चारों वेदों का आन्तरिक स्वरूप | - श्याम सुन्दर शर्मा |
| 4. | मानव जीवन में संस्कारों का औचित्य | - रोहित कुमार |
| 5. | वर्तमानकाल: वनस्पतयश्च | - ज्ञानेश उपाध्याय |
| 6. | संस्कृतस्य 'Classical Language' इति नामकरणम् | - निपुण चौहान |
| 7. | स्वतंत्रता: दिवस: | - ज्योति कुमारी |
| 8. | जीवनं नाम संघर्ष: | - सोनी कुमारी झा |
| 9. | संस्कृतं विना | - शैली कुमारी |
| 10. | श्रृगालस्य चातुर्यम् | - अंजली |
| 11. | न काचित् माता सदृशी | - मिनाक्षी |
| 12. | एहि हसाम: | - कृष्णा शर्मा |
| 13. | गीताया उपदेशामृतम् | - रंजीत कुमार |
| 14. | मनोव्यथा | - आकांक्षा पाठक |
| 15. | वैज्ञानिक आइंस्टीन | - विकास मिश्रा |
| 16. | सफलजीवनस्य सूत्रम् | - अकुश |
| 17. | जगदीशचन्द्रबसु: इत्यस्य जीवनपरिचय: | - कृष्णचन्द्र मिश्र |
| 18. | अस्माकं वैज्ञानिक: अब्दुलकलाम | - अर्चना |
| 19. | प्रविधितन्त्रे संस्कृतम् | - सौरभ सक्सेना |
| 20. | स्वच्छभारताभियानम् | - शाश्वत |
| 21. | आदर्श छात्र: | - राकेश कुमार पाल |
| 22. | स्त्री शिक्षा | - रीमा हलदर |
| 23. | वसुधैव कुटुम्बकम् | - वरूण कोहली |

# सम्पादकीयम्

यथा न्यग्रोधबीजस्थः शक्तिरूपो महाद्रुमः।
तथा हृदयबीजस्थः विश्वमेतच्चराचरम्।।

इयं सृष्टिः द्विविधास्ति चिदचिद्रूपेण चराचररूपेण वा। चिद्रूपायां सृष्ट्याम् 'चिदंशः' ब्रह्मणोऽस्ति। अथ च ब्रह्मणैव सत्स्वरूपोऽस्ति सांख्यमतानुसारेण चिदंशोऽयं प्रतिदेहभिन्नं वर्तते - 'पुरुषबहुत्वं सिद्धम्'। अचिदंशरूपा सृष्टिः ब्रह्मणः 'प्रकृतिरस्ति।' इयं 'प्रकृतिः'। त्रिगुणात्मिका सर्वेषां कारणमस्ति न सा कस्यापि कार्यमतः सा 'प्रकृतिः' किंवा 'अव्यक्तं' यद्वा 'प्रधानमि'त्युच्यते। अस्याः प्रकृत्याः पञ्चरूपाणि सर्वत्र दृष्टिगोचरं भवन्ति- 'क्षितिजलपावकगगनसमीराश्च'। एतैः पञ्चमहाभूतैः सह 'प्रकृतिः' चिदंशं गृहीत्वा त्रिगुणात्मिकायाः सृष्ट्याः विस्तारं करोति। अयं 'प्रकृति'शब्दः संस्कृतवाङ्मये सर्वत्र 'पर्यावरणार्थे' प्रयुक्तो जातः। 'पर्यावरणः' = 'परि + आ + वरणः' अर्थात् परि = समन्ताद् आवरणः 'पर्यावरणः' इति। अथवा अस्मान् परितः ये पृथिवी-जल-तेज-वायु-आकाशादिरूपाः वृक्षाः, वनस्पतयः, पशवः, पक्षिणः नद्यादयश्च सन्ति ते सर्वे 'प्रकृतिरेव' सन्ति।

यद्यपि प्रचीन-वैदिक-लौकिक-संस्कृत वाङ्मये 'पर्यावरण'शब्दस्य प्रयोगो नास्ति तथापि वैदिकवाङ्मये सर्वत्र सर्वैः ऋषिभिः 'प्रकृत्याः' विविधरूपाणां माहात्म्यं प्रतिपादितम्। कस्मिंश्चिद् स्थले ते जलानि भेषजा कथयन्ति, अन्यत्र ते आपः मातृवद् मन्यन्ते यथा- 'अप्सु मे सोमो अब्रवीदन्तर्विश्वानि भेषजा' (ऋग्वेद 1-23-20), एवं च 'यो वः शिवतमो रसस्तस्य भाजयते हनः। उशतीरिव मातरः' (ऋग्वेद 10/9/2) इत्यादयः। तथैव वायुविषये वेदाः कथयन्ति यत् 'उतवात पितासि नः', 'प्रण आयुँषि तारिषत्' (ऋग्वेद 10/186)। अद्य तु विज्ञानेनैव सिद्धमिदं यत् प्राणायामेन सर्वेषां मानवानां गम्भीरहृदयरोगस्यापि शमनं भवति। अतः वायुमण्डले शुद्धवायोः महती आवश्यकता वर्तते। अस्मात् करणात् ते ऋषयः न केवलं पृथिव्याः शोधनार्थम् अपितु वायुशोधनार्थं संरक्षणार्थं वृक्षाणां महत्त्वं प्रतिपादयन्ति। ते जानन्ति यत् वृक्षा एव पृथिव्याः रक्षासुरक्षां कुर्वन्ति- 'यस्यां वृक्षा वानस्पत्या ध्रुवास्तिष्ठन्ति विश्वहा'। तथैव ते पृथिव्याकाशतेजादिविषये सर्वेषु वैदिकवाङ्मयेषु विशद्वर्णनं कुर्वन्ति। ते जानन्ति कथयन्ति च पृथिव्याः शान्तशुद्ध वातावरणेनैव मानवानां मस्तिष्कस्य मनसः च बौद्धिकक्षमतायाः च अतीवविकासो भवति - 'उपह्वरे गिरीणां सङ्गमे च नदीनाम्। धिया विप्रो अजायत' (ऋग्वेद 8/6/28)।

दुःखप्रदोऽयं यत् अद्य ज्ञानेनाज्ञानेन वा मानवैः प्रकृत्याः अतीव दोहनं कृतम्। परिणामतः 'पर्यावरणे' असन्तुलनं जातम्। अस्मात् कारणात् अद्यं न केवलं मानवानाम् अपितु सर्वेषां प्राणिनां जीवनोऽपरि प्राणसङ्कट उपस्थितः। नित्यनूतनैः वैज्ञानिक-अनुसंधानैः न केवलं पृथिव्याः वायुमण्डलः विषाक्तो जातः अपितु जीवनदायिनी नद्य अपि दूषिताः जाताः। अत एव चतुर्दिक्षु संकटः व्याप्तः, परन्तु वयं दृष्ट्वेदमपि न पश्यामः। वयं तु भौतिकसंसाधनेष्वेव सुखं पश्यामः। वयम् अवजानीमः यत् भौतिकसंसाधनैः सह क्षणिकं सुखं भवति, परम् अन्ते दुःखमेव भवति। यदि वयं 'प्रकृतिम्' न रक्षामः, तर्हि प्रकृतिरेवास्माकं रक्षां न करिष्यति। अतः 'सुहृदः सर्वभूतानाम्' इति भावेन जीवामः वयम्। न केवलं वृक्षाणां पूजनं कर्त्तव्यम्, अपितु तान् आरोपय सिञ्चय च।

आधुनिक-ऋषय: पर्यावरणरक्षका: तदुपासका: च प्रो. सी.आर बाबू महाभागा: दिल्लीनगरे यमुना तटे आसन्नत: सप्तपञ्चाशतोत्तर-चतुर्शती एकंड्वँजरभूमौ अरण्यमेव 'यमुनाजैवविविधता-उद्यानम्'- (Yamuna Biodiversity Park) नाम्ना विकसितं कृत्वा 'प्रकृतिं' स्वस्वरूपे स्थापितं कृतवन्त:। श्रीमद्भि: कृतमिदं कार्यं पारमार्थिकं लोककल्याणकारकं तथा च 'पर्यावरणाय' अतीव महत्त्वपूर्णमस्ति। अद्य तु तत्र भिन्न-भिन्न देशात् आगत्य विविधा: पक्षिण: निभृत-निकुञ्जेषु निवसन्ति भ्रमन्ति च। वासन्तचक्रं समाप्य ते सर्वे स्वस्वदेशान् प्रतिगच्छन्ति। जना अपि तत्रागत्य 'प्रकत्या:' मनोहारिरूपं दृष्ट्वाद्भुतानन्दमनुभवन्ति। साम्प्रतं तत्र पर्यावरणरक्षकै: सह डा. जाफरादिमहाभाग: आगन्तुकजनान् प्रति 'पर्यावरणस्य रक्षायां किं किं कार्यं करणीयम् अकरणीयं वा' सर्वं निवेदयन्ति, करणार्थं प्रेरयन्ति च। अत अस्माकमपि उत्तरदायित्वं वर्तते यत् वयं सर्वे 'प्रकृतिं' प्रति संवेदनायुक्तो भवेम, वेदेष्वपि प्रोक्तम् -

द्यो: शान्तिरन्तरिक्षं शान्ति: पृथिवी

शान्तिराप: शान्तिरोषधय: शान्ति:।

वनस्पतय: शान्तिर्विश्वेदेवा: शान्तिर्ब्रह्मशान्ति:

सर्वं शान्ति: शान्तिरेवशान्ति: सामाशान्तिरेधि।।

-डॉ. गिरिधर-गोपाल-शर्मा

# वैदिकी

**डॉ. गिरिधर-गोपाल-शर्मा**
सहायक आचार्यः, संस्कृत विभागः

मधुवाता ऋतायते मधुक्षरन्ति सिन्धवः। माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः।।
मधु नक्तमुतोषसो मधुमत्पार्थिवं रजः। मधु द्यौरस्तु नः पिता।।
मधुमान्नो वनस्पतिर्मधुमाँन् अस्तु सूर्यः। माध्वीर्गावो भवन्तु नः।।
शं नो मित्रः शं वरुणः शंनो भवत्वर्यमा।
शं न इन्द्रो बृहस्पतिः शं नो विष्णुरुरुक्रमः।। ऋक् - 1/90/6-9

Mádhu vātā ṛtāyatē mādhu kṣaranti sindhavaḥ I
Mádhvīrnaḥ santvōṣadhīḥ II
Mádhu nāktam utósáso mádhumat pārthivaṃ rájaḥ I
Mádhu dyaúrastu naḥ pitá II
Mádhumān no vánaspátir mádhumām̐ astú sūriyaḥ I
Mádhvīrgāvō bhavantu naḥ II
Śám no mitráḥ śám várunaḥ śáṃ no bhavatu aryamā.
Śáṃ na indrō bṛhaspátiḥ śáṃ no viṣṇur urukramáḥ II

यजमान के लिए समस्त वायु और नदियाँ मधु (या कर्मफल) का वर्षण करें। सारी औषधियाँ भी माधुर्ययुक्त हों। हमारी रात्रि और उषा मधुर या मधुर - फलदाता हों। पृथिवी की रज उत्तमफलदायक हो। सबका रक्षक आकाश भी सुखदायक हो। हमारे लिए समस्त वनस्पतियाँ सुखदायक हों। सूर्य सुखदायक हों। सारी गायें सुखदायक हों। मित्र, वरुण, अर्यमा, इन्द्र, बृहस्पति, और विस्तीर्ज-पाद-क्षेपी विष्णु हमारे लिए सुखकर हों।

The winds bring sweet (recrudesce) to the sacrifices, the rivers bring sweet (waters). May the herbs yield sweetness tour. May night and morn be sweet; May the region of the earth be full of sweetness; May the protecting heaven be sweet to us. May Vanspati be possessed of sweetness toward us; May the sun be imbued with sweetness; may the cattle be sweet to us. May mitra be probitious to us; may varuna, may aryaman, be probitious to us; may Indra and Brihaspati be probitious to us; may the wide sleeping vishnu be probitious to us.

# संस्कृत वाङ्मय में पर्यावरण चिन्तन



**डॉ. दिलीप कुमार झा**
सहायक प्राध्यापक, संस्कृत विभाग

सामान्यतः पृथ्वी के चारों ओर जो आवरण है उसे 'पर्यावरण' (परि+आवरण) कहते हैं। इस पर्यावरण में सूक्ष्म से लेकर स्थूल तक सभी जीव-जन्तु, पशु-पक्षी, वनस्पति, नदी-पर्वत तथा सभी भौतिक परिस्थितियाँ जो मनुष्य के बाह्य जीवन में उपलब्ध है, वह सभी पर्यावरण है। पर्यावरण परि+आङ् उपसर्ग वृङ् धातु से ल्युट् प्रत्यय करने से बना है। 'पर्यावरण' या 'पर्यावरण विज्ञान' यह संज्ञा चाहे कितनी भी नई क्यों न हो लेकिन इसके जो विषय हैं- जीव का उनके परिवेश से संबंध, वह तो मानव जाति के आरम्भ से ही विद्यमान है। यह अटूट संबंध है। भारतीय संस्कृति और पर्यायवरण का घनिष्ट संबंध है। भारतीय चिन्तन परम्परा में 'पर्यावरण' मुख्य केन्द्र बिन्दु रहा है। चाहे वह सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक या सांस्कृतिक चिन्तन हो, बिना पर्यावरण चिन्तन तथा उसकी रक्षा के अधूरी मानी जाती थी।

संस्कृत भाषा विश्व की प्रचीनतम भाषा है। भारतीय संस्कृति से सम्बद्ध समस्त ज्ञान-विज्ञान का स्रोत संस्कृत है। समस्त वैदिक वाङ्मय, प्रकृति और मानव संबंधो के चिन्तन से भरा पड़ा है। प्रकृतिविहीन सृष्टि एवं उसके अस्तित्व की कल्पना भारतीय चिन्तकों एवं मनीषियों ने नहीं की। पर्यावरण के संरक्षण एवं विकास पर संस्कृत वाङ्मय में गहन चिन्तन किया गया है। संस्कृत साहित्य में प्रारम्भ से ही प्रकृति के विभिन्न रूपों नदी, वृक्ष, पर्वत, अग्नि, पशु-पक्षी आदि का वर्णन किया गया है। वेद, संहिता, ब्राह्मण, उपनिषद्, वेदांग, स्मृति महाकाव्य एवं पुराणों में पर्यावरण की विशेष चर्चा प्राप्त होती है। संस्कृति और पर्यावरण का घनिष्ठ संबंध है। पर्यावरण के संरक्षण एवं विकास पर हमारी भारतीय संस्कृति प्राचीन काल से ही जागरूक रही है। प्रकृति एवं मनुष्य के अन्योन्याश्रित संबंध को भारतीय संतो एवं मनीषियों ने बहुत गहनता से समझा। मनुष्य को जब से अग्नि तथा उनके अनेक उपयोगिताओं का ज्ञान हुआ तब से ही मानव-संस्कृति का आरम्भ हुआ। अग्नि का वर्णन अनेक रूपों में मिलता है। ऋग्वेद का पहला सूक्त अग्नि सूक्त ही है। इससे मानव का इस पर्यावरण से संबंध का पता चलता है। वेदों में वर्णित अग्नि की जैसी स्तुति की गई है उससे हमें उस प्रारम्भिक ऐतिहासिक युग की भी पहचान होती है।

पहली मानव संस्कृति नदी किनारे ही बसी क्योंकि नदी से मानव को जल की आवश्यकता पूर्ण होती थी, जो आरोग्यपूर्ण जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। पाँच भौतिक तत्त्वों - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु एवं आकाश में जल भी महत्वपूर्ण है। मानव शरीर की रचना भी इन पञ्च भौतिक तत्वों से हुई है जिसकी रक्षा की बात वैदिक वाङ्मय में की गई है। भारतीय शास्त्रों एवं चिन्तकों के अनुसार समस्त सृष्टि की उत्पत्ति जल से ही हुई है। अथर्ववेद में इस तथ्य का संकेत मिलता है। जल को अमृत एवं औषधि के गुण से युक्त माना गया है। जल ही जीवन है, इस बात का उद्घोष पूरा वैदिक साहित्य करता है।

आज मानव और उसके परिवेश के बीच इस अटूट संबंध में एक असन्तुलन सा आ गया है। इसका एकमात्र कारण है कि मानव ने प्रौद्योगिकी में बहुत अधिक उन्नति कर ली है। औद्योगिक क्रान्ति के कारण कल-कारखाने की संख्या बढ़ गई है। उससे उत्पन्न होन वाली हानिकारक वस्तुओं के कारण हवा, पानी दूषित हो रहा है। वायुमण्डल में असंतुलन हो रहा है। परिणामस्वरूप कहीं अतिवृष्टि, कहीं अनावृष्टि, कहीं बाढ़ आदि की स्थिति उत्पन्न हो गई। प्रकृति के साथ मानव की ऐसी दोहन संस्कृति नहीं है, बल्कि यह उसकी विकृति है।

वैदिक ऋषि सम्पूर्ण पृथ्वी को अपनी माता के रूप में मानता है और उद्घोषण करता है- 'माता भूमि पुत्रोऽहं पृथिव्याः। (अथर्ववेद 12.1.12)

इस उदात्त सोच एवं चिन्तन के कारण ही वैदिक काल से ही मानव पर्यावरण की रक्षा करता आया है। इसके लिए मानसिक एवं बौद्धिक स्तर पर पर्यावरण की शुद्धता आवश्यक है। तभी समाज में पर्यावरण के ठीक रहने से सामाजिक पर्यावरण ठीक रहता है। मन जब स्वार्थी विचारों से भरा होता है, तब उसमें काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद एवं मत्सर जैसे दोषों से ग्रसित हो जाता है। इन विचारों से एक बार भी मानव यदि ग्रसित हो जाए तो वह निरपेक्ष भाव से सोचने में असमर्थ हो जाता है, जिसका पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को मानसिक पर्यावरण से दूषित होना कहते हैं। इससे बचने के लिए हमारा मन एवं बुद्धि निर्मल हो ऐसा उपाय करना चाहिए। इसके लिए घर में शान्ति हो तो मन भी शुद्ध एवं निर्मल रहता है। सभी एक दूसरे से प्रेम करें तथा द्वेष या घृणा का भाव किसी से न हो तो वह घर स्वर्ग बन जाएगा। अथर्ववेद के सौमनस्य सूक्त (3:30) में ऋषि इसी की कामना करते हैं। हर घर में शान्ति और प्रेम का निवास हो। ऐसे परिवार एवं समाज की दृष्टि बहुत व्यापक होती है। वह प्रकृति से अपने संबंध को स्थापित करता है और अपने को उसी का अंश मानता है। ऐसी स्थिति में वह प्रकृति को प्रदूषित नहीं कर सकता। पर्यायवरण पर इसका अनुकूल प्रभाव पड़ता है।

भारत में पर्यावरण के प्रति सम्मान और संरक्षण की महती परम्पराएँ रहीं हैं। संस्कृत वाङ्मय में वैदिक साहित्य से लेकर लौकिक साहित्य तक 'पर्यावरण' का वर्णन किसी न किसी रूप में उपलब्ध है। भारतीय परंपरा में वृक्ष एवं वनस्पति के संरक्षण एवं संवर्द्धन का विशेष महत्त्व है। पुराणों में वृक्ष के महत्त्व को सर्वोपरि माना गया है-

दशकूप समवापी, दशवापीसमो हृदः।
दशहृद समपुत्रे, दशपुत्रसमो द्रुमः।।

अर्थात दश कुओं के बराबर एक बावड़ी है, दश बावड़ियों के बराबर एक तालाब है, दश तालाबों के बराबर एक पुत्र और दश पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है।

यहाँ एक उल्लेखनीय विषय है कि जिस संस्कृति में वृक्षों को पुत्र से भी ऊँचा स्थान दिया गया हो, वहाँ पर्यावरण के प्रति सम्मान का भाव भी अद्वितीय रहा है। पीपल के वृक्ष में देवता का स्थान माना गया है। 'अश्वत्थो देवसदनः' आज यह सिद्ध भी हो गया कि पीपल का वृक्ष सदैव ऑक्सीजन उत्सर्जित करता है। श्रीमद्भगवद्गीता में भी श्रीकृष्ण ने 'अश्वत्थः सर्ववृक्षाणाम्' कहकर अश्वत्थ की महिमा प्रतिपादित की है। उसके अतिरिक्त बेल, नीम, आँवला, तुलसी आदि वृक्ष भारतीय संस्कृति में काटे नहीं जाते क्योंकि उन्हें ज्ञात है कि इससे वायु प्रदूषण को सामान्य बनाकर पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं।

संस्कृत वाङ्मय में जल के महत्त्व का वर्णन साहित्य में किया गया है। प्राचीनकाल में संध्या के समय सर्वप्रथम जल का आचमन किया जाता था। तैत्तरीय आरण्यक में ऐसा उल्लेख प्राप्त होता है कि जल में मलमूत्र त्याग नहीं करना चाहिए- 'नाप्सु मूत्रपुरीषं कुर्यात्'। (तैत्तरीय आरण्यक 1.26.7)

अथर्ववेद में जल को अमृत एवं औषधि के गुणों से युक्त बताया गया है-

> अप्स्वन्तरमृतमप्सु भेषजम्।
> आपोविश्वस्य भेषजीस्तास्त्वा मुञ्चन्तु क्षत्रियात्। (अथर्ववेद 1.4.4)

अर्थात् जल सब रोगों से मुक्त करता है।

भारतीय संस्कृति ने पावनी गंगा को माता के समान पूज्या माना है। यह गंगा सुजला, सुफला और मलयज शीतला है। यह गंगा स्वयं में भारतीय संस्कृति का सनातन प्रतीक है। महाभारत के वनपर्व में भी गंगा का आराध्या रूप में वर्णन है। महाकवि कालीदास ने अभिज्ञान शाकुन्तल के चतुर्थ अंक में प्रकृति का हृदयग्राही वर्णन किया है। कण्वमुनि के आश्रम में भारतीय चिन्तन के अनुरूप प्रकृति और जीवन के अटूट एवं आत्मीय संबंधों का वर्णन किया है। शकुन्तला की विदाई के अवसर पर कण्व ऋषि का कथन है- "तुम्हें जल पिलाए बिना वह स्वयं जल नहीं ग्रहण करती थी, आभूषण प्रिय होने पर भी तुम्हारे प्रति स्नेह के कारण तुम्हारे पत्ते नही तोड़ती थी, नवीन पुष्प खिलने पर जो उत्सव मनाती थी। वह शकुन्तला आज पतिगृह जा रही है। सब उसे आज्ञा दें" पर्यावरण का यह सुन्दर दृष्टान्त है। अचेतन प्राणियों के प्रति चेतन मानव की आत्मीयता का प्रतीक है।

आज पर्यावरण की सुरक्षा का प्रश्न सभी चिन्तकों के लिए चिन्ता का विषय है। आज आवश्यकता है उन परम्पराओं को पुनर्जीवित करने की जो कालान्तर में निष्प्राण हो चुकीं हैं। इस संबंध में यजुर्वेद का शान्ति पाठ संस्कृत वाङ्मय में पर्यावरण के विभिन्न अवयवों का अनुपम समन्वय है- द्यौः शान्तिरन्तरिक्ष शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषद्यय: शान्तिः वनस्पतयः शान्तिः विश्वेदेवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्व शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः, सा मा शान्तिरेधि।

**त्रीणि छन्दांसि कवयो वि येतिरे पुरुरूपं दर्शतं विश्वचक्षणम्**

**आपो वाता ओषधयः तान्येकस्मिन् भुवन आर्पितानि॥**

**-अथर्ववेद 18.1.17**

पर्यावरण के तीन घटक तत्त्व हैः जल, वायु और औषधियाँ। ये भूमि को घेरे हुए हैं और मानवमात्र को प्रसन्नता देते हैं। अतः इन्हें 'छन्दस्' (छन्द) कहा गया है। इनके नाम और रूप अनेक हैं, अतः इन्हें 'पुरुरूपम्' कहा गया है। प्रत्येक लोक को ये तत्त्व जीवनरक्षा के लिए दिए गए हैं।

# चारों वेदों का आन्तरिक स्वरूप



**श्याम सुन्दर शर्मा**
अतिथि प्राध्यापक, संस्कृत विभाग

### 1. ऋग्वेद

वेदव्यास ने ऋग्वेद को लिपीबद्धीकृत करके अपने प्रिय शिष्य पैल को अध्ययन कराया था। ऋग्वेद के ऋत्विज् 'होता', देवता (प्रमुख स्तुत्य) 'इन्द्र', दृष्टा (मंत्र साक्षात्कर्ता) 'पैल' है। ऋग्वेद के मंत्रों का स्वरूप 'ज्ञानात्मक' है।

संस्कृत व्याकरण के महाभाष्यकार पतञ्जलि (150 ई. पू.) के अनुसार उनके समय में ऋग्वेद की ईक्कीस शाखाएँ (भाग) उपलब्ध थीं, परन्तु दुर्भाग्य से आज हम मात्र पाँच शाखाओं (शाकल, वाष्कल, आश्वलायन, शाङ्ख्यायन, माण्डूक्यायन) के नाम जानते हैं। अन्य सोलह शाखाओं के नाम भी अज्ञात हैं। आज मात्र एक शाकल शाखा उपलब्ध होती है। अन्य बीस शाखाएँ अनुपलब्ध हैं। इस शाकल शाखा को दो प्रकार से विभाजित किया गया है। प्रथम विभाजन के अनुसार इसमें 10 मण्डल, 85 अनुवाक्, 1028 सूक्त, $10580\frac{1}{4}$ मंत्र, 1,53,826 शब्द तथा 4,32000 अक्षर हैं। द्वितीय विभाजन के अनुसार इसमें 8 अष्टक, 64 अध्याय (8x8) तथा 2006 वर्ग हैं। ऋग्वेद से सम्बंधित उपवेद आयुर्वेद है। इसके प्रवर्तक धन्वन्तरि हैं। ब्रह्मा ने दक्ष प्रजापति को, दक्ष प्रजापति ने अश्विनी कुमार (नासत्य एवं दक्ष) को, अश्विनी कुमार ने इन्द्र, इन्द्र ने भारद्वाज, भारद्वाज ने पुनर्वसु आत्रेय तथा दिवोदास को आयुर्वेद का अध्ययन कराया था। अग्निवेश तथा दिवोदास ही धन्वन्तरि हैं। कायचिकित्सा (Medicine) के आचार्य अग्निवेश के शिष्य चरक, जिसने चरक संहिता लिखी है। शल्य चिकित्सा (Surgery) के आचार्य दिवोदास के शिष्य शुश्रुत जिसने शुश्रुत संहिता लिखी है।

### 2. यजुर्वेद

वेदव्यास ने ऋग्वेद के आधार पर यजुर्वेद की रचना करके इसे अपने द्वितीय प्रिय शिष्य 'वैशम्पायन' को अध्ययन कराया था। इसके ऋत्विज् 'अध्वर्यु', देवता 'वायु', दृष्टा 'वैशम्पायन' हैं। यजुर्वेद के मंत्रों का स्वरूप 'कर्मकाण्डात्मक' है। पतञ्जलि ने इसकी एक सौ एक शाखाएँ स्वीकार की हैं। 'यजुर्वेद', आदित्य तथा ब्रह्म इन दो सम्प्रदायों में विभक्त है। आदित्य सम्प्रदाय का दूसरा नाम शुक्लयजुर्वेद तथा ब्रह्म सम्प्रदाय का दूसरा नाम 'कृष्णयजुर्वेद' है। शुक्लयजुर्वेद की 15 शाखाएँ थीं, किन्तु आज मात्र दो शाखाओं का ही नाम ज्ञात है, तथा वे ही दो शाखाएँ उपलब्ध हैं। प्रथम शाखा वाजसनेही शाखा अथवा माध्यन्दिनी शाखा के नाम से जानी जाती है।

वैदिक शब्दकोश निघन्टु के व्याख्याकार देवयज्वा अपने वैदुष्य से 'वाजसनि' कहलाते थे। अतः इनके पुत्र याज्ञवल्क्य को वाजसनेही कहा जाता था। याज्ञवल्क्य ने वैशम्पायन से यजुर्वेद का अध्ययन किया था, परन्तु गुरु-शिष्य के मध्य वैचारिक मतभेद होने पर वैशम्पायन ने प्रदत्त विद्या को याज्ञवल्क्य से वमन (Vomiting) करवा कर अपने शिष्य को तितर बना कर इस वमन का पान करवा दिया था। कालान्तर में यही वमन तैत्तिरीयोपनिषद्

के नाम से विख्यापित हुआ। अनन्तर याज्ञवल्क्य को तप द्वारा सूर्य से मध्यान्ह काल में यजुर्वेद प्राप्त हुआ था। अत: इस शाखा का नाम वाजसनेही शाखा या माध्यन्दिनी शाखा कहलाया। इसमें 40 अध्याय व 1975 मंत्र हैं। अन्तिम अध्याय में प्रसिद्ध ईशोपनिषद् प्राप्त होता है। शुक्ल यजुर्वेद की द्वितीय शाखा काण्व शाखा है, जिसके द्रष्टा ऋषि काण्व हैं। इसमें 40 अध्याय तथा 2086 मन्त्र हैं। याज्ञवल्क्य कृत 100 अध्यायों वाला प्रसिद्ध शतपथ ब्राह्मण का सम्बन्ध पूर्वोक्त दोनों शाखाओं से है।

कृष्णयजुर्वेद की 86 शाखाएँ थीं। किंतु आज चार का नाम ज्ञात है, तथा ये ही चार शाखाएँ उपलब्ध हैं, जिनका नाम तैत्तिरीयशाखा, मैत्रायणीशाखा, कठशाखा, कपिष्ठशाखा है। तैत्तिरीय संहिता में 7 काण्ड, 44 प्रपाठक तथा 631 अनुवाक् हैं, जिसका वर्ण्यविषय यज्ञीय कर्मकाण्ड (पौरोडास, याजमान, वाजपेय, राजसूय इत्यादि नाना यागानुष्ठान) का विशद वर्णन है। वेदों के एकमात्र सर्वातिशायी भाष्यकार सायण तैत्तिरीय शाखा के ही अनुयायी थे और उन्होंने सर्वप्रथम तैत्तिरीय संहिता पर ही अपना वैदुष्यपूर्ण भाष्य लिखा। मैत्रायणी संहिता के 4 काण्ड, 54 प्रपाठक, 2144 मंत्र हैं, जिसमें से 1701 मंत्र ऋग्वेद के हैं। कठ संहिता में 5 खण्ड, 40 स्थानक, 843 अनुवाक्, 3091 मन्त्र हैं। कपिष्ठ संहिता अपूर्ण एवं बहुत अधिक त्रुटिपूर्ण उपलब्ध होती है। यजुर्वेद से सम्बन्धित उपवेद 'धनुर्वेद' है, जिसके प्रणेता विश्वामित्र हैं।

### 3. सामवेद

वेदव्यास ने ऋग्वेद के आधार पर नूतन वेद सामवेद की रचना कर अपने तृतीय प्रिय शिष्य 'जैमिनी' को इसका अध्ययन कराया। सामवेद के ऋत्विज् 'उद्गाता' तथा देवता 'सूर्य' हैं। सामवेद के मंत्रों का स्वरूप 'गायनात्मक' है। पतञ्जलि इस वेद की 1000 शाखाएँ स्वीकार करते हैं। उन 1000 में से हम मात्र तीन शाखाओं (कौथुमीय, राणायनीय, जैमिनीय) के नाम से जानते हैं। इन तीन शाखाओं में से भी आज मात्र कौथुमीयशाखा उपलब्ध है। सामवेद को पूर्वार्चिक तथा उत्तरार्चित नामक दो भागों में विभाजित किया जाता है। पूर्वार्चिक में 650 मन्त्र है तथा उत्तरार्चिक में 1225 मन्त्र हैं। मन्त्रों की कुल संख्या 1875 हैं। यदि 75 मन्त्रों को प्रथक् कर दिया जाए तो शेष 1800 मन्त्र ऋग्वेद से ऋण स्वरुप लिए गए हैं। इन 1875 मन्त्रों में 367 मन्त्र पुनरुक्त हैं। सर्वाधिक 09 ब्राह्मण ग्रन्थों का सम्बन्ध इसी सामवेद से है। सामवेद से सम्बन्धित उपवेद 'गान्धर्ववेद' है, जिसके प्रणेता भरतमुनि हैं।

### 4. अथर्ववेद

वेदव्यास ने ऋग्वेद के आधार पर एक नवीन वेद अथर्ववेद की रचना कर अपने चतुर्थ प्रिय शिष्य 'सुबन्तु' को इसका अध्ययन कराया था। इस वेद को ब्रह्मवेद व अथर्वाङ्गिरस वेद के नाम से भी जाना जाता है। इसके द्रष्टा 'सुबन्तु', ऋत्विज् 'ब्रह्मा' तथा देवता 'सोम' हैं। अथर्ववेद के मंत्रों का स्वरूप 'वशीकरणात्मक' है। पतञ्जलि इस वेद की 9 शाखाएँ स्वीकार करते हैं। अथर्ववेद एकमात्र ऐसा वेद है जिसकी समस्त शाखाओं के नाम ज्ञात हैं जो कि निम्न हैं- 01 पिप्पल 02 शौनकीय 03 मौद 04 स्तोत 05 जाजल 06 जलद 07 ब्रह्मवद 08 देवदर्श 09 चारणवैद्य। विष्णुपुराण के अनुसार सुबन्तु ने कबन्ध को अथर्ववेद पढ़ाया। कबन्ध के दो शिष्य पथ्य और देवदर्श हुए। पथ्य के तीन शिष्य जाजलि, कुमुद और शौनक हुए तथा देवदर्श के चार शिष्य मोद, ब्रह्मवलि, पिप्पलाद और शौक्लायनि हुए। इन्हीं शिष्यों ने अथर्ववेद की पृथक्-पृथक् शाखाओं का विभाजन किया।

पूर्वोक्त नवरत्न स्वरुप शाखाओं में से पिप्पल एवं शौनकीय मात्र दो ही शाखाएँ आज उपलब्ध हैं। पिप्पलाद शाखा में 20 काण्ड हैं तथा शौनक शाखा में 20 काण्ड, 731 सूक्त, 5987 मन्त्र हैं। इसमें लगभग 1200 मन्त्र ऋग्वेद से लिए गए हैं। अथर्ववेद से सम्बन्धित उपवेद 'शिल्पवेद' है, जिसके प्रणेता विश्वकर्मा हैं।

# मानव जीवन में संस्कारों का औचित्य



**रोहित कुमार**
सहायक प्रवक्ता (तदर्थ) संस्कृत विभाग

**1. संस्कार का अर्थः-**

संस्कार का अर्थ है किसी वस्तु के रूप को बदल देना, उसे नया रूप दे देना। वैदिक संस्कृति में मानव-जीवन के लिए सोलह संस्कारों का विधान है। इसका अर्थ यह है कि जीवन में सोलह बार मानव को बदलने का, उसके नव निर्माण का प्रयत्न किया जाता है। जैसे सुनार अशुद्ध सोने को अग्नि में डालकर उसका संस्कार करता है, उसी प्रकार बालक के उत्पन्न होते ही उसे संस्कारों की भट्ठी में डालकर उसके दुर्गुणों को निकालकर उसमें सद्गुण डालने के प्रयत्न को वैदिक विचारधारा में 'संस्कार' कहा गया है। चरक ऋषि ने कहा है- **'संस्कारो हि गुणान्तराधानमुच्यते'** - अर्थात् संस्कार पहले से विद्यमान दुर्गुणों को हटाकर उनकी जगह सद्गुणों का आधान कर देने का नाम है। इस दृष्टि से संस्कार मानव के नव निर्माण की योजना है।

बालक का जब जन्म होता है तब वह दो प्रकार के संस्कार अपने साथ लेकर आता है। एक प्रकार के संस्कार तो वे है, जिन्हें वह जन्म - जन्मान्तरों से अपने साथ लाता है, दूसरे प्रकार के संस्कार वे हैं, जिन्हें वह अपने माता-पिता के संस्कारों के रूप में वंश परम्परा से प्राप्त करता है। ये अच्छे भी हो सकते हैं, बुरे भी हो सकते हैं। संस्कारों द्वारा मानव के नव निर्माण की योजना वह योजना है, जिसमें बालक को ऐसे पर्यावरण से घेर दिया जाए, जिसमें अच्छे संस्कारों को पनपने का अवसर प्राप्त हुए हों, बुरे संस्कार चाहे पिछले जन्मों के हों, चाहे माता-पिता से प्राप्त हुए हों, चाहे इस जन्म में पड़ने वाले हों उन्हें निर्बीज कर दिया जाए। हमारी योजनाएँ भौतिक योजनाएँ है, संस्कारों की योजना आध्यात्मिक योजना है, हम बाँध बाँधते हैं, नहरें खोदते हैं, वैदिक - संस्कृति का ध्येय उस मानव का निर्माण करना है, जिसके लिए बाँध बाँधे जाते हैं, नहरें खोदी जाती हैं।

**2. मानव के नवनिर्माण की योजनाः-**

जो देश उन्नति करने लगता है वह योजनाओं का तांता सा बाँध देता है। कोई पञ्चवर्षीय योजनाएँ बनाता है, कोई दसवर्षीय, क्योंकि हमारी दृष्टि आधिभौतिक जगत तक सीमित है, इसलिए हमारी योजनाओं का उद्देश्य बाँध बाँधना, नहरें खोदना, सड़कें बनाना तथा रेले बिछा देना मात्र रह जाता है। हम भौतिकवादी दृष्टिकोण के कारण समझे बैठे हैं कि मानव का सबसे बड़ा प्रश्न रोटी का प्रश्न है। रोटी का प्रश्न हल हो गया, तो दुनिया के सब प्रश्न हल हो गये। वैदिक संस्कृति की असली योजना संस्कारों द्वारा मानव का नव-निर्माण करना है।

अगर यह बात ठीक है कि बालक जन्म जन्मान्तर के और माता-पिता के संस्कारों को लेकर आता है, तो प्रश्न उठ खड़ा होता है कि संस्कार-पद्धति द्वारा इस छोटे से जन्म में जो हम संस्कारों की प्रक्रिया करते हैं, उनसे जन्म जन्मान्तरों के जमा हुए संस्कार कैसे धुल सकते हैं? हमने गत जन्मों में न जाने कितने कर्म किए, अच्छे किये, बुरे किए, उन सबको एक-एक करके भोगे। बिना केवल इस जन्म के संस्कारों से कैसे बदला जा सकता

है? क्या ये एक जन्म के संस्कार पिछले इकट्ठे हुए अनन्त जन्मों के कर्मों के बोझ को, उन कर्मों से पड़े हुए संस्कारों को मिटा सकते हैं? इन सब विचारों का आधारभूत विचार एक ही है। आधारभूत विचार यह है कि संसार का शासन कारण कार्य के नियम से हो रहा है। कोई कार्य बिना कारण के नहीं होगा और हर कारण का कार्य अवश्य होगा। जिसे हम 'कारण' कहते हैं वह पिछले जन्म का कार्य होता है, जिसे हम 'कार्य' कहते हैं वह अगले जन्म का कारण बन सकता है। इस प्रकार कारण- कार्य की व्यवस्था से कर्मों कीशृंखला चलती चली जाती है।

### 3. कर्म-जन्य संस्कारों का भुगतान कैसे होता है:-

कर्म - जन्य संस्कारों का भुगतान समझने के लिए यह समझ लेना होगा कि कर्म किसी रजिस्टर में नहीं लिखे जाते, कर्म तो अपनी निशानी लगाते जाते हैं, लकीर छोड़ते जाते हैं, रेखा खींचते जाते हैं। यह निशानी, यह लकीर, यह रेखा मस्तिष्क पर पड़ती है। उदाहरणार्थ, जब हम पुस्तक पढ़ रहे होते हैं, तब एक-एक अक्षर को स्मरण नहीं कर रहे होते, फिर भी अपने पिछले अनुभवों और संस्कारों के कारण दनादन पढ़ते चले जाते हैं। बाजार में चलते हुए हम अपने एक मित्र को देखते हैं। उस समय हम यह नहीं कहते कि उसका चेहरा स्मरण हो आया। हम उसे पिछले संचित - संस्कारों के कारण ही एकदम पहचान जाते हैं।

हम जो कर्म करते हैं वह एक-एक व्यक्ति रूप में हमारे भीतर नहीं बैठा रहता, वह हमारे मस्तिष्क पर एक प्रभाव छोड़ जाता हैं, मस्तिष्क पर एक-एक कर्म नहीं लिखा जाता, उन कर्मों के कारण मस्तिष्क की 'संचय-शक्ति' संस्कारों का रूप धारण करती जाती है, मस्तिष्क में एक रुचि, एक प्रवृति, उसकी एक दिशा, उसके अगले काम करने का एक रास्ता बनता जाता है- इसी प्रकार के संस्कारों के बनते जाना कर्मों का लिखा जाना है। जब हम कर्म करते हैं, तब वे कर्म उनका फल भोगे जाने के समय तक बैठे नहीं रहते, उन कर्मों से तत्काल, उसी समय उनका फल, 'संस्कार' बन जाते हैं। ये संस्कार ही कर्मों का लेखा है। इन सब कर्मों को एक-एक करके भोगना नहीं पड़ता। ये संस्कार ही कर्मों के भोग हैं, एक-एक कर्म के भोग, क्योंकि कोई कर्म संस्कार छोड़े बगैर नही रहता। अच्छे कर्मों का या तो तुरन्त अच्छा फल मिल जाता है, या अच्छे कर्मों से मस्तिष्क पर अच्छा संस्कार लिखा गया, अच्छे संस्कार के मस्तिष्क पर लिखे जाने से अच्छी रुचि बन गई, अच्छी दिशा की तरफ मनुष्य चल पड़ा। यह शुभ संस्कार, शुभ रुचि, शुभ प्रवृत्ति ही अच्छे कर्मों का भोग है, फल है परिणाम है- अब सब कर्मों को अपनी-अपनी बारी तक बैठे रहने की जरूरत नहीं रहती। बुरे कर्मों का भी या तो तुरन्त फल मिल जाता है या उनसे मस्तिष्क पर बुरा संस्कार लिखा गया। बुरी रुचि बन गई, मनुष्य बुरी दिशा की तरफ चल पड़ा। संस्कारों का रूप धारण कर लेने के बाद कर्म की अलग से सत्ता नहीं रहती, इन संस्कारों का बन जाना ही कर्मों का भुगतान है। आत्मा एक जन्म से दूसरे जन्म में जाता है, या इस जन्म में ही अपना जीवन बिताता हुआ, भिन्न-भिन्न कर्मों की गठड़ी को ऊपर लादे नहीं फिरता। जैसे वृक्ष बीज में समा जाता है, वृक्ष बीज का ही फैलाव है, विस्तार है, वैसा कर्म - अनन्त कर्म - बीज रूप में संस्कार में समा जाते हैं, कर्म संसार का ही फैलाव है, विस्तार है, अनन्त कर्म सिमटकर संस्कार में आ बैठते हैं।

जब संस्कार आत्मा के साथ आ गए, तब इस बात को जानने की जरूरत नही रहती कि अमुक कर्म हमने किया था, उसका क्या हुआ, क्या नहीं हुआ। जिन कर्मों का तत्काल फल मिल गया वह तो मिल गया, जिनका नहीं मिला वे कर्म मस्तिष्क पर आपना 'आलेखन' संस्कार छोड़ जाते हैं, वैसे के वैसे नहीं बने रहते हैं। संस्कारों का सिद्धांत ही यह है कि हमे एक-एक कर्म से वास्ता नहीं पड़ता, हमारा वास्ता संस्कारों से, मनुष्य की रुचि से,

प्रवृत्ति से रह जाता है, कर्मों का प्रश्न संस्कारों के बन जाने पर समाप्त हो जाता है और इसके बाद हमारी असली समस्या भिन्न-भिन्न कर्म नहीं रहते, संस्कार हो जाते हैं। उदाहरणार्थ फर्श पर हमने पानी बहा दिया। पानी एक दिशा में बहकर निकल गया, सूख गया। अब जब हम वहाँ दोबारा पानी बहाते है तब वह उसी दिशा में बहता है। क्यों? इसलिए क्योंकि पहले बहाव ने एक दिशा बना दी थीं, एक रास्ता खींच दिया था, अब दूसरे बहाव को वह बना बनाया रास्ता मिल गया। इसी को संस्कार कहते हैं। इस दृष्टि से हमारी समस्या यह नहीं रहती कि इस जन्म के और जन्म- जन्मान्तरों के करोड़ों कर्मों को सिर्फ इस जन्म के संस्कारों से कैसे हल किया जाए, हमारी समस्या भिन्न-भिन्न जन्मों के करोड़ों कर्म नहीं रह जाते, असली समस्या संस्कारों की रह जाती हैं।

### 4. संस्कार सूक्ष्म - शरीर में रहते हैं :-

भारतीय - दर्शन ने इस स्थूल शरीर के भीतर एक सूक्ष्म - शरीर को माना है। आत्मा अभौतिक है, उसका भौतिक स्थूल - शरीर से सीधा सम्बंध नहीं हो सकता। माध्यम के तौर पर अभौतिक आत्मा तथा भौतिक - शरीर के बीच में 'सूक्ष्म' - शरीर आता है। यह इतना सूक्ष्म है कि अभौतिक के समान है और क्योंकि यह प्रकृति के सूक्ष्म तत्वों से बना है, इसलिए यह भौतिक के समान भी है। अभौतिक होने के कारण इसका आत्मा से सीधा संबंध है, भौतिक होने के कारण इसका स्थूल शरीर से, मस्तिष्क से, मस्तिष्क पर पड़े आलेखनों से भी सीधा संबंध है। यही कारण है कि मस्तिष्क पर जो भौतिक रूप से संस्कार पड़ते हैं, रेखाएँ खिंचती है, जिनका जोड़ होकर मनुष्य का 'स्वभाव' बन जाता है, वह सब मस्तिष्क से चलकर सूक्ष्म शरीर में आ पहुँचता है। अब हमारे संस्कारों का क्षेत्र मस्तिष्क न रहकर सूक्ष्म शरीर हो जाता है जो भौतिक देह के मर जाने पर भी नहीं मरता, जो संस्कारों के निचोड़ को, हमारे स्वभाव को जन्मान्तर में अपने साथ लिए फिरता है।

मृत्यु स्थूल शरीर की होती है, सूक्ष्म शरीर की नहीं। सूक्ष्म शरीर सदा आत्मा के साथ बना रहता है, तब तक आत्मा के साथ बना रहता है जब तक मुक्ति नहीं हो जाती। हमारे विचार, हमारे अनुभव, हमारे संस्कार - इन सबका संगृहीत रूप, सिमटा हुआ रूप, बीज रूप में इस सूक्ष्म शरीर में रहता है। कर्मों के फल की जो समस्या थी - यह समस्या कि एक-एक कर्म का फल कैसे मिलता है, वे कर्म जब तक उनका फल नहीं मिलता तब तक किस बहीखाते में लिखे पड़े रहते हैं, इस समस्या का उत्तर सूक्ष्म शरीर है। बीज में वृक्ष की तरह इसी सूक्ष्म शरीर में सब कुछ समाया रहता है और कर्मों के ढेर को मानों एक घोल में हल करके संस्कारों की शक्ल में लेकर आत्मा का यह सेवक सूक्ष्म शरीर - जन्म जन्मान्तरों तक आत्मा के लिए ढोये फिरता है। सूक्ष्म शरीर की सत्ता का शास्त्रों में जो प्रमाण मिलता है, उसके अलावा यह हम सबके अनुभव में भी आता है। जब हम सो जाते हैं तब स्वप्न में बिना इस स्थूल शरीर की आँखों के हम देखते हैं, बिना स्थूल शरीर के हम कानों के हम सुनते हैं, बिना स्थूल शरीर के पाँवों को हिलाए हम भागते हैं। यह बिना आँख के देखनेवाला, बिना कान के सुननेवाला, बिन पाँवों के भागनेवाला अगर सूक्ष्म शरीर नहीं तो कौन है?

वैदिक संस्कृति का कहना है कि आत्मा के इस 'सूक्ष्म शरीर' या 'कारण शरीर' में - अर्थात् संस्कारों के शरीर में जन्म धारण कर लेने के बाद तो संस्कार डालते ही हैं, जन्म लेने से पहले भी जब वह माता के पेट में होता है तब भी नए संस्कार डाले जा सकते है। सूक्ष्म शरीर या कारण शरीर में नए संस्कारों का पड़ जाना - यही संस्कारों की पद्धति का रहस्य है। 'कारण' शरीर में जो संस्कार पड़ जाएंगे, चाहे पुराने चले आ रहे हों, चाहे नए पड़े हों? वे एक तरह के बीज होंगे? जो इस जन्म में फूटेंगे। नए संस्कारों द्वारा ही पुराने संस्कारों को बदला जा सकता है, तब आत्मा के एक-एक कर्म के पड़ताल की आवश्यकता नहीं रहती, क्योंकि जन्म जन्मान्तर के

कर्मों का निचोड़ ही तो संस्कार हैं, संस्कार में एक कर्म नहीं, अनेक कर्मों का जोड़ मिला रहता है, उस जोड़ को भुगतने में ही सब कर्म भुगत जाते है। वृक्ष की टहनियों तक रस पहुँचाने के लिए एक-एक टहनी में रस डालने की आवश्यकता नहीं होती, उसकी जड़ में रस डालने से टहनी-टहनी में पत्ते-पत्ते में रस पहुँच जाता है। संस्कारों को पकड़ने से कर्मरुपी वृक्ष की एक-एक टहनी, उसका एक-एक पत्ता, रेशा-रेशा हाथ आ जाता है। एक-एक कर्म में उलझनें की आवश्यकता नहीं रहती, एक-एक टहनी को पकडने की आवश्यकता नहीं रहती। इस प्रकार कर्मों की जटिल समस्या को संस्कारों द्वारा हल करने का वैदिक संस्कृति ने प्रयत्न किया था और मानव के नवनिर्माण के विचार को जन्म दिया था। वैदिक संस्कृति के सोलह संस्कार मानव के नव निर्माण का सतत प्रयत्न है।

## 5. नये संस्कारों द्वारा पुराने संस्कारों को बदला जा सकता है :-

जो आत्मा नया शरीर धारण करने वाला है, वह कुछ पुराने संस्कारों को लेकर आता है। ये संस्कार उसके कारण - शरीर का अंग हैं। 'कारण शरीर' या 'सूक्ष्म शरीर' वह शरीर है जो आत्मा के इस जन्म के मन तथा स्थूल शरीर को बनाता है। अगर इस कारण या सूक्ष्म शरीर में पिछले जन्मों से बुरे संस्कार चले आ रहे हैं। और हम आत्मा के स्थूल शरीर का रूप धारण करने से पहले उन सूक्ष्म बुरे संस्कारों पर चोट या प्रहार नहीं करते, उन्हें बदलने का यत्न नहीं करते, तो ये संस्कार जैसे है वैसा ही तो मानव जन्म लेगा। वैदिक विचारधारा के अनुसार नव मानव का निर्माण करने के लिए, मानव के जन्म लेने से पूर्व, उस समय जब वह अभी माता के गर्भ में है, उसके संस्कारों के शरीर में - जो शरीर इस जन्म का कारण है, जिसे सूक्ष्म शरीर के नाम से पुकारा जाता है- नव मानव को जन्म देनेवाले स्त्री - पुरुष अपने विचारों के वेग से, बल से, उनकी उग्रता से नवीन संस्कार डालने का यत्न करते हैं, जैसे बीज के भीतर उसकी रचना में ऐसा परिवर्तन किया जा सकता है, जिससे उत्कृष्टतर पौधा उत्पन्न हो, वैसे आत्मा के जन्म लेने से पूर्व उसके सूक्ष्म - शरीर, 'कारण शरीर' 'संस्कारों के शरीर में माता-पिता सशक्त, वेगवान विचारों द्वारा रज-वीर्य के माध्यम से, जिस माता के पेट में उसे 9 मास रहना है, जिसके अंग-अंग से उसने जीवन लेना, जिसके हृदय से उसके हृदय, जिसके मस्तिष्क से उसका मस्तिष्क बनता है, उस माता के माध्यम से ऐसा परिवर्तन किया जा सकता है, जिससे पुराने संस्कारों को बिल्कुल बदला जा सके, बुरे विचार हो तो उन्हें सामर्थ्यहीन बनाया जा सके और एक नव मानव का निर्माण किया जा सके। तभी तो संस्कृति चारों तरफ से कर्मों के जाले से जकड़ी हुई थी, उसी संस्कृति का कथन था कि संस्कारों द्वारा गर्भस्थ शिशु को बिलकुल बदला जा सकता है, उसे नए संस्कारों से प्रभावित किया जा सकता है। संसार में एक नई पीढ़ी को उत्पन्न किया जा सकता है। मानव के नव निर्माण में वैदिक संस्कृति ने दो तरफ से उद्योग किया था। बच्चों को जन्म लेने से पहले हम जो चाहें बना सकते है। इसका उपाय माता पिता का गर्भस्थ शिशु का आवाहन करने से पहले अपने निजी संस्कारों को सबल बनाना था। जिस प्रकार के उनके विचार होंगे उसी स्वभाव वाला कारण शरीर 'सूक्ष्म शरीर' उनकी तरफ खिंचेगा। नव-मानव के निर्माण करने के लिए यह पहला उद्योग था। इसका आधार 'वंश' (Heredity) था। दूसरा उद्योग बालक को ऐसे 'पर्यावरण' (Environment) से घेर देना था जिससे उसका सम विकास होता जाए। इसके लिए अन्य सब संस्कारों की रचना की गई थी।

कर्म भोगे जाते हैं परन्तु संस्कारों के रूप में और इसलिए संस्कारों द्वारा उन्हें बदला भी जा सकता है। जिन संस्कारों को हम बदलते है वे उस आत्मा के होते हैं। जिसे जन्म लेना है या जिसने जन्म ले लिया है, जिन संस्कारों द्वारा पुराने संस्कारों को हम बदलते है वे माता-पिता के होते हैं, उन आत्माओं के होते हैं, जिन्होंने जन्म देना है,

बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी प्रो. देवेन्द्र स्वरूप को पत्रकार, स्तंभकार, शिक्षक, समाजसेवी, संघ चिन्तक और इतिहासकार के रूपों में देखा गया लेकिन उनका मूल स्वभाव इतिहास के अध्येता का था। उनके इतिहास सम्बन्धी लेखन में दो तत्व विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं- पहला, उनकी संस्कृति निष्ठा और राष्ट्रवादी दृष्टि तथा दूसरा, समसामयिक प्रश्नों के उत्तर इतिहास में खोजना। लगभग छह दशकों की इतिहास साधना में प्रो. देवेन्द्र स्वरूप ने तथाकथित 'प्रतिष्ठित' इतिहासकारों की भांति अपने आपको इतिहास के किसी काल विशेष अथवा विषय विशेष तक सीमित नहीं रखा बल्कि इतिहास को उसकी समग्रता और निरंतरता में समझा। प्राचीन भारतीय इतिहास में एम.ए. और शोध से आरंभ हुआ उनका अध्ययन और चिंतन समसामयिक इतिहास तक फैला हुआ है। दर्जनों विषयों पर उनका मौलिक चिंतन और लेखन था। आर्य समस्या, त्रयी से ब्रह्म तक की भारत की ज्ञान-यात्रा, प्राचीन भारत में राष्ट्रीय एकात्मकता की प्रक्रिया के चरण, सोमनाथ, मध्यकालीन भारत में राष्ट्रीय प्रतिरोध, यूरोप में भारत विषयक अध्ययन, मराठा इतिहास, भारत में आंग्ल-फ्रांसिसी संघर्ष, 1857 का विद्रोह, मैक्समुलर, राष्ट्रवाद, जाति, भारत में इस्लाम, भारत में ब्रिटिश जनगणना नीति, भारत में ईसाई मिशनरी गतिविधियाँ, विपिन चंद्रपाल, लोकमान्य तिलक, लाला लाजपत राय, महात्मा गाँधी, सावरकर, सुभाष बोस, सरदार पटेल,जवाहरलाल नेहरू, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, भगत सिंह, सिख इतिहास, भारतीय संविधान की रचना, राजनैतिक व्यवस्था, अयोध्या विवाद, कश्मीर समस्या, आदि। समस्या कोई भी हो, देवेन्द्रजी उसके इतिहास में जाकर उसको समझते। इतिहास की नयी पुस्तकों, लेखों, सेमिनारों आदि पर उनकी दृष्टि सदैव बनी रहती। उनकी जेब में एक छोटी डायरी हमेशा रहती जिसमें मात्र उन पुस्तकों की सूची होती जिन्हें वे खरीदना चाहते थे, पढ़ने के लिए।

प्रो. देवेन्द्र स्वरूप के इतिहास बोध की गहराई की झलक उनके लिखे हजारों लेखों में मिलती है। इन लेखों को संकलित करके लगभग 20 पुस्तकें छपी है- 'संघ: बीज से वृक्ष', 'संघ: राजनीति और मीडिया,'अयोध्या का सच', जाति विहीन समाज का सपना', राष्ट्रीय शिक्षा आन्दोलन का इतिहास', 'संस्कृति एक, नाम-रूप अनेक', 'अखंड भारत: संस्कृति ने जोड़ा, राजनीति ने तोडा', 'सभ्यताओं के संघर्ष में भारत कहाँ', 'राष्ट्र ऋषि नानाजी', 'यह संविधान : हमारा या अंग्रेजों का', 'गांधीजी: हिन्द स्वराज से नेहरू तक', 'राजा-मूंजे पैक्ट', आदि।

लेकिन प्रो. देवेन्द्र स्वरूप के प्रशंसकों और शुभचिंतकों

को हमेशा यह शिकायत रही कि उन्होंने अपनी विलक्षण मेधा, विशाल ज्ञान और सटीक इतिहास दृष्टि का उपयोग अन्य इतिहासकारों की भांति आकादमिक ग्रन्थ लेखन में नहीं किया। वे तो पान्चजन्य और अन्य पत्र पत्रिकाओं में ही अपने साप्ताहिक कालमों के माध्यम से जनशिक्षा में लगे रहे। आकादमिक ग्रन्थ लिखने के लिए जिस एकाकी और स्वकेंद्रित दिनचर्या की आवश्यकता होती है प्रो. देवेन्द्र स्वरूप की दिनचर्या उससे उलट रही। रोजाना 12-15 समाचार पत्र पढकर कतरन काटकर उनकी विषयवार फाईलिंग करना, दर्जनों पत्र-पत्रिकाएँ, जर्नल आदि पढना, लेख लिखना, रोजाना अनेक लोगों से मिलना-चर्चा करना, जब तक संभव रहा सेमिनारों-गोष्ठियों में जाना, और बाकी बचे समय में अनेक विषयों पर अध्ययन करना - यही सेवा निवृत्ति के बाद उनकी दिनचर्या रही। इस अति व्यस्त दिनचर्या में इतना ज्ञान, सामर्थ्य और सामग्री के होते हुए भी वे उस प्रकार का आकादमिक लेखन नहीं कर पाए और इसका मलाल उन्हें अपने अंतिम वर्षों में हुआ भी।

प्रो. देवेन्द्र स्वरूप के पुस्तक संग्रह और पुस्तक प्रेम के बिना उनकी चर्चा अधूरी रहेगी। 18000 पुस्तकों एवं अन्य सामग्री से संवर्धित अपने निजी पुस्तकालय को वे अपनी सबसे मूल्यवान संपत्ति मानते रहे। उनका कहना था कि उनके संग्रह की प्रत्येक पुस्तक को एक निश्चित उद्देश्य से खरीदा गया। प्रत्येक पुस्तक पॉलिथीन में रखी गयी ताकि मौसम और धूल की मार उस पर न पड़े। इस पुस्तकप्रेम का खामियाजा अक्सर उनके परिवार को भुगतना पड़ा। अभाव के दिनों में भी वह अक्सर रसोई के लिए आवश्यक सामग्री के स्थान पर पुस्तकें खरीद लिया करते थे। धीरे धीरे मयूर विहार के सहयोग अपार्टमेंट्स में स्थित उनके घर में यह स्थिति हो गयी कि पूरे घर में पुस्तकों के ढेर फैल गए और परिवार के सदस्यों को बहुत असुविधा होने लगी। हालत यह हो गयी कि पड़ोस में एक फ्लैट 24000 के मासिक किराए पर इसलिए लेना पड़ा कि उसमें केवल पुस्तकें रखी जा सकें। लेकिन एक वर्ष बाद जब उस फ्लैट के मालिक ने खाली करने को कहा और वैकल्पिक व्यवस्था की सम्भावना क्षीण हो गयी तो प्रो. देवेन्द्र स्वरूप को अत्यधिक चिंता तनाव के कारण ब्रेन स्ट्रोक पड़ गया और पक्षाघात गया। अंततः श्री रामबहादुर राय के प्रयास से उन पु को पहले गाजियाबाद में मेवाड़ इंस्टिट्यूट और दिल्ली में इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केंद्र के पुस्तका में उचित स्थान मिला।

प्रो. देवेन्द्र स्वरूप ने मात्र पुस्तकों का संग्रह नहीं कि अपितु महत्वपूर्ण व्यक्तियों एवं संस्थानों से संबं दस्तावेज, अभिलेखागारों और पुस्तकालयों से फोटोक कराये गए दस्तावेज, पैम्फलेट, अखबारों की कत पत्राचार, आदि को भी संगृहीत किया। सभी क से, क्रमवार और विषयवार। प्रत्येक दस्तावेज मे एतिहासिक स्रोत देखते थे। घरेलू जीवन से संबं प्रत्येक कागज भी सुरक्षित रखते थे। कुल मिलाकर पूरा अभिलेखागार। मित्रों से वे अपने को कबाड़ी क और अपने संग्रह को जंगल। उनके संपर्क में आने व कोई भी व्यक्ति उनकी विलक्षण स्मरण शक्ति, अ ज्ञान और मित्रवत स्वभाव से प्रभावित हुए बिना न रहता।

इतिहास के अध्ययन के प्रति अपने समर्पण और अ परिवार के आर्थिक बोझ को स्वयं वहन करने की के कारण ही प्रो देवेन्द्र स्वरूप राष्ट्रीय स्वयंसेवक में पूर्णकालिक प्रचारक जीवन से वापस लौटे।

30 मार्च 1926 को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले कांठ कस्बे के एक निम्न आय परिवार में जन्मे दे स्वरूप को देशभक्ति का वातावरण पारिवारिक विरासत मिला। 1942 में दसवीं कक्षा में पढ़ते हुए उन्हें विद्याल से निष्कासित कर दिया गया क्योंकि उन्होंने विद्याल और बाजार में लड़कों की टोली इकठ्ठा कर सरे 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का नारा लगवाया था। ग्यारह कक्षा में भी उन्होंने अपने छात्रावास में देश की स्वतं के लिए संकल्प लेने का कार्यक्रम आयोजित कि जिसके कारण उन्हें छात्रावास से निकाल दिया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उनका सम्बन्ध 1947 तब जुड़ा जब वे काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में

एस. सी. के छात्र थे। उन्हें संघ से जोड़ने वाले थे भाऊराव देशमुख, जो स्वयं 1926 से संघ के स्वयंसेवक थे। प्रो. देवेन्द्र स्वरूप ने अपने संस्मरणों में लिखा है कि भाऊराव की अनौपचारिक शैली से ही दीनदयाल उपाध्याय, प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या), अटल बिहारी वाजपेयी और अशोक सिंघल- जैसे तेजस्वी और श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की एक लम्बीशृंखला निकली। 30 जनवरी, 1948 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की हत्या के बाद संघ पर प्रतिबन्ध लगा और देवेन्द्र स्वरूप भी छह माह जेल में बंद रहे। यही वह समय था जब बाला साहेब देवरस के नेतृत्व में संघ ने अपने पत्र-पत्रिकाएँ प्रकाशित करना आरम्भ किया। ताकि संघ के दृष्टिकोण से देश की आम जनता को अवगत कराया जा सके। देवेन्द्र स्वरूप के अध्ययनशील स्वभाव को देखते हुए उन्हें अटल बिहारी वाजपेयी के सहायक के तौर पर 'चेतना' (साप्ताहिक) के लिए कार्य करने को कहा गया और यहीं से देवेन्द्र जी का पत्रकारिता में प्रवेश हुआ जिससे वे अंत तक जुड़े रहे।

प्रो. देवेन्द्र स्वरूप बताया करते थे कि उन्हें और अटल जी को संघ में उनके प्रश्न करने के स्वाभाव के लिए जाना जाता था। 1954 से 1958 तक प्रयाग ही देवेन्द्र जी के संघक्षेत्र में कार्यस्थली रहा। यहीं पर उनका परिचय डॉ. मुरली मनोहर जोशी से हुआ जो उस समय इलाहबाद विश्वविद्यालय में शोध कर रहे थे। डॉ. जोशी से देवेन्द्रजी की वैचारिक घनिष्ठता सदा बनी रही।

1958 में देवेन्द्र स्वरूप जी के जीवन में एक बड़ा मोड़ आया वे इतिहास के अध्ययन की ओर मुड़े। अभी तक वे विज्ञान के स्नातक थे। उन्होंने निर्णय लिया कि वे अब संघ के पूर्णकालिक प्रचारक न रहकर इतिहास का अध्ययन करेंगे और पारिवारिक जीवन में लौटेंगे। भाऊराव चाहते थे कि देवेन्द्र जी 'पांचजन्य' के संपादन से जुड़ें और संघ उनके परिवार के पालन पोषण की व्यवस्था करे लेकिन देवेन्द्र जी जिद पर अड़े रहे और अपने पारिवारिक जीवन का आर्थिक बोझ कभी संघ पर नहीं डाला। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय में- एम.ए. में 'प्राचीन भारतीय इतिहास और संस्कृति' में प्रवेश लिया और प्रथम श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

1958 में ही वे 'पांचजन्य'साप्ताहिक से जुड़े और पहले सहसंपादक, फिर संपादक और बाद में स्तंभकार के नाते उससे जुड़े रहे। बीच में, 1960-63 में दैनिक 'स्वतंत्र भारत' (लखनऊ) में उपसंपादक रहे। 1964 में वे दिल्ली आ गए और दिल्ली विश्वविद्यालय के पी.जी.डी.ए.वी. कॉलिज में इतिहास विभाग में प्राध्यापक नियुक्त हुए। कॉलिज में उत्कृष्ट शिक्षण के साथ-साथ प्रो. देवेन्द्र स्वरूप ने समाज और पत्रकारिता से सक्रिय सारोकार बनाये रखा। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष भी रहे। कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) ईकाई को उनके समय में देश की सर्वश्रेष्ठ ईकाई का पुरस्कार मिला और कई विद्यार्थियों ने उनसे प्रेरित होकर समाज सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित करने का व्रत लिया। आपात काल में जेल की सजा भी काटी। 1980 से 1994 तक 'दीनदयाल शोध संस्थान' के निदेशक और उपाध्यक्ष रहे। इसी दौरान संस्थान की त्रैमासिक पत्रिका 'मंथन' (अंग्रेजी और हिंदी) के संपादन का कार्य किया तथा समसामयिक मुद्दों पर महत्वपूर्ण अंक निकाले। अयोध्या में राम मंदिर के समर्थन में साक्ष्य जुटाने वाले इतिहासकारों के दल के वे महत्वपूर्ण सदस्य रहे एवं 'भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद्' से भी जुड़े रहे।

14 जनवरी को उनके निधन के उपरांत शोक संदेशों का ताँता लग गया। प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, श्री मुरली मनोहर जोशी, श्री लाल कृष्ण आडवाणी समेत अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्रवादी विचार परम्परा में प्रो. देवेन्द्र स्वरूप के योगदान का स्मरण किया। कृतज्ञ राष्ट्र ने उनको मरणोपरांत पद्मश्री पुरष्कार से सम्मानित करने की घोषणा की। वैसे प्रो. देवेन्द्र स्वरूप ने अपने लम्बे जीवन काल में पद, सम्मान और पुरस्कारों से दूरी बनाये रखी और इनसे संबंधित सभी आग्रहों को विनम्रता और दृढ़ता से अस्वीकार कर दिया था।

ऐसे महापुरुष को शत्-शत् नमन!



**अमरजीत वर्मा**
बी.ए. (प्रोग्राम) द्वितीय वर्ष

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हमेशा अपने भाषणों में बड़े ही उत्साहपूर्ण तरीके से कहते है कि भारत की जनसंख्या में से 65% युवा आबादी ऐसी है जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच है।

अत: हमारा 'डेमोग्राफिक डिविडेण्ट' शानदार है। परन्तु यदि सही समय इसी आयु (10-35) वर्ष के अन्तराल में रोजगार न दिया जाये तो हमारी इस 65% 'डेमोग्राफिक डिविडेंट' का क्या होगा? यह डेमोग्राफिक डिजास्टर का रूप ले लेगा। अर्थात् हमारे युवा जो ऊर्जा से भरपूर हैं, वें अपनी ऊर्जा को देशहित के बजाय अप्रिय चीजों में लगाने लगेंगे। जैसा कि हमारे देश में लाखों युवा हर साल शिक्षित होकर निकलते हैं। इनको तय समय तक यदि रोजगार नही मिला तो यह देश के लिए समस्या बन सकते हैं।

मान लीजिए कोई युवा किसी कॉलेज, संस्थान से डिग्री लेकर नौकरी की तलाश में जाता है। यदि उसको नौकरी नहीं मिलती है तो वह इसके बाद में जो चीजें मिलती है उसको करने लगता है, अथवा तनाव में आ जाता है और वृहद मानसिक पीड़ा का शिकार हो जाता है।

सभी समस्याओं की जड़ 'बेरोजगारी' है। यदि कोई व्यक्ति छात्र, युवा बेरोजगार हैं तो उसके मन में असंतोष बढ़ेगा। असंतोष से हिंसा, हिंसा से चोरी, चोरी से बड़े अपराध, अपराध से खून आदि उत्तरोत्तर अनवरत सच, अर्थात एक शिक्षित युवा अपराधी बन जाएगा।

यहीं पर यदि इन्ही शिक्षित युवाओं को रोजगार मिले ये देश की विकास-यात्रा में इंजन बनकर भरपूर ऊ का सही उपयोग कर पाएगें।

ऐसे में उस युवा के मन में आर्थिक आजादी होगी सभी प्रकार की आजादी की जननी है। वह स्वाभिमा होगा। उसका मन संतोष से भरा होगा। यदि संतोष हो तो मानसिक-शांति मिलेगी, मानसिक-शांति से अहिंस रहेगा, अहिंसक रहेगा तो देश, काल, परिवार आदि नाम और काम आएगा जिससें उसे 'सामाजिक प्रतिष्ठ मिलेगी और वह इस प्रकार देश के काम आएगा।

शिक्षित बेरोजगारी का मूल हिस्सा हमारी शिक्षा-व्यावस है। रिपोर्ट बताती है कि भारतीय इंजीनियरिंग कॉले से पास होने छात्रों में सिर्फ 7% ग्रेजुएट ही नौकरी काबिल हैं। आई॰आई॰टी॰ बाम्बे के 50% से अधि छात्रों ने ये स्वीकार किया कि वे नकल करते हैं एसोचैम की रिपोर्ट के अनुसार 65% अभिभावक अप आमदनी का आधे से ज्यादा हिस्सा अपने बच्चों के पढ़ाई और एकस्ट्रा कैरीकुलर एक्टिविटी पर खर्च कर हैं।

अब इस तरह की शिक्षा-व्यवस्था तो दोषपूर्ण हों ही। जो माँ-बाप की गाढ़ी कमाई को साकार न क सके अर्थात रोजगारपरक न हो। आस्ट्रेलिया U.S.A चीन आदि देशों में 8th स्टैंडर्ड से ही रोजगारपरक शिक्षा पद्यति है। छात्र/छात्रा 8th के बाद चाहें त स्वयं वह इण्डिपेंडेंट हो सकता है अर्थात् जॉब क सकता है अथवा अध्ययन-अध्यापन भी। इस तरह क शिक्षा-व्यवस्था भारत में अति आवश्यक है। गूगल का सी॰ ओ॰ भले ही 'सुंदर पिचाई' हो, मगर भार का खुद का 'गूगल' नहीं है। 'माइक्रोसॉफ्ट' भले ह भारतीय 'सत्या नडेला' चला रहे हों, पर भारत में न अमेरिका में क्यों?

हम U.S.A. के गूगल, फेसबुक, व्हाट्सअप आदि को अपना डेटा मुफ्त में देते हैं। इसी डेटा से वे हमारी घरेलू कंपनियों के मुकाबले सस्ते और हमारी पसंद-नापसंद के उत्पाद बेचते हैं सब खेल डेटा का ही है।

जहाँ आज चाइना के स्मार्टफोन ने 45% भारतीय बाजार पर कब्जा कर रखा है तो वहीं इसके लिप्सिंग वाले 'टिकटोक' एप्स ने करोड़ो का मुनाफा किया है। साउथ कोरिया का 'पब-जी' बहुत से युवाओं की कमजोरी बन गयी है। जिस तरह शिक्षित बेरोजगारी बढ़ रही उसी प्रकार शिक्षितों को सही जगह लगाना अति आवश्यक है। शिक्षा की गुणवत्ता में कमी के चलते छात्र कोचिंग का सहारा लेते हैं। आज भारत कोचिंग इण्डस्ट्री ₹ 45000 करोड़ की है ऐसा 'एशियन डेवलपमेण्ट बैंक' ने सरकार को चेताया है कि यदि समय रहते कोचिंग कारोबार को बंद करके या इसका विकल्प देकर समाधान नहीं किया तो यह और बढ़ता जाएगा। यू०जी०सी० की रिपोर्ट के मुताबिक 297 फर्जी कॉलेजों और 23 अवैध विश्वविद्यालयों पर यदि नकेल नहीं कसा गया तो इससे उत्तीर्ण फर्जी डिग्रीधारक देश को खोखला करते रहेंगे। बेराजगारी औ असफलता एक ही शब्द के पर्याय हैं। बेरोजगार युवा आपराधिक कार्यों की मकड़जाल में फँस जाता है। वहीं असफल युवा छात्र के मन में असंतोष घर कर जाता है। इसके कारण देश में हर घण्टे एक छात्र 'आत्महत्या' करता है। क्या यह हमारी शिक्षा-पद्यति- जो रोजगार नहीं दे सकती- पर 'कलंक' नही है? वह छात्र जिसने शायद सही से दुनियादारी भी नहीं देखी, उसके प्रारम्भिक सुनहरे वर्षों को काला इतिहास क्यों बना दें?

इसलिए शिक्ष-व्यावस्था बदलनी चाहिए। 'सतत् विकास लक्ष्य' की आधारभूत रिपोर्ट जिसे नीति-आयोग ने भी माना है उसमें कहा गया है कि भारत की 15-59 वर्ष की आयु वालों में 1000 में 64 लोग बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं। इस विकराल समस्या का शीघ्र एवं सटीक निदान आवश्यक है। विद्यार्थीवर्ग इसी निदान की प्रतीक्षा में है।

> अध्यापक राष्ट्र की संस्कृति के चतुर मालिक होते हैं वे संस्कारों की जड़ों में खाद देते हें और अपने श्रम से उन्हें खींच-खींच कर महाप्राण शक्तियाँ बनाते हैं।
>
> \- महर्षि अरविन्द

# स्वदेशी, स्वभाषा, स्वराज्य की चेतना के उन्नायक ऋषि दयानंद




**डॉ. अजीत कुमार पुरी**
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग


विक्रम की 20वीं सदी का भारतीय समाज जहां एक ओर इस्लामी आक्रांताओं से जूझ रहा था, वहीं दूसरी ओर यूरोपीय शक्तियों को जिज्ञासु दृष्टि से देख रहा था। चतुर और कपटी अंग्रेज ईस्ट इंडिया कंपनी बनाकर डच, पुर्तगीज और फ्रेंच कंपनियों को हाशिए पर धकेल कर सशक्त होते जा रहे थे। ईस्ट इंडिया कंपनी के आश्रय में ईसाई मिशनरियाँ बलपूर्वक हिंदुओं का ईसाईकरण करने पर तुल गई। इसके लिए उन्होंने बड़ा भारी निवेश कर स्कूल-कॉलेज खोले और कुछ भारतीयों को अपना वशवर्ती भी बना लिया। बहुत ही विषम स्थिति थी, भारतीय चेतना पर कुठाराघात की स्थिति थी। ऐसे समय में भारतीय मेधा ने इस्लामी जिहाद और इसाई मिशनरियों का सक्षम प्रतिरोध करने का जो उपक्रम किया, उसमें स्वामी दयानंद और उनके द्वारा स्थापित आर्य समाज का स्थान अग्रगण्य है।

वास्तव में यह समय भारतीय मनीषा के लिए एक परीक्षाकाल था, जिसमें वह चौतरफा संघर्षों से जूझते हुए सफल हुई। इसका बहुत कुछ श्रेय स्वामी दयानंद को दिया जा सकता है, जिन्होंने अपनी प्रखर मेधा से इस्लामी मजहबियों और इसाई मिशनरियों को पिछले पैर पर धकेल दिया।

जिस समय यूरोपीय शिक्षा में दीक्षित भारतीयों का पढ़ा-लिखा वर्ग स्वदेश की निंदा करने और परदेश की परंपरा का गुणगान करने में लगा था, उस समय इन वर्गों को फटकारते हुए दयानंद ने कहा- "आर्यावर्त ऐसा देश है, जिसके सदृश भूगोल में दूसरा कोई देश नहीं है। इसीलिए इस भूमि का नाम स्वर्णभूमि है। क्योंकि यही स्वर्ण आदि रत्नों को उत्पन्न करती है। जितने भूगोल में देश हैं वे सब इसी देश की प्रशंसा करते और आ रखते हैं कि पारसमणि पत्थर सुना जाता है, वह बा तो झूठी है, परंतु आर्यावर्त देश ही सच्चा पारस म है कि जिसको लोहेरूपी दरिद्र विदेशी छूते के साथ 'सुवर्ण' अर्थात धनाढ्य हो जाते हैं।" (सत्यार्थ प्रका एकादश सभुल्लास)

उपर्युक्त पंक्तियों में दो विचार स्पष्ट रूप से ध्वनि होते हैं- 1) भारतवर्ष की प्राकृतिक संसाधन सांस्कृतिक परंपरा या राजनीतिक वैभव की दृष्टि यदि विश्व के देशों के साथ तुलना की जाए तो इ देश के सामने कोई भी नहीं ठहरता। सभी ऋतु सब प्रकार की उपजाऊ मिट्टी, औषधियों का भंडा खनिज संपदा आदि की व्याप्ति जिस तरह से य है, वह कहीं नहीं है। 2) इस संपदा को लूट क विदेशी, जो की दरिद्र हैं, वह धनाढ्य होते जा र हैं। भारतीय एवं विचारको का इस ओर ध्यान दिल कर दयानंद जताना चाहते थे कि वे अपने देश क गौरवपूर्ण स्थिति को जानें और विदेशियों की अतिश प्रशंसा से बचें। अंग्रेज जाति हमें लूटकर ही संपन्न ब रही है, अंग्रेज पहले से संपन्न नहीं हैं- यह कहक संपूर्ण संसार के सामने दयानंद ने यूरोपीय देशों क पूर्व की विपन्नता की पोल खोल दी एवं भारतीयों क चेताया कि जो कुछ बचा है, उसे बचा लें।

भारतवर्ष में अपनी मान्यता स्थापित करने के लिए अंग्रेज और ईसाई मिशनरियों ने यह गप्प उड़ाया कि इस देश क कोई स्थाई निवासी नहीं है। आर्य लोग बाहर से आक बसे थे। कहावत चल पड़ी कि- कारवां आता गया औ देश बसता गया। दयानंद ने इस कुविचार का कठो खंडन किया। उन्होंने स्पष्ट कहा- 'आर्य' नाम धार्मिक विद्वान, आप्त पुरुषों का और इनसे भिन्न विपरीत ज का नाम 'दस्यु' अर्थात् डाकू, दुष्ट, अधार्मिक औ अविद्वान है। किसी संस्कृत ग्रंथ में या इतिहास में नहीं लिख कि आर्य लोग ईरान से आए और यहां के जंगलियों

लड़कर विजय प्राप्त कर इस देश के राजा हुए, पुनः विदेशियों का लेख माननीय कैसे हो सकता है?''(सत्यार्थ प्रकाश, अष्टम समुल्लास)

दयानंद को स्वदेश के गौरव पर जितनी निष्ठा थी, स्वभाषा से भी उतना ही प्रेम था। दयानंद के समय खड़ी बोली गद्य भाषा के रूप में ढलने के लिए तैयार हो रही थी। स्थानीय गुजराती और औपचारिक रूप से संस्कृत का व्यवहार करने वाले दयानंद ने अपने बंगाल प्रवास के समय केशव चंद्र सेन के हिंदी भाषा में व्याख्यान की बात स्वीकार कर ली। फिर तो दसों दिशाओं में धूम मच गई। उन्होंने आम जनता में घूम-घूमकर अपने व्याख्यान देने प्रारंभ कर दिए, जिससे खड़ी बोली हिंदी को भाषा के रूप में स्थापित होने का बल मिला। दयानन्द हिंदी को 'आर्य भाषा' कह कर बुलाते थे। उन्होंने अपने सकल ग्रंथ इसी भाषा में लिखे। उनकी प्रेरणा से प्रेरित होकर सैकड़ों लोगों ने पत्रकारिता, साहित्य रचना में जो योगदान दिया वह अद्भुत है। विष्णु प्रभाकर से सहमत होते हुए माना जा सकता है कि ''जो काम हिंदी के लिए दयानंद ने कुछ वर्षों में कर दिया, उसे कई संस्थाएं मिलकर 50 वर्ष में भी नहीं कर पाती।'' (भारतीय साहित्य के निर्माता-दयानंद साहित्य अकादमी)

जहां तक स्वराज्य की बात है- दयानंद इसके आग्रही थे कि भारतवर्ष शीघ्र ही स्वाधीन हो। दयानंद को भारतवर्ष की तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों का यथार्थ ज्ञान था कि कैसे विश्व में अपने राजनीतिक प्रभुत्व का लोहा मनवाने वाला भारतवर्ष आज दीन स्थिति में है। उन्होंने लिखा ''अब अभाग्योदय से और आर्यों के आलस्य, प्रमाद, परस्पर के विरोध से अन्य देशों के राज्य करने की कथा ही क्या कहनी! किंतु आर्यावर्त में भी आर्यों का अखंड, स्वतंत्र, स्वाधीन, निर्भय राज्य इस समय नहीं है। जो कुछ है सो भी विदेशियों के पदाक्रांत हो रहा है। कुछ थोड़े राजा स्वतंत्र हैं। दुर्दिन जब आता है तब देशवासियों को अनेक दुख भोगना पड़ता है। (आर्यावर्त सत्यार्थ प्रकाश, अष्टम समुल्लास)

1857 का स्वाधीनता संग्राम विफल हो चुका था, भारत का ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन वाला हिस्सा सीधे ब्रिटिश संसद के नियंत्रण में आ गया। अब अंग्रेज नए रूप में हमारे सामने आए। महारानी विक्टोरिया ने घोषणा की कि भारतीयों के साथ अब अन्याय नहीं होगा क्योंकि अंग्रेज जाति सभ्य और न्यायकारी है। विदेशी मतों में दीक्षित भारतीयों के एक वर्ग में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई। दयानंद के लिए यह असह्य था। इन सभी को लगभग डाँटते हुए उन्होंने कहा -''कोई कितना ही करे, परंतु जो स्वदेशीय राज्य होता है वह सर्वोपरि उत्तम होता है। अथवा मतमतांतर के आग्रहरहित अपने और पराए का पक्षपातशून्य, प्रजा पर माता-पिता के समान कृपा, न्याय और दया के साथ विदेशियों का राज्य भी पूर्ण सुखदायक नहीं है। (सत्यार्थ प्रकाश, अष्टम सम्मुलास)

यह दयानंद के विचारों का ही घनीभूत प्रभाव था कि अंग्रेजी शासन के विनाश के लिए युवकों का समूह उमड़ पड़ा। स्वामी श्रद्धानंद, लाला लाजपत राय, बिस्मिल, भगत सिंह, वीर सावरकर जैसे सैकड़ों हजारों लोगों के प्रेरणास्रोत दयानंद बने। इस दृष्टि से दयानंद के विचारों का अपना स्थाई महत्व है। विस्तार भय से यहां सभी पक्षों का संपूर्णता में उल्लेख संभव नहीं। किंतु यह स्वीकार करना पड़ेगा कि स्वदेश, स्वभाषा और स्वराज्य के लिए स्वामी दयानंद और आर्य समाज ने जो कुछ किया उससे भारतवर्ष में एक नई लहर उठी। विचारों की ऐसी लहर जिससे भारतवर्ष वैचारिक, सांस्कृतिक रूप से इतना स्वस्थ हुआ, कि 1947 ईस्वी का वर्ष आते-आते उसने ब्रिटिश साम्राज्य का जुआ अपने कंधे से उतार फेंका। भारतवर्ष के लिए यह राजनीतिक स्वाधीनता थी। सांस्कृतिक और वैचारिक स्वाधीनता अभी उलझी हुई है। हिंदी राष्ट्रभाषा केवल कहने भर के लिए बची है।

यदि वास्तव में हमें यह शेष कार्य भी पूर्ण करना है तो दयानंद के विचार हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होंगे। हम इन विचारों की उपेक्षा कर आगे नहीं बढ़ सकेंगे।

# पापा! सुनो!



**रवीन गिरि**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, तृतीय वर्ष

घर से निकलते समय उसका मुझे कातरता भरी आँखों से देखना और एक तरफ मेरा उसे मन भर देखने का प्रयास करना। अपनी तैयारी को जारी रखना मुश्किल लगता पर जब घर से जाने की घड़ी समीप आती तो उसकी उदासी बढ़ जाती जिसके कारण जाने में और विलंब होता। पर मन को जितना भी समझाता उतना ही मन घर में रुक जाने को कहता।

कुछ देर बाद ऐसा लगा कि तैयारी करने के लिए कुछ ज्यादा ही विलंब हो रहा है। कपड़ों को बैग में रखने में कोई शक्ति रोक रही हैं पर उसकी तरफ न देखने का प्रयास करते हुए बैग पैक करना बहुत कठिन लग रहा है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह लम्हा थम-सा गया हैं और मेरी आँखों में ओझल होने वाली छवि को फिर से न देख पाने का डर मुझे कमजोर कर रहा है। फिर भी बैग पैक करने की कोशिश में लग जाना कैसी विचित्र स्थिति है।

आखिरकार बैग पैक हो गया। इसके बाद ऐसा लगा जैसे कोई असंभव कार्य पूर्ण हो गया है। उसका मुझे 'पापा' पुकारना इतना मधुर लगता है कि मै बेबस हो जाता हूँ। यही एक शब्द मेरा घर निकलना कठिन कर रहा है!

जितनी भी मन में दुविधाएँ थीं, सब उभकर सा आने लगीं हैं। मन के विचारों को जैसे-तैसे रोकने कोशिश कर रहा हूँ ऐसा लगने लगा हैं कि घर जाने का प्रयत्न असफल न हो जाए! अपनी बेटी साथ बिताए पल आंखों के सामने आने लगे है अपनी बेटी को न देखने का डर भी सता रहा है। में उठी भावनाओं को बस में रखना कठिन होता जा रहा है।

फौज की नौकरी करने के लिए दृढ़ संकल्प का हो भी आवश्यक है। परंतु जब बात आती है अपने परि से दूर रहने की तब ऐसा लगता है कि साँस आनी हो गई हो। मैं भी कितना पागल हूँ व्यर्थ ही यह बा सोच रहा हूँ। अरे! यह क्या समय हो गया! अब मु जल्दी निकलना होगा।

अचानक उसने मुझसे कहा- आपका जाना जरू है क्या? कुछ दिन और नहीं रुक सकते? उसकी स्नेहपूर्ण आँखें मुझसे कह रही थी कि मैं घर से जाऊँ। घर में ही रह जाऊँ पर मैं उसकी इस इच्छा को पूर्ण करने में असमर्थ हूँ। हर बार ऐसा ही होता है। जब-जब वह मुझे देखती तो समय थम सा जाता समय एक लम्हें में सिमट जाता और मुझसे कुछ कहा न बनता।

घर से निकलने का समय आ गया। अब घर निकलते समय मेरी आँखें अपनी बेटी को ढूँढ रही है मैं घर से निकल गया। फिर मुझे याद आया बालकनी की सीढ़ियों से उतर पिछले दरवाजे से उसका आवाज देना.....- पापा ! सुनों !

# एक संस्मरण : मास्टर जी



**डॉ. कुसुम लता चड्ढा**
सहायक प्रोफेसर
राजनीति शास्त्र विभाग

बात उन दिनों की है जब हमारे देश के कुछ राज्यों में हिंदी भाषा को राजभाषा घोषित करने की सम्भावना के विरोध में प्रदर्शन चल रहे थे। हम, यानि मैं और मेरे भाई-बहन, उन दिनों कलकत्ता, आजकल के 'कोलकाता', के एक स्कूल में पढ़ते थे। स्कूल के बाहर सड़कों पर जब हमारा एक 'सीनियर' दादा मुट्ठी भींच कर आवाज लगाता 'हिन्दी भाषा' तो बच्चों का कोरस 'चौलबे ना, चौलबे ना' नारा लगाते हुए पीछे पीछे चलता जाता। राजनीति की इतनी समझ नहीं थी पर यह उपक्रम बड़ा जोशीला और 'संगीतमय' लगता!

हमारे स्कूल की प्रिंसिपल एक अँगरेज महिला थीं और अधिकतर स्टाफ स्थानीय लोगों का था। केवल हमारे हिंदी के शिक्षक बलिया (उत्तर प्रदेश) से थे। स्कूल में धोती-कुर्ता पहन कर आते थे। हिंदी भाषा के महान संरक्षक और सिपाही के रूप में अपने आप को प्रस्तुत करते थे। उनका यह विश्वास था के हिंदी की रक्षा तभी संभव है, जब विद्यार्थी 'सुलेख' लिखें और कविताएँ रटें। आज भी अपनी सुंदर लिखाई और कविता स्मरण का श्रेय मैं उन्हें आदर सहित देती हूँ उनके प्रिय कवि रामधारी सिंह दिनकर थे। दिनकर की कविताएँ हमारे पाठ्यक्रम में हों, न हों,हमें कंठस्थ करनी पड़ती थीं। वे स्वयं भी बड़ी ऊर्जा के साथ हिमालय पर लिखी दिनकर की कविता 'मेरे नगपति, मेरे विशाल' का पाठ किया करते। एक दिन उन्होंने हमें उसी अंदाज से महादेवी वर्मा की कविता 'जो तुम आ जाते एक बार... कितनी करुणा, कितने सन्देश... बिछ जाते पथ में बन पराग' सिखायी और निर्देश दिया कि अगले दिन सभी विद्यार्थी कविता को याद करके आएँ और उन्हें क्लास में सुनाएँ।

घर आकर मैं और भाई कविता को मास्टरजी के अंदाज में रट रहे थे। हमारे चाचा जी- जो उन दिनों हमारे पास आये हुए थे,- जो स्वयं एक कॉलेज में पढ़ाते थे,- उन्होंने हमें टोका ये क्या कर रहे हो, 'कोई' आ भी रहा होगा तो रास्ते में ही ठिठक कर खड़ा हो जायेगा!' हमने बताया कि मास्टरजी ने हमें ऐसे ही सिखाया है। इसपर वे मुस्कुराकर बोले- कल उनसे पूछकर आना कि क्या वे बजरंगबली के भक्त हैं?

अगले दिन, कविता सुनाने के बाद, शाबाशी से उत्साहित हो कर मैंने मास्टरजी को सारा वृतांत बता कर चाचा जी का प्रश्न पूछ ही लिया। कुछ देर मौन रहने के बाद वे बोले 'ठीक बूझे हैं'। मैंने यह सन्देश भी चाचा को दे दिया।

कुछ दिनों बाद मास्टरजी ने मुझे बुलाया और बड़ा अटपटा सवाल किया तुम्हारे चाचा भी क्या अविवाहित हैं? उनसे मिलवाना।

चाचा जी तबतक लौट चुके थे और मास्टरजी का सवाल एक पहेली की तरह कई वर्षों तक मेरी चेतना में टँगा रहा।

# कंस का मर्म



**डॉ. अरुण मिश्र**
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग

मिथक केंद्रित नाटकों की हिंदी में अत्यंत समृद्ध परंपरा रही है। 'कथा एक कंस की' दयाप्रकाश सिन्हा का प्रसिद्ध नाटक है। रचनाकार ने वर्तमान का प्रतिबिंबन अतीत के काल खंडों से किया है। समकालीनता का अतीतोन्मुख नाटक है- यह 'कथा एक कंस की। दया प्रकाश सिन्हा मिथकों के भीतर स्थित शक्ति से पूर्णतः परिचित हैं। वे मानते हैं कि मिथकों में अद्‌भुत व्यंजना शक्ति निहित होती है। यही कारण है कि कंस संबंधित पुराख्यान को उन्होंने एक नवीन आयाम प्रदान किया है। यहाँ उल्लेखनीय है कि रचना-दृष्टि के नाम पर मिथक को विकृत कर अपना अभिप्रेत ढूँढ़ने के 'अति आधुनिक' उस प्रवृति के वे विरुद्ध हैं जिससे मिथक का अपना स्वरूप और शक्ति ही नष्ट हो जाए। ऐसे प्रयोग कभी भी जनमानस द्वारा स्वीकार नहीं किए जाते। केवल बौद्धिक चर्वणा में श्रेष्ठ और कालजयी करार दिए जाते हैं। 'कथा एक कंस की', कंस के पौराणिक प्रसंग पर आधारित है, किंतु यहाँ कंस के चरित्र को मनोविश्लेषण की पीठिका प्रदान की गई है और यहीं कंस केवल द्वापर का 'कंस न रहकर, किसी भी समय और स्थान का कंस हो जाता है। नाटक किसी भी निरंकुश अमानवीय सत्ताधीश की मानसिकता का दस्तावेज है जो सत्ता के सर्वोच्च शिखर पर है तो मगर-अकेला, असहाय, आशंकित तथा भयातुर। सत्ता का स्पर्श उसे मनुष्य नहीं रहने देता। सिन्हा जी ने मिथक को अपनी दृष्टि से शोधा है, उसे 'इंटरप्रेट' किया है। यह इंटरप्रेटेशन कथा के चमत्कारपूर्ण प्रसंगों को तार्किकता प्रदान कर उन्हें आधुनिकता के अनुकूल करता है। जैसे कंस के भावी जीवन के विषय में की गई भविष्यवाणी और कुछ नहीं, उसके भीतर के भय का ही रूप है। तभी तो उसे और कोई नहीं सुन पाता। इसी तरह सिन्हा जी ने कृष्ण को त्रस्त यादवों का प्रतीक माना है। जिनकी बाँसुरी यहाँ प्रेम की संगीत लहरी नहीं बिखेरती, अपितु विद्रोह वर्षा करती। दया प्रकाश सिन्हा के नाटकीय कौशल का एक आयाम है-संघर्ष। नाटक में मूल संघर्ष कृष्ण और के बीच है किंतु कृष्ण पूरे नाटक में कभी भी मंच दृश्यगत नहीं होते, अर्थात् यह संघर्ष व्यक्ति नहीं प्रवृत्ति के बीच है। सत्य और असत्य का सनातन द्वंद्व। सत्ता विस्तार की उद्‌दाम लालसा से पीड़ित व्यक्ति करुण त्रासदी को मूर्त करता है।

नाटक में कंस का चरित्र अत्यंत जटिल है। बालक पिता अग्रसेन की दृष्टि में वीर नहीं क्योंकि वह क्रूरता बर्बरता में आनंद नहीं ले पाता। पिता उसे 'स्त्रैण' कह चूड़ियाँ पहनने को कहते हैं। इसी तिरस्कार और अपमान का दंश उसके भीतर की संवेदना को 'सोख' लेता है।

सभ्यता संस्कृति के सभी आवरणों के बावजूद निरंकुशता व्यक्ति के भीतर छिपी होती है इसी का विस्फोट व्यक्ति को तानाशाह बनाता है। यह एक तथ्य है कि नाटक का सामाजिक परिप्रेक्ष्य आपातकालीन दमन, शोषण तथा व्यक्ति स्वतंत्रता का अपहरण ही है। निरंकुशता का स्थाई चेहरा होता है क्या? यहाँ कंस पर पहली बार अलग तरीके से 'फोकस' किया गया है। पूर्व के पुराने नाटकों में वह मात्र अधर्मी चरित्र है। 'टोटल ब्लैक' टाइप। सिन्हा जी ने कंस के व्यक्तित्व के रेशों पर अपनी दृष्टि केंद्रित की है और उस पीठिका से परिचित कराया है जिसके कारण वह ऐसा बना। केवल उसकी दुष्टता को 'मार्क' नहीं किया। वे उसे मानवीय धरातल से देखते हैं न कि उसे पारंपरिक सज्जन-दुर्जन के पूर्व निर्धारित खानों में फिट बिठाने का प्रयास करते हैं। 'कथा एक कंस की' में कंस के चरित्र के कई 'शेड्स' हैं। अपनी दुष्टताओं-क्रूरताओं से अलग एकांत के अकेले क्षणों में नितांत एकाकी कंस और इसी बिंदु पर यह नाटक हमारे समकालीन जीवनानुभव से अपनी संगति बैठता है।

दया प्रकाश जी ने शिल्प की दृष्टि से एक सुंदर प्रयोग किया है। 'नाटक के भीतर नाटक' जो कथा को एक नया आयाम प्रदान करता है और यह नाटक है हिरणकश्यप के अधिनायक तंत्र का। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पाप की वृद्धि अवतार का हेतु है। नाटक का वह दृश्य अत्यंत सारगर्भित एवं प्रतीकात्मक है। ....... प्रधान उन चाटुकारों के प्रतिनिधि हैं, जो निरंकुश शासक को भगवान बनने के 'गुर' बताते हैं। दरअसल यह आधुनिक मीडिया मैनेजरों के पूर्वज हैं जो शासक को वस्तुस्थिति का ज्ञान ही नहीं होने देते। और 'सब कुछ ठीक हैं' का भ्रम निरंतर फैलाते रहते हैं। नाटककार की रंग परिकल्पना ने अनेक दृश्यों में अद्भुत शक्ति भर दी है। बाँसुरी कोमल वाद्य है, उसकी उसकी स्वर लहरियी मधुरता एवं प्रेम का प्रसार करती हैं-विशेषकर कृष्ण कथा के संदर्भ में किंतु यहाँ वे विरोध का प्रतीक हैं। यादव युवाओं के हाथ संगीतनिषेध मथुरा के साम्राज्य में राग से द्वेष की, और बाँसुरी स्वेच्छा चारी कंस के साम्राज्य में उसकी इच्छा ही आदेश है- इस नियम है की प्रतीक है। सभी विरोधों-विद्रोहों एवं असहमतियों का दमन करने पर भी आखिर वह निश्‍चित क्यों नहीं है? नींद उससे दूर-दूर है और जब आती है-भयानक सपने लेकर। तानाशाह अपने पापों के कारण लगातार अंतर्द्वंद्व से जूझता रहता है। कहाँ से प्रारंभ होती है यह कथा? एक साधारण मनुष्य के असाधारण महत्वाकांक्षा की कथा! एक साधारण के भगवान बनने की कथा! तिल-तिल कर क्षण-क्षण मरने की कथा। यही तथ्य नाटक को समसामयिक स्पर्श देता है। कोई भी तानाशाह-प्रतिशोध और महत्वाकांक्षा की ऐसी विकराल यात्रा पर निकलता है जिसमें मानवता एवं संबंध सब पीछे छूटते जाते हैं। सत्ता आरोहण उसे सब से दूर- अकेला कर देता है। आखिर इसी सत्ता से ही तो वह जरासंध की सहायता से पिता अग्रसेन को बंदी बनाता है। और प्रिय बहन देवकी को भी। 'कथा एक कंस की में' कंस और देवकी का संबंध यहाँ नया आयाम लिए हुए हैं। अब तक केवल देवकी और वासुदेव को यंत्रणा देने वाले कंस से ही हमारा परिचय था। कंस देवकी से अत्यधिक स्नेह भी करता है। कंस के चरित्र का वह नया आयाम हैं, किंतु वही देवकी आज कंस के कारागार में है जिसकी गुड़िया निकालने के लिए वह हरहराती नदी में प्राणों की बाजी लगाकर कूद पड़ा था! विडम्बना आज उसी देवकी से उसे प्राणों का भय है। वह देवकी की संतति के प्राण भी हर लेता है। कितना निष्ठुर है!

एक और मौलिक उद्भावना सिन्हा जी ने की है- राक्षसी पूतना को स्वाति नाम देना और उसे कंस की प्रेमिका के रूप में चित्रित करना। यह नाटककार की प्रतिभा का सुंदर प्रमाण है। स्वाति का प्रेम केवल देना जानता है, प्राण भी! उत्सर्ग ही उसके लिए प्रेम का एकमात्र मूल्य है। कंस तो उसके निश्छल प्रेम का भी 'यूज' करता है। कंस का भय स्वाति को भी मोहरा बना डालता है। सिन्हा जी ने पौराणिक पूतना प्रसंग को भी तार्किकता प्रदान की है। अब तक यही विश्वास है कि अवतारी कृष्ण को दुग्धपान कराने से ही पूतना का प्रणांत हुआ। लेकिन यहाँ दिखाया गया है कि पूतना स्वयं ही स्तनपान कराते हुए विषपान कर लेती है। कंस द्वारा मृत पूतना के शव को सरेआम फांसी देकर लटका देना, शासकों की उस मानसिकता का परिचायक है, जिसमें वे अपने उद्देश्य में असफल होने पर अपने ही मोहरे को दंडित करने का ढोंग करते हैं। जिससे उनकी न्याय प्रियता दिखाई पड़े और वे जनता की वाहवाही बटोर सकें। तानाशाह हर विरोध को खत्म कर देना चाहता है। उसके लोग लगातार सत्ता के अनुकूल कथाएँ गढ़ते रहते हैं। नाटक में भगवान द्वारा रक्षा का प्रसंग ऐसा है जिसे पंडितों द्वारा 'प्रोपेगेट' किया जाता है। सत्ता के अति सीमित घेरे में, सत्ता के सर्वोच्च शिखर पर अपने अतिरिक्त किसी और के लिए कोई जगह नहीं होती। वहाँ एक समय में एक ही व्यक्ति रह सकता है। इस नाटक का रचना उद्देश्य सिन्हा जी के अनुसार कंस के माध्यम से इतिहास से साक्षात्कार कराने का प्रयास है। अनेक कंसों में से एक कंस की कथा दरअसल बृहत्तर परिप्रेक्ष्य में है।

इस प्रकार 'कथा' एक कंस की हिंदी नाट्य संपदा का एक महत्वपूर्ण अंश है जिसका अनेक संस्थाओं ने सफल मंचन किया है और नाट्य प्रेमियों के बीच ये प्रदर्शन सराहे भी गए हैं।



**डॉ. कपिल देव प्रसाद निषाद**
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग

जैनेंद्र के उपन्यासों को मनोवैज्ञाननक माना गया है। मनोवैज्ञानिक उपन्यासों में उपन्यासकार व्यक्ति को महत्व देता है, समाज को नहीं। उसे आदर्श की बिल्कुल चिंता नहीं होती है, बल्कि अंतर्मन का जो यथार्थ है उस पर ध्यान देता है। मानव मन की जटिलताओं, ग्रंथियों या उलझनों को कथा का विषय बनाना मनोवैज्ञानिक उपन्यासकार का ध्येय रहा है। डॉ. देवराज उपाध्याय जैनेंद्र के उपन्यास के संदर्भ में लिखते हैं कि- "जैनेंद्र ने हिंदी उपन्यास-साहित्य को एक नवीन दिशा दी और प्रभावित किया है, उसमें एक नई चेतना उपस्थित की है। उसकी परिधि को विस्तृत किया है और साथ-ही-साथ उपन्यास में लचीलापन लाकर उसमें ऐसी बहुत-सी महत्वपूर्ण विशेषताओं का समावेश किया है, जिनका उसमें अब तक अभाव था।"

उपन्यासों में वर्णित पात्र समाज के प्रति शांतभाव से विद्रोही होते हैं; उन पात्रों का अहम इतना प्रबल है कि सामाजिक नियम एवं बंधनों में लिपटें रहने पर भी अपनी स्वतंत्रता को समाप्त करने को तैयार नहीं होते। जैनेंद्र के उपन्यासों को एक छोटी घटना से समझा जा सकता है- तुर्गनेव एक प्रसिद्ध रूसी उपन्यासकार हैं जिन्हें दुनिया के तमाम घृणाओं के प्रति सहानुभूति है, पर किसी ऐसी माता की चर्चा नहीं की है जिसमें सहृदयता का सद्भाव हो। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखने पर उनके जीवन के बारे में पढ़ने पर जो बातें निकल कर सामने आती हैं वे हैरान करने वाली हैं। तुर्गनेव की माता एक धनी परिवार से थीं; जबकि उनका विवाह एक मूर्ख सैनिक अधिकारी से कर दिया गया था जो जॉन से करीब छह वर्ष छोटा था। दोनों के वैवाहिक जीवन बहुत कटुता थी। दोनों अलग-अलग विचारधारा के इस प्रकार उनके जीवन में नित पारिवारिक कलह हो रहती थी। माता-पिता अपने बच्चों से अच्छा व्यव नहीं करते थे। तुर्गनेव के पिता का देहांत होने के सम तुर्गनेव की उम्र बहुत कम थी। मात्र जानने-समझ की। माता से उनकी कभी नहीं बन पाई। उनकी रूसी लेखकों से घृणा करती थी और वे चाहती थी कि उनका बेटा एक संपन्न परिवार की कन्या से विवा करे, जिससे उनकी आर्थिक एवं भौतिक स्थिति बेहत हो। किंतु माँ-बेटे कभी भी एक दूसरे के विचारों औ भावनाओं को समझ नहीं सके और अलग हो गए तुर्गनेव ने अपनी माँ से मिलने के लिए अनेक प्रया किए लेकिन वे प्रत्येक बार उनके प्रस्ताव को ठुक देती थीं। जब तुर्गनेव ने अपनी मां से अंतिम बार मिल का प्रयास किया, तब तक उनका देहांत हो चुका था खोजबीन करने पर ज्ञात हुआ कि उनकी मां ने अपनी मृत्यु की रात अपने पास वाले कमरे में नाच और गा का बड़ा अयोजन किया था, जिससे कि वे अपनी पीड़ को भूल सकें। वे चाहती थीं कि उनकी जो संपत्ति है, उसको बेचने के बाद जो रकम मिले उसे आग के हवाले कर दिया जाए जिससे उनका पुत्र उस संपत्ति का अधिकारी न हो सके।

अब इस घटना के आलोक में जैनेंद्र के उपन्यास 'त्यागपत्र' को देखा जा सकता है; जिसके प्रमुख पात्र मृणाल और प्रमोद है-मृणाल के माता-पिता का स्वर्गवास हो चुका है। बडे भाई-भाभी के आश्रय में उसका जीवन व्यतीत होता है। उसका भतीजा प्रमोद उससे छोटा है। मृणाल स्कूली जीवन की सहपाठिनी शीला के भाई से लगाव हो जाने के कारण प्रतिदिन स्कूल से देरी से लौटती है। उसकी भाभी समाज को देखते हुए नियंत्रण में रखने का प्रयास करती है। कठो

प्रतिबंध के कारण उसके मन पर गहरा असर पडता है वह पतंग की भांति उन्मुक्त आकाश में उड़ना चाहती है। भतीजे प्रमोद को अपना विश्वस्त मानती है। उससे सारी बातें शेयर करती है किंतु एक दिन उसकी भाभी बेंत से उसकी निर्मम पिटाई कर देती है। तदुपरांत आनन-फानन में मृणाल की शादी कर दी जाती है। उसका पति मृणाल से उम्र में काफी बडा है। इस प्रकार मृणाल की तमाम अकांक्षाओं पर तुषारापात हो जाता है।

मृणाल अपने पुराने जीवन को भुलाकर शुभ वैवाहिक जीवन को वफादारी के साथ जीना चाहती है। इसी भाव को लेकर अपने पति से पूर्व जीवन के प्रेम प्रसंगों की चर्चा करना उसे बहुत भारी पड़ता है। उसका पति उसे बहुत मारता-पीटता है; यातना देता है, ताना मारता है। उसके चरित्र को लांछित करता है। बेंत के डंडे से उसकी पिटाई करता है। जिसे वह सहन नहीं कर पाने के कारण ससुराल से भाग के घर चली आती है बिना कुछ बताए। अपने ऊपर हुए अत्याचार को भाई-भाभी और भतीजे प्रमोद को बताना चाहती है और पुनः ससुराल नहीं जाना चाहती है कितु सामाजिक नियमों के कारण उसकी इच्छा के विरुद्ध; उसके भाई-भाभी मृणाल को पुनः उसके ससुराल भेज देने में सफल होते हैं। कुछ समय उपरांत मृणाल एक बच्ची को जन्म देती है जो कुछ समय बाद दवा-दारू के अभाव में मर जाती है। संदेह के कारण एक दिन उसका पति उसे त्याग देता है। मृणाल नैहर न जाकर निम्न आबादी में एक कोयले वाले का सहारा पाकर उसके साथ रहने लगती है। प्रमोद उसे खोजता हुआ एक दिन वहाँ पहुँचता है। वह बुआ को घर ले जाना चाहता है। वह जानना चाहता कि यह सब क्यों हुआ। तब मृणाल बताती है कि आज जो मेरा वर्तमान है उसका कारण मैं स्वयं हूँ। वह यह भी जानती है कि कोयला वाले का जब सम्मोहन टूट जाएगा तो वह भी उसे एक दिन छोड़ देगा। किंतु पति द्वारा निकाले जाने के कारण और कोयले वाले का आश्रय पाने के कारण वह उसे छोड़ना नहीं चाहती। अंत में एक दिन कोयले वाला उसकी सारी पूंजी लेकर भाग जाता है। उसके पास देह पर जो कपड़े हैं वही पहने हुए वहाँ से निकल पड़ती है। एक मिशनरी अस्पताल में एक बच्ची को फिर जन्म देती है। भूख एवं पालन-पोषण के अभाव में बच्ची मर जाती है। यह घटना प्रमोद को तब पता चलती है जब वह होने वाली पत्नी को देखने के लिए ससुराल जाता है वहीं मृणाल छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ा रही होती है। ईमानदारी के कारण प्रमोद भावी ससुराल पक्ष को बताता है कि जो बच्चों को पढ़ा रही है, वह उसकी बुआ है। इस प्रकार मृणाल का जीने-खाने का सहारा भी छिन जाता है। वह अथाह जीवन संसार में फिर से बिना सहारे की हो जाती है। इसी क्रम में प्रमोद जज बन जाता है और वह नहीं चाहता है कि उसकी बुआ ऐसे दुर्गंधमय वातावरण में रहे। इसलिए वह उसे अपने घर ले जाने के लिए प्रयास करता है और बताता है कि उस घर का मालिक वह स्वयं है। अब बुआ को कोई दिक्कत नहीं होगी। मृणाल का जो प्रमोद के प्रति स्नेह है, दुलार है, वह अनन्य है। प्रमोद बुआ को अपने घर ले जाने के लिए बार-बार प्रयास करता है; कितु वह नहीं जाती। एक प्रकार से वह हार जाता है। वह प्रमोद को यह सच बताना चाहती है कि, मुझे ले जाने के बजाए प्रमोद यहाँ की स्त्रियों के लिए कुछ सहायता करे। बुआ के उपचार के लिए एक वकील मित्र को कुछ पैसे दे जाता है जो उसकी देखभाल करता है। एक दिन उसे पता चलता है कि उसकी बुआ अब इस दुनिया में नहीं है तब प्रमोद को जीवन का मोल समझ में आता है। वह करुणा से भर उठता है। विराट विरक्ति का अनुभव करते हुए अपनी जजी से त्यागपत्र दे देता है। प्रमोद के शब्दों में-"अज्ञात होकर सच्चा बना रह, झूठा बनकर नामवर बनने में क्या रखा है। ओ: वैसी नामवरी निष्फल है, व्यर्थ है, निरी रेत है।"

अब इस कथा के अलोक में पर कुछ तथ्य सामने आते हैं। जैसे त्यागपत्र के दो पात्र हैं प्रमोद और मृणाल। प्रमोद समाज व्यवस्था में बने रहना चाहता है, जबकि मृणाल

समाज व्यवस्था को छोड़ना नहीं चाहती है। सारी पीड़ा, यातना, जुमश, लांछन सबको अपने में समाहित करती हुई अकेले जीना चाहती है। वह ऐसा महसूस करती है कि उसके घर जाने से समाज व्यवस्था में दरार पड़ जाएगी। इसलिए वह अकेला रहना पसंद करती है प्रमोद के साथ नहीं जाती है। दूसरी ओर ऐसा जान पड़ता है कि कथाकार जैनेंद्र का समाज व्यवस्था में उतना विश्वास नहीं है जितना व्यक्ति में। मृणाल कहती है-"मैं समाज को तोड़ना खोना नहीं चाहती हूँ। समाज टूटा कि फिर हम किसके भीतर बनेंगे? या कि किसके भीतर बिगड़ेंगे? इसलिए मैं इतना ही कर सकती हूँ कि समाज से अलग होकर उसकी मंगलाकांक्षा में खुद ही टूटती रहूँ। मृणाल जिस मार्ग पर की ओर आगे बढ़ती है उस मार्ग पर प्रमोद को चलने से रोकती भी है-"जो समाज में हैं, समाज की प्रतिष्ठा कायम रखने का जिम्मा भी उन पर है। उनका कर्तव्य है कि जो उसके उच्छिष्ट है, या उच्छिष्ट बनना पसंद करते हैं, उन्हीं को जीवन के साथ नए प्रयोग करने की छूट हो सकती है। प्रमोद, यह बात तो ठीक है किस सत्य को सदा नए प्रयोगों की अपेक्षा है; लेकिन उन प्रयोगों में उन्हीं को पड़ना और डालना चाहिए, जिनकी जान की अधिक समाज-दर नहीं रह गई है।

मृणाल में जब दर्द गहराता है, तो वेदना का भार गझिन होता जाता है। वह सब कुछ जानते हुए भी समाज को बिगाड़ना नहीं चाहती है। वैसे ही बने रहने देना चाहती है। जो व्यवस्थित सामाजिक व्यवस्था है उसमें कोई तोड़-फोड़ उसे मंजूर नहीं। प्राकारांतर से वह अपने आपको भी संतुष्ट करती चलती है लेकिन सवाल यह है कि इस प्रकृति के लिए सिर्फ वही जिम्मेदार है? जबकि उसे सिखाया गया कि पति ही परमेश्वर है। संपूर्णता में जीना चाहती है न कि खंडित होकर। वह पति से मानसिक और शारीरिक यातना पाने के कारण उसका घर छोड़ देती है। जब वह उसे देखना ही नहीं चाहता तो वह काँटा के रूप में गड़ना नहीं चाहती। इसलिए निर्णय करके वह पति का घर छोड़ना चाहती है। ''मैं स्त्री-धर्म को पतिव्रत धर्म ही मानती हूँ। उसका स्व... धर्म मैं नहीं मानती हूं। क्यों पतिव्रता को यह चा... कि पति उसे नहीं चाहता, तब भी वह अपना भार ... पर डाले रहे? मुझे देखना भी नहीं चाहते, यह जान... मैं उनकी आँखों के आगे से ही जाना स्वीकार ... लिया।"

यहाँ यह देखा जाए कि यह कपोल कल्पना है ... व्यावहारिक यथार्थ है। डाल से टूटी नहीं कि उस... अस्तित्व ही समाप्त। किस घाट लगेगी वह स्वयं न... जानती। पता नहीं किस आधुनिकता में आकर मृ... अपने पूर्वप्रेम-संबंधों को पति के सामने उजागर ... देती है; जिसका परिणाम है कि उसका जीवन न... बन जाता है। वह चाहती तो उसे छुपा कर सुख ... से जीवन जी सकती थी लेकिन मृणाल ऐसा नहीं ... पाती है। कारण उसकी आत्म चेतना उसे सब कु... साफ-साफ बता देने में ही संतुष्ट होती है। दूसरी त... प्रमोद से मृणाल कहती है-विश्वास रखो मैं वेश्याव... नहीं करने लगूँगी। क्योंकि-''... जिसको तन दि... उससे पैसा कैसे लिया जा सकता है; यह मेरी सम... में नहीं आता। तन देने की जरूरत मैं समझ सक... हूं। तन दे सकूँगी, शायद वह अनिवार्य हो। पर ले... कैसे? दान स्त्री का धर्म है। नहीं तो उसका और क... धर्म है? उससे मन माँगा जाएगा, तन भी मांगा जाए... सती का आदर्श और क्या?" मृणाल के इस कथ... में नवद्रोही स्वर सुनाई पड़ता है। इस प्रकार प्राकारां... से वह समाज से बदला ले रही है लेकिन समाज ... दंडित करने में असमर्थ है। इसलिए स्वयं को दंडि... कर रही है। उसके सामने कई ऐसे अवसर आए ज... से वह उपर उठ सकती थी, ट्यूशन पढ़ा सकती ... ईसाइ बन सकती थी, लेकिन वह ऐसा नहीं करती।

नवद्रोह के कोणों पर डॉ कवि मनमोहन सहगल ... मानना है कि-''मृणाल सामाजिक विद्रोह की सजी... आकृति है। उसके पीछे कारण चाहे उद्दाम...उत्तेजना र... हो, अथवा विकृत अहं। उसकी व्यक्ति चेतना इत... प्रखर है कि एक ओर जहाँ वह सामाजिक रूढ़ियों ...

विरुद्ध शंखनाद करती है, वहीं दूसरी ओर कदाचित नारी-सुलभ भावुकता के प्रवाह में बह जाती है। इन दोनों दशाओं का संगम मन है तर्कवाद है।''

प्रमोद मृणाल के समूचे दर्द का अंतरंग और अभिन्न गवाह है-"मृणाल के जीवन में आहत अहम, यौनाकर्षण तथा नवद्रोह के साथ-साथ बूँद बूँद दर्द इकट्ठा होकर उसके भीतर भरता गया है। दर्द के इस निरंतर प्रवाहमान स्रोतस्विनी का एक गंभीर कारण मृणाल का अनमेल विवाह भी था।" मृणाल की समझ यही है कि पति का घर स्वर्ग होता है और वह उसके लिए नहीं है, इसीलए अभागिनी है। यही कसक उसे कटु और पराई बना देता है।

कई स्तरों पर उसके जीवन संपर्क में आए हुए क्षण दुख के अलावा सुख की अनुभूति नहीं करा पाते। उसके लिए वह सारे के सारे सपने; सपने ही रह जाते हैं, उसका कोमल मन हर बार टूटता जहाँ वह जीना चाहती है। चाहे वह शीला के भाई का साथ हो या भैया-भाभी का घर हो, या उसके पति का घर ही क्यों ना हो। धीरे-धीरे उसका दर्द- उसके सीने में धध कते हुए अंगारे की तरह जलता रहता है, किंतु वह उसे व्यक्त नहीं कर पाती। क्रमशः उसे अपनी पराजय से स्नेह हो जाता है और वह उससे उबरने की बजाय पीड़ा की गहरे दलदल में धंसती चली जाती है। यह बहुत ही भौतिक सत्य है कि आत्मपीड़ा की कुंठा से पीडित व्यक्ति दूसरों को पीड़ित करके ही संतोष पाता है, जिसे मृणाल अपने जीवन में लागू भी करती है।

त्यागपत्र का पुरुष पात्र प्रमोद है जिसके संदर्भ में मनमोहन सहगल ने 'उपन्यासकार जैनेंद्र मूल्यांकन' और मूल्यांकन पुस्तक में निम्न प्रकार से हवाला देते हुए लिखा हैं-''प्रमोद को एक स्नेहशील भावुक के रूप में प्रस्तुत किया गया है। डॉ नगेंद्र ने उसे नायिका (मृणाल) के बढ़ते हुए दर्द का ताप-मापक कह कर पुकारा है- वह मृणाल का स्नेह-भाजन है, कभी उसका विश्वासपात्र; कभी उसके दर्द-भरे घावों को सहलाता है, तो कभी दर्द-ए-दिल की दास्तान का श्रोता बना दिख पडता है।" प्रमोद का सारा व्यक्त्वि मृणाल से जुड़ा हुआ है। निजी उसका अपना कुछ नहीं है और यदि है भी तो मृणाल के दुख से दुखी होना और घटनाओं के संपर्क में आने से स्वयं उपेक्षित हो जाना। प्रमोद अपनी बुआ के दुख को देखकर आक्रामक हो जाता है। जैसे शुरू में अपने फूफा से लड़ने के लिए तैयार हो जाता है। जज के पद पर से त्यागपत्र देकर संतों जैसा जीवन यापन करने के लिए विवश हो जाता है। ''सच्चाई तो छोटा बनाने में है बलि बनने में है। बहुत-कुछ देखा है, बहुत कुछ पढ़ा है; लेकिन वह सब झूठ है। सच इतना ही है कि प्रेम के भार से भारी रहकर जो जीवन के मूल में बैठा है, धन्य है। जो गर्व में फूला उस जीवन की फुनिगयों पर चहक रहा है, वह भूला है।''

मृणाल और प्रमोद के संदर्भ में देवराज उपाध्याय लिखते हैं कि- त्यागपत्र' दो विपरीत विचारधाराओं का सजीव चित्र है। प्रमोद सभ्यता, संस्कृति की बनी-बनाई दुनिया की व्यवस्था में विश्वास करने वाला व्यक्ति है। जीवन की ओर देखने के लिए और उसके मूल्यांकन के लिए उसके पास एक मापदंड है जिसके सहारे वह हरेक चीज की कीमत पहचानता है। उसके जीवन में स्थिरता है, उसके संसार में सारे आदर्श स्थिर हैं। मृणाल उन सब बातों में भिन्न है। उसका निर्माण लेखक ने दूसरे प्रकार के उपकरणों से किया है। उसके सोचने-विचारने का ढंग, प्रमोद से भिन्न है। उसे दूसरे के बताए मार्ग पर रंगीन चश्मा लगाकर संसार को रंगीन देख लेने भर से संतोष नहीं। वह स्वयं अपना पथ निर्माण करेगी, उसे अपने ही आँखों से देखेगी और उसे अपने ही पैरों चलकर, वैसाखी लगाकर नहीं, तय करेगी। मानवता का मौलिक आधार उसका एक मात्र संबल रहेगा। उसे आँखें खोलकर देखने से बढ़कर आँखें मीचकर देखना अधिक पसंद है। वह बीसवीं सदी की एक जागृत महिला है।''

इस प्रकार प्रमोद में एक नई चेतना जन्म लेती है जिसमें वह सचेत होकर मानव जीवन की व्याख्या पर उतर आता है- ''पूछता हूँ, मानव के जीवन की गति क्या अंधी है? वह प्रतिरोध्य है पर अंधी है यह तो मैं नहीं मानूँगा। मानव चलता जाता है और बूँद-बूँद दर्द इकट्ठा होकर उसके भीतर भरता जाता है। वही सार है। वही जमा हुआ दर्द मानव की मानस-मणि है, उसके प्रकाश में मानव का गतिपथ उज्ज्वल होगा नहीं तो चारों ओर गहन वन है ओर मार्ग सूझता नहीं है, और मानव अपनी क्षुधा-तृष्णा, राग-द्वेष, मन-मोह में भटकता फिरता है। यहाँ जाता है, वहाँ जाता है; पर असल में वह कहीं भी नहीं जाता। एक ही जगह पर अपने ही जुए में बँधा कोल्हू के बैल की तरह चक्कर मारता रहता है।"

इस दर्द की चेतना प्रमोद को मानव मानसमणि को पाने की प्रेरणा देती है। मानव जीवन की इस संधि बेला रूपी चेतना में सार रूप में तथ्य प्राप्त होता है। इस तथ्य को पाकर प्रमोद अपने जीवन का सार समझता है। वह मानता है कि-''मैं कुछ चाहता हूँ तो वह यह है कि भीतर का दर्द मेरा इष्ट हो। धन न चाहूँ, मन चाहूँ धन मैल है। मन का दर्द अमृत है। सत्य का निवास और कहीं नहीं है। उस दर्द की साभार स्वीकृति में से ज्ञान की और सत्य की ज्योति प्रकट होगी। अन्यथा सब ज्ञान ढकोसला है और सब सत्य की पुकार अहंकार है।'' प्रमोद मानता है कि जो कुछ भी मानव के साथ घटित हो रहा है उसके लिए किसी को दोष नहीं दिया जा सकता। यहाँ तक कि ईश्वर को भी नहीं और उसके लिए वह धन्यवाद भी नहीं दे सकता। जो ज्ञान उसे प्राप्त हो रहा है वह उसे स्वयं अमृत समझकर अपना लेता है और दार्शनिक स्तर पर पहुँचकर वह कहता है कि उसके लिए विधाता को भी दोष नहीं दिया जा सकता क्योंकि जो हमारा दुख है, अंततः वह विधाता का ही दुख है। धर्मवीर भारती ने 'अंधायुग' में लिखा है-जब गांधारी कृष्ण को भला बुरा कहती है, शाप देती है और कहती है कि तुमने एक-एक करके मेरे पु को मारा है, तुम्हारा विनाश हो, तब कृष्ण कहते माते! जितनी बार, जिस तरीके से तुम्हारें पुत्रों मृत्यु हुई है उतनी बार मैं ही मरा हूँ। उनके शरीर जो रक्त, पीप, माँस-मज्जा, निकला है, वह मेरे शरीर से निकला है। इस प्रकार प्रमोद दुख की चेत से आप्लावित हो कह उठता है- ''पर जो जगत कठोरता का बोझ स्वेच्छापूर्वक अपने ऊपर उठाक चुपचाप चले चलते हैं और फिर समय आने पर इ धरती माता से लगकर उसी भाँति चुपचाप सो जा हैं- मैं उनको प्रणाम करता हूँ। मैं उनको अभागा क लूँगा, पापी भी कह लूँगा-लेकिन मैं उनको प्रणाम करता हूँ।"

अपनी बुआ के प्रति प्रमोद में जो स्नेह है, वह बहु गहरे स्तर पर है, जिसे वह पहचानता भी है। जब प्रमो छोटा था, उसकी बुआ की शादी हो गई थी। उसके फूफा जब बुआ को घर ले जाना चाहते थे उसकी बुआ जाना नहीं चाहती थी। वह दुखी नहीं होता था, बल्कि उनसे लड़ने के लिए तैयार रहता था। बुआ के लिए उसका मन कसकता रहता था। ससुराल उसकी बुआ भी नहीं जाना चाहती थी; और प्रमोद भी नहीं चाहता था कि उसकी बुआ अपने घर जाए। बचपन का उसका क्षोभ-गुस्सा निम्न प्रकार से देखा जा सकता है-

''सहसा फूफा मेरी ओर मुखातिब हुए। कहा-''कहिए जनाब, आप का इस्मशरीफ? ओ! याद आया, प्रमोद।"

प्रमोद नाम है तो है। इससे किसी को क्यों कुछ मतलब है?

और मैं कुछ नहीं बोला।

"किस दर्जे में पढ़ते हैं?"

"इस छः माही इम्तहान में फेल हो गया हूँ।"

"फेल हो गए हो! यह खबर तो बुरी है। किस जमात में?"

मैं चुप रहा। क्यों बोलूँ? नहीं बोलता।

"घबराओ नहीं, किस जमात में पढ़ते हो?"

"मैं फेल होने से नहीं डरता-।"

इस संवाद को ध्यान से देखने पर ज्ञात होता है कि प्रमोद के अंदर अपने फूफा के प्रति आक्रोश भरा हुआ है, किंतु वह विवश है। कुछ कर नहीं पाता है दुखी मन लेकर रह जाता है। वह जानता है कि समाज को दबाया जा सकता है किंतु बदला नहीं जा सकता। हाँ कोई दैवी शक्ति ही बदल सकती है तो बदले। मन की पीड़ा प्रमोद में बहुत है। वह मृणाल के दुःख को देखता है; किंतु उसे दूर नहीं कर सकता, उबार नहीं सकता। मन मसोसकर रह जाता है-

''पर क्यों? क्यों बुआ की माँग मुझसे पूरी न हुई? उन्होंने इतना प्रेम किया, इतना विश्वास किया, और एक सवाल मुझसे किया, तब उसके जवाब में अपना धन मुझसे क्यों नहीं बहा डाला गया? क्यों मेरी मुट्ठी भींच गई? यह भी हुआ, तो फिर क्यों उसके बाद मेरी आत्मा ताप से संतप्त नहीं रही? क्यों?... मैं छुद्र था। क्यों अदालत में आँख गाड़कर खुद भूलने में लगा रहा? क्यों मन में मानता रहा हूँ कि ठीक हूँ? क्यों कर्तव्य को दबाता रहा और क्यों; और कर्तव्य करता रहा? उत्तर है कि मैं बुद्धिमान था, सरल नहीं था, तौल-तौल कर चला और तराजू अपने हाथों में रखी। मैल...कि मेरी आत्मा की ज्योति को ढक रहा है ...। ...उस बात को सत्रह से कुछ ऊपर ही वर्ष हो गए आज महाश्चर्य और महासंताप का विषय मेरे लिए है ...

17 वर्ष मैं बुआ को बिना देखे काट गया। जिन्होंने मुझे प्रेम ही किया। जिनकी याद मेरे भीतर अब अंगार-सी जलती है। जिनका जीवन कुछ हो, उपर उठती लौ की भाँति जलता रहा। धुंआ उठा तो उठा, पर लौ प्रकाशित रही। उन्हीं बुआ को एक तरफ डालकर, किस भांति अपनी प्रतारणा करता रह गया।''

प्रमोद एक शून्य गह्वर की तलाश में चला जाता है, जहाँ उसे जीवन की तलाश करनी है। उसे मात्र भावुकता कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। इन्हीं न विचार-बिंदुओं को अपने जीवन का इष्ट समझता है। यही उसकी आत्म पीड़ा है। अंततः आत्ममंथन करके जज के पद से इस्तीफा दे देता है। पात्रों के नियोजन में कथाकार की अहम भूमिका होती है। उसे किस हद तक ले जाकर छोड़ देना है, एक दार्शनिक ऊँचाई पर यह जैनेंद्र से सीखा जा सकता है। जैनेंद्र के पात्र समाज की बिल्कुल परवाह न करके व्यक्ति को महत्व देते हैं। जैसा कि ज्ञात भी है कि आज आधुनिक युग में व्यक्ति से समाज है, समाज से व्यक्ति नहीं। उपन्यासकार जैनेंद्र के संदर्भ में डॉ. मनमोहन सहगल लिखते हैं कि-''जैनेंद्र का चिंतक रूप त्याग-पत्र में पर्याप्त निखरा है; संभवतः यही कारण है कि जितनी लोकप्रियता त्यागपत्र को मिली, उतनी अन्य उपन्यासों को नहीं मिल सकी। विश्व की जितनी विभिन्न भाषाओं में त्याग-पत्र का अनुवाद हुआ, जैनेंद्र का अन्य कोई उपन्यास इतनी ख्याति-लाभ नहीं कर पाया। चिंतन-पक्ष में यह उपन्यास जैनेंद्र के आत्मव्यथा-दर्शन को लेकर चला है। जैन मतानुसार निज को वर्तमान में पीड़ा पहुँचा कर भावी सुखोपलब्धि का विधान है। जैनेंद्र कुमार जैन मतावलंबी हैं, इसलिए बहुत संभव है कि अपनी रचना में उन्होंने वही दर्शन प्रचारित करने का निश्चय किया हो। 'परख', 'कल्याणी' आदि उपन्यासों में भी इसी प्रकार के जीवन-दर्शन का रंग दीख पड़ता है।" इसीलिए मृणाल को यह अनुभव होता है कि पीड़ा को पाने के लिए जीवन की गहराई में उतरना अनिवार्य है जिसमें वह तैरना चाहती है। जहाँ पर पैर टिक नहीं सकते लेकिन डूबने का भी खतरा बहुत है। इस भाव को अंगीकार कर मृणाल पूर्ण मनोभाव से बिना शिकायत किए स्वेच्छा से वरण कर जाती है; यह जानते हुए कि इस गहराई में उतरने पर डूबना निश्चित है। अज्ञेय जब यह कहते हैं की पनडुब्बा ही मोती लाएगा, तो यह बात समझ में आती है कि जो पानी की गहराइयों में उतरेगा वह मोती भी ला सकता है और जीवन भी खो सकता है ये खतरे बने रहते हैं।

मृणाल इस दिशा में आगे बढ़ती है और प्रमोद भी। प्रमोद को ऐसी कोई अनुभूति होती है कि जो ज्ञान शास्त्र से नहीं प्राप्त होता है वह आत्म व्यथा से मिल जाता है। जैनेंद्र प्रमोद के माध्यम से अध्यात्म की बात करते हैं। इस तरह का दर्शन कबीर के यहाँ भी है। 'तू कहता कागद की लेखी मैं कहता आँखन की देखी।' यह सच है कि घटनाएँ मनुष्य जीवन को बदलती है सीख भी देती हैं जिसे हम अनुभव कहते हैं। जिसके जीवन में उतार चढ़ाव ही न हो वह जीवन की गति क्या जान सकता है। यह बात बहुत ही आश्चर्यजनक मालूम होती है कि मृणाल को जब पता है कि शीला का भाई सिविल सर्जन हो गया है और उसने शादी नहीं की है; जब अपने पति का घर छोड़ती है तो शीला के भाई के साथ आराम से रह सकती थी। उसे किसने रोका था? वह किस समाज की बात कर रही है। शादी करती या बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती है, उसके पास दलदल में धँसने के बजाय उबरने के बहुत सारे उपाय थे। वह सुखमय जीवन जी सकती थी, फिर भी वह अपने जीवन को जीते जी नर्क में धकेलने के अलावा कुछ नहीं कर पाई। जैनेंद्र आस तरह के पात्र को गढ़कर जिस भी जीवन दर्शन को समाज में प्रचारित करना चाहते हों, व्यवहारिक जीवन में वह ठीक नहीं। यदि बलिदान समाज को बनाने के लिए है तो समाज कहीं बनता तो नहीं दिखाई दे रहा है। वह कुर्बानी किस काम की जो व्यर्थ जाए! व्यावहारिक जीवन में समाज में ऐसे छुटपुट कुछ उदाहरण देखे जा सकते हैं, किंतु व्यापक स्तर पर नगण्य हैं। मृणाल जैसी समस्या बहुत खोजने पर एकाध मिल भी जाए! तो क्या इस तरह का चरित्र समाज के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है? क्या समाज के लिए ऐसे चरित्र आदर्श बन सकते हैं? त्यागपत्र के पात्र अपनी दुनिया में कुछ सार्थक तत्व जरूर लेकर आते हैं। उनके बातचीत में जो जीवन दर्शन है, पाठक उससे जरूर कुछ सीखता है, लेकिन पात्रों का जो जीवन है; ऐसा कोई भी नहीं जीना चाहता और न ही चाहेगा। मृणाल प्रमोद से कहती है कि मुझे अकेला क्यों बचाना चाहता है? तेरे यदि धन है पैसा है तो लगा दे इन निम्न वर्ग के लो के लिए। इनका जीवन सुधर जाएगा। मुझे अकेले जाकर क्या करेगा? मुझे जैसे अकेले न जाने यहां कितने लोग हैं जो इस जिंदगी की जलालत और बस्तियों में जीवन जीते हैं मुझे इससे बेहतर जी देकर भी कोई लाभ नहीं; मैं इन लोगों को छोड़ कहीं नहीं जाने वाली।

बुआ ने अविचलित भाव से मुस्कराकर कहा- "मैं क मना करती हूं। तू जरुर ले चलेगा।''

''जरुर ले चलूंगा।''

''सुन। जरूर ही ले चलेगा?''

''हां, हां, कह तो रहा हूं, जरूर -जरूर ले चलूंगा।''

बुआ ने कहा - ''तू यह बता, तेरे पास बहुत रुप है? कितना रुपया है?''

मैंने कहा... ''रुपया!''

बोली- ''जितना दे सके मुझे दे जा फिर तो मैं तेरे गइ बराबर हूं। कि नहीं। अब बोल-''

मैं आश्चर्य से उनकी ओर देखता रहा। कहने लिए कहा - "रुपए का क्या करोगी?" बोली-''क्या करूंगी, वह तो अभी नहीं जानती हूं पर पहले तो चित्त का भ्रम मिट जाएगा कि मैं तेरी सहायता न चाहती हूँ। फिर रुपया छोडने में तेरा अपना भी भला है। खूब कमा और कमाकर सब इस गड्ढे में ला पटक कर! सुना कि नहीं? रुपये के जोर से यह नर्ककुण्ड स्वर्ग बन सकता है? ऐसा तो मैं नहीं जानती। फिर भी रुपया कुछ-न-कुछ काम आ सकता है।"

इस प्रकार मृणाल प्रमोद के घर नहीं जाती है। वह लोक कल्याण की भावना से भरी हुई है इसलिए छोड़कर जाना नहीं चाहती; जिस मोहल्ले में रहती है उन लोगों से सहानुभूति हो गई है। उनकी समस्या को समझते हुए प्रमोद से इस तरह का प्रस्ताव कर बैठती है। पूरा करने के बजाए प्रमोद हाथ पीछे खीच लेता है। मृणाल इस

भाव को गंभीरता से महसूस करती है। प्रायः देखा गया है कि धनाभाव के कारण समाज का ऐसा वर्ग भी है जो अपराध करता है, उसमें लीन रहता है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ यही एक वर्ग, बड़े वर्गों में जो सामाजिक, नैतिक अपराध होते हैं वे दूसरी तरह के होते हैं। वहा मजबूरी नहीं होती है किंतु नीचले तबके में अर्थ एक मजबूरी के रूप में सामने अता है। इस अनुभूति के चलते मृणाल प्रमोद से पैसा मांगती है अपने लिए नहीं उस अर्थ हीन समाज के लिए जिनका कुछ कल्याण हो सके। मृणाल कहती है- ''जिन लोगों के बीच बसी हूं वह समाज की जूठन हैं और कौन जानता है कि वे जूठन होने योग्य भी नहीं हैं। लेकिन आखिर तो इंसान हैं। ...उनकी बुझती और जागती इंसानियत के भरोसे ही रहना चाहती हूँ। दर-दर भटकी हूँ और मैंने सीखा है कि दुर्जन लोगों की सद्भावना के सिवाय मेरी कुछ और पूंजी नहीं हो सकती।... जिन्हें दुर्जन कहा जाता है, कई तह पार कर वह तह भी रहती है कि उसको छू सको, तो दूध से श्वेत सद्भावना का सोता फूट निकलता है।... सबके अभ्यंतर में परमात्मा है और वह सर्वन्तर्यामी है, इससे टूटकर उखडना नहीं चाहती।''

विभिन्न कोणों से देखने पर 'त्यागपत्र' उपन्यास में अनेक आयाम मिलते हैं, जैसे इस उपन्यास को आध्यात्मिक एवं दार्शनिक रूप प्राप्त हुआ है। त्यागपत्र को दुखांत उपन्यासों की श्रेणी में श्रेष्ठतम स्थान प्राप्त है। डॉ. देवराज उपाध्याय के वक्तव्य में इस बात की पुष्टि मिल जाती है- ''त्यागपत्र एक ट्रेजेडी है-वज्र हृदय को भी हिला देने वाली ट्रेजेडी। मृणाल की नियति की कुटिलता को जरा देखिए। ट्रेजेडी उसके अनाथ होने में नहीं, उसके जीवन में रोटियों के लाले पडने में नहीं, उसके तिल-तिल कर मरने में नहीं, बल्कि पति के प्रति समर्पित होकर जीवन व्यतीत करने के कारण पति की उपेक्षिता हो नारकीय जीवन को स्वीकार कर लेने पर बाध्य होने में है। परिस्थितयों के नीचे दबकर कब्र में चले जाना तो कुछ नहीं; पर परिस्थितयों के चक्कर में पड़कर, एक सती-साध्वी स्त्री का अपवित्र...जीवन की भयंकर यंत्रणा को स्वीकृत करने के लिए बाध्य होना... यह आत्मा की ट्रेजडी। टॉमस हार्डी के उपन्यासों का एक प्रसिद्ध आलोचक ''**टेस**'' के बारे में कहता है, "To be cursed to death by lead of grief is nothing- for „ pure woman' to be cursed into impurity& then is a soul's tragedy that has no equal in horror." ... सचमुच त्यागपत्र मानव-आत्मा की एक बहुत बडी ट्रेजडी है।''

> यह संभव है कि हम सबके पास बराबर प्रतिभा न हो लेकिन अपनी प्रतिभा को विकसित करने का हम सभी के पास बराबर मौका होता है।
>
> – डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

# असमंजस में काल



**नीतिश**
बी.ए. (प्रोग्राम) तृतीय वर्ष

वर्तमान में प्रत्येक व्यक्ति के पास वह हर चीज है, जिससे उसकी छोटी से छोटी जरुरतें पूरी होती हों, परन्तु सम्पति भी उसकी लालसा को उसके स्वार्थ को कम नहीं कर सकती। मनुष्य न जाने किस तरह के परिवर्तन और किस तरह के बदलाव और चाहता है!

आज का मानव तकनीकी मानव या यों कह लीजिए कि इंटरनेट और प्रौद्योगिकीय मानव है। उसकी स्थिति उस आदिमानव से भिन्न है जिसके पास अपनी रोजमर्रा के जीवन से जुड़ी ज़रुरतें पूरी करने के सिवाय कोई और कार्य नहीं होता था। दूसरी तरफ आज का मानव जो जरुरतों के साथ-साथ शौक भी रखता है, और जिसे पूरा करने में सक्षम भी है। परंतु कहीं न कहीं मनुष्य आज भंवरा है, अपूर्ण है। जिंदगी की इस कश्मकश में किसी मेले में सयाने बच्चे की भाँति खो गया है। किसी ने ठीक ही कहा है कि रुपया, पैसा, शोहरत कमाने आसान है, संतुष्टि भरे जीवन से।

आज भारी-भरकम सुविधाओं और आवश्यकताओं का बोझ उठाते हुए व्यक्ति न जाने कितना दबता जा रहा है, कितने रिश्ते-नाते भूलता जा रहा है।

सबसे बड़ी चीज़ है, खुशियाँ, उन खुशियों को कुचलता जा रहा है अपनी भी, अपनों की भी! जीवन काटना उसने शुरु किया, बजाय के जीने के!

है इतने सुख यहाँ
है इतने दुख यहाँ
है इतनी बड़ी शोहरत
है इतना सूकून
फिर क्यूं है असमंजस में काल
असमंजस में काल।
अथकप्रयास है
कुआँ प्यासे के पास है
चिंतनशीलता है
समय की बहुलता
तो क्या है कारण रोने का तेरे पास।
है पग-पग रोशनी
है उजाले की ज्वाल
फिर क्यूँ है, असमंजस में काल
असमंजस में काल।
जाता है तीर्थ पर, जाता है धाम
करता है अर्चना, ईश्वर से आप
भूलता है भूलें, भूलता है काम,
क्यूँ लौट आता वापस
बेनाम होके समय के हवाल
फिर क्यूँ असमंजस में काल
असमंजस में काल।।

# रिचर्ड अटनबरो की फिल्म 'गाँधी'-इतिहास की कसौटी पर



**डॉ. कुसुम लता चड्डा**
सहायक प्रोफेसर
राजनीति शास्त्र विभाग

किसी ऐतिहासिक व्यक्तित्व पर फिल्म बनाना किसी भी फिल्म निर्माता के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। गाँधी के व्यक्तिव और कृतित्व पर फिल्म बनाना और भी कठिन था। क्योंकि उन्हें भारत में 'राष्ट्रपिता' का दर्जा मिला हुआ है। शायद यही कारण था कि फिल्म निर्माता इस विषय पर करीब बीस सालों से काम कर रहे थे। ताकि कहीं कोई चूक न हो जाए। अंतत: जब फिल्म 1984 में रिलीज हुई तो इसे न केवल भारत में सराहा गया बल्कि कला के उत्कृष्ट नमूने के रूप में इसे 9 ऑस्कर पुरस्कारों से भी नवाजा गया। मुझे याद है कि छात्रों के समूह के साथ उन दिनों हम अमृतसर से दिल्ली संसद की कार्यवाही देखने आए थे और जब हम फिल्म देखने गए तो हमने देखा कि वहाँ बहुत से दर्शक मजदूर और किसान वर्ग के थे जो बड़े भावुक मन से फिल्म देखने आए थे। वे गाँधी के भाषणों पर खुल कर ताली बजा रहे थे। हॉल देश-प्रेम की भावना से ओत-प्रोत था। हमारे विद्यार्थी भी अभिभूत दिखे। हॉल से बाहर निकलते हुए सभी चुप थे मानो अपने अनुभव को अक्षुण्ण रखना चाहते हों। गाँधी की भूमिका करने वाले भारतीय मूल के कलाकार बेन किंग्सले जिनका असली नाम कृष्ण भाणजी है ने भी इसी प्रकार के अनुभव की चर्चा की है। शूटिंग के दौरान जब वे पहली बार एक्स्ट्रा कलाकारों के एक बड़े जनसमूह के सामने गाँधी के रूप में आये तो भीड़ स्वत: उनके सम्मान में खड़ी हो गई! बेन किंग्सले भी दृश्य से प्रभावित हुए बिना न रह सके। उन्हें समझ आ गया कि उनके ऊपर कितनी बड़ी जिम्मेदारी है! इस एहसास ने उन्हें विनम्रता के भाव से भर दिया।

रिचर्ड एटनबरो की फिल्म 'गाँधी', अब तक गाँधी पर बनी सभी फिल्मों से ज्यादा लोकप्रिय रही। इसे भारत में अक्सर राष्ट्रीय पर्वों पर टेलीविजन पर कई बार दिखाया जा चुका है। चिंता की बात यह है कि नई पीढ़ी 'गाँधी' फिल्म को एक ऐतिहासिक सत्य के रूप में देखती है। यह सही नहीं है। 2012 में अहमदाबाद के एक शोधकर्ता विक्रम और एक अमेरिकन गाँधीवादी मार्क लिंडले ने यह बीड़ा उठाया कि वे जनता को यह बताएँगे कि निर्देशक ने कहाँ कहाँ कला के मूल्यों को ऐतिहासिक तथ्यों से अधिक महत्त्व दिया है। उन्होंने इस प्रयास में मुझे भी सम्मिलित किया। इस विषय में एक विस्तृत शोधपत्र अब तक छप चुका है पर आम लोगों तक इस लेख की पहुँच नहीं रही है।

'गाँधी' फिल्म में आरम्भ में ही यह 'खंडन' सम्बन्धी वाक्य (disclaimer) डाला गया है-- 'यह फिल्म पूरी तरह सच पर आधारित होने का दावा नहीं करती पर यथासंभव सच के करीब रहने की कोशिश जरूर करेगी'। एक फिल्म की अपनी सीमाएँ हैं। फिल्मकार को सौन्दर्यबोध के साथ साथ मनोरंजन का भी ध्यान रखना पड़ता है। इन दोनों का ध्यान रखते हुए यदि इतिहास के साथ समझौता करता पड़े तो यह बड़ी बात नहीं। इस लेख में ऐसे ही कुछ दृश्यों की चर्चा है।

फिल्म के आरंभ में गाँधी के इक्कीस वर्षो बाद दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटने के दृश्य को दिखलाया गया है। इस दृश्य को फिल्म की पूर्व-भूमिका' (curtain raiser) के रूप में प्रस्तुत किया गया है जहाँ दर्शकों का परिचय मुख्य चरित्रों से करवाया जाता है। दो ब्रिटिश कर्मचारियों की गाँधी की वेशभूषा पर टिप्पण ी काल्पनिक है और केवल यह स्थापित करने के लिए है कि गाँधी के विषय में आम अंग्रेजों की सोच क्या थी। अगले दृश्य में गाँधी के भारत आगमन पर

स्वागत के लिए आये नेहरू और सरदार पटेल को दिखाया गया है जो इतिहास की दृष्टि से सही नहीं है। गाँधी भारत जनवरी 1915 में आये थे और नेहरू से उनकी पहली मुलाकात 1916 में हुई थी और पटेल से और भी बाद, शायद बारडोली सत्याग्रह के दौरान। गाँधी के आवभगत की पृष्ठभूमि में कांग्रेस पार्टी का बैनर दिखाई देता है जिस पर अंग्रेजी में लिखा है कि (The Congress Party Welcomes Gandhi)' यह बैनर एक काल-दोषयुक्त भूल है क्योंकि उस समय कोई कांग्रेस पार्टी' नहीं थी। उस समय 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस'थी न कि 'कांग्रेस पार्टी' और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भी गाँधी का स्वागत नहीं किया था। इस दृश्य से एक और कथन का विकास होता है कि भारत में उस समय पार्टी या दलों का अस्तित्व था और यह लोकतन्त्र के होने को दर्शाता है जो कि बिलकुल गलत है।

इसी प्रकार गुर्जर समाज के द्वारा गाँधी के सम्मान में आयोजित भोज में मोतीलाल नेहरू द्वारा जवाहरलाल नेहरू का नेता के रूप में परिचय करवाना भी ऐतिहासिक रूप से सही नहीं है, क्योंकि नेहरू तब तक इतने मशहूर नहीं थे। इसी दृश्य के दूसरे भाग में जवाहरलाल नेहरू गाँधी का परिचय मोहम्मद अली जिन्नाह से करवाते हैं और कहते हैं कि, "मैं आपको जिन्नाह से मिलवाना चाहता हूँ जो कि हमारे सह-मेजबान हैं, जो कि कांग्रेस के सदस्य हैं और मुस्लिम लीग के नेता हैं।" दृश्य का यह भाग भी पूरी तरह अनैतिहासिक है, क्योंकि जिन्नाह गाँधी से जवाहरलाल नेहरू की वजह से नहीं मिले और न ही गुर्जर सभा के समारोह का आयोजन नेहरू परिवार ने किया था।

इस दृश्य में पहली बार जिन्नाह को दिखाया गया है। पहले ही दृश्य से जिन्नाह के चरित्र से छेड़-छाड़ की गयी है। जिन्नाह का चरित्र निभाने वाले एलेक पदमसी से मार्क लिंडले ने दिसम्बर 2005 में एक साक्षात्कार किया था जिसमें इस फिल्म के संदर्भ में पूछने पर उन्होंने बताया था कि फिल्म के निर्देशक ने एलेक पदमसी को यह निर्देश दिया था कि जिन्नाह का अभिनय क[illegible] समय कठोर एवं रूखा व्यक्तित्व दर्शाए। दृश्य में जिन्[illegible] द्वारा गाँधी को उनके 'होमरूल' आंदोलन में शामि[illegible] होने का आमंत्रण दिया जाता है जो अभिमानी तरीके [illegible] पूछे गए प्रश्न के रूप में है न कि खुशी से दिया ग[illegible] आमन्त्रण। यहीं से गाँधी और जिन्नाह की तुलना द[illegible] करने लगता है। जिन्नाह और गाँधी प्रतिपक्ष में [illegible] नजर आते हैं जो अनैतिहासिक है और एक मिथ्[illegible] इतिहासबोध का निर्माण करता है । इस प्रश्न/आमंत्र[illegible] का गाँधी कुछ जवाब दें उससे पहले ही चार्ल्स एण्ड्[illegible] आकर गाँधी को दूसरी तरफ ले जाते हैं। सच तो यह [illegible] कि जिन्नाह इस मुलाकात से पहले भी गाँधी से मि[illegible] चुके थे। इसलिए एक-दूसरे के प्रति अनजान हो[illegible] ही अनैतिहासिक है। दूसरा यह कि, जनवरी 191[illegible] में जिन्नाह स्वयं होमरूल आंदोलन का सक्रिय हिस्[illegible] नहीं थे तो वे गाँधी को अपने होमरूल आंदोलन [illegible] शामिल होने को कैसे कह सकते थे? इसके अतिरि[illegible] जिन्नाह के हाव-भाव से ऐसा लगता है कि उनक[illegible] गाँधी में कोई विशेष रुचि नहीं है और वे उन[illegible] औपचारिक ढंग से बात कर रहे हैं जो कि पूर्णरूप [illegible] अनैतिहासिक है। इसी समारोह में जिन्नाह ने गाँधी [illegible] दक्षिण अफ्रिका में किये गये सत्याग्रह का बहुत ह[illegible] रोचक और जोरदार शब्दों में वर्णन करते हुए गाँधी [illegible] पक्ष में एक जोशीला अध्यक्षीय वक्तव्य दिया था। अत[illegible] जिन्नाह न सिर्फ गांधी के विषय में पर्याप्त जानकारी रखते थे, बल्कि गाँधी के कार्यों में उनकी रुचि भी थी। यहाँ पर जिन्नाह के चरित्र और गाँधी के साथ उनके संबंधों को नकारात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया है जिससे एक मिथ्या इतिहास-बोध का निर्माण होता है। जिन्नाह को भी एक नीरस और कठोर व्यक्ति के रूप में दिखाया गया है। इससे दर्शकों पर यह प्रभाव पड़ता है कि जिन्नाह का जो व्यक्तित्व 1940 के आसपास था वही 1915 में भी था और वे शुरू से ही कठोर और घमंडी स्वभाव के व्यक्ति थे। इस प्रकार का चित्रण पूर्ण रूप से अनैतिहासिक है। इसी दृश्य में आगे चार्ल्स

एण्डूज आते हैं और गाँधी को कहते हैं कि वे गाँधी को किसी से मिलवाना चाहते हैं। ऐसा कह कर वे गाँधी को दूर ले जाते हैं जहाँ गोपाल कृष्ण गोखले से गाँधी को मिलवाया जाता है। दृश्य के इस हिस्से से एक सामान्य इतिहास-बोध यह बनता है कि राष्ट्रीय आंदोलन के संदर्भ में गोखले और जिन्नाह का शायद कोई संबंध नहीं था या था तो भी इस संदर्भ में गोखले गाँधी को ज्यादा महत्व देते थे। यह अवधारणा सर्वथा गलत है, क्योंकि जिन्नाह और गोखले के राजनीतिक और व्यक्तिगत संबंध बहुत ही अच्छे थे।

फिल्म में ऐसी ही कई ऐतिहासिक त्रुटियाँ हैं जिनके बारे में विस्तार से लिखा जा सकता है। इन काल्पनिक घटनाओं को दर्शाने के पीछे अटनबरो का कोई गलत मंतव्य नहीं है बल्कि वे एक कहानीकार के रूप में गाँधी का चरित्र और उनके साथियों की भूमिका स्थापित करना चाह रहे थे। हाँ, गाँधी को स्थापित करने के प्रयास में जिन्नाह को अति रूखा दिखाना पड़ा जितने वे थे नहीं। यह भी सच है कि जिन्नाह अन्य कई कांग्रेसी/गैर कांग्रेसी नेताओं की तरह गाँधी के जन आन्दोलनों के समर्थक नहीं थे। निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि 'गाँधी' फिल्म को एक फिल्म के रूप में ही देखना चाहिए, एक ऐतिहासिक दस्तावेज के रूप में नहीं।

# भविष्य निधि



**आनन्द कुमार मिश्र**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, तृतीय वर्ष

पिता सुखी राम की मृत्यु के 15 दिन बाद पुत्र महेश और बहू राधा ने सभी बैंकों के चक्कर लगाने शुरू कर दिए। कभी इस बैंक तो कभी उस बैंक। अलग-अलग शहरों में भी बैंक से पैसे निकलवाने के लिए जाने लगे।

सुखीराम एक अनपढ़ किसान थे। उनकी पत्नी का स्वर्गवास हो चुका था। घर में बहू और बेटा था। सुखीराम अनपढ़ थे परंतु बुद्धिमान थे। पत्नी ना होने की वजह से उनकी सेवा सत्कार ढंग से नहीं होता था। बहू राधा से उन्हें रोज अपमानित होना पड़ता था। एक दिन उन्होंने बहू और बेटे से पड़ोस के गांव में रह रहे रिश्तेदार के यहां जाने की अनुमति ली और चले गए। अपने रिश्तेदार के घर पहुँचे और अपनी व्यथा सुनाई रिश्तेदार ने उन्हें अपने घर में आश्रय दिया साथ ही एक धनी परिवार के यहां कुछ पैसों पर नौकरी भी लगवा दी। सुखीराम को अब कुछ सुकून मिला ही था, कि उस धनी परिवार के यहां एक घटना घटी। वह घटना सुखी राम के जीवन की तरह ही थी। हुआ यूँ कि धनी परिवार में एक वृद्ध अपने बहू बेटे के साथ जीवन यापन कर रहा था। वर्षों की मेहनत से खूब धन और जायदाद के मालिक था। उसकी बहू भी धनी और पढ़े-लिखे घर की बेटी थी। वृद्ध होने के कारण उस धनी आदमी को तमाम बीमारियाँ हो गई थी। रात में उसे बहुत खांसी आती थी रोज-रोज खांसी की आवाज सुनकर एक दिन उस आदमी को बहू ने जोर से चिल्लाकर कहा- ''यह बुड्ढा बहुत खाँसता है।'' उसकी आवाज वृद्ध व्यक्ति को सुनाई पड़ गयी। उस समय तो उसने कुछ नहीं कहा। अगले दिन बहू और बेटा नहा धोकर तैयार हुए और कुछ सामान बांधे पश्चात एक सप्ताह के लिए कहीं भ्रमण के लिए चले गए। वृद्ध आदमी टकटकी लगाए देखता रह गया। उससे भी ना रहा गया और उसने सुखीराम

को भेजकर वकील बुलवाएं और अपनी सारी संपत्ति किसी मंदिर को दान कर दी एवं स्वयं हरिद्वार को चल दिए। सुखीराम यह सब देखता रहा और मन ही मन दुखी भी हुआ। उस वृद्ध ने सुखीराम को कुछ पैसे दिए थे जिसे लेकर सुखीराम अपने रिश्तेदार के यहाँ लौट आया। पैसे सौंपते हुए सारी कहानी बताई। सुखी राम के रिश्तेदारों ने सुखी राम के नाम से बैंक में खाता खुलवाया और जो पैसे मिले थे उन्हें जमा करवा दिया। सुखीराम ने अब अन्य रिश्तेदार के यहां जाने की इच्छा जताई। रिश्तेदारों ने उन्हें नहीं रोका। सुखीराम दूसरे रिश्तेदार के यहां पहुँचे और अपनी व्यथा सुनाई और रहने लगे। पहले रिश्तेदार की तरह यहां भी उनके नाम से बैंक में खाता खुला और कुछ पैसे जमा हुए। इसी क्रम में सुखीराम अपने दूरदराज के सभी रिश्तेदारों के यहाँ गए और अपने नाम से खाता खुलवाकर और कुछ पैसे जमा कराने लगे। इस प्रकार लगभग 4 साल बीत गए। अब सुखीराम बहुत वृद्ध हो गए थे। अंतिम सांस अपने घर पर ही लेना चाहते थे। किसी तरह अपने घर दोबारा पहुंचे। उनकी बहू उन्हें देखना नहीं चाहती थी लेकिन सुखी राम ने जब यह बताया कि उनके पास बहुत सारा पैसा है और सब बैंक में जमा है तो बहू की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सुखीराम यह शर्त रखी कि जो उनकी सेवा करेगा वही उन धन का उत्तराधिकारी होगा। बहू बेटे ने कहा- कि कैसे मान लें कि आपके पास बहुत सारा पैसा है इस पर सुखीराम अपने झोले से 8-10 बैंक पासबुक निकालते हुए बोले कि मूर्ख हो तुम्हें क्या लगता कि मैंने इन 4 सालों में सिर्फ रिश्तेदारी की है। इत कहकर उन Passbook को फिर से झोले में र लिया। यह सुनकर बहू बेटा बहुत खुश हुए और सुखी राम की खूब सेवा करने लगे। इधर सुखी राम हर उन पासबुकों को अपने ही पास रखते थे। किसी क भी नहीं दिखाते थे। एक दिन अचानक सुखी राम क तबीयत बहुत ज्यादा बिगड़ी और वे स्वर्ग सिधार ग उनका क्रियाकर्म विधिवत् किया गया। अब समय अ गया था बैंक से रुपये निकालने का। सभी बैंको क चक्कर लगाने के बाद कुल जमा राशि निकली 101 रु। किसी बैंक में पाँच रुपया निकले। किसी में पन्द्र रुपये, किसी में बीस रुपये, किसी में 18 रुपये कि में 22 रुपये। निराशा और थकान से चूर महेश सि पर हाथ रखकर बैठ गया। कुछ क्षण बाद पत्नी रा से बोला- "वृद्धावस्था के लिए 'भविष्यनिधि' रख बहुत आवश्यक है!"

> किसी किश्ती पर अगर फर्ज़ का मल्लाह न हो तो फिर उसके लिए दरिया में डूब जाने के सिवाय और कोई चारा नहीं।
>
> – मुंशी प्रेमचन्द

# झूला



**डॉ. रजनी जगोटा**
सह प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग

मेरा घर, उसमें बड़ी-सी खिड़की और बाहर पार्क में लगा झूला, जो स्पष्ट रूप से नजर आता है। झूला क्या! सुबह होते ही सबसे पहले जब मैं खिड़की का पर्दा हटाती हूँ तो उस पर पड़ने वाली सूर्य की पहली किरण नए दिन का संदेशा देती दिख जाती है। उस पर झूलने वाली लड़कियाँ जो कुछ 15-20 वर्ष की रही होंगी, अपने कुछ अनकहे सपनों को लिए हुए सोसाइटी के अलग-अलग मकानों में काम करती थीं। वे सब अपनी दिनचर्या में से कुछ पल चुराकर किस तरह अपने आप को खुश रखती थीं-यह देखना मेरा नियम बन गया था। जब किसी खिड़की से अचानक उनके नाम की आवाज आती तो वह लड़की तुरंत भाग जाती और उस झूले की हलचल धीरे-धीरे थम जाती।

सुबह 6-7 बजे से लेकर 10-11 बजे तक झूला थमा रहता। अब तो धोबी के बच्चे, घरों में दूध सब्जियाँ और ग्रोसरी आइटम्स पहुँचाने वाले बच्चे झूला झूल लेते थे और आकाश की ओर देखकर शायद ईश्वर के होने पर विश्वास या संदेह करते थे। कुछ पल बाद ही वहाँ से चले जाते जैसे मालिक की आवाज उसके कानों में गूँज रही हो।

जी हाँ! दोपहर हो जाती, और परिवारों के बच्चे स्कूलों से लौट आते। कुछ ही देर बाद ट्यूशन के बस्ते का बोझ उठाए झूले के पास आते और ट्यूशन के अंतराल में ही कुछ पल झूला झूल लेते। लेकिन ट्यूशन टीचर के डर से ज्यादा देर नहीं रुकते और भाग जाते। मैं खिड़की से सब नजारे देखती रहती। शाम को सैर के लिए जाती तो शिकायत मिलती कि मैं सभी तरह के लोगों को झूला झूलने से मना क्यों नहीं करती। यह तो केवल सोसाइटी के बच्चों के लिए ही है।

मैं स्तब्ध रह जाती! क्या झूला भी इन मापदंडों से बाध्य है? फिर मैं अपने निश्चय में दृढ़ हो जाती। हम सभी अपने जीवन के कुछ पल अपनी तरह से जी लें और खुशियाँ बटोर लें और खुशियाँ बाँट लें- पाबंदी कैसी?

> प्रतिभा का अर्थ है बुद्धि में नई कोंपले फूटते रहना। नई कल्पना, नया उत्साह, नई खोज और नई स्फूर्ति प्रतिभा के लक्षण हैं।
> - आचार्य विनोबा भावे

# संघर्षों से उपजा आत्मबल




**डॉ. आलोक दीपक उपाध्याय**

सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग


संघर्ष भरे जीवन में मन और भी साफ और सच्चा हो जाता है। उसकी सच्चाई, ईमानदारी और छल कपट रहित जीवन उसकी शक्ति को और भी प्रबल बनाता है। निष्कपट मन को यह संतोष तो रहता है कि मैंने सही सोचा, सही कहा, सही किया पर उसके छल कपट रहित व्यवहार के बदले समाज से उसे पीड़ा ही मिलती है। निराला का जीवन इसी भाव भूमि का था। जीवन भर अभावों में जीने वाले निराला का मन भावों से भरा था। तभी तो गंगा प्रसाद पाण्डेय ने उन्हें 'महाप्राण' कहा। वे विष पीकर अमृत बरसाने वाले कवि कंठ थे। जीवन के विषाद और अंधेरे को करुणा और प्रकाश में बदलने वाले अद्वितीय व्यक्तित्व थे, कुछ इस तरह.... देह वज्र से, प्राण पराग से...। ऐसे ही निराले महामानव की मृत्यु के बाद धर्मवीर भारती ने एक संस्मरण में लिखा था जिसमें उन्होंने निराला की समता पृथ्वी पर गंगा उतार कर लाने वाले भगीरथ से की थी ''भगीरथ अपने पूर्वजों के लिये गंगा लेकर आये थे निराला अपनी उत्तर पीढ़ी के लिये।'' यह कथन इसी बात को प्रमाणित करता है कि निराला का कष्ट हिंदी जाति और उससे भी बढ़कर मनुष्यता के लिये सहा गया कष्ट था। इसी प्रकार हम निराला के संदर्भ में भगीरथ को याद करें या ग्रीक लीजेंडरी देवता प्रमेथियस को तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है। प्रमेथियस मानव जाति के जन्मदाता थे जिन्होंने अन्याय के खिलाफ न्याय के पक्ष में इंसानियत का साथ दिया। निराला की साहित्य साधना के तप में ऐसे ही जीवन संघर्ष भरे हैं। अपने जीवन में प्रतिदिन वेदना सहने वाला यह कवि अंधकार को प्रकाश से भरता रहा, चाहे भले ही अपमान तथा उपेक्षा के दु:खों ने उसके अंतस को भर दिया हो...

बाहर मैं कर दिया गया हूँ।  
भीतर, पर, भर दिया गया हूँ।

निराला की अपनी व्यक्तिगत पीड़ा तो थी ही उसके बाद भी वे दुनिया के क्रूर छल और अपमान को सहते रहे लेकिन कभी कटु नहीं हुये। ऐसे संघर्ष भरे जीवन को अपना प्रारब्ध मान कर विष पीते रहे....

जनता के हृदय जिया  
जीवन विष विषम पिया।

निराला ने हिंदी समाज के जिस विष को पिया उसे उन्होंने अमृत में बदलकर कालजयी रचना का वरदान दिया। 1923 में जब कलकत्ता से 'मतवाला' का प्रकाशन, हुआ उस समय निराला ने उसके कवर पेज पर अपने इस भाव को कुछ इस तरह व्यक्त करते हुये लिखा...

अमिय गरल शशि सीकर रविकर राग- विराग भरा प्याला,  
पीते हैं जो साधक उनका प्यारा है यह मतवाला।

निराला के जीवन संघर्ष में उनका उदात्त व्यक्तित्व एक कवि योद्धा का ही नहीं था बल्कि एक ओजमयी पुरुषत्व का भी था जो अपने साथ साथ चलने वाले संघर्षों से नित ऊर्जा ग्रहण करता रहा। निराला की कविताओं में एक तरफ आनंद का अमृत है तो दूसरी तरफ वेदना का विष।

संघर्ष और वेदना का ऐसा सम्मिश्रण कि आगे चलकर वह ओजपूर्ण आत्मबल में प्रतिफलित हो जाये और जीवन संचित वह वेदनामयी घनीभूत पीड़ा शक्ति में रूपांतरित होकर स्फुलिंग वाणों की वर्षा करने लगे। शायद इसीलिये जयशंकर प्रसाद की ये पंक्तियाँ निराला

को बहुत प्रिय थीं..........

चढ़ कर मेरे जीवन - रथ पर,
प्रलय चल रहा अपने पथ पर।
मैंने निज दुर्बल पद - बल पर,
उससे हारी होड़ लगाई।
...आह! वेदना मिली विदाई!

वैसे तो बतौर कवि, कहानीकार, उपन्यासकार निराला ने साहित्य जगत को अनमोल कृतियाँ दीं पर उनके औदात्य पूर्ण व्यक्तिव का प्रतिफलन उनकी तीन कालजयी रचना 'तुलसीदास'', 'सरोज स्मृति' और 'राम की शक्ति पूजा' में पूरी तरह निखर कर आया है।



निराला की एक विलक्षण कला थी जो अन्य आधुनिक कवियों में नही पायी जाती...वह है भावना की ऊर्जा का अन्य भाव भूमि में रूपांतरण! यही कारण है कि निराला ने अपने मन की वेदना को शक्ति का वरदान बना लिया इसीलिये पीड़ा के घनीभूत भावों की अभिव्यजना एक ही मानसिक धरातल पर हुई- भले ही कथा और प्रसंग अलग अलग रहे हों। तुलसीदास का रत्नावली के प्रति प्रेम, सूर्यकांत का स्वर्गीया पत्नी मनोहरा देवी के प्रति प्रेम, एक पिता का दिवंगत पुत्री के प्रति अगाध स्नेह, साहित्यिक समाज के द्वारा मिलता तिरस्कार और स्वयं की अभावों में जीने की वह स्वाभिमानी दिनचर्या- किस तरह निराला का आत्मबल बन कर काव्य शक्ति पुंज बिखेरती गयी वह किसी अन्य आधुनिक कवि में नहीं दिखाई देती। आधुनिक कविता का आंदोलन तो एक बौद्धिक आस्वाद का रहा पर निराला की काव्य रचना जन भावना के हृदय का स्थायी भाव बन गयी। उसी तरह जिस तरह आम जन के हृदय में तुलसी रच बस गये। साहित्य वही अमर होता है जो आम जन भावना को स्पर्श करता है।

'तुलसीदास'... निराला का एक अंतर्मुखी काव्य है जिसमें तुलसी के मानसिक संघर्ष को कवि ने काव्यात्मक उत्कर्ष तक पहुँचाया। तुलदीदास की रत्नावली के प्रति आसक्ति और उनके सारे प्रेम की ऊर्जा राम भक्ति के रूप में बहने लगी जिसमें पूरा का पूरा हिन्दू समाज नित अवगाहन करने लगा। निराला को तुलसी इसीलिये भा गये क्योंकि निराला की मनः स्थिति तुलसी से अनुप्राणित थी। तुलसी के रत्नावली वियोग में उन्हें मनोहरा देवी के विछोह की पीड़ा की अनुभूति हुई। तुलसीदास का रत्नावली प्रेम निराला को उतना ही घना लगा जितना उनका स्वयं का मनोहरा देवी के प्रति प्रेम। दूसरी तरफ इस्लाम के आगमन से देश में जो सांस्कृतिक संकट छाया था उस संकट की चिंता भी निराला को उद्वेलित कर रही थी...इसी संदर्भ में उन्होंने भारत शब्द की कल्पना अपने शब्दों में बड़े उदात्त रूप में की जो अपने शब्दार्थ में ही ज्ञानमय है। 'भा' अर्थात **प्रकाश** और **'भारत'** अर्थात **प्रकाशवान**। उनकी कविता 'तुलसीदास' में इसी ज्ञानमय भारत का सूर्य अस्त होते दिखायी देता है जो निराला की चिंता का कारण है। कविता का प्रारम्भ तत्कालीन भारत के सांस्कृतिक ह्रास की चिंता से संबंधित है। मुगल साम्राज्य की स्थापना और इस्लाम के प्रभाव से उपजा सांस्कृतिक संकट 'तुलसीदास' के मूल में है...

भारत के नभ के प्रभापूर्व
शीतलाच्छाय सांस्कृतिक सूर्य

निराला के मन को राम का संस्कार देने वाले तुलसी ही हैं इसीलिये वे भगवान राम को अपना नायक बनाने के पूर्व राम भक्त तुलसी को अपनी कविता का नायक बना कर पहले 'तुलसीदास' रचते हैं और फिर बाद में 'राम की शक्ति पूजा' की रचना करते हैं। राम के लिये जिस 'राजीव नयन' विशेषण का प्रयोग निराला करते हैं वह विशेषण तुलसी को भी बहुत प्रिय था...

'कहती थी माता मुझे सदा राजीवनयन!'

निराला मर्यादा पुरषोत्तम राम के जीवन से बहुत प्रेरित थे। वही प्रेरणा तुलसीदास की काव्यभूमि और राम की शक्ति पूजा की सर्जना का परिणाम थी जहाँ तुलसीदास मोह से मुक्त नहीं हो पा रहे थे वहीं निराला भी मोह की स्मृतियों में घनीभूत पीड़ा संचित कर रहे थे। स्मृतियों से बहुत ताकत मिलती है जिसमें पुत्री सरोज पिता निराला की ताकत थी। 'सरोज' न होती तो 'स्मृति' न होती और 'स्मृति' न होती तो शक्ति न होती जो राम की शक्ति पूजा में प्रहार करती है। 'सरोज स्मृति' में कवि के व्यक्तिगत जीवन का संघर्ष है तो राम की शक्ति पूजा में पौराणिक संघर्ष है जिसमें निराला के व्यक्तिगत जीवन के संघर्ष सूक्ष्मता से छिपे हुये हैं। शक्ति पूजा के राम स्वयं निराला ही हैं जो राम बनकर वे सब कुछ कहते, सहते और लड़ते चलते हैं जिसे निराला अपने वास्तविक जीवन में जीते आये हैं। इन दोनों संघर्षों के अंतः संबंध कवि की घनीभूत भावभूमि से जुड़े हैं। एक में पिता अपनी दिवंगत पुत्री के बहाने आँसुओं को पीता है, फिर भी जीता है....

दुःख ही जीवन की कथा रही,
क्या कहूँ आज, जो नहीं कही।

तो दूसरी में राम बनकर घनीभूत हो गये उन्हीं आँसुओं की शक्ति से रावण पर प्रहार करता है और फिर वही आँसू जो पी लिये गये थे शक्तिपूजा में घोर विकराल समुद्र बनकर गर्जना करने लगते हैं...

अप्रतिहत गरज रहा पीछे अम्बुधि विशाल,
भूधर ज्यों ध्यान - मग्न, केवल जलती मशाल।

तुलदीदास में निराला का मानसिक द्वन्द है तो बाद की दोनों कविताओं में आर्थिक और सामाजिक द्वन्द्व है जिसकी परिणति पौराणिक पात्र मर्यादा पुरुषोत्तम राम की मनःस्थिति के साथ होती है। वे राम निराला के लौकिक राम हैं न कि पारलौकिक। वे राम संघर्ष भी करते हैं, संशय भी धरते हैं, रोते भी हैं और फिर प्रहार कर विजयी भी बनते हैं। उनके मन का अवसाद संकट से जूझने का शक्तिपुंज भी धारण किये रहता है। करुणा और कठोरता,श्रृंगार और शौर्य दोनों कविताओं में समानांतर रूप से हैं। जहाँ करुणा होगी वहीं कठोरता होगी और जहाँ श्रृंगार होगा वहीं शौर्य भी होगा। 'सरोज स्मृति' की करुणा और सौंदर्य राम की शक्ति पूजा के शौर्य और कठोरता में परिणत हुआ है। पिता का वह भावुक मन 'राम की शक्ति पूजा' में एक संघर्षशील योद्धा के रूप में परिवर्तित हुआ है। एक में पिता चुपचाप सब कुछ सहन करता हुआ दिखाई पड़ता है जिसमें वह साहित्यिक और पारिवारिक संघर्ष करते-करते अभावों से साक्षात्कार करता है तो दूसरे में पुत्री के मोह से उपजी अंतहीन पीड़ा में जीता है...

एक साथ जब शत घात घूर्ण
आते थे मुझ पर तूल तूर्ण
देखता रहा मैं खड़ा अपल
वह शरक्षेप, वह रण - कौशल।

पर राम की शक्ति पूजा में वे शरक्षेप, रण - कौशल देखते ही नहीं रहते, प्रहार भी करते हैं...

विच्छुरितवहिन - राजीव नयन - हत लक्ष्य - बाण
लोहित लोचन - रावण - मद मोचन - महीयान

यह निराला ही हैं जो अपने जीवन मे इतने दृढ़ प्रतिज्ञ हैं। सत्कर्मों पर चल कठिन से कठिन परिस्थितियों में हर प्रहार का सामना करने में उद्यत हैं। अपने अंदर राम के संघर्ष को और राम के अंदर अपने संघर्ष को देखते हैं। पूरे हिंदी साहित्य में राम के व्यक्तित्व को अपने संघर्षों में ढाल कर उनको लौकिक धरातल पर ला कर खड़ा कर देने वाले महामानव निराला ही हो

सकते हैं- और कोई दूसरा नहीं। तभी तो उनके मन में उठने वाला संशय और वह जीवन- जहाँ प्रतिकूल परिस्थितियाँ रह-रह कर हराने का भय देने लगती हैं.. .वे हार जाती हैं और निराला जीत जाते हैं।

स्थिर राघवेंद्र को हिला रहा फिर फिर संशय,
रह रह उठता जग जीवन में रावण- जय - भय।

उनके जीवन में अनवरत संघर्ष चल रहा है...एक में पिता के संघर्ष में पुत्री है तो दूसरे में पति के संघर्ष में पत्नी। इन संघर्षों के केंद्र में वह सरोज ही है जो पिता को अपने जीवन संघर्ष में लड़ने की शक्ति प्रदान करती है....

गीते मेरी तज रूप नाम
वर लिया अमर शाश्वत विराम।

दूसरी तरफ से संशय और संघर्ष के द्वन्द में राम की प्रेरणा बनती हैं सीता....

देखते हुये निष्पलक,
याद आया उपवन, विदेह का
प्रथम स्नेह का लतान्तराल मिलन।

जिस प्रकार निराला आजीवन अपने विरुद्ध हो चले साहित्यिक परिवेश में पुत्री के मासूम मुख को देख कर ही संपादकों, आलोचकों और विरोधियों के तिरस्कार भरे अपमान को सहते रहे....

तू सवा साल की जब कोमल
पहचान रही ज्ञान में चपल
माँ का मुँख, हो चुम्बित क्षण-क्षण
भरती जीवन में नव जीवन।

उसी प्रकार निराला के राम भी युद्ध के परिणाम की आशंका से विचलित होते हैं...क्या होगा युद्ध में...परास्त होने की भावना बार- बार विचलित कर जाती है पर सहसा इसी अवसाद और निराशापूर्ण मनः स्थिति के क्षणों में राम को सीता का स्मरण हो उठता है, फिर क्या था!

सिहरा तन क्षण भर भुला मन, लहरा समस्त,
हर धनुर्भग को पुनर्वार ज्यो उठा हस्त,
फूटी स्मित सीता-ध्यान लीन राम अधर।

सरोज स्मृति की वह व्यथास्मृति पिता के ह्रदय में निरंतर पीड़ा ही पहुँचाती रहती है जो व्यक्त कर देने से ही शायद कुछ कम हो जाती हो...

धन्ये मैं पिता निरर्थक था,
कुछ भी तेरे हित न कर सका।
शुचिते, पहनाकर चीनांशुक
रख सका न तुझे अन्तः दधिमुख।

यह वेदना का हाहाकार ही है जिसमें दिवंगत पुत्री के लिये तड़प भरी छटपटाहट है। एक पिता के द्वारा अपने दायित्वों को न निभा पाने की कसक है। हाहाकार मचाते हुये व्याकुल ह्रदय से निकली हुई, आँखों से बह कर आई हुई वह भावांजलि है जो हिंदी साहित्य में अब तक मात्र निराला ने मात्र सरोज को दी है।

कवि की यही मनोभूमि राम की शक्ति पूजा में राम के मार्मिक उदगार के रूप में इस तरह व्यक्त होती है जिसमें निराला की व्यथा भावसूक्ष्मता से अंतर्निहित होकर अपने आप को धिक्कार रही है ...

धिक! जीवन को जो पाता ही आया विरोध,
धिक! साधन जिसके लिये सदा ही किया शोध
जानकी! हाय उद्धार प्रिया का हो न सका।
वह एक मन रहा राम का जो न थका।

पिता और पति के मौन अवसाद भरे मन में तर्पण और अपने आप को धिक्कारने की वेदना यही सोचती है कि भला कुछ तो दुःख कम हो, कुछ तो सन्तोष मिले। तभी स्मृतियाँ कह उठती हैं, हे पुत्री! अपने पिछले सभी जन्मों के पुण्य कार्यों के फल को जलांजलि के रूप में मैं तुझे अर्पित कर रहा हूँ। यही मेरा तेरे लिये तर्पण है....

कन्ये गत कर्मों का अर्पण
कर करता मैं तेरा तर्पण

पर इसी तर्पण में प्रहार की शक्ति छिपी है। राम की शक्ति पूजा में निराला ने राम का जो चित्र खिंचा है

वह वास्तव में उनका अपना ही रेखांकन है....

दृढ़ जटा - मुकुट हो विपर्यस्त प्रतिलट से खुल
फैला पृष्ठ पर बाहुओं पर वक्ष पर विपुल।

निराला की विवशता राम के रूप में तब दिखाई देती है जब राम को यह आभास होता है कि 'अन्याय जिधर, है उधर शक्ति'। फिर आज का वह समर क्षेत्र याद आने लगता है जब राम ने अपने वाणों की व्यर्थता देखी और यह भी देखा कि प्रतिपक्ष को कोई अज्ञात संरक्षण मिल रहा है। तभी राम को रावण का क्रूर अट्टहास सुनाई देता है और सजल भावित नेत्रों से अश्रु टपक पड़ते हैं:-

....फिर सुना - हँस रहा
अट्हास रावण खल खल
भावित नयनों से सजल गिरे दो मुक्तादाल।

शक्ति पूजा में हनुमान का आगमन ऊर्जा शक्ति को और बढाने वाला होता है जिसके संस्कार से निराला अनुप्राणित होते हैं। जिसके कारण वे जीवन संघर्ष में टूटते नहीं बल्कि जूझते हैं।

निराला की जीवन भर की विवशता को हम जाम्बवान से कहे गये राम के इस अधीर वचन में देख सकते हैं...

मित्रवर विजय होगी न समर.....
अन्याय जिधर, है उधर शक्ति! कहते छल - छल
हो गये नयन, कुछ बूँद पुनः ढलके दृगजल।

सत्य और असत्य, अन्याय और न्याय का यह विचित्र समीकरण निराला आजीवन सहते रहे पर उनकी इच्छाशक्ति और आत्मबल धर्म और अधर्म के बीच के संघर्ष में तमाम अवरोधों के बाद भी विजयी होता गया। यह कहने के बाद भी कि...दुःख ही जीवन की कथा रही...निराला उस दुःख से भयभीत नहीं होते बल्कि उससे लड़ने की दुगनी शक्ति बटोर लेते हैं। यह निराला के धैर्य और साहस की पराकाष्ठा है। 'राम की शक्तिपूजा' में जाम्बवान राम से शक्ति की मौलिक कल्पना करने को कहते हैं उस शक्ति की मौलिक कल्पना वास्तव में निराला की अपनी ही है। वे अपने संघर्षों में उस पर विजय पाने के लिए संघर्षरत हो जाते हैं और उसी जाम्बवान से यह भी कहलवा देते हैं...

विचलित होने का नहीं देखता मैं कारण,
हे पुरुष सिंह, तुम भी यह शक्ति करो धारण,
आराधन का दृढ़ आराधन से दो उत्तर,
तुम वरो विजय संयत प्राणों से प्राणों पर।

फिर इस आराधन की परिणति राम के द्वारा रावण पर विजय का संकेत देती है। कुछ इस तरह निराला की भावभूमि जीवन के वास्तविक संघर्ष के बीच से ही ऊर्जा ग्रहण करती चलती है जो उनके अदम्य साहस और दृढ़ आत्मबल को शक्ति से भर देती है और फिर संशय में निराशा नहीं जय का उद्घोष हो उठता है...

होगी जय होगी जय, हे पुरुषोत्तम नवीन!
कह महाशक्ति राम के वदन में हुई लीन।

जितना कठिन संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी।
- विवेकानंद

# विद्यार्थी जीवन



**राहुल**
बी.एस.सी. (विशेष) गणित, द्वितीय वर्ष

यों तो घड़ी की सूइयाँ, कैलेंडर के पन्ने और विद्यार्थी का जीवन एक ही जीवन शैली का अनुसरण करते हैं—निरंतर चलते रहना। विद्यार्थी वह मनुष्य है जो सीख रहा है, जो कुछ सीखने की चाह रखता है। किताबें कहती हैं कि विद्यार्थी जीवन 5 वर्ष की आयु से आरंभ होता है-जब जिज्ञासाएँ पनपती हैं, ज्ञान पिपासा तीव्र उठती हैं और भी न जाने क्या-क्या। परंतु असल में देखा जाए तो एक शिशु के जन्म से ही उसका विद्यार्थी जीवन काल भी आरंभ हो जाता हैं। दूध पीना सीखने से लेकर धीरे-धीरे बैठना, खड़ा होना, लोगों को पहचानना चलना आदि एक तरह से ज्ञान अर्जन ही तो है जो वृद्धावस्था तक चलता रहता है। कहते हैं कि उम्र के साथ साथ ज्ञान और बुद्धि का भी विकास होता है। माना जाता है कि व्यक्ति जितना वृद्ध होता जाता है उतना समझदार और अनुभवी होता जाता है। परिवार के सबसे वृद्ध व्यक्ति को सर्वश्रेष्ठ एवं बुद्धिमान माना जाता है परंतु कभी-कभार उनके पोते पोती भी कुछ ऐसा सिखा देते हैं जिसके बारे में उन्होंने पूरे जीवन में कभी सोचा भी नहीं होता। उदाहरण के लिए नई पीढ़ी के बच्चे अपने दादा दादी को मोबाइल फोन चलाना सिखाते हैं। विद्यार्थी जीवन तब तक चलता है जब तक मनुष्य कुछ नया सीखने की चाह रखता है।

'विद्या' केवल पुस्तकों में नहीं होती। ज्ञान की बातें केवल गुरुजनों के मुखारविन्द से ही नहीं निकलती। ज्ञान तो झरने के जल की तरह प्रवाहमान रहता है। विद्यार्थी जीवन इस प्रवाहमान जल को पीते रहने का नाम है। खेल का मैदान हो, वाद-विवाद का समय हो या भ्रमण का अवसर। हमारे निजी जीवन के अनुभव एवं ज्ञान सर्वत्र भरा होता हैं। विद्यार्थी जीवन इन भाँति-भाँति रूपों में बिखरे ज्ञान को समेटने का नाम है विद्यार्थी को एक बंजारे की तरह होना चाहिए। जिस प्रकार बंजारे एक जगह नहीं ठहरते, कुछ अंतराल के लिए एक जगह पर डेरा डालकर उस जगह से उन्हें जो प्राप्त होता है उसे ग्रहण कर किसी दूसरे स्थान, नए काम, नई जगह की खोज में निकल पड़ते हैं उसी प्रकार विद्यार्थी को भी एक जगह से ज्ञान अर्जित कर अच्छे बुरे अनुभवों से सीख लेकर नए अनुभवों और ज्यादा ज्ञान की तलाश में आगे बढ़ जाना चाहिए। अनुभवों को पकड़ कर अपने जीवन को उसी में समेट नहीं लेना चाहिए।

वैसे तो जीवन का हर पल एक जिज्ञासु और समर्पित विद्यार्थी के लिए एक नई सीख हैं, परंतु यह कॉलेज जीवन का दौर एक अलग ही मायने रखता है। यहाँ पढ़ाई के साथ-साथ छात्र अन्य गतिविधियों में भी व्यस्त रहता है। यही वह समय है जहाँ एक छात्र के जीवन का वास्तविक अर्थ एवं लक्ष्य-दोनों की नींव रखी जाती है। अतः इस समय को समझना एवं इसका सदुपयोग करना प्रत्येक छात्र का कर्त्तव्य है।

> विद्यार्थियों का जीवन- लक्ष्य न केवल परीक्षा में उत्तीर्ण होना, स्वर्ण पदक प्राप्त करना है अपितु देश सेवा की क्षमता एवं योग्यता भी है।
>
> – नेताजी सुभाषचन्द्र बोस

# सैनिक का संदेश



**अमित कुमार**
बी.ए. (विशेष) अर्थशास्त्र, द्वितीय वर्ष

सोचा था देश के लिए बहुत कुछ करेंगे पर अफसोस कुछ न कर पाए। अपने ही देश को गद्दारों के हाथों से बचा न पाए!

जिंदगी की जंग हार गए। लड़ने के लिए सरहद पर निकले पर अपने ही देश को महफूज न रख पाए। आँख खोलकर देखा तो दृश्य ही बदल गया!

सब तरफ खामोशी-सी छाई थी। ना जाने कैसे एक फौजी की जिंदगी में उदासी सी छाई थी। पर परिवार और देश सभी शर्मिंदा थे। आँखों में नमी थी और दिल भर आया था।

हर मां अपने लाल को पुकार रही थी। पर मैं चाह कर भी ना उठ पाया। वादे तो बहुत से किए थे, पर, अफसोस उनमें से एक भी न निभा पाया। बीज बो गए, हर युवा के दिल और दिमाग में नफरत के बीज!

अफसोस बहुत होता है मुझे मेरी जिंदगी पर कि धरती माँ की सेवा न कर पाया। वादा करता हूँ अगले जन्म भी इस माँ का सपूत बनकर आऊँगा!

# हिंदी का विकास : देश का विकास



**बृजेश कुमार**
बी.ए. (विशेष) राजनीति शास्त्र, द्वितीय वर्ष

आंकड़ों की मानें तो भारत में हिंदी बोलने और समझने वालों की संख्या 50 करोड़ से अधिक है। अब तो गैजेट संसार भी हिंदी बोलने लगा है। अगर आप सोचते हैं कि अंग्रेजी के आगे हिंदी का क्या काम तो एक बार फिर सोचिए भले ही हर व्यक्ति अंग्रेजी सीखने के लिए लालायित है पर यह सोच देश की एक विशाल पट्टी हिंदी में ही फैली है।

मनोरंजन जगत हो या साहित्य की दुनिया हिंदी के बाजार की ताकत नें विदेशी मनोरंजन वाले चैनलों, हॉलीवुड फिल्मों, अंग्रेजी लेखक और निर्देशकों को हिंदी के चरणों में ला खड़ा किया है। जिस उदारीकरण को हिंदी के लिए खतरा माना जा रहा था उसी ने हिंदी को नए पंख देने का काम किया है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि हिंदी एक ज्ञानदार भाषा है। वह जितनी बढ़ेगी देश का उतना ही शानदार विकास होगा। आंकड़ों की मानें तो भारत में हिंदी समझने और बोलने वालों की संख्या 50 करोड़ से अधिक है। भारत के पड़ोसी देशों जैसे नेपाल, भूटान, पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान में भी हिंदी समझने वाले अधिक हैं। हिंदी के बढ़ते बाजार की ही ताकत है जिसकी वजह से ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया व चीन में छात्र-छात्राएं हिंदी सीखते हुए देखे जा सकते हैं। अमेरिका में जहां 48 विश्वविद्यालयों और 75 कॉलेजों में हिंदी पढ़ाई जा रही है, वहीं चीन में हिंदी सीखने के लिए लोग कोचिंग सेंटरों की शरण में जा रहे हैं। देश का 60% बाजार हिंदी बोलने वालों का है। हिंदी डिजिटल मीडिया के अनुकूल बनकर अब आम लोगों तक पहुंच गई है। मोबाइल से लेकर एटीएम मशीनों तक में हिंदी भाषा चुनने का विकल्प लोगों के पास है। अगर हिंदी का विकास होगा तो देश का विकास निश्चित ही होगा।

# कृष्णा सोबती



**भारत पवार**
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग

प्रसिद्ध साहित्यकार, साहित्य अकादमी और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित लेखिका कृष्णा सोबती का निधन हाल ही में 25 जनवरी, 2019 को हुआ। सोबती जी ने 94 वर्ष की उम्र में साहित्य जगत से विदा ली। कृष्णा सोबती जी ने उपन्यासों के साथ-साथ कहानी, संस्मरण और यात्रा आख्यानों की भी रचना की और लंबे समय तक अपने लेखन के माध्यम से हिन्दी साहित्य को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे में सोबती जी का निधन हिन्दी साहित्य जगत की एक अपूर्णीय क्षति है।

साहित्य में विश्वसनीय उपस्थिति के साथ कृष्णा सोबती अपनी संयमित अभिव्यक्ति और सुंदर रचनात्मकता के लिए जानी जाती है। कम लिखने को वह अपना परिचय मानती हैं। उनका कम लिखना दरअसल विशिष्ट लिखना है। अपनी लंबी साहित्यिक यात्रा में कृष्णा सोबती ने अपनी क्षमताओं को बढ़ाया। इन्होंने अपने उपन्यासों में स्त्री जीवन की परतों को बहुत संजीदगी और खुलेपन से लिया और अपनी रचनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और स्त्री जीवन की जटिलताओं का बेहद यथार्थपूर्ण ढंग से वर्णन किया। साहित्य के माध्यम से समाज को जागृत करने वाली सोबती जी राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर अपनी मुखर राय के लिए भी जानी जाती हैं।

उनके द्वारा रचे गए उपन्यास 'मित्रों मरजानी' को हिन्दी साहित्य में महिला मन के अनुसार लिखी गई 'बोल्ड' रचनाओं में गिना जाता है। यह ऐसा उपन्यास है जो अपने अनूठे कथा शिल्प के कारण चर्चा में आया। इस उपन्यास के द्वारा कृष्णा सोबती ने ऐसे किरदार को गढ़ा, जो इससे पहले हिन्दी साहित्य में मौजूद नहीं था। एक आम मध्यवर्गीय परिवार की बेबाक लड़की 'मित्रो' जिसकी शारीरिक जरूरतें उसका पति पूरा नहीं कर पाता और वह अपनी खीझ अपने तानो के माध्यम से निकालती है। कृष्णा सोबती ने 'मित्रो' के रूप में ऐसा चरित्र समाज और साहित्य को दिया जो खुद से प्यार करता है और अपनी इच्छाओं को पूरा करने में संकोच नहीं करता। 'मित्रो' बेबाकी से बोलती है और अपने अधिकारों के लिए लड़ती है। 1966 में रचित उपन्यास 'मित्रों मरजानी' के प्रकाशन के पश्चात साहित्य जगत में कृष्णा सोबती की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी।

कृष्णा सोबती के उपन्यास 'जिंदगीनामा' को हिन्दी साहित्य की कालजयी रचनाओं में से एक माना जाता है। 18 फरवरी, 1925 को गुजरात में जन्मी कृष्णा सोबती को उनके उपन्यास 'जिंदगीनामा' के लिए 1980 में 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। इस उपन्यास में न कोई नायक है और न ही कोई खलनायक। उपन्यास में बादशाह और फकीर, शहंशाह दरवेश और किसान एक साथ खेत की मुंडेर पर खड़े मिलते हैं।

1993 में रचित उपन्यास 'दिलो-दानिश' की कथा के माध्यम से सोबती जी ने बीसवीं शताब्दी के वक्त को समेटने की कोशिश की है। सन् 2017 में भारतीय साहित्य में अमूल्य योगदान के लिए कृष्णा सोबती को 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया। सोबती जी अपने जीवन के आखिरी लम्हों तक साहित्यिक कार्यों से जुड़ी रहीं। उनकी जीवन्तता का प्रमाण इस बात से मिलता है की अपने खराब स्वास्थ्य के बावजूद सोबती जी ने अपनी पुस्तक का विमोचन अस्पताल से ही किया। कृष्णा सोबती के कालजयी रचनाओं में 'मित्रों मरजानी' (1966), 'सूरजमुखी अंधेरे के' (1972), 'जिंदगीनामा' (1979), 'ऐ लड़की' (1991), 'दिलो दानिश' (1993) का नाम उल्लेखनीय है।

# नामवर सिंह



**राजेश्वर कुमार**
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग

नामवर सिंह अब हमारे मध्य नहीं रहे। लगभग 92 वर्ष की अवस्था में उन्होंने हमसे विदा ली। एक लंबे समय तक आलोचना की 'नामवर दृष्टि' ने हिंदी साहित्य के प्रतिमान निर्मित किए हैं। ऐसे में नामवर जी का निधन हिंदी आलोचना की दुनिया में एक बड़ी क्षति है।

नामवर सिंह आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के प्रिय शिष्य रहे हैं और यही कारण है कि नामवर जी को आचार्य रामचंद्र शुक्ल की तुलना में हजारी प्रसाद द्विवेदी ज्यादा आकृष्ट करते हैं। निसंदेह रामचंद्र शुक्ल हिंदी के पहले बड़े एवं व्यवस्थित आलोचक हैं। उनकी आलोचनात्मक दृष्टि सर्वाधिक वैज्ञानिक एवं स्पष्ट है परंतु नामवर सिंह आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के माध्यम से हिंदी आलोचना में दूसरी परंपरा का अन्वेषण करते नजर आते हैं। इस प्रकार एक परंपरा रामचंद्र शुक्ल और रामविलास शर्मा की बनती है, तो दूसरी परंपरा हजारी प्रसाद द्विवेदी एवं नामवर सिंह की। नामवर सिंह एक बड़े योद्धा थे। बड़े योद्धा इसलिए कि उन्होंने कई मोर्चों पर बौद्धिक युद्ध को लड़ा है। उनके गुरुवर आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी को मुख्यत: रामचंद्र शुक्ल की स्थापनाओं से संघर्ष करना पड़ा। लेकिन इन्हें तो एक मोर्चे पर रामविलास शर्मा दूसरे मोर्चे पर विजयदेव नारायण साही और तीसरे मोर्चे पर अपने गुरुवर की श्रेष्ठता को स्थापित करने हेतु स्वयं रामचंद्र शुक्ल की आलोचनात्मक स्थापना से भी टकराना पड़ा है। इसमें वे कितने सफल हुए यह अलग विवेचना का विषय है।

योद्धा का संबंध युद्ध से होता है और युद्ध में विजय के लिए सब कुछ जायज माना गया है। नामवर सिंह भी हिंदी आलोचना के योद्धा थे। अपने मत को स्थापित करने के लिए उन्हें किसी भी तर्क से परहेज नहीं था। साहित्यिक वाद-विवाद में नामवर सिंह जितना लिखकर अपना तर्क प्रस्तुत करते थे उससे ज्यादा वे विभिन्न मंचों से बोल कर अपने तर्कों की वैज्ञानिकता पुष्ट करते थे। यही कारण है कि कुछ लोग उन्हें वाचिक परंपरा का आलोचक मानते हैं।

नामवर सिंह का नाम तो बहुत पहले से सुन रखा था परंतु पहली बार जेएनयू में उनसे मिलने का मौका मिला और वह भी एक शिक्षक के रूप में। हमें 'जायसी' पढ़ाने आए थे। लंबे कद और गठीले शरीर वाले नामवर जी बिना कॉलर वाला कुर्ता और महीन कपड़े की धोती पहने जब कक्षा में प्रविष्ट हुए तो मैं देखता ही रह गया। मुंह में बनारसी पान का बीड़ा था और आंखों पर लाल फ्रेम वाला चश्मा। जेएनयू जैसे अंतरराष्ट्रीय परिवेश वाले संस्थान में जहां कई मायने में आधुनिकता भी नतमस्तक हो जाए वहां पर नामवर जी को परंपरागत भारतीय परिधान में देखकर मुझे सुखद आश्चर्य हुआ। परंतु यह नामवर जी के व्यक्तित्व की अपनी विशेषता थी। खैर नामवर जी ने जब पद्मावत पढ़ाना आरंभ किया तो उन्होंने अपने लाल फ्रेम वाले चश्मे को उतारकर सामने मेज पर रख दिया और हमें अवध के ठेठ गांवों में लेकर चले गए। उस समय नामवर सिंह के सामने केवल वासुदेव अग्रवाल द्वारा संपादित पद्मावत की प्रति थी और वे 'पद्मावत' में इस प्रकार रम गए थे कि करीब आधे घंटे के बाद उन्होंने अपनी आंखें खोलीं और इस बीच उनका वक्तव्य लगातार जारी रहा। जेएनयू के वरिष्ठ छात्रों का ऐसा मानना था कि कई बार पढ़ाते समय नामवर जी के दो नेत्र बंद रहते हैं और तीसरा नेत्र खुला रहता है। इसमें शक नहीं कि नामवर जी एक बेहतरीन शिक्षक थे जो अपनी कक्षाओं में मार्क्सवादी चश्मा उतार कर जाते थे। नामवर जी

एक बार जेएनयू की एक संगोष्ठी में शामिल हुए। दलित साहित्य पर केंद्रित संगोष्ठी थी। नामवर सिंह दलित साहित्य को जातिवादी साहित्य मान कर खारिज करते रहे हैं लेकिन उस संगोष्ठी में उन्होंने तुलसीराम की आत्मकथा 'मुर्दहिया' की खूब प्रशंसा की। उन्हीं के बगल में स्वयं दलित लेखक तुलसीराम भी मंच पर बैठे थे। नामवर सिंह ने कहा कि मुर्दहिया को पढ़कर एक बार ऐसा मन हुआ कि मैं तुलसी राम के पैरों पर नतमस्तक हो जाऊं। अन्य दलित आत्मकथाओं की तुलना में 'मुर्दहिया' की भाषा और उसका शिल्प बेजोड़ है। इससे भी बड़ी बात यह थी कि नामवर सिंह का व्यक्तिगत संबंध तुलसीराम से बढ़िया था। निर्मल वर्मा के 'परिंदे' कहानी को लेकर भी नामवर सिंह की स्थापना कुछ इसी ढंग की है। कहना ना होगा कि नामवर जी वैचारिक प्रतिबद्धता से ज्यादा व्यक्तिगत संबंधों के आधार पर किसी के साहित्य को स्थापित और खारिज करने वाले आलोचक थे और इसके लिए वे अपने भाषणों का बखूबी इस्तेमाल करते रहे।

नामवर सिंह की आलोचना भाषा अद्‍भुत है। उसमें न रामचंद्र शुक्ल की तरह स्पष्ट गंभीरता है, न ही हजारीप्रसाद द्विवेदी की तरह विशेषणों की बहुलता और न ही रामविलास शर्मा की तरह बेबाक सपाटबयानी। नामवर सिंह की आलोचना-भाषा में व्यंग्य का महत्वपूर्ण स्थान है। व्यंग्य और चुटकी लेने वाला अंदाज उनके लेखन में भी जगह मौजूद है और मंचीय भाषणों में भी सुना जाता रहा है। 'छायावाद' में नामवर जी लिखते हैं कि जूही की कली 'सरस्वती' के मंदिर से लौटा दी गई। जो पाठक निराला की कविता 'जूही की कली' और तत्कालीन 'सरस्वती' पत्रिका की पृष्ठभूमि से अज्ञात होगा उसे नामवर जी के इस कथन को समझने में एड़ी-चोटी एक करनी पड़ जाएगी फिर भी कुछ हाथ नहीं लगेगा। यह नामवर जी की आलोचना शैली की खासियत रही है। नामवर जी के व्यक्तित्व का एक दूसरा पक्ष भी था। उन्होंने अपने कई योग्य-अयोग्य शिष्यों को देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में स्थापित करने का भी काम किया है। इससे उनके कृपा पात्रों की एक दीर्घ सूची बनती है। यह शिष्य हमेशा नामवर सिंह को मंच प्रदान करने का काम करते रहे और देशभर में उनकी कृपा का बखान करते रहे। इसी से नामवर सिंह वाचिक परंपरा के बेताज बादशाह बने रहे। कुछ लोगों का तो इतना तक मानना है कि अगर नामवर सिंह जेएनयू में नहीं होते और बड़े पैमाने पर अपने शिष्यों को रोजगार नहीं देते तो शायद उतने बड़े आलोचक भी नहीं बनते। इस मामले में वे अपने गुरुदेव से बहुत आगे के आलोचक थे।

पिछले वर्ष की बात है मैंने नामवर जी का एक इंटरव्यू देखा। एनडीटीवी के अमितेश कुमार ने नामवर जी का इंटरव्यू लिया था। उस इंटरव्यू में जब अमितेश ने नामवर जी से पूछा कि आजकल आप क्या पढ़ रहे हैं तो नामवर जी ने कहा था कि- मैं तुलसी के राम को समझने का प्रयास कर रहा हूं। यही मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी चूक थी कि मैंने तुलसी के 'रामचरितमानस' पर सही ढंग से काम नहीं किया। इंटरव्यू देखने के बाद मुझे एहसास हुआ कि जेएनयू में आयोजित दलित साहित्य के सेमिनार में नामवर जी ने तुलसीराम के पैर छूकर नमन करने की इच्छा व्यक्त की थी। वास्तव में वे तुलसी के राम का चरण स्पर्श करना चाहते थे।

नामवर जी सही मायने में नामवर थे!

# प्रजातंत्र में राजनीतिक दलों की भूमिका



**दीपक शर्मा**
बी.ए. (प्रोग्राम) तृतीय वर्ष

प्रजातंत्र को जीवित रखने में राजनीतिक दलों की अहम भूमिका होती है। भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में प्रजाहित में किए गए कार्यों की बदौलत आज अन्य देशों में भी प्रजातंत्र को राजतंत्र के स्थान पर अपनाया जा रहा है। हमारे देश में बहुदलीय शासन व्यवस्था है जिसमें कोई भी राजनीतिक दल चुनाव में पूर्ण बहुमत प्राप्त न करने की दशा में अन्य राजनीतिक दलों के साथ सरकार का गठन कर लेता है। सरकार में शामिल होने वाले राजनीतिक दल भी जनता के हित में कार्य कराने या संशोधन करने के लिए विवश कर देते हैं। भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा के सभी दबाव की राजनीति करते हैं। हमारे देश में विपक्ष में बैठने वाला राजनीतिक दल भी सरकार द्वारा लिए गए गलत निर्णयों को पलटने या संशोधन करने के लिए सरकार को विवश कर देता है। भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा जैसे राजनीतिक दलों के अलावा शिवसेना, टीडीपी, जेडीयू-जैसे क्षेत्रीय दल भी देश की राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। जनता दल के एच डी देवगौड़ा भी देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। राजनीतिक दलों के नेता जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि होते हैं जो लोगों की समस्याओं को संसद या विधानसभा में उठाकर सरकार का ध्यान आकर्षित करके नई योजना कार्यान्वित कराते हैं। आज आईएएस, आईपीएस जैसे विभागों से भी अधिकारी त्यागपत्र देकर राजनीति में आने के लिए लालायित रहते हैं तथा राजनीतिक दलों से जुड़कर चुनाव जीतते हैं और निष्पक्ष भाव से सरकार में शामिल होकर देश की सेवा करते हैं। राजनीतिक दलों को निस्वार्थ भाव से देश की समस्याओं जैसे-आतंकवाद, रक्षा जैसे मुद्दों पर एक राय रखनी चाहिए तथा समाज में दलित, पिछड़े वर्ग, गरीबी, स्त्रियों की दशा, बेरोजगारी, शिक्षा-जैसे मुद्दों को अग्रिम पंक्ति में रखना चाहिए। व्यक्तिगत स्वार्थों को भूल कर देश को सर्वोपरि मानना चाहिए।

> जो मनुष्य लोगों के व्यवहार से ऊबकर क्षण-प्रतिक्षण अपने मन बदलते रहते हैं वे दुर्बल हैं - उनमें आत्मबल नहीं।
>
> - सुभाषचन्द्र बोस

# तड़का



**डॉ. योगेन्द्र कुमार**
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग

दाल में तड़का लगाया जाता है-यह सभी जानते हैं। लेकिन कहीं भी तड़का लगाया जा सकता है-यह कोई भी तड़केबाज बखूबी जानता है; क्योंकि तड़का लगाकर मजे लूटना उन्हें अच्छी तरह आता है। दरअसल दाल हो या कुछ और तड़का लगाने से उसका टेस्ट बढ़ जाता है। किसी टेस्ट को और टेस्टी कैसे बनाया जाए-तड़केबाज इस में माहिर होते हैं। इसके लिए बस मौके और कुछ मसालों की जरूरत होती है। मौका मिलते ही मसाले मारकर तड़केदार डिश तैयार की जाती है। कुछ लोग तड़केदार डिश के बड़े शौकीन होते हैं। वे किसी भी दिन, महीने और मौसम की परवाह किए बगैर किसी भी प्रकार के तड़के पर टूट पड़ते हैं। तड़केबाज उनकी इस लिप्सा का फायदा उठाकर उन्हें तरह-तरह के तड़केदार डिश परोस-परोस कर अपना उल्लू सीधा करते रहते हैं। लगता है आप भी तड़का लगाने की सोच रहे हैं! लेकिन तड़का लगाना इतना आसान भी नहीं होता, वरना कोई भी तीस मार खाँ बन जाता। वैसे कोशिश तो कोई भी कर सकता है-चाहे तो आप भी कोशिश करके देख लीजिए, पर 'टेस्ट' उन्हीं के तड़के में आता है जो कुशल तड़केबाज होते हैं। यह कुशलता उन्हें यों ही नहीं मिल जाती, उनके वर्षों के 'बेहयाई परिश्रम' का परिणाम होती हैं। यदि आप किसी और फील्ड के फन में माहिर हैं तो आपका ज़मीर ज़िंदा होगा और ज़िंदा ज़मीर वाले किसी और के ज़मीर पर अत्याचार नहीं करते। इसलिए इधर से उनको निराश होना पड़ेगा। इसमें पार्ट टाइम से काम नहीं चलता, फुल टाइम लगता है। नौसिखिए को बेशर्मी की आदत डालनी पड़ती है। किसी की निंदा में अपनी प्रशंसा बड़ी चतुराई से चाय में चीनी की तरह मिलानी है तो उन्हें पास बुलाकर, पास जाकर, फुसफुसाकर, जोर देकर और ठहाके लगाकर सामने वाले को अपनी बातों से 'इंप्रेस' करना पड़ता है। जिसमें इतनी और इस प्रकार की कुशलता होगी वही एक कुशल तड़केबाज हो सकता है। एक तड़केबाज साम-दाम दंड-भेद की नीति में कुशल और निपुण होता है। पेट्टे पालना उनकी फ़ितरत होती है। आप चाहे तो यह भी कह सकते हैं कि आज का कुशल पेट्टा ही कल का कुशल तड़केबाज हो सकता है। आप चाहे तो तड़केबाज को पेट्टे की प्रौढ़ावस्था भी मान सकते हैं। पेट्टे तड़केबाज के आँख-कान की तरह होते हैं, जो उन्हें तरह-तरह की खुफिया जानकारी मुहैया कराते रहते हैं। उन्हीं जानकारियों की बदौलत तड़केबाज यह डींग हाँकने में सफल हो जाता है कि कौन, कहाँ, क्या कर रहा है? मुझे सब पता है! उनके पेट्टे बड़े पालतू किस्म के होते हैं। वे तरह-तरह के प्रलोभनों के टुकड़ों पर पलते रहते हैं। उन्हें पुचकार बहुत प्रिय होता है। पुचकार की लालच में वे अपना हित भूल जाते हैं और किसी को भी काट सकते हैं। उनकी इसी कमजोरी का फायदा उठाकर तड़केबाज समय-समय पर उन्हें पुचकार-पुचकार कर, उनकी लोभ लिप्सा की आड़ में अपने मतलबी मिशन को आगे बढ़ाता रहता है।

तड़केबाज होना सबके बस की बात नहीं। इस हुनर में वह अपना एक अनोखा व्यक्तित्व गढ़ लेता है। वह निहायत मतलबी और मौका परस्त होता है। कामचोरी, चुगलखोरी और तिकड़म बाजी उसके व्यक्तित्व की विशिष्ट पहचान होती है। किसी खास किस्म की वेशभूषा और ढोंग के महिमामंडन में वह पारंगत होता है। इन सब के मूल में उसका मतलबी मिशन क्रियाशील रहता है। वह अपने मिशन के लिए गधे को बाप और बाप को गधा बनाने में जरा भी गुरेज़ नहीं करता। अपने व्यक्तित्व की आभा से वह गिरगिट को भी मात दे सकता है। निंदा और प्रशंसा तो खैर उसकी पथ-प्रदर्शक नीति होती ही है। इस नीति में वह इतना निपुण होता है कि कहीं भी अपनी पैठ बना लेता है। संत से लेकर महंत तक और नेता से लेकर अभिनेता तक वह अपनी जुगाड़ पर्ची पहुँचा सकता है। ऐसे 'पुण्य-पुरुष' के दर्शन, वंदन और संगत से आपका कुछ हो या न हो उसका भला अवश्य होता है। आप के आजू-बाजू में या हो सकता है कि आपके अंदर भी ऐसे बाबा कुंडली मारकर बैठे हों-मैंने उनकी लाक्षणिक विशेषताएँ बता दी हैं।

अब आप अपनी अक्ल के घोड़े दौड़ा कर उसे अतिशीघ्र पहचान लीजिए। हो सकता है कि वह आपके अंदर ही हो और आप उसे बाहर इधर-उधर खोज रहे हों। मैंने तो मुश्किल से उसको पहचान लिया है-अब आपकी बारी है!

# मानव मन एवं तकनीकी



**आनंद कुमार मिश्र**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, तृतीय वर्ष

यद्यपि इस पृथ्वी पर मनुष्य को उत्पन्न हुए लाखों वर्ष व्यतीत हो चुके हैं, किंतु वास्तविक वैज्ञानिक उन्नति पिछले 200 वर्षों में ही हुई है। साहित्य में विमानों और दिव्यास्त्रों के कवित्वमय उल्लेख के अतिरिक्त कोई ऐसा प्रमाण नहीं है जिनके आधार पर सिद्ध हो सके कि प्राचीन काल में इस प्रकार की वैज्ञानिक उन्नति हुई थी। एक समय ऐसा था जब मनुष्य सृष्टि की प्रत्येक वस्तु को कौतूहलपूर्ण एवं आश्चर्यजनक समझता था। उससे भयभीत होकर ईश्वर की प्रार्थना करता था किंतु आज तकनीक ने सभी तथ्यों को उजागर कर मानव-जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन ला दिया है। आधुनिक युग में नवीन तकनीक ने विश्व में क्रांति-सी उत्पन्न कर दी है जिसके बिना मनुष्य के स्वतंत्र अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज मनुष्य धरती से परे अंतरिक्ष तक जा पहुँचा है।

आज का मानव जिसे होमोसेपियंस के नाम से जाना जाता है अफ्रीका में पैदा हुआ माना जाता है। यह आज से लगभग 75000 से 100000 वर्ष पूर्व पैदा हुआ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि अफ्रीका से अलग-अलग महाद्वीपों में मानव चला गया। जब आदिमानव ने पहली बार पत्थरों के रगड़ से निकली चिंगारी को देखा तब उसे आग जलाने की तकनीक का पता चला। यही से मानव-मन और तकनीक का शुभारंभ हुआ- 'आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है'। धीरे-धीरे आदि मानव का विकास प्रारंभ हुआ और अपनी आवश्यकता अनुसार नई-नई तकनीक से अपने जीवन को सरल बनाने का सिलसिला शुरू हो गया। अपनी सुरक्षा के लिए पत्थर के नुकीले औजार बनाना और माँस को आग में भूनकर खाना, शरीर को ढकने के लिए पेड़ के पत्ते एवं उनकी छाल का प्रयोग करना आदि। आदिमानव ने अपने मन-मस्तिष्क में उपजी तकनीक से काम करना शुरू कर दिया।

आदिमानव अपना रहने का स्थान अक्सर नदी के किनारे ही बनाता था। पहले उसने नदी को पार करने के लिए तैरना सीखा। फिर उसके मन में तकनीक सूझी और उसने नौका का निर्माण किया, परंतु जब उसे नदी के इस पार से उस पार आने जाने की अधिक आवश्यकता महसूस हुई तो उसके मन में एक नई तकनीक सूझी और उसने 'लकड़ी के पुल' का निर्माण कर दिया। धीरे-धीरे उसके विकास का सिलसिला बढ़ता गया। उसे जब किसी वस्तु की आवश्यकता महसूस हुई तो उसके मन में नई-नई तकनीक सूझती गई। पहले वह नदी से मछली पकड़ने के लिए औजार का प्रयोग करता था जिससे एक बार में एक ही मछली पकड़ पाता था। धीरे-धीरे उनके मन में एक बार बहुत सारी मछलियों को पकड़ने का विचार आया तो उसने अनेक प्रकार की तकनीक का प्रयोग करना शुरू किया।

पहले लंबी-लंबी यात्राएँ करना स्वप्न-सा लगता था। पैदल यात्रा, फिर जानवरों का प्रयोग, बैलगाड़ी, साईकिल, मोटर, बस, रेल और वायुयानों का क्रमिक विकास मानव मन और तकनीक का ही परिणाम है। पृथ्वी पर ही नहीं, आज मानव वैज्ञानिकसाधनों द्वारा चंद्रमा पर जा पहुँचा है। मानव निर्मित उपग्रह आज अंतरिक्ष में पहुँच चुके हैं।

आदिमानव की संख्या धीरे-धीरे बढ़ने लगी तो उन्होंने अलग-अलग जगहों पर समूह बनाकर रहना चाहा। फिर उन्हें एक समूह से दूसरे समूह तक सूचना पहुँचाने की आवश्यकता महसूस हुई तो पहले पशु-पक्षियों का प्रयोग किया। यह क्रम चलता रहा और आदिमानव ने आज के मानव का रूप ले लिया। सूचनाओं का

आदान-प्रदान भी तकनीकी रूप से होने लगा - टेलिफोन, टेलीग्राम, टेली प्रिंटर, टेलेक्स, फैक्स, ई-मेल आदि के द्वारा अब तो क्षण भर में एक स्थान से दूसरे स्थान तक संदेश पहुँचाया जा सकता है। रेडियो और टेलीविजन के बाद मोबाइल फोन द्वारा कुछ ही क्षणों में किसी भी समाचार को विश्व भर में प्रसारित किया जा सकता है।

पहले जब किसी प्रकार की बीमारी होती तो वह महामारी का रूप ले लेती थी। एक साथ बहुत से लोगों की मृत्यु हो जाती थी। आदिमानव जंगल से जड़ी-बूटियों का प्रयोग करता था। विकास के क्रम में मानव तकनीकी ने चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत सफलता प्राप्त की है। जिससे मृत्यु दर में बहुत कमी आई है। मलेरिया, चेचक-जैसी संक्रामक बीमारियों का इलाज संभव हो पाया है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति इतनी विकसित हो गई है कि अंधे को आँख और विकलांगों को अंग मिलना संभव हो गया है। कैंसर, टी.बी., हृदय रोग-जैसे भयंकर और प्राण घातक रोगों पर विजय पाना मानव मन और उसके द्वारा विकसित तकनीक से ही संभव हो सका है।

पहले हमारे खेत और अन्य भूमि ऊसर थे। पैदावार की कमी थी। एक ही किस्म के अनाज पैदा होते थे। खेतों की सिंचाई करना बहुत मुश्किल था। इस काम में पहले बहुत समय और बल अधिक लगता था। धीरे-धीरे जब तकनीक का विकास हुआ तो खेतों में पानी डालना बहुत आसान हो गया है। विभिन्न प्रकार के उर्वरकों, कीटनाशक दवाओं, खेती के आधुनिक साधनों तथा सिचाई संबंधी कृत्रिम व्यवस्थाओं ने खेती को अत्यंत सरल एवं लाभदायक बना दिया है।

पुरानी कहानियों में वर्णित अलादीन के चिराग का दैत्य जो काम करता था, उन्हें आज के विकसित तकनीक ने बड़ी सरलता से कर दिखाया है। रातों-रात महल खड़ा कर देना, किसी स्थान का कुछ ही समय में नक्शा बदल देना, शत्रु के नगरों की मिनटों में बर्बाद कर देना, आकाश मार्ग से उड़कर दूसरे स्थान पर चले जाना आदि तकनीक द्वारा ही संभव हुआ है।

मानव सदियों से अपने वस्तुओं की गणना करता आ रहा है। जब वस्तुएँ कम थी तो गणना आसानी से कर लेता था परंतु धीरे-धीरे वस्तुओं की संख्या बढ़ने से उसकी गणना करने में कठिनाई होने लगी। तब उसे ऐसे तकनीक की आवश्यकता पड़ी जो शीघ्र और सही गणना कर सके। इस कार्य के लिए प्राचीन समय में 'अबेकस' पहला साधन था। वर्तमान में तो अनेक प्रकार के गणना-यंत्र बना लिए गए हैं जो जटिल से जटिल गणनाओं के परिकलन अतिशीघ्र कर लेते हैं। इन सब में सर्वाधिक तीव्र, शुद्ध एवं सबसे उपयोगी गणना करने वाला यंत्र कंप्यूटर है। जिन समस्याओं का हल करने के लिए मनुष्य को कई दिन लग जाते थे, कंप्यूटर उन्हें कुछ मिनटों में ही सुलझा सकता है। आज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में कंप्यूटर का व्यापक प्रयोग हो रहा है। यह प्रश्न भी बहुत स्वाभाविक है कि क्या कंप्यूटर और मानव-मस्तिष्क की तुलना की जा सकती है और इस में श्रेष्ठ कौन है? कंप्यूटर का निर्माण भी मानव-बुद्धि के द्वारा ही संभव हुआ है। यह बात सत्य है कि मानव मस्तिष्क की अपेक्षा कंप्यूटर समस्याओं को बहुत कम समय में हल कर सकता है; किंतु वह मानवीय संवेदनाओं, अभिरुचिओं, भावनाओं और चित्त से रहित मात्र एक यंत्र है। कंप्यूटर केवल वही काम करेगा; जिसके लिए उसे निर्देशित किया गया हो। वह कोई निर्णय नहीं ले सकता और ना ही कोई नवीन बात सोच सकता है। कंप्यूटर अब सुर सजाने का काम भी करने लगा है। पाश्चात्य संगीत के स्वरांकन को कंप्यूटर पर प्रस्तुत करने में अब कोई कठिनाई नहीं होती। कंप्यूटर के माध्यम से अब संगीत शिक्षा की नई तकनीक विकसित की जा रही है। बड़े-बड़े कारखाने, ज्योतिष विद्या, विवाह-संबंध जोड़ने आदि कार्यों में कंप्यूटर का प्रयोग किया जा रहा है। महायुद्ध की तैयारी के लिए सुपर कंप्यूटर का विकास किया जा रहा है। आज कंप्यूटर हमारे जीवन के हर क्षेत्र में हमारा सहयोग कर रहा है। यह सच है कि आधुनिक तकनीक-'कंप्यूटर'-मनुष्य का एक कल्याणकारी आविष्कार है।

पहले भोजन बनाने के लिए मानव जंगल से लकड़ियाँ लाया करता था और उसे मिट्टी से बने चूल्हे का प्रयोग करता था। उससे निकलने वाले धुएँ बहुत ही जहरीले होते थे जिससे मानव स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता था। धीरे-धीरे तकनीक विकास ने गैस चूल्हे का निर्माण किया जिसका कभी भी, किसी भी समय हम बिना स्वास्थ्यनुकसान के आसानी से प्रयोग कर सकते हैं। तकनीक के विकास से आज हर मानव प्राणी के साथ-साथ पालतू जानवर भी लाभान्वित हैं। अगर कोई व्यक्ति किसी भी रूप में विकलांग है तो उसका भी जीवनयापन सरल और सुखद हुआ है। कोई व्यक्ति यदि अंधा है तो उसे भी तकनीकी संसाधन द्वारा अध्ययन-अध्यापन की सुविधा प्राप्त हुई है।

आज के समय में कॉलेज, फैक्ट्री किसी भी संस्थान, स्कूल या फिर घर ही क्यों ना हो हम उसकी देख-रेख एक जगह पर बैठे-बैठे कर सकते हैं। यहाँ तक कि अपने वाहनों की भी हम जी.पी.एस. के माध्यम से निगरानी कर सकते हैं। कॉलेज या स्कूल की लाइब्रेरी में पहले हम पुस्तकों का रिकॉर्ड रखने के लिए मोटे मोटे रजिस्टर का प्रयोग करते थे। आज कंप्यूटर के एक क्लिक से कौन सी पुस्तक कहाँ रखी है और किस लेखक की है एक मिनट में जान लेते हैं। उसी प्रकार विद्यार्थियों की डिटेल्स आदि कंप्यूटर में सुरक्षित रहती हैं। किसी भी विषय समाचार आदि की जानकारी हमें अपने मोबाइल से 24 घंटे प्राप्त होती रहती है। पहले की अपेक्षा तकनीक का विकास आज इतना ज्यादा हो चुका है कि मनुष्य ने अपने ही समान हृदयहीन मानव का निर्माण कर दिया है जिसे 'रोबोट' का नाम दिया गया है।

'रोबोट' हमारे जीवन में नई क्रांति है। यह किसी कार्य को बिना थके निरंतर कर सकता है। उसमें सिर्फ संवेदना भाव-जैसी बातें नहीं हैं। वह सभी कामों को अंजाम दे सकता है जो मनुष्य उससे करवाना चाहे।

'मन' मस्तिष्क की उस क्षमता को कहते हैं जो मनुष्य को चिंतनशक्ति, स्मरणशक्ति, निर्णयशक्ति, बुद्धि, भाव इंद्रियग्राह्यता, एकाग्रता, व्यवहार, परिज्ञान इत्यादि में सक्षम बनाती है। सामान्य भाषा में मन शरीर का वह हिस्सा या प्रक्रिया है जो किसी ज्ञातव्य को ग्रहण करने, सोचने और समझने का कार्य करता है। मानव ने जब से पृथ्वी पर अपना होश संभाला है वह नित्य-प्रति अपनी आवश्यकता अनुसार नई-नई तकनीक का निर्माण करता रहता है। मानव मन और तकनीक का संबंध मानव के जन्म से शुरू होकर मृत्यु उपरांत तक चलता रहता है। पहले शिशु जन्म लेता था तो तकनीक का विकास ना होने के कारण जच्चा और बच्चा दोनों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ती थी। परंतु आज के युग में तकनीकी विकास से सबको सुरक्षा मिली है। आज तकनीक का विकास इतना हो गया है कि मनुष्य की मृत्यु होने पर इलेक्ट्रिक तकनीक द्वारा उसके शरीर को कुछ ही क्षणों में बिना किसी प्रदूषण के जला दिया जाता है। आज जितने भी तकनीक कार्यरत हैं, वे सब मन के चिंतन का परिणाम हैं। मनुष्य आज सुख-सुविधा भोगी होता जा रहा है। वह कोई भी काम बिना अपने शरीर को कष्ट दिए पूर्ण करना चाहता है। ऊँचाई पर चढ़ने के लिए उसने सीढ़ियों का निर्माण किया परंतु समय और शक्ति की बचत के लिए उसने 'लिफ्ट' जैसी तकनीक को विकसित कर लिया। कपड़े धोने में अधिक शक्ति की आवश्यकता होती है, उसे भी 'वाशिंग मशीन' ने सरल कर दिया। जब मनुष्य ने टेलीविजन का आविष्कार किया तो सिर्फ एक या दो चैनल थे और उसे टेलीविजन में लगे बटन से ही परिवर्तित किया जाता था, परंतु आज हजारों चैनल हैं और उसका कंट्रोल हमारे हाथ में 'रिमोट' के माध्यम से है।

हमारा दैनिक जीवन तकनीकी वस्तुओं पर ही आश्रित होता चला जा रहा है। विद्युत हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग बन गई है। बिजली के पंखे, कुकिंग गैस, स्टोव, फ्रिज, कूलर, हीटर आदि के निर्माण ने मानव को सुविधा पूर्ण जीवन का वरदान दिया है। इन आविष्कारों से समय, शक्ति और धन की पर्याप्त बचत हुई है।

आधुनिक युग को परमाणु-युग कहा जाता है। जब

वैज्ञानिक उपकरणों का विकास नहीं हुआ था तो मनुष्य को छोटे-से-छोटा कार्य करने में भी कठिनाई होती थी। आज अणुशक्ति के द्वारा कृत्रिम बादलों के माध्यम से वर्षा भी कराई जा सकती है। अणुशक्ति के द्वारा मानव कल्याण संबंधी अनेक कार्य किए जा रहे हैं। शांतिपूर्ण कार्यों के लिए शक्ति का विकास किया जा रहा है। इस शक्ति से पृथ्वी और समुद्र से मूल्यवान गैस एवं खनिज प्राप्त किए जा सकते हैं।

ज्ञान के प्रसार एवं प्रचार में नई-नई तकनीक को विकसित किया जा रहा है। पहले लोगों के लेख सामान्यजन तक नहीं पहुँच पाते थे, परंतु जब छापाखाना का आविष्कार हुआ तो अखबारों के माध्यम से लोगों को तमाम सूचनाएँ मिलने लगीं। फिर पुस्तकें छपने लगीं जिनसे लोगों का ज्ञान-अर्जन बढ़ने लगा। अब ऐसा समय आ चुका है कि हम अपने मोबाइल से किसी भी पुस्तक की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सिर्फ पुस्तक ही नहीं अपितु किसी भी तरह का प्रश्न हो उसका उत्तर बहुत आसानी से कम लागत कम समय में हमारे मोबाइल से प्राप्त किया जा सकता है। नवीनतम मुद्रण-यंत्रों के आविष्कार ने प्रकाशन के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। पहले हम किसी परीक्षा के लिए बहुत दूर जाते थे। अब 'ऑनलाइन' परीक्षा के द्वारा अपने समय और धन की बचत कर लेते हैं। पहले हमें किसी पुस्तक को खरीदने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता था अब हमें घर बैठे-बैठे अपनी पसंद की पुस्तकें ऑनलाइन प्राप्त कर लेते हैं।

आज की तकनीक ने मानव समाज को विकसित और सभ्य बनाया है। उसके हर असंभव कार्य को संभव कर दिखाया है। उसे पृथ्वी से अंतरिक्ष तक की सैर कराई है। हमारे वैज्ञानिक नित्य नवीन तकनीक से हमें लाभान्वित कर रहे हैं।

तकनीक ने हमारे मानव समाज को उच्चता के शिखर पर पहुँचाया तो जरूर है, परंतु कहीं ना कहीं हमारी हानि भी हुई है। आधुनिक युग को मशीनों का युग कह सकते हैं; क्योंकि मशीनें ही उद्योगों का आधार हैं। औद्योगिकरण एक सीमा तक प्रत्येक राष्ट्र के लिए आवश्यक भी है क्योंकि उद्योगों की प्रगति के बिना किसी भी राष्ट्र का विकास संभव नहीं है। आज औद्योगीकरण की प्रगति ने ही संसार को विकसित एवं विकासशील देशों में विभक्त किया है। तकनीकीकरण को केवल सुख-सुविधाओं का जनक ही नहीं समझना चाहिए। इसके दुष्परिणाम अत्यंत भयावह हैं। प्रदूषण की समस्या, मानवीय जीवन में नैतिक मूल्यों का ह्रास, वर्ग-संघर्ष की भावना का विकास, अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्विता आदि इस प्रकार के अनेक दुष्परिणाम हमारे सामने उपस्थित हुए हैं।

तकनीक का प्रभाव मानव के विकास में लाभप्रद तो रहा है, परंतु कहीं-कहीं इसने मानव को कष्ट और पीड़ा से झकझोर भी दिया है। जितनी भी प्रकार की तकनीकी वस्तुओं का प्रयोग मानव समाज कर रहा है उससे उसे कहीं-कहीं हानि भी हो रही है। जरा-सी असावधानी होने पर वही तकनीकी वस्तु तबाही मचा देती है। विद्युत से चलने वाले यंत्र का अगर सावधानीपूर्वक प्रयोग नहीं किया गया तो उसका दुष्परिणाम तुरन्त सामने आ सकता है।

मनुष्य अपने आविष्कारों से आज स्वयं को अपराधी महसूस करने लगा है। अगर हम अपने देश को शक्तिशाली और सुरक्षित देखना चाहते हैं तो हमें मजबूरन उन सभी आधुनिक यंत्रों, जंगी जहाजों, तोप, मिसाइल आदि के साथ-साथ परमाणु बम-जैसी अत्यंत विनाशकारी हथियारों का संग्रह करना ही होगा जिनके प्रयोग से मानव सभ्यता पूर्णतः नष्ट हो सकती है। जापान-जैसे देश इसके भुक्तभोगी हैं। आज भी वहाँ की आने वाली पीढ़ी विकलांग पैदा हो रही है। उन सब बातों को लेकर मानव को स्वयं के निर्मित तकनीक पर पछतावा होता है। प्राचीन काल से लेकर सन 1962 ईस्वी में हुए चीन के आक्रमण तक भारत ने कई बार इस आवश्यकता की दुखद अनुभूति की थी। आक्रामक भाव रखने वाले दो पड़ोसी देशों के परमाणु परीक्षण संबंधी प्रयासों को देखकर भारत ने भी इस दिशा में अपने प्रयास प्रारंभ कर दिए। देश के आत्मसम्मान, गौरव, देशवासियों की सुरक्षा का भाव जागृत करने तथा

सतत रूप से प्रगति की दिशा में अग्रसर रहने के उद्देश्य से भारत भी इसमें शामिल हो गया है। आज भारत विश्व की छठी परमाणु शक्ति बनकर, एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभर कर सामने आ चुका है। इस संदर्भ में श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का यह कथन पूर्णतया उपयुक्त होगा ''हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहाँ भारत परमाणु अस्त्रों से घिरा है। कोई भी जिम्मेदार सरकार ज़मीनी सच्चाइयों की उपेक्षा कर, मात्र अमूर्त सिद्धांतों के आधार पर देश की रक्षा-नीति तैयार नहीं कर सकती है'।''

''आज हमारा वायुमंडल प्रदूषित हो चुका है, जिसकी वजह से मानव का जीवन खतरे में आ गया है। आज यूरोप के कई देशों में प्रदूषण इतना बढ़ गया है, जिसके कारण वहाँ कभी-कभी अम्ल-मिश्रित वर्षा होती है, ओस की बूँदों में भी अम्ल मिला रहता है। यदि समय रहते हमने इस तरफ ध्यान नहीं दिया तो एक दिन विश्व में संकट छा जाएगा'।

–'खनन भारती' से उद्धृत

वास्तव में तकनीकी ज्ञान और विकास से मानव का कल्याण ही हुआ है। यह तो एक शक्ति है जिसका प्रयोग अच्छे और बुरे दोनों कार्यों के लिए किया जाता है। अच्छे कार्य से मानव को अच्छा और बुरे काम से बुरा परिणाम मिलता है। तकनीकी ज्ञान का वास्तविक लक्ष्य है 'मानव हित' और 'मानव कल्याण'।

---

अध्यापक राष्ट्र की संस्कृति के चतुर मालिक होते हैं, वे संस्कारों की जड़ों में खाद देते हें और अपने श्रम से उन्हें सींच-सींच कर महाप्राण शक्तियाँ बनाते हैं।

– महर्षि अरविन्द

# भ्रष्टाचार मिटाओ, नया भारत बनाओ



**पूजा**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, तृतीय वर्ष

प्राचीन काल में हमारा देश मुसलमान आक्रमणकारियों का गुलाम बना। उनके चंगुल से छूटे भी न थे कि यहाँ अंग्रेजों का आधिपत्य हो गया। अनेक युद्ध और निरंतर संघर्ष के पश्चात देश उस गुलामी से मुक्त हुआ। धीरे-धीरे यहाँ विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति हुई। आज हम देखते हैं कि हमने प्रगति तो की है, किंतु हम स्वयं ही अपना सत्यानाश करने पर तुले हैं। देश में भ्रष्टाचार, चोरी, अनीति, जुआ-खोरी आदि बुराइयों ने अपनी जड़ें जमा ली हैं। सर्वत्र भय, आतंक और विक्षोभ का वातावरण व्याप्त है। दीर्घकालीन परतंत्रता के कारण हमारे समाज में अनेक प्रकार की कुरीतियों ने जन्म ले लिया। वही कुरीतियाँ आज हमारे सामने चुनौती बनकर खड़ी है। परिस्थितियों और नैतिक मूल्यों में बदलाव आने से भी हमारे देश में अनेक नई आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक बुराइयाँ भी उत्पन्न हो गई हैं।

समाज की आर्थिक समस्याओं के अंतर्गत भ्रष्टाचार की समस्या सुरसा की तरह मुँह फाड़े खड़ी है और समाज रूपी हनुमान को उसके जबड़ों से पार पाना है। सरकारी कार्यालयों में रिश्वत के बगैर कोई काम नहीं होता। यद्यपि रिश्वत लेना और देना दोनों कानूनी अपराध हैं। फिर भी आज लोग रिश्वत दे कर ही अपना काम भी करवाने के लिए विवश है।

''कह काका कवि, काँप रहा क्यों रिश्वत लेकर?
रिश्वत पकड़ी जाय, छूट जाए रिश्वत देकर।''

रिश्वत के कारण भ्रष्टाचार बढ़ता ही जा रहा है। भ्रष्टाचार का दूसरा रूप है-कालाबाजारी या चोर बाजारी। अधिक लाभ कमाने के लालच में व्यापारी सामान को गोदामों में छुपा कर रख लेते हैं और कृत्रिम अभाव पैदा करके ऊँचे दामों पर सामान बेचने लगते है। इस काले धन का उपयोग भ्रष्टाचार को बढ़ाने के लिए किया जाता है। इस रोग का इलाज कर पाना अत्यंत कठिन हो गया है। नैतिक, सामाजिक एवं धार्मिक मूल्यों के विपरीत किए जाने वाले आचरण ही भ्रष्टाचार है। आज सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार का साम्राज्य है। लोग अपने स्वार्थ के लिए सामाजिक एवं राष्ट्रीय हितों की उपेक्षा कर रहे हैं। यह मनोवृत्ति देश के लिए अत्यंत घातक सिद्ध हो रही है। भ्रष्टाचार का मुख्य कारण व्यक्ति की इच्छाओं एवं आवश्यकताओं में वृद्धि, जनसंख्या वृद्धि, निर्धनता, बेरोजगारी एवं चारित्रिक पतन हैं। वर्षों पहले जो समस्याएँ थीं, आज भी कमोबेश ज्यों-की-त्यों बनी हुई है। इस संदर्भ में भारतेंदु जी की पंक्तियाँ सटीक प्रतीक होती है:-

''रोवहु सब मिलीकै, आवहु भारत भाई।
हा हा! भारत-दुर्दशा न देखी जाई।''

भ्रष्टाचार के कारण देश की प्रगति अवरुद्ध हो गई है। देश का भविष्य संकट में है। भ्रष्टाचार मिटाने के लिए तत्काल प्रयास की आवश्यकता है। इसके लिए हमें इसके मुख्य कारण और निवारण पर ध्यान देना होगा। तभी एक 'नए भारत' का निर्माण होना संभव है। भ्रष्टाचार के निवारण के लिए जनसंख्या पर नियंत्रण, निर्धनता और बेरोजगारी की समाप्ति, भ्रष्टाचारियों को कठोर दंड तथा जनहित को सर्वोपरि मानने वाले नेताओं का चुनाव आदि जैसी महत्वपूर्ण बातों को समाज में प्रचारित करने की आवश्यकता है।

आवश्यकता इस बात की है कि हम भारत के नवोत्थान के लिए, प्रगति एवं विकास के लिए, समस्याओं को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में समझते हुए दूर करने का सार्थक, सश्रम यत्न करें। देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने की प्रतिज्ञा लें।

# स्वच्छ भारत : संपन्न भारत




**अमीषा सिंह**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, तृतीय वर्ष


एक बात तो सत्य है कि स्वच्छता और संपन्नता हर व्यक्ति को पसंद है। हर व्यक्ति स्वच्छ दिखना चाहता है, संपन्न होना चाहता है। प्रत्येक भारतवासी यह भी चाहता है कि उसका देश भारत स्वच्छ दिखे, संपन्न रहे, परंतु विडंबना यह है कि वह केवल चाहता है, इसके लिए खुद कदम बढ़ाना नहीं चाहता; क्योंकि अगर सचमुच हम सभी ने स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाया होता तो, हमारा देश आज पूर्ण रूप से स्वच्छ होता, परंतु अफसोस ऐसा नहीं है।

'स्वच्छता'... इस शब्द से हम सभी परिचित हैं। परंतु 2 अक्टूबर 2014 को इस शब्द से जुड़े नारे हमें ज्यादा सुनाई दे रहे हैं; जैसे - 'स्वच्छ भारत - संपन्न भारत', 'स्वच्छ भारत - स्वस्थ भारत','एक कदम स्वच्छता की ओर' आदि। 2 अक्टूबर 2014 को हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री 'श्री नरेंद्र मोदी' ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की। इसी दिन हमारे देश के राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 145 वीं जयंती थी। इस अभियान का लक्ष्य था 2 अक्टूबर 2019 तक भारत को पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाना। गाँधीजी की 150वीं जयंती पर उनके सपने को पूरा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना।

स्वयं महात्मा गाँधी जी ने कहा था कि ''स्वतंत्रता से ज्यादा स्वच्छता कहीं अधिक महत्वपूर्ण है''। भारत को अगर पूर्ण रूप से संपन्न होना है तो सबसे पहले इसका स्वच्छ होना अति आवश्यक है। 2 अक्टूबर 2019 अब ज्यादा दूर नहीं, परंतु लक्ष्य को पाना अभी भी बहुत दूर है।

कोई देश संपन्न तभी हो सकता है जब वह विकसित होने के साथ-साथ स्वच्छ भी हो। भारत आज विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, परंतु स्वच्छता में आज भी यह बहुत पीछे है।

अगर हम भारत की स्वच्छता पर ध्यान दें तो संपन्नता की ओर कुछ इस प्रकार से बढ़ सकते हैं :

पहला, अगर भारत स्वच्छ होगा तो भारत में बीमार लोगों की संख्या कम हो जाएगी, क्योंकि यह बात हर व्यक्ति जानता है कि ज्यादातर बीमारियाँ गंदगी की वजह से ही फैलती हैं।

दूसरा, ज्यादा-से-ज्यादा परिवार जब रोग मुक्त होंगें तब ज्यादातर भारतवासी खुशहाल जीवन व्यतीत करने लगेंगे जिससे भारत को खुशहाल देशों में गिना जाने लगेगा।

तीसरा, स्वच्छता की वजह से भारत में पर्यटकों के आगमन में वृद्धि होगी जिससे भारत की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी।

चौथा, स्वच्छता हर किसी को पसंद है, इसलिए स्वच्छता को देखते हुए भारत में अन्य देश निवेश करना चाहेंगे, जिससे भारत को अत्यधिक लाभ होगा।

पाँचवा, स्वच्छ भारत बनाकर हम अपने आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ, स्वस्थ और बेहतर जिंदगी देने में कामयाब होंगे।

छठा, सबसे महत्वपूर्ण बात स्वच्छता का उपहार देकर हम सब भारतवासी अपने देश को, अपनी भारत माँ को अपना एक महत्वपूर्ण योगदान देकर इस देश की मिट्टी का थोड़ा-बहुत ऋण चुकाने में गर्व का अनुभव करेंगे। इसलिए यह बात बिल्कुल सत्य है कि अगर हमें संपन्न भारत चाहिए तो सर्वप्रथम उसका स्वच्छ होना अति आवश्यक है।

'जापान' के नियम कुछ इस प्रकार हैं कि वहाँ के विद्यालयों की साफ-सफाई की जिम्मेदारी किसी सफाई कर्मचारी पर ना होकर वहाँ के विद्यार्थियों पर ही है। कितनी अजीब विडंबना है कि बचपन से ही हमें साफ-सफाई का महत्व बताया जाता है। उसे सुनकर भी हम अनसुना कर देते हैं गली-मोहल्लों और सड़कों पर कचरा फैलाते हैं और उम्मीद करते हैं, सफाई कर्मचारियों से कि वे हमारे देश को स्वच्छ बनाएँगे, ऐसा क्यों? हम खुद अगर अपने हाथ से कचरा साफ कर देंगे तो छोटे नहीं हो जाएँगे।

जापान की तरह भारत में भी ऐसे नियम बनने चाहिए, जहाँ विद्यालयों और महाविद्यालयों की साफ-सफाई की जिम्मेदारी विद्यार्थियों लें न कि केवल सफाई कर्मचारी। यह बात तो हम सब जानते हैं कि 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता'। अर्थात् केवल कुछ कर्मचारी इस विशाल देश को स्वच्छ नहीं बना सकते।

जब हर कदम स्वच्छता की ओर बढ़ेगा, तभी भारत में संपन्नता आएगी।

जिस भाषा में बहादुरी, सच्चाई और दया के लक्षण नहीं होते, उस भाषा के बोलने वाले बहादुर, सच्चे और दयावान नहीं होते।

– महात्मा गाँधी

# अरुण यह मधुमय देश हमारा।

अरुण यह मधुमय देश हमारा।
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।।
सरल तामरस गर्भ विभा पर, नाच रही तरुशिखा मनोहर।
छिटका जीवन हरियाली पर, मंगल कुंकुम सारा।।
लघु सुरधनु से पंख पसारे, शीतल मलय समीर सहारे।
उड़ते खग जिस ओर मुँह किए, समझ नीड़ निज प्यारा।।
बरसाती आँखों के बादल, बनते जहाँ भरे करुणा जल।
लहरें टकरातीं अनन्त की, पाकर जहाँ किनारा।।
हेम कुम्भ ले उषा सवेरे, भरती ढुलकाती सुख मेरे।
मंदिर ऊँघते रहते जब, जगकर रजनी भर तारा।।
अरुण यह मधुमय देश हमारा।

**–जयशंकर प्रसाद 'चन्द्रगुप्त'**

# झूला



**डॉ. रजनी जगोटा**
सह प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग

मेरा घर, उसमें बड़ी-सी खिड़की और बाहर पार्क में लगा झूला, जो स्पष्ट रूप से नजर आता है। झूला क्या! सुबह होते ही सबसे पहले जब मैं खिड़की का पर्दा हटाती हूँ तो उस पर पड़ने वाली सूर्य की पहली किरण नए दिन का संदेशा देती दिख जाती है। उस पर झूलने वाली लड़कियाँ जो कुछ 15-20 वर्ष की रही होंगी, अपने कुछ अनकहे सपनों को लिए हुए सोसाइटी के अलग-अलग मकानों में काम करती थीं। वे सब अपनी दिनचर्या में से कुछ पल चुराकर किस तरह अपने आप को खुश रखती थीं-यह देखना मेरा नियम बन गया था। जब किसी खिड़की से अचानक उनके नाम की आवाज आती तो वह लड़की तुरंत भाग जाती और उस झूले की हलचल धीरे-धीरे थम जाती।

सुबह 6-7 बजे से लेकर 10-11 बजे तक झूला थमा रहता। अब तो धोबी के बच्चे, घरों में दूध सब्जियाँ और ग्रोसरी आइटम्स पहुँचाने वाले बच्चे झूला झूल लेते थे और आकाश की ओर देखकर शायद ईश्वर के होने पर विश्वास या संदेह करते थे। कुछ पल बाद ही वहाँ से चले जाते जैसे मालिक की आवाज उसके कानों में गूँज रही हो।

जी हाँ! दोपहर हो जाती, और परिवारों के बच्चे स्कूलों से लौट आते। कुछ ही देर बाद ट्यूशन के बस्ते का बोझ उठाए झूले के पास आते और ट्यूशन के अंतराल में ही कुछ पल झूला झूल लेते। लेकिन ट्यूशन टीचर के डर से ज्यादा देर नहीं रुकते और भाग जाते। मैं खिड़की से सब नजारे देखती रहती। शाम को सैर के लिए जाती तो शिकायत मिलती कि मैं सभी तरह के लोगों को झूला झूलने से मना क्यों नहीं करती। यह तो केवल सोसाइटी के बच्चों के लिए ही है।

मैं स्तब्ध रह जाती! क्या झूला भी इन मापदंडों से बाध्य है? फिर मैं अपने निश्चय में दृढ़ हो जाती। हम सभी अपने जीवन के कुछ पल अपनी तरह से जी लें और खुशियाँ बटोर लें और खुशियाँ बाँट लें- पाबंदी कैसी?

प्रतिभा का अर्थ है बुद्धि में नई कोंपले फूटते रहना। नई कल्पना, नया उत्साह, नई खोज और नई स्फूर्ति प्रतिभा के लक्षण हैं।
\- आचार्य विनोबा भावे

# संघर्षों से उपजा आत्मबल



**डॉ. आलोक दीपक उपाध्याय**
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग

संघर्ष भरे जीवन में मन और भी साफ और सच्चा हो जाता है। उसकी सच्चाई, ईमानदारी और छल कपट रहित जीवन उसकी शक्ति को और भी प्रबल बनाता है। निष्कपट मन को यह संतोष तो रहता है कि मैंने सही सोचा, सही कहा, सही किया पर उसके छल कपट रहित व्यवहार के बदले समाज से उसे पीड़ा ही मिलती है। निराला का जीवन इसी भाव भूमि का था। जीवन भर अभावों में जीने वाले निराला का मन भावों से भरा था। तभी तो गंगा प्रसाद पाण्डेय ने उन्हें 'महाप्राण' कहा। वे विष पीकर अमृत बरसाने वाले कवि कंठ थे। जीवन के विषाद और अंधेरे को करुणा और प्रकाश में बदलने वाले अद्वितीय व्यक्तित्व थे, कुछ इस तरह.... देह वज्र से, प्राण पराग से...। ऐसे ही निराले महामानव की मृत्यु के बाद धर्मवीर भारती ने एक संस्मरण में लिखा था जिसमें उन्होंने निराला की समता पृथ्वी पर गंगा उतार कर लाने वाले भगीरथ से की थी ''भगीरथ अपने पूर्वजों के लिये गंगा लेकर आये थे निराला अपनी उत्तर पीढ़ी के लिये।'' यह कथन इसी बात को प्रमाणित करता है कि निराला का कष्ट हिंदी जाति और उससे भी बढ़कर मनुष्यता के लिये सहा गया कष्ट था। इसी प्रकार हम निराला के संदर्भ में भगीरथ को याद करें या ग्रीक लीजेंडरी देवता प्रमेथियस को तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है। प्रमेथियस मानव जाति के जन्मदाता थे जिन्होंने अन्याय के खिलाफ न्याय के पक्ष में इंसानियत का साथ दिया। निराला की साहित्य साधना के तप में ऐसे ही जीवन संघर्ष भरे हैं। अपने जीवन में प्रतिदिन वेदना सहने वाला यह कवि अंधकार को प्रकाश से भरता रहा, चाहे भले ही अपमान तथा उपेक्षा के दुःखों ने उसके अंतस को भर दिया हो..

बाहर मैं कर दिया गया हूँ।
भीतर, पर, भर दिया गया हूँ।

निराला की अपनी व्यक्तिगत पीड़ा तो थी ही उसके बाद भी वे दुनिया के क्रूर छल और अपमान को सहते रहे लेकिन कभी कटु नहीं हुये। ऐसे संघर्ष भरे जीवन को अपना प्रारब्ध मान कर विष पीते रहे....

जनता के हृदय जिया
जीवन विष विषम पिया।

निराला ने हिंदी समाज के जिस विष को पिया उसे उन्होंने अमृत में बदलकर कालजयी रचना का वरदान दिया। 1923 में जब कलकत्ता से 'मतवाला' का प्रकाशन, हुआ उस समय निराला ने उसके कवर पेज पर अपने इस भाव को कुछ इस तरह व्यक्त करते हुये लिखा...

अमिय गरल शशि सीकर रविकर राग- विराग भरा प्याला,
पीते हैं जो साधक उनका प्यारा है यह मतवाला।

निराला के जीवन संघर्ष में उनका उदात्त व्यक्तित्व एक कवि योद्धा का ही नहीं था बल्कि एक ओजमयी पुरुषत्व का भी था जो अपने साथ साथ चलने वाले संघर्षों से नित ऊर्जा ग्रहण करता रहा। निराला की कविताओं में एक तरफ आनंद का अमृत है तो दूसरी तरफ वेदना का विष।

संघर्ष और वेदना का ऐसा सम्मिश्रण कि आगे चलकर वह ओजपूर्ण आत्मबल में प्रतिफलित हो जाये और जीवन संचित वह वेदनामयी घनीभूत पीड़ा शक्ति में रूपांतरित होकर स्फुलिंग वाणों की वर्षा करने लगे। शायद इसीलिये जयशंकर प्रसाद की ये पंक्तियाँ निराला

को बहुत प्रिय थीं..........

चढ़ कर मेरे जीवन - रथ पर,
प्रलय चल रहा अपने पथ पर।
मैंने निज दुर्बल पद - बल पर,
उससे हारी होड़ लगाई।
...आह! वेदना मिली विदाई!

वैसे तो बतौर कवि, कहानीकार, उपन्यासकार निराला ने साहित्य जगत को अनमोल कृतियाँ दीं पर उनके औदात्य पूर्ण व्यक्तिव का प्रतिफलन उनकी तीन कालजयी रचना 'तुलसीदास'', 'सरोज स्मृति' और 'राम की शक्ति पूजा' में पूरी तरह निखर कर आया है।



निराला की एक विलक्षण कला थी जो अन्य आधुनिक कवियों में नही पायी जाती...वह है भावना की ऊर्जा का अन्य भाव भूमि में रूपांतरण! यही कारण है कि निराला ने अपने मन की वेदना को शक्ति का वरदान बना लिया इसीलिये पीड़ा के घनीभूत भावों की अभिव्यजना एक ही मानसिक धरातल पर हुई- भले ही कथा और प्रसंग अलग अलग रहे हों। तुलसीदास का रत्नावली के प्रति प्रेम, सूर्यकांत का स्वर्गीया पत्नी मनोहरा देवी के प्रति प्रेम, एक पिता का दिवंगत पुत्री के प्रति अगाध स्नेह, साहित्यिक समाज के द्वारा मिलता तिरस्कार और स्वयं की अभावों में जीने की वह स्वाभिमानी दिनचर्या- किस तरह निराला का आत्मबल बन कर काव्य शक्ति पुंज बिखेरती गयी वह किसी अन्य आधुनिक कवि में नहीं दिखाई देती। आधुनिक कविता का आंदोलन तो एक बौद्धिक आस्वाद का रहा पर निराला की काव्य रचना जन भावना के हृदय का स्थायी भाव बन गयी। उसी तरह जिस तरह आम जन के हृदय में तुलसी रच बस गये। साहित्य वही अमर होता है जो आम जन भावना को स्पर्श करता है।

'तुलसीदास'... निराला का एक अंतर्मुखी काव्य है जिसमें तुलसी के मानसिक संघर्ष को कवि ने काव्यात्मक उत्कर्ष तक पहुँचाया। तुलदीदास की रत्नावली के प्रति आसक्ति और उनके सारे प्रेम की ऊर्जा राम भक्ति के रूप में बहने लगी जिसमें पूरा का पूरा हिन्दू समाज नित अवगाहन करने लगा। निराला को तुलसी इसीलिये भा गये क्योंकि निराला की मन: स्थिति तुलसी से अनुप्राणित थी। तुलसी के रत्नावली वियोग में उन्हें मनोहरा देवी के विछोह की पीड़ा की अनुभूति हुई। तुलसीदास का रत्नावली प्रेम निराला को उतना ही घना लगा जितना उनका स्वयं का मनोहरा देवी के प्रति प्रेम। दूसरी तरफ इस्लाम के आगमन से देश में जो सांस्कृतिक संकट छाया था उस संकट की चिंता भी निराला को उद्वेलित कर रही थी...इसी संदर्भ में उन्होंने भारत शब्द की कल्पना अपने शब्दों में बड़े उदात्त रूप में की जो अपने शब्दार्थ में ही ज्ञानमय है। 'भा' अर्थात **प्रकाश** और **'भारत'** अर्थात **प्रकाशवान**। उनकी कविता 'तुलसीदास' में इसी ज्ञानमय भारत का सूर्य अस्त होते दिखायी देता है जो निराला की चिंता का कारण है। कविता का प्रारम्भ तत्कालीन भारत के सांस्कृतिक ह्रास की चिंता से संबंधित है। मुगल साम्राज्य की स्थापना और इस्लाम के प्रभाव से उपजा सांस्कृतिक संकट 'तुलसीदास' के मूल में है...

भारत के नभ के प्रभापूर्व
शीतलाच्छाय सांस्कृतिक सूर्य

निराला के मन को राम का संस्कार देने वाले तुलसी ही हैं इसीलिये वे भगवान राम को अपना नायक बनाने के पूर्व राम भक्त तुलसी को अपनी कविता का नायक बना कर पहले 'तुलसीदास' रचते हैं और फिर बाद में 'राम की शक्ति पूजा' की रचना करते हैं। राम के लिये जिस 'राजीव नयन' विशेषण का प्रयोग निराला करते हैं वह विशेषण तुलसी को भी बहुत प्रिय था...

'कहती थी माता मुझे सदा राजीवनयन!'

निराला मर्यादा पुरषोत्तम राम के जीवन से बहुत प्रेरित थे। वही प्रेरणा तुलसीदास की काव्यभूमि और राम की शक्ति पूजा की सर्जना का परिणाम थी जहाँ तुलसीदास मोह से मुक्त नहीं हो पा रहे थे वहीं निराला भी मोह की स्मृतियों में घनीभूत पीड़ा संचित कर रहे थे। स्मृतियों से बहुत ताकत मिलती है जिसमें पुत्री सरोज पिता निराला की ताकत थी। 'सरोज' न होती तो 'स्मृति' न होती और 'स्मृति' न होती तो शक्ति न होती जो राम की शक्ति पूजा में प्रहार करती है। 'सरोज स्मृति' में कवि के व्यक्तिगत जीवन का संघर्ष है तो राम की शक्ति पूजा में पौराणिक संघर्ष है जिसमें निराला के व्यक्तिगत जीवन के संघर्ष सूक्ष्मता से छिपे हुये हैं। शक्ति पूजा के राम स्वयं निराला ही हैं जो राम बनकर वे सब कुछ कहते, सहते और लड़ते चलते हैं जिसे निराला अपने वास्तविक जीवन में जीते आये हैं। इन दोनों संघर्षों के अंत: संबंध कवि की घनीभूत भावभूमि से जुड़े हैं। एक में पिता अपनी दिवंगत पुत्री के बहाने आँसुओं को पीता है, फिर भी जीता है....

दुःख ही जीवन की कथा रही,
क्या कहूँ आज, जो नहीं कही।

तो दूसरी में राम बनकर घनीभूत हो गये उन्हीं आँसुओं की शक्ति से रावण पर प्रहार करता है और फिर वही आँसू जो पी लिये गये थे शक्तिपूजा में घोर विकराल समुद्र बनकर गर्जना करने लगते हैं...

अप्रतिहत गरज रहा पीछे अम्बुधि विशाल,
भूधर ज्यों ध्यान - मग्न, केवल जलती मशाल।

तुलसीदास में निराला का मानसिक द्वन्द है तो बाद की दोनों कविताओं में आर्थिक और सामाजिक द्वन्द्व है जिसकी परिणति पौराणिक पात्र मर्यादा पुरुषोत्तम राम की मनःस्थिति के साथ होती है। वे राम निराला के लौकिक राम हैं न कि पारलौकिक। वे राम संघर्ष भी करते हैं, संशय भी धरते हैं, रोते भी हैं और फिर प्रहार कर विजयी भी बनते हैं। उनके मन का अवसाद संकट से जूझने का शक्तिपुंज भी धारण किये रहता है। करुणा और कठोरता, शृंगार और शौर्य दोनों कविताओं में समानांतर रूप से हैं। जहाँ करुणा होगी वहीं कठोरता होगी और जहाँ शृंगार होगा वहीं शौर्य भी होगा। 'सरोज स्मृति' की करुणा और सौंदर्य राम की शक्ति पूजा के शौर्य और कठोरता में परिणत हुआ है। पिता का वह भावुक मन 'राम की शक्ति पूजा' में एक संघर्षशील योद्धा के रूप में परिवर्तित हुआ है। एक में पिता चुपचाप सब कुछ सहन करता हुआ दिखाई पड़ता है जिसमें वह साहित्यिक और पारिवारिक संघर्ष करते-करते अभावों से साक्षात्कार करता है तो दूसरे में पुत्री के मोह से उपजी अंतहीन पीड़ा में जीता है...

एक साथ जब शत घात घूर्ण
आते थे मुझ पर तूल तूर्ण
देखता रहा मैं खड़ा अपल
वह शरक्षेप, वह रण - कौशल।

पर राम की शक्ति पूजा में वे शरक्षेप, रण - कौशल देखते ही नहीं रहते, प्रहार भी करते हैं...

विच्छुरितवह्नि - राजीव नयन - हत लक्ष्य - बाण
लोहित लोचन - रावण - मद मोचन - महीयान

यह निराला ही हैं जो अपने जीवन मे इतने दृढ़ प्रतिज्ञ हैं। सत्कर्मों पर चल कठिन से कठिन परिस्थितियों में हर प्रहार का सामना करने में उद्यत हैं। अपने अंदर राम के संघर्ष को और राम के अंदर अपने संघर्ष को देखते हैं। पूरे हिंदी साहित्य में राम के व्यक्तित्व को अपने संघर्षों में ढाल कर उनको लौकिक धरातल पर ला कर खड़ा कर देने वाले महामानव निराला ही हो

सकते हैं- और कोई दूसरा नहीं। तभी तो उनके मन में उठने वाला संशय और वह जीवन- जहाँ प्रतिकूल परिस्थितियाँ रह-रह कर हराने का भय देने लगती हैं.. .वे हार जाती हैं और निराला जीत जाते हैं।

स्थिर राघवेंद्र को हिला रहा फिर फिर संशय,
रह रह उठता जग जीवन में रावण- जय - भय।

उनके जीवन में अनवरत संघर्ष चल रहा है...एक में पिता के संघर्ष में पुत्री है तो दूसरे में पति के संघर्ष में पत्नी। इन संघर्षों के केंद्र में वह सरोज ही है जो पिता को अपने जीवन संघर्ष में लड़ने की शक्ति प्रदान करती है....

गीते मेरी तज रूप नाम
वर लिया अमर शाश्वत विराम।

दूसरी तरफ से संशय और संघर्ष के द्वन्द में राम की प्रेरणा बनती हैं सीता....

देखते हुये निष्पलक,
याद आया उपवन, विदेह का
प्रथम स्नेह का लतान्तराल मिलन।

जिस प्रकार निराला आजीवन अपने विरुद्ध हो चले साहित्यिक परिवेश में पुत्री के मासूम मुख को देख कर ही संपादकों, आलोचकों और विरोधियों के तिरस्कार भरे अपमान को सहते रहे....

तू सवा साल की जब कोमल
पहचान रही ज्ञान में चपल
माँ का मुँख, हो चुम्बित क्षण-क्षण
भरती जीवन में नव जीवन।

उसी प्रकार निराला के राम भी युद्ध के परिणाम की आशंका से विचलित होते हैं...क्या होगा युद्ध में...परास्त होने की भावना बार- बार विचलित कर जाती है पर सहसा इसी अवसाद और निराशापूर्ण मनः स्थिति के क्षणों में राम को सीता का स्मरण हो उठता है, फिर क्या था!

सिहरा तन क्षण भर भुला मन, लहरा समस्त,
हर धनुर्भग को पुनर्वार ज्यो उठा हस्त,
फूटी स्मित सीता-ध्यान लीन राम अधर।

सरोज स्मृति की वह व्यथास्मृति पिता के हृदय में निरंतर पीड़ा ही पहुँचाती रहती है जो व्यक्त कर देने से ही शायद कुछ कम हो जाती हो...

धन्ये मैं पिता निरर्थक था,
कुछ भी तेरे हित न कर सका।
शुचिते, पहनाकर चीनांशुक
रख सका न तुझे अन्तः दधिमुख।

यह वेदना का हाहाकार ही है जिसमें दिवंगत पुत्री के लिये तड़प भरी छटपटाहट है। एक पिता के द्वारा अपने दायित्वों को न निभा पाने की कसक है। हाहाकार मचाते हुये व्याकुल हृदय से निकली हुई, आँखों से बह कर आई हुई वह भावांजलि है जो हिंदी साहित्य में अब तक मात्र निराला ने मात्र सरोज को दी है।

कवि की यही मनोभूमि राम की शक्ति पूजा में राम के मार्मिक उदगार के रूप में इस तरह व्यक्त होती है जिसमें निराला की व्यथा भावसूक्ष्मता से अंतर्निहित होकर अपने आप को धिक्कार रही है ...

धिक! जीवन को जो पाता ही आया विरोध,
धिक! साधन जिसके लिये सदा ही किया शोध
जानकी! हाय उद्धार प्रिया का हो न सका।
वह एक मन रहा राम का जो न थका।

पिता और पति के मौन अवसाद भरे मन में तर्पण और अपने आप को धिक्कारने की वेदना यही सोचती है कि भला कुछ तो दुःख कम हो, कुछ तो सन्तोष मिले। तभी स्मृतियाँ कह उठती हैं, हे पुत्री! अपने पिछले सभी जन्मों के पुण्य कार्यों के फल को जलांजलि के रूप में मैं तुझे अर्पित कर रहा हूँ। यही मेरा तेरे लिये तर्पण है....

कन्ये गत कर्मों का अर्पण
कर करता मैं तेरा तर्पण

पर इसी तर्पण में प्रहार की शक्ति छिपी है। राम की शक्ति पूजा में निराला ने राम का जो चित्र खिंचा है

वह वास्तव में उनका अपना ही रेखांकन है....

दृढ़ जटा - मुकुट हो विपर्यस्त प्रतिलट से खुल
फैला पृष्ठ पर बाहुओं पर वक्ष पर विपुल।

निराला की विवशता राम के रूप में तब दिखाई देती है जब राम को यह आभास होता है कि 'अन्याय जिधर, है उधर शक्ति'। फिर आज का वह समर क्षेत्र याद आने लगता है जब राम ने अपने वाणों की व्यर्थता देखी और यह भी देखा कि प्रतिपक्ष को कोई अज्ञात संरक्षण मिल रहा है। तभी राम को रावण का क्रूर अट्टहास सुनाई देता है और सजल भावित नेत्रों से अश्रु टपक पड़ते हैं:-

....फिर सुना - हँस रहा
अट्हास रावण खल खल
भावित नयनों से सजल गिरे दो मुक्तादाल।

शक्ति पूजा में हनुमान का आगमन ऊर्जा शक्ति को और बढाने वाला होता है जिसके संस्कार से निराला अनुप्राणित होते हैं। जिसके कारण वे जीवन संघर्ष में टूटते नहीं बल्कि जूझते हैं।

निराला की जीवन भर की विवशता को हम जाम्बवान से कहे गये राम के इस अधीर वचन में देख सकते हैं...

मित्रवर विजय होगी न समर.....
अन्याय जिधर, है उधर शक्ति! कहते छल - छल
हो गये नयन, कुछ बूँद पुनः ढलके दृगजल।

सत्य और असत्य, अन्याय और न्याय का यह विचित्र समीकरण निराला आजीवन सहते रहे पर उनकी इच्छाशक्ति और आत्मबल धर्म और अधर्म के बीच के संघर्ष में तमाम अवरोधों के बाद भी विजयी होता गया। यह कहने के बाद भी कि...दुःख ही जीवन की कथा रही...निराला उस दुःख से भयभीत नहीं होते बल्कि उससे लड़ने की दुगनी शक्ति बटोर लेते हैं। यह निराला के धैर्य और साहस की पराकाष्ठा है। 'राम की शक्तिपूजा' में जाम्बवान राम से शक्ति की मौलिक कल्पना करने को कहते हैं उस शक्ति की मौलिक कल्पना वास्तव में निराला की अपनी ही है। वे अपने संघर्षों में उस पर विजय पाने के लिए संघर्षरत हो जाते हैं और उसी जाम्बवान से यह भी कहलवा देते हैं...

विचलित होने का नहीं देखता मैं कारण,
हे पुरुष सिंह, तुम भी यह शक्ति करो धारण,
आराधन का दृढ़ आराधन से दो उत्तर,
तुम वरो विजय संयत प्राणों से प्राणों पर।

फिर इस आराधन की परिणति राम के द्वारा रावण पर विजय का संकेत देती है। कुछ इस तरह निराला की भावभूमि जीवन के वास्तविक संघर्ष के बीच से ही ऊर्जा ग्रहण करती चलती है जो उनके अदम्य साहस और दृढ़ आत्मबल को शक्ति से भर देती है और फिर संशय में निराशा नहीं जय का उद्घोष हो उठता है...

होगी जय होगी जय, हे पुरुषोत्तम नवीन!
कह महाशक्ति राम के वदन में हुई लीन।

जितना कठिन संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी।
- विवेकानंद

# विद्यार्थी जीवन




**राहुल**

बी.एस.सी. (विशेष) गणित, द्वितीय वर्ष


यों तो घड़ी की सूइयाँ, कैलेंडर के पन्ने और विद्यार्थी का जीवन एक ही जीवन शैली का अनुसरण करते हैं—निरंतर चलते रहना। विद्यार्थी वह मनुष्य है जो सीख रहा है, जो कुछ सीखने की चाह रखता है। किताबें कहती हैं कि विद्यार्थी जीवन 5 वर्ष की आयु से आरंभ होता है-जब जिज्ञासाएँ पनपती हैं, ज्ञान पिपासा तीव्र उठती हैं और भी न जाने क्या-क्या। परंतु असल में देखा जाए तो एक शिशु के जन्म से ही उसका विद्यार्थी जीवन काल भी आरंभ हो जाता हैं। दूध पीना सीखने से लेकर धीरे-धीरे बैठना, खड़ा होना, लोगों को पहचानना चलना आदि एक तरह से ज्ञान अर्जन ही तो है जो वृद्धावस्था तक चलता रहता है। कहते हैं कि उम्र के साथ साथ ज्ञान और बुद्धि का भी विकास होता है। माना जाता है कि व्यक्ति जितना वृद्ध होता जाता है उतना समझदार और अनुभवी होता जाता है। परिवार के सबसे वृद्ध व्यक्ति को सर्वश्रेष्ठ एवं बुद्धिमान माना जाता है परंतु कभी-कभार उनके पोते पोती भी कुछ ऐसा सिखा देते हैं जिसके बारे में उन्होंने पूरे जीवन में कभी सोचा भी नहीं होता। उदाहरण के लिए नई पीढ़ी के बच्चे अपने दादा दादी को मोबाइल फोन चलाना सिखाते हैं। विद्यार्थी जीवन तब तक चलता है जब तक मनुष्य कुछ नया सीखने की चाह रखता है।

'विद्या' केवल पुस्तकों में नहीं होती। ज्ञान की बातें केवल गुरुजनों के मुखारविन्द से ही नहीं निकलती। ज्ञान तो झरने के जल की तरह प्रवाहमान रहता है। विद्यार्थी जीवन इस प्रवाहमान जल को पीते रहने का नाम है। खेल का मैदान हो, वाद-विवाद का समय हो या भ्रमण का अवसर। हमारे निजी जीवन के अनुभव एवं ज्ञान सर्वत्र भरा होता हैं। विद्यार्थी जीवन इन भाँति-भाँति रूपों में बिखरे ज्ञान को समेटने का नाम है विद्यार्थी को एक बंजारे की तरह होना चाहिए। जिस प्रकार बंजारे एक जगह नहीं ठहरते, कुछ अंतराल के लिए एक जगह पर डेरा डालकर उस जगह से उन्हें जो प्राप्त होता है उसे ग्रहण कर किसी दूसरे स्थान, नए काम, नई जगह की खोज में निकल पड़ते हैं उसी प्रकार विद्यार्थी को भी एक जगह से ज्ञान अर्जित कर अच्छे बुरे अनुभवों से सीख लेकर नए अनुभवों और ज्यादा ज्ञान की तलाश में आगे बढ़ जाना चाहिए। अनुभवों को पकड़ कर अपने जीवन को उसी में समेट नहीं लेना चाहिए।

वैसे तो जीवन का हर पल एक जिज्ञासु और समर्पित विद्यार्थी के लिए एक नई सीख हैं, परंतु यह कॉलेज जीवन का दौर एक अलग ही मायने रखता है। यहाँ पढ़ाई के साथ-साथ छात्र अन्य गतिविधियों में भी व्यस्त रहता है। यही वह समय है जहाँ एक छात्र के जीवन का वास्तविक अर्थ एवं लक्ष्य-दोनों की नींव रखी जाती है। अतः इस समय को समझना एवं इसका सदुपयोग करना प्रत्येक छात्र का कर्त्तव्य है।

> विद्यार्थियों का जीवन- लक्ष्य न केवल परीक्षा में उत्तीर्ण होना, स्वर्ण पदक प्राप्त करना है अपितु देश सेवा की क्षमता एवं योग्यता भी है।
>
> – नेताजी सुभाषचन्द्र बोस

# सैनिक का संदेश



**अमित कुमार**
बी.ए. (विशेष) अर्थशास्त्र, द्वितीय वर्ष

सोचा था देश के लिए बहुत कुछ करेंगे पर अफसोस कुछ न कर पाए। अपने ही देश को गद्दारों के हाथों से बचा न पाए!

जिंदगी की जंग हार गए। लड़ने के लिए सरहद पर निकले पर अपने ही देश को महफूज न रख पाए। आँख खोलकर देखा तो दृश्य ही बदल गया!

सब तरफ खामोशी-सी छाई थी। ना जाने कैसे एक फौजी की जिंदगी में उदासी सी छाई थी। पर परिवार और देश सभी शर्मिंदा थे। आँखों में नमी थी और दिल भर आया था।

हर मां अपने लाल को पुकार रही थी। पर मैं चाह कर भी ना उठ पाया। वादे तो बहुत से किए थे, पर, अफसोस उनमें से एक भी न निभा पाया। बीज बो गए, हर युवा के दिल और दिमाग में नफरत के बीज!

अफसोस बहुत होता है मुझे मेरी जिंदगी पर कि धरती माँ की सेवा न कर पाया। वादा करता हूँ अगले जन्म भी इस माँ का सपूत बनकर आऊँगा!

# हिंदी का विकास : देश का विकास



**बृजेश कुमार**
बी.ए. (विशेष) राजनीति शास्त्र, द्वितीय वर्ष

आंकड़ों की मानें तो भारत में हिंदी बोलने और समझने वालों की संख्या 50 करोड़ से अधिक है। अब तो गैजेट संसार भी हिंदी बोलने लगा है। अगर आप सोचते हैं कि अंग्रेजी के आगे हिंदी का क्या काम तो एक बार फिर सोचिए भले ही हर व्यक्ति अंग्रेजी सीखने के लिए लालायित है पर यह सोच देश की एक विशाल पट्टी हिंदी में ही फैली है।

मनोरंजन जगत हो या साहित्य की दुनिया हिंदी के बाजार की ताकत नें विदेशी मनोरंजन वाले चैनलों, हॉलीवुड फिल्मों, अंग्रेजी लेखक और निर्देशकों को हिंदी के चरणों में ला खड़ा किया है। जिस उदारीकरण को हिंदी के लिए खतरा माना जा रहा था उसी ने हिंदी को नए पंख देने का काम किया है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि हिंदी एक ज्ञानदार भाषा है। वह जितनी बढ़ेगी देश का उतना ही शानदार विकास होगा। आंकड़ों की मानें तो भारत में हिंदी समझने और बोलने वालों की संख्या 50 करोड़ से अधिक है। भारत के पड़ोसी देशों जैसे नेपाल, भूटान, पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान में भी हिंदी समझने वाले अधिक हैं। हिंदी के बढ़ते बाजार की ही ताकत है जिसकी वजह से ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया व चीन में छात्र-छात्राएं हिंदी सीखते हुए देखे जा सकते हैं। अमेरिका में जहां 48 विश्वविद्यालयों और 75 कॉलेजों में हिंदी पढ़ाई जा रही है, वहीं चीन में हिंदी सीखने के लिए लोग कोचिंग सेंटरों की शरण में जा रहे हैं। देश का 60% बाजार हिंदी बोलने वालों का है। हिंदी डिजिटल मीडिया के अनुकूल बनकर अब आम लोगों तक पहुंच गई है। मोबाइल से लेकर एटीएम मशीनों तक में हिंदी भाषा चुनने का विकल्प लोगों के पास है। अगर हिंदी का विकास होगा तो देश का विकास निश्चित ही होगा।

# कृष्णा सोबती



**भारत पवार**
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग

प्रसिद्ध साहित्यकार, साहित्य अकादमी और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित लेखिका कृष्णा सोबती का निधन हाल ही में 25 जनवरी, 2019 को हुआ। सोबती जी ने 94 वर्ष की उम्र में साहित्य जगत से विदा ली। कृष्णा सोबती जी ने उपन्यासों के साथ-साथ कहानी, संस्मरण और यात्रा आख्यानों की भी रचना की और लंबे समय तक अपने लेखन के माध्यम से हिन्दी साहित्य को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे में सोबती जी का निधन हिन्दी साहित्य जगत की एक अपूर्णीय क्षति है।

साहित्य में विश्वसनीय उपस्थिति के साथ कृष्णा सोबती अपनी संयमित अभिव्यक्ति और सुंदर रचनात्मकता के लिए जानी जाती है। कम लिखने को वह अपना परिचय मानती हैं। उनका कम लिखना दरअसल विशिष्ट लिखना है। अपनी लंबी साहित्यिक यात्रा में कृष्णा सोबती ने अपनी क्षमताओं को बढ़ाया। इन्होंने अपने उपन्यासों में स्त्री जीवन की परतों को बहुत संजीदगी और खुलेपन से लिया और अपनी रचनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और स्त्री जीवन की जटिलताओं का बेहद यथार्थपूर्ण ढंग से वर्णन किया। साहित्य के माध्यम से समाज को जागृत करने वाली सोबती जी राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर अपनी मुखर राय के लिए भी जानी जाती हैं।

उनके द्वारा रचे गए उपन्यास 'मित्रों मरजानी' को हिन्दी साहित्य में महिला मन के अनुसार लिखी गई 'बोल्ड' रचनाओं में गिना जाता है। यह ऐसा उपन्यास है जो अपने अनूठे कथा शिल्प के कारण चर्चा में आया। इस उपन्यास के द्वारा कृष्णा सोबती ने ऐसे किरदार को गढ़ा, जो इससे पहले हिन्दी साहित्य में मौजूद नहीं था। एक आम मध्यवर्गीय परिवार की बेबाक लड़की 'मित्रो' जिसकी शारीरिक जरूरतें उसका पति पूरा नहीं कर पाता और वह अपनी खीझ अपने तानो के माध्यम से निकालती है। कृष्णा सोबती ने 'मित्रो' के रूप में ऐसा चरित्र समाज और साहित्य को दिया जो खुद से प्यार करता है और अपनी इच्छाओं को पूरा करने में संकोच नहीं करता। 'मित्रो' बेबाकी से बोलती है और अपने अधिकारों के लिए लड़ती है। 1966 में रचित उपन्यास 'मित्रों मरजानी' के प्रकाशन के पश्चात साहित्य जगत में कृष्णा सोबती की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी।

कृष्णा सोबती के उपन्यास 'जिंदगीनामा' को हिन्दी साहित्य की कालजयी रचनाओं में से एक माना जाता है। 18 फरवरी, 1925 को गुजरात में जन्मी कृष्णा सोबती को उनके उपन्यास 'जिंदगीनामा' के लिए 1980 में 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। इस उपन्यास में न कोई नायक है और न ही कोई खलनायक। उपन्यास में बादशाह और फकीर, शहंशाह दरवेश और किसान एक साथ खेत की मुंडेर पर खड़े मिलते हैं।

1993 में रचित उपन्यास 'दिलो-दानिश' की कथा के माध्यम से सोबती जी ने बीसवीं शताब्दी के वक्त को समेटने की कोशिश की है। सन् 2017 में भारतीय साहित्य में अमूल्य योगदान के लिए कृष्णा सोबती को 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया। सोबती जी अपने जीवन के आखिरी लम्हों तक साहित्यिक कार्यों से जुड़ी रहीं। उनकी जीवन्तता का प्रमाण इस बात से मिलता है की अपने खराब स्वास्थ्य के बावजूद सोबती जी ने अपनी पुस्तक का विमोचन अस्पताल से ही किया। कृष्णा सोबती के कालजयी रचनाओं में 'मित्रों मरजानी' (1966), 'सूरजमुखी अंधेरे के' (1972), 'जिंदगीनामा' (1979), 'ऐ लड़की' (1991), 'दिलो दानिश' (1993) का नाम उल्लेखनीय है।

# नामवर सिंह



**राजेश्वर कुमार**
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग

नामवर सिंह अब हमारे मध्य नहीं रहे। लगभग 92 वर्ष की अवस्था में उन्होंने हमसे विदा ली। एक लंबे समय तक आलोचना की 'नामवर दृष्टि' ने हिंदी साहित्य के प्रतिमान निर्मित किए हैं। ऐसे में नामवर जी का निधन हिंदी आलोचना की दुनिया में एक बड़ी क्षति है।

नामवर सिंह आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के प्रिय शिष्य रहे हैं और यही कारण है कि नामवर जी को आचार्य रामचंद्र शुक्ल की तुलना में हजारी प्रसाद द्विवेदी ज्यादा आकृष्ट करते हैं। निसंदेह रामचंद्र शुक्ल हिंदी के पहले बड़े एवं व्यवस्थित आलोचक हैं। उनकी आलोचनात्मक दृष्टि सर्वाधिक वैज्ञानिक एवं स्पष्ट है परंतु नामवर सिंह आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के माध्यम से हिंदी आलोचना में दूसरी परंपरा का अन्वेषण करते नजर आते हैं। इस प्रकार एक परंपरा रामचंद्र शुक्ल और रामविलास शर्मा की बनती है, तो दूसरी परंपरा हजारी प्रसाद द्विवेदी एवं नामवर सिंह की। नामवर सिंह एक बड़े योद्धा थे। बड़े योद्धा इसलिए कि उन्होंने कई मोर्चों पर बौद्धिक युद्ध को लड़ा है। उनके गुरुवर आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी को मुख्यत: रामचंद्र शुक्ल की स्थापनाओं से संघर्ष करना पड़ा। लेकिन इन्हें तो एक मोर्चे पर रामविलास शर्मा दूसरे मोर्चे पर विजयदेव नारायण साही और तीसरे मोर्चे पर अपने गुरुवर की श्रेष्ठता को स्थापित करने हेतु स्वयं रामचंद्र शुक्ल की आलोचनात्मक स्थापना से भी टकराना पड़ा है। इसमें वे कितने सफल हुए यह अलग विवेचना का विषय है।

योद्धा का संबंध युद्ध से होता है और युद्ध में विजय के लिए सब कुछ जायज माना गया है। नामवर सिंह भी हिंदी आलोचना के योद्धा थे। अपने मत को स्थापित करने के लिए उन्हें किसी भी तर्क से परहेज नहीं था। साहित्यिक वाद-विवाद में नामवर सिंह जितना लिखकर अपना तर्क प्रस्तुत करते थे उससे ज्यादा वे विभिन्न मंचों से बोल कर अपने तर्कों की वैज्ञानिकता पुष्ट करते थे। यही कारण है कि कुछ लोग उन्हें वाचिक परंपरा का आलोचक मानते हैं।

नामवर सिंह का नाम तो बहुत पहले से सुन रखा था, परंतु पहली बार जेएनयू में उनसे मिलने का मौका मिला और वह भी एक शिक्षक के रूप में। हमें 'जायसी' पढ़ाने आए थे। लंबे कद और गठीले शरीर वाले नामवर जी बिना कॉलर वाला कुर्ता और महीन कपड़े की धोती पहने जब कक्षा में प्रविष्ट हुए तो मैं देखता ही रह गया। मुंह में बनारसी पान का बीड़ा था और आंखों पर लाल फ्रेम वाला चश्मा। जेएनयू जैसे अंतरराष्ट्रीय परिवेश वाले संस्थान में जहां कई मायने में आधुनिकता भी नतमस्तक हो जाए वहां पर नामवर जी को परंपरागत भारतीय परिधान में देखकर मुझे सुखद आश्चर्य हुआ। परंतु यह नामवर जी के व्यक्तित्व की अपनी विशेषता थी। खैर नामवर जी ने जब पद्मावत पढ़ाना आरंभ किया तो उन्होंने अपने लाल फ्रेम वाले चश्मे को उतारकर सामने मेज पर रख दिया और हमें अवध के ठेठ गांवों में लेकर चले गए। उस समय नामवर सिंह के सामने केवल वासुदेव अग्रवाल द्वारा संपादित पद्मावत की प्रति थी और वे 'पद्मावत' में इस प्रकार रम गए थे कि करीब आधे घंटे के बाद उन्होंने अपनी आंखें खोलीं और इस बीच उनका वक्तव्य लगातार जारी रहा। जेएनयू के वरिष्ठ छात्रों का ऐसा मानना था कि कई बार पढ़ाते समय नामवर जी के दो नेत्र बंद रहते हैं और तीसरा नेत्र खुला रहता है। इसमें शक नहीं कि नामवर जी एक बेहतरीन शिक्षक थे जो अपनी कक्षाओं में मार्क्सवादी चश्मा उतार कर जाते थे। नामवर जी

एक बार जेएनयू की एक संगोष्ठी में शामिल हुए। दलित साहित्य पर केंद्रित संगोष्ठी थी। नामवर सिंह दलित साहित्य को जातिवादी साहित्य मान कर खारिज करते रहे हैं लेकिन उस संगोष्ठी में उन्होंने तुलसीराम की आत्मकथा 'मुर्दहिया' की खूब प्रशंसा की। उन्हीं के बगल में स्वयं दलित लेखक तुलसीराम भी मंच पर बैठे थे। नामवर सिंह ने कहा कि मुर्दहिया को पढ़कर एक बार ऐसा मन हुआ कि मैं तुलसी राम के पैरों पर नतमस्तक हो जाऊं। अन्य दलित आत्मकथाओं की तुलना में 'मुर्दहिया' की भाषा और उसका शिल्प बेजोड़ है। इससे भी बड़ी बात यह थी कि नामवर सिंह का व्यक्तिगत संबंध तुलसीराम से बढ़िया था। निर्मल वर्मा के 'परिंदे' कहानी को लेकर भी नामवर सिंह की स्थापना कुछ इसी ढंग की है। कहना ना होगा कि नामवर जी वैचारिक प्रतिबद्धता से ज्यादा व्यक्तिगत संबंधों के आधार पर किसी के साहित्य को स्थापित और खारिज करने वाले आलोचक थे और इसके लिए वे अपने भाषणों का बखूबी इस्तेमाल करते रहे।

नामवर सिंह की आलोचना भाषा अद्‌भुत है। उसमें न रामचंद्र शुक्ल की तरह स्पष्ट गंभीरता है, न ही हजारीप्रसाद द्विवेदी की तरह विशेषणों की बहुलता और न ही रामविलास शर्मा की तरह बेबाक सपाटबयानी। नामवर सिंह की आलोचना-भाषा में व्यंग्य का महत्वपूर्ण स्थान है। व्यंग्य और चुटकी लेने वाला अंदाज उनके लेखन में भी जगह मौजूद है और मंचीय भाषणों में भी सुना जाता रहा है। 'छायावाद' में नामवर जी लिखते हैं कि जूही की कली 'सरस्वती' के मंदिर से लौटा दी गई। जो पाठक निराला की कविता 'जूही की कली' और तत्कालीन 'सरस्वती' पत्रिका की पृष्ठभूमि से अज्ञात होगा उसे नामवर जी के इस कथन को समझने में एड़ी-चोटी एक करनी पड़ जाएगी फिर भी कुछ हाथ नहीं लगेगा। यह नामवर जी की आलोचना शैली की खासियत रही है। नामवर जी के व्यक्तित्व का एक दूसरा पक्ष भी था। उन्होंने अपने कई योग्य-अयोग्य शिष्यों को देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में स्थापित करने का भी काम किया है। इससे उनके कृपा पात्रों की एक दीर्घ सूची बनती है। यह शिष्य हमेशा नामवर सिंह को मंच प्रदान करने का काम करते रहे और देशभर में उनकी कृपा का बखान करते रहे। इसी से नामवर सिंह वाचिक परंपरा के बेताज बादशाह बने रहे। कुछ लोगों का तो इतना तक मानना है कि अगर नामवर सिंह जेएनयू में नहीं होते और बड़े पैमाने पर अपने शिष्यों को रोजगार नहीं देते तो शायद उतने बड़े आलोचक भी नहीं बनते। इस मामले में वे अपने गुरुदेव से बहुत आगे के आलोचक थे।

पिछले वर्ष की बात है मैंने नामवर जी का एक इंटरव्यू देखा। एनडीटीवी के अमितेश कुमार ने नामवर जी का इंटरव्यू लिया था। उस इंटरव्यू में जब अमितेश ने नामवर जी से पूछा कि आजकल आप क्या पढ़ रहे हैं तो नामवर जी ने कहा था कि- मैं तुलसी के राम को समझने का प्रयास कर रहा हूं। यही मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी चूक थी कि मैंने तुलसी के 'रामचरितमानस' पर सही ढंग से काम नहीं किया। इंटरव्यू देखने के बाद मुझे एहसास हुआ कि जेएनयू में आयोजित दलित साहित्य के सेमिनार में नामवर जी ने तुलसीराम के पैर छूकर नमन करने की इच्छा व्यक्त की थी। वास्तव में वे तुलसी के राम का चरण स्पर्श करना चाहते थे।

नामवर जी सही मायने में नामवर थे!

# प्रजातंत्र में राजनीतिक दलों की भूमिका



**दीपक शर्मा**
बी.ए. (प्रोग्राम) तृतीय वर्ष

प्रजातंत्र को जीवित रखने में राजनीतिक दलों की अहम भूमिका होती है। भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में प्रजाहित में किए गए कार्यों की बदौलत आज अन्य देशों में भी प्रजातंत्र को राजतंत्र के स्थान पर अपनाया जा रहा है। हमारे देश में बहुदलीय शासन व्यवस्था है जिसमें कोई भी राजनीतिक दल चुनाव में पूर्ण बहुमत प्राप्त न करने की दशा में अन्य राजनीतिक दलों के साथ सरकार का गठन कर लेता है। सरकार में शामिल होने वाले राजनीतिक दल भी जनता के हित में कार्य कराने या संशोधन करने के लिए विवश कर देते हैं। भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा के सभी दबाव की राजनीति करते हैं। हमारे देश में विपक्ष में बैठने वाला राजनीतिक दल भी सरकार द्वारा लिए गए गलत निर्णयों को पलटने या संशोधन करने के लिए सरकार को विवश कर देता है। भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा जैसे राजनीतिक दलों के अलावा शिवसेना, टीडीपी, जेडीयू-जैसे क्षेत्रीय दल भी देश की राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। जनता दल के एच डी देवगौड़ा भी देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। राजनीतिक दलों के नेता जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि होते हैं जो लोगों की समस्याओं को संसद या विधानसभा में उठाकर सरकार का ध्यान आकर्षित करके नई योजना कार्यान्वित कराते हैं। आज आईएएस, आईपीएस जैसे विभागों से भी अधिकारी त्यागपत्र देकर राजनीति में आने के लिए लालायित रहते हैं तथा राजनीतिक दलों से जुड़कर चुनाव जीतते हैं और निष्पक्ष भाव से सरकार में शामिल होकर देश की सेवा करते हैं। राजनीतिक दलों को निस्वार्थ भाव से देश की समस्याओं जैसे-आतंकवाद, रक्षा जैसे मुद्दों पर एक राय रखनी चाहिए तथा समाज में दलित, पिछड़े वर्ग, गरीबी, स्त्रियों की दशा, बेरोजगारी, शिक्षा-जैसे मुद्दों को अग्रिम पंक्ति में रखना चाहिए। व्यक्तिगत स्वार्थों को भूल कर देश को सर्वोपरि मानना चाहिए।

जो मनुष्य लोगों के व्यवहार से ऊबकर क्षण-प्रतिक्षण अपने मन बदलते रहते हैं वे दुर्बल हैं - उनमें आत्मबल नहीं।

– सुभाषचन्द्र बोस

# तड़का



**डॉ. योगेन्द्र कुमार**
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग

दाल में तड़का लगाया जाता है-यह सभी जानते हैं। लेकिन कहीं भी तड़का लगाया जा सकता है-यह कोई भी तड़केबाज बखूबी जानता है; क्योंकि तड़का लगाकर मजे लूटना उन्हें अच्छी तरह आता है। दरअसल दाल हो या कुछ और तड़का लगाने से उसका टेस्ट बढ़ जाता है। किसी टेस्ट को और टेस्टी कैसे बनाया जाए-तड़केबाज इस में माहिर होते हैं। इसके लिए बस मौके और कुछ मसालों की जरूरत होती है। मौका मिलते ही मसाले मारकर तड़केदार डिश तैयार की जाती है। कुछ लोग तड़केदार डिश के बड़े शौकीन होते हैं। वे किसी भी दिन, महीने और मौसम की परवाह किए बगैर किसी भी प्रकार के तड़के पर टूट पड़ते हैं। तड़केबाज उनकी इस लिप्सा का फायदा उठाकर उन्हें तरह-तरह के तड़केदार डिश परोस-परोस कर अपना उल्लू सीधा करते रहते हैं। लगता है आप भी तड़का लगाने की सोच रहे हैं! लेकिन तड़का लगाना इतना आसान भी नहीं होता, वरना कोई भी तीस मार खाँ बन जाता। वैसे कोशिश तो कोई भी कर सकता है-चाहे तो आप भी कोशिश करके देख लीजिए, पर 'टेस्ट' उन्हीं के तड़के में आता है जो कुशल तड़केबाज होते हैं। यह कुशलता उन्हें यों ही नहीं मिल जाती, उनके वर्षों के 'बेहयाई परिश्रम' का परिणाम होती हैं। यदि आप किसी और फील्ड के फन में माहिर हैं तो आपका ज़मीर ज़िंदा होगा और ज़िंदा ज़मीर वाले किसी और के ज़मीर पर अत्याचार नहीं करते। इसलिए इधर से उनको निराश होना पड़ेगा। इसमें पार्ट टाइम से काम नहीं चलता, फुल टाइम लगता है। नौसिखिए को बेशर्मी की आदत डालनी पड़ती है। किसी की निंदा में अपनी प्रशंसा बड़ी चतुराई से चाय में चीनी की तरह मिलानी है तो उन्हें पास बुलाकर, पास जाकर, फुसफुसाकर, जोर देकर और ठहाके लगाकर सामने वाले को अपनी बातों से 'इंप्रेस' करना पड़ता है। जिसमें इतनी और इस प्रकार की कुशलता होगी वही एक कुशल तड़केबाज हो सकता है। एक तड़केबाज साम-दाम दंड-भेद की नीति में कुशल और निपुण होता है। पेट्टे पालना उनकी फ़ितरत होती है। आप चाहे तो यह भी कह सकते हैं कि आज का कुशल पेट्टा ही कल का कुशल तड़केबाज हो सकता है। आप चाहे तो तड़केबाज को पेट्टे की प्रौढ़ावस्था भी मान सकते हैं। पेट्टे तड़केबाज के आँख-कान की तरह होते हैं, जो उन्हें तरह-तरह की खुफिया जानकारी मुहैया कराते रहते हैं। उन्हीं जानकारियों की बदौलत तड़केबाज यह डींग हाँकने में सफल हो जाता है कि कौन, कहाँ, क्या कर रहा है? मुझे सब पता है! उनके पेट्टे बड़े पालतू किस्म के होते हैं। वे तरह-तरह के प्रलोभनों के टुकड़ों पर पलते रहते हैं। उन्हें पुचकार बहुत प्रिय होता है। पुचकार की लालच में वे अपना हित भूल जाते हैं और किसी को भी काट सकते हैं। उनकी इसी कमजोरी का फायदा उठाकर तड़केबाज समय-समय पर उन्हें पुचकार-पुचकार कर, उनकी लोभ लिप्सा की आड़ में अपने मतलबी मिशन को आगे बढ़ाता रहता है।

तड़केबाज होना सबके बस की बात नहीं। इस हुनर में वह अपना एक अनोखा व्यक्तित्व गढ़ लेता है। वह निहायत मतलबी और मौका परस्त होता है। कामचोरी, चुगलखोरी और तिकड़म बाजी उसके व्यक्तित्व की विशिष्ट पहचान होती है। किसी खास किस्म की वेशभूषा और ढोंग के महिमामंडन में वह पारंगत होता है। इन सब के मूल में उसका मतलबी मिशन क्रियाशील रहता है। वह अपने मिशन के लिए गधे को बाप और बाप को गधा बनाने में जरा भी गुरेज़ नहीं करता। अपने व्यक्तित्व की आभा से वह गिरगिट को भी मात दे सकता है। निंदा और प्रशंसा तो खैर उसकी पथ-प्रदर्शक नीति होती ही है। इस नीति में वह इतना निपुण होता है कि कहीं भी अपनी पैठ बना लेता है। संत से लेकर महंत तक और नेता से लेकर अभिनेता तक वह अपनी जुगाड़ पर्ची पहुँचा सकता है। ऐसे 'पुण्य-पुरुष' के दर्शन, वंदन और संगत से आपका कुछ हो या न हो उसका भला अवश्य होता है। आप के आजू-बाजू में या हो सकता है कि आपके अंदर भी ऐसे बाबा कुंडली मारकर बैठे हों-मैंने उनकी लाक्षणिक विशेषताएँ बता दी हैं।

अब आप अपनी अक्ल के घोड़े दौड़ा कर उसे अतिशीघ्र पहचान लीजिए। हो सकता है कि वह आपके अंदर ही हो और आप उसे बाहर इधर-उधर खोज रहे हों। मैंने तो मुश्किल से उसको पहचान लिया है-अब आपकी बारी है!

# मानव मन एवं तकनीकी



**आनंद कुमार मिश्र**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, तृतीय वर्ष

यद्यपि इस पृथ्वी पर मनुष्य को उत्पन्न हुए लाखों वर्ष व्यतीत हो चुके हैं, किंतु वास्तविक वैज्ञानिक उन्नति पिछले 200 वर्षों में ही हुई है। साहित्य में विमानों और दिव्यास्त्रों के कवित्वमय उल्लेख के अतिरिक्त कोई ऐसा प्रमाण नहीं है जिनके आधार पर सिद्ध हो सके कि प्राचीन काल में इस प्रकार की वैज्ञानिक उन्नति हुई थी। एक समय ऐसा था जब मनुष्य सृष्टि की प्रत्येक वस्तु को कौतूहलपूर्ण एवं आश्चर्यजनक समझता था। उससे भयभीत होकर ईश्वर की प्रार्थना करता था किंतु आज तकनीक ने सभी तथ्यों को उजागर कर मानव-जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन ला दिया है। आधुनिक युग में नवीन तकनीक ने विश्व में क्रांति-सी उत्पन्न कर दी है जिसके बिना मनुष्य के स्वतंत्र अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज मनुष्य धरती से परे अंतरिक्ष तक जा पहुँचा है।

आज का मानव जिसे होमोसेपियंस के नाम से जाना जाता है अफ्रीका में पैदा हुआ माना जाता है। यह आज से लगभग 75000 से 100000 वर्ष पूर्व पैदा हुआ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि अफ्रीका से अलग-अलग महाद्वीपों में मानव चला गया। जब आदिमानव ने पहली बार पत्थरों के रगड़ से निकली चिंगारी को देखा तब उसे आग जलाने की तकनीक का पता चला। यही से मानव-मन और तकनीक का शुभारंभ हुआ- 'आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है'। धीरे-धीरे आदि मानव का विकास प्रारंभ हुआ और अपनी आवश्यकता अनुसार नई-नई तकनीक से अपने जीवन को सरल बनाने का सिलसिला शुरू हो गया। अपनी सुरक्षा के लिए पत्थर के नुकीले औजार बनाना और माँस को आग में भूनकर खाना, शरीर को ढकने के लिए पेड़ के पत्ते एवं उनकी छाल का प्रयोग करना आदि। आदिमानव ने अपने मन-मस्तिष्क में उपजी तकनीक से काम करना शुरू कर दिया।

आदिमानव अपना रहने का स्थान अक्सर नदी के किनारे ही बनाता था। पहले उसने नदी को पार करने के लिए तैरना सीखा। फिर उसके मन में तकनीक सूझी और उसने नौका का निर्माण किया, परंतु जब उसे नदी के इस पार से उस पार आने जाने की अधिक आवश्यकता महसूस हुई तो उसके मन में एक नई तकनीक सूझी और उसने 'लकड़ी के पुल' का निर्माण कर दिया। धीरे-धीरे उसके विकास का सिलसिला बढ़ता गया। उसे जब किसी वस्तु की आवश्यकता महसूस हुई तो उसके मन में नई-नई तकनीक सूझती गई। पहले वह नदी से मछली पकड़ने के लिए औजार का प्रयोग करता था जिससे एक बार में एक ही मछली पकड़ पाता था। धीरे-धीरे उनके मन में एक बार बहुत सारी मछलियों को पकड़ने का विचार आया तो उसने अनेक प्रकार की तकनीक का प्रयोग करना शुरू किया।

पहले लंबी-लंबी यात्राएँ करना स्वप्न-सा लगता था। पैदल यात्रा, फिर जानवरों का प्रयोग, बैलगाड़ी, साईकिल, मोटर, बस, रेल और वायुयानों का क्रमिक विकास मानव मन और तकनीक का ही परिणाम है। पृथ्वी पर ही नहीं, आज मानव वैज्ञानिकसाधनों द्वारा चंद्रमा पर जा पहुँचा है। मानव निर्मित उपग्रह आज अंतरिक्ष में पहुँच चुके हैं।

आदिमानव की संख्या धीरे-धीरे बढ़ने लगी तो उन्होंने अलग-अलग जगहों पर समूह बनाकर रहना चाहा। फिर उन्हें एक समूह से दूसरे समूह तक सूचना पहुँचाने की आवश्यकता महसूस हुई तो पहले पशु-पक्षियों का प्रयोग किया। यह क्रम चलता रहा और आदिमानव ने आज के मानव का रूप ले लिया। सूचनाओं का

आदान-प्रदान भी तकनीकी रूप से होने लगा - टेलिफोन, टेलीग्राम, टेली प्रिंटर, टेलेक्स, फैक्स, ई-मेल आदि के द्वारा अब तो क्षण भर में एक स्थान से दूसरे स्थान तक संदेश पहुँचाया जा सकता है। रेडियो और टेलीविजन के बाद मोबाइल फोन द्वारा कुछ ही क्षणों में किसी भी समाचार को विश्व भर में प्रसारित किया जा सकता है।

पहले जब किसी प्रकार की बीमारी होती तो वह महामारी का रूप ले लेती थी। एक साथ बहुत से लोगों की मृत्यु हो जाती थी। आदिमानव जंगल से जड़ी-बूटियों का प्रयोग करता था। विकास के क्रम में मानव तकनीकी ने चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत सफलता प्राप्त की है। जिससे मृत्यु दर में बहुत कमी आई है। मलेरिया, चेचक-जैसी संक्रामक बीमारियों का इलाज संभव हो पाया है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति इतनी विकसित हो गई है कि अंधे को आँख और विकलांगों को अंग मिलना संभव हो गया है। कैंसर, टी.बी., हृदय रोग-जैसे भयंकर और प्राण घातक रोगों पर विजय पाना मानव मन और उसके द्वारा विकसित तकनीक से ही संभव हो सका है।

पहले हमारे खेत और अन्य भूमि ऊसर थे। पैदावार की कमी थी। एक ही किस्म के अनाज पैदा होते थे। खेतों की सिंचाई करना बहुत मुश्किल था। इस काम में पहले बहुत समय और बल अधिक लगता था। धीरे-धीरे जब तकनीक का विकास हुआ तो खेतों में पानी डालना बहुत आसान हो गया है। विभिन्न प्रकार के उर्वरकों, कीटनाशक दवाओं, खेती के आधुनिक साधनों तथा सिचाई संबंधी कृत्रिम व्यवस्थाओं ने खेती को अत्यंत सरल एवं लाभदायक बना दिया है।

पुरानी कहानियों में वर्णित अलादीन के चिराग का दैत्य जो काम करता था, उन्हें आज के विकसित तकनीक ने बड़ी सरलता से कर दिखाया है। रातों-रात महल खड़ा कर देना, किसी स्थान का कुछ ही समय में नक्शा बदल देना, शत्रु के नगरों की मिनटों में बर्बाद कर देना, आकाश मार्ग से उड़कर दूसरे स्थान पर चले जाना आदि तकनीक द्वारा ही संभव हुआ है।

मानव सदियों से अपने वस्तुओं की गणना करता आ रहा है। जब वस्तुएँ कम थी तो गणना आसानी से कर लेता था परंतु धीरे-धीरे वस्तुओं की संख्या बढ़ने से उसकी गणना करने में कठिनाई होने लगी। तब उसे ऐसे तकनीक की आवश्यकता पड़ी जो शीघ्र और सही गणना कर सके। इस कार्य के लिए प्राचीन समय में 'अबेकस' पहला साधन था। वर्तमान में तो अनेक प्रकार के गणना-यंत्र बना लिए गए हैं जो जटिल से जटिल गणनाओं के परिकलन अतिशीघ्र कर लेते हैं। इन सब में सर्वाधिक तीव्र, शुद्ध एवं सबसे उपयोगी गणना करने वाला यंत्र कंप्यूटर है। जिन समस्याओं का हल करने के लिए मनुष्य को कई दिन लग जाते थे, कंप्यूटर उन्हें कुछ मिनटों में ही सुलझा सकता है। आज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में कंप्यूटर का व्यापक प्रयोग हो रहा है। यह प्रश्न भी बहुत स्वाभाविक है कि क्या कंप्यूटर और मानव-मस्तिष्क की तुलना की जा सकती है और इस में श्रेष्ठ कौन है? कंप्यूटर का निर्माण भी मानव-बुद्धि के द्वारा ही संभव हुआ है। यह बात सत्य है कि मानव मस्तिष्क की अपेक्षा कंप्यूटर समस्याओं को बहुत कम समय में हल कर सकता है; किंतु वह मानवीय संवेदनाओं, अभिरुचिओं, भावनाओं और चित्त से रहित मात्र एक यंत्र है। कंप्यूटर केवल वही काम करेगा; जिसके लिए उसे निर्देशित किया गया हो। वह कोई निर्णय नहीं ले सकता और ना ही कोई नवीन बात सोच सकता है। कंप्यूटर अब सुर सजाने का काम भी करने लगा है। पाश्चात्य संगीत के स्वरांकन को कंप्यूटर पर प्रस्तुत करने में अब कोई कठिनाई नहीं होती। कंप्यूटर के माध्यम से अब संगीत शिक्षा की नई तकनीक विकसित की जा रही है। बड़े-बड़े कारखाने, ज्योतिष विद्या, विवाह-संबंध जोड़ने आदि कार्यों में कंप्यूटर का प्रयोग किया जा रहा है। महायुद्ध की तैयारी के लिए सुपर कंप्यूटर का विकास किया जा रहा है। आज कंप्यूटर हमारे जीवन के हर क्षेत्र में हमारा सहयोग कर रहा है। यह सच है कि आधुनिक तकनीक-'कंप्यूटर'-मनुष्य का एक कल्याणकारी आविष्कार है।

पहले भोजन बनाने के लिए मानव जंगल से लकड़ियाँ लाया करता था और उसे मिट्टी से बने चूल्हे का प्रयोग करता था। उससे निकलने वाले धुएँ बहुत ही जहरीले होते थे जिससे मानव स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता था। धीरे धीरे तकनीक विकास ने गैस चूल्हे का निर्माण किया जिसका कभी भी, किसी भी समय हम बिना स्वास्थ्यनुकसान के आसानी से प्रयोग कर सकते हैं। तकनीक के विकास से आज हर मानव प्राणी के साथ-साथ पालतू जानवर भी लाभान्वित हैं। अगर कोई व्यक्ति किसी भी रूप में विकलांग है तो उसका भी जीवनयापन सरल और सुखद हुआ है। कोई व्यक्ति यदि अंधा है तो उसे भी तकनीकी संसाधन द्वारा अध्ययन-अध्यापन की सुविधा प्राप्त हुई है।

आज के समय में कॉलेज, फैक्ट्री किसी भी संस्थान, स्कूल या फिर घर ही क्यों ना हो हम उसकी देख-रेख एक जगह पर बैठे-बैठे कर सकते हैं। यहाँ तक कि अपने वाहनों की भी हम जी.पी.एस. के माध्यम से निगरानी कर सकते हैं। कॉलेज या स्कूल की लाइब्रेरी में पहले हम पुस्तकों का रिकॉर्ड रखने के लिए मोटे मोटे रजिस्टर का प्रयोग करते थे। आज कंप्यूटर के एक क्लिक से कौन सी पुस्तक कहाँ रखी है और किस लेखक की है एक मिनट में जान लेते हैं। उसी प्रकार विद्यार्थियों की डिटेल्स आदि कंप्यूटर में सुरक्षित रहती हैं। किसी भी विषय समाचार आदि की जानकारी हमें अपने मोबाइल से 24 घंटे प्राप्त होती रहती है। पहले की अपेक्षा तकनीक का विकास आज इतना ज्यादा हो चुका है कि मनुष्य ने अपने ही समान हृदयहीन मानव का निर्माण कर दिया है जिसे 'रोबोट' का नाम दिया गया है।

'रोबोट' हमारे जीवन में नई क्रांति है। यह किसी कार्य को बिना थके निरंतर कर सकता है। उसमें सिर्फ संवेदना भाव-जैसी बातें नहीं हैं। वह सभी कामों को अंजाम दे सकता है जो मनुष्य उससे करवाना चाहे।

'मन' मस्तिष्क की उस क्षमता को कहते हैं जो मनुष्य को चिंतनशक्ति, स्मरणशक्ति, निर्णयशक्ति, बुद्धि, भाव इंद्रियग्राह्यता, एकाग्रता, व्यवहार, परिज्ञान इत्यादि में सक्षम बनाती है। सामान्य भाषा में मन शरीर का वह हिस्सा या प्रक्रिया है जो किसी ज्ञातव्य को ग्रहण करने, सोचने और समझने का कार्य करता है। मानव ने जब से पृथ्वी पर अपना होश संभाला है वह नित्य-प्रति अपनी आवश्यकता अनुसार नई-नई तकनीक का निर्माण करता रहता है। मानव मन और तकनीक का संबंध मानव के जन्म से शुरू होकर मृत्यु उपरांत तक चलता रहता है। पहले शिशु जन्म लेता था तो तकनीक का विकास ना होने के कारण जच्चा और बच्चा दोनों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ती थी। परंतु आज के युग में तकनीकी विकास से सबको सुरक्षा मिली है। आज तकनीक का विकास इतना हो गया है कि मनुष्य की मृत्यु होने पर इलेक्ट्रिक तकनीक द्वारा उसके शरीर को कुछ ही क्षणों में बिना किसी प्रदूषण के जला दिया जाता है। आज जितने भी तकनीक कार्यरत हैं, वे सब मन के चिंतन का परिणाम हैं। मनुष्य आज सुख-सुविधा भोगी होता जा रहा है। वह कोई भी काम बिना अपने शरीर को कष्ट दिए पूर्ण करना चाहता है। ऊँचाई पर चढ़ने के लिए उसने सीढ़ियों का निर्माण किया परंतु समय और शक्ति की बचत के लिए उसने 'लिफ्ट' जैसी तकनीक को विकसित कर लिया। कपड़े धोने में अधिक शक्ति की आवश्यकता होती है, उसे भी 'वाशिंग मशीन' ने सरल कर दिया। जब मनुष्य ने टेलीविजन का आविष्कार किया तो सिर्फ एक या दो चैनल थे और उसे टेलीविजन में लगे बटन से ही परिवर्तित किया जाता था, परंतु आज हजारों चैनल हैं और उसका कंट्रोल हमारे हाथ में 'रिमोट' के माध्यम से है।

हमारा दैनिक जीवन तकनीकी वस्तुओं पर ही आश्रित होता चला जा रहा है। विद्युत हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग बन गई है। बिजली के पंखे, कुकिंग गैस, स्टोव, फ्रिज, कूलर, हीटर आदि के निर्माण ने मानव को सुविधा पूर्ण जीवन का वरदान दिया है। इन आविष्कारों से समय, शक्ति और धन की पर्याप्त बचत हुई है।

आधुनिक युग को परमाणु-युग कहा जाता है। जब

वैज्ञानिक उपकरणों का विकास नहीं हुआ था तो मनुष्य को छोटे-से-छोटा कार्य करने में भी कठिनाई होती थी। आज अणुशक्ति के द्वारा कृत्रिम बादलों के माध्यम से वर्षा भी कराई जा सकती है। अणुशक्ति के द्वारा मानव कल्याण संबंधी अनेक कार्य किए जा रहे हैं। शांतिपूर्ण कार्यों के लिए शक्ति का विकास किया जा रहा है। इस शक्ति से पृथ्वी और समुद्र से मूल्यवान गैस एवं खनिज प्राप्त किए जा सकते हैं।

ज्ञान के प्रसार एवं प्रचार में नई-नई तकनीक को विकसित किया जा रहा है। पहले लोगों के लेख सामान्यजन तक नहीं पहुँच पाते थे, परंतु जब छापाखाना का आविष्कार हुआ तो अखबारों के माध्यम से लोगों को तमाम सूचनाएँ मिलने लगीं। फिर पुस्तकें छपने लगीं जिनसे लोगों का ज्ञान-अर्जन बढ़ने लगा। अब ऐसा समय आ चुका है कि हम अपने मोबाइल से किसी भी पुस्तक की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सिर्फ पुस्तक ही नहीं अपितु किसी भी तरह का प्रश्न हो उसका उत्तर बहुत आसानी से कम लागत कम समय में हमारे मोबाइल से प्राप्त किया जा सकता है। नवीनतम मुद्रण-यंत्रों के आविष्कार ने प्रकाशन के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। पहले हम किसी परीक्षा के लिए बहुत दूर जाते थे। अब 'ऑनलाइन' परीक्षा के द्वारा अपने समय और धन की बचत कर लेते हैं। पहले हमें किसी पुस्तक को खरीदने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता था अब हमें घर बैठे-बैठे अपनी पसंद की पुस्तकें ऑनलाइन प्राप्त कर लेते हैं।

आज की तकनीक ने मानव समाज को विकसित और सभ्य बनाया है। उसके हर असंभव कार्य को संभव कर दिखाया है। उसे पृथ्वी से अंतरिक्ष तक की सैर कराई है। हमारे वैज्ञानिक नित्य नवीन तकनीक से हमें लाभान्वित कर रहे हैं।

तकनीक ने हमारे मानव समाज को उच्चता के शिखर पर पहुँचाया तो जरूर है, परंतु कहीं ना कहीं हमारी हानि भी हुई है। आधुनिक युग को मशीनों का युग कह सकते हैं; क्योंकि मशीनें ही उद्योगों का आधार हैं। औद्योगिकरण एक सीमा तक प्रत्येक राष्ट्र के लिए आवश्यक भी है क्योंकि उद्योगों की प्रगति के बिना किसी भी राष्ट्र का विकास संभव नहीं है। आज औद्योगीकरण की प्रगति ने ही संसार को विकसित एवं विकासशील देशों में विभक्त किया है। तकनीकीकरण को केवल सुख-सुविधाओं का जनक ही नहीं समझना चाहिए। इसके दुष्परिणाम अत्यंत भयावह हैं। प्रदूषण की समस्या, मानवीय जीवन में नैतिक मूल्यों का ह्रास, वर्ग-संघर्ष की भावना का विकास, अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्विता आदि इस प्रकार के अनेक दुष्परिणाम हमारे सामने उपस्थित हुए हैं।

तकनीक का प्रभाव मानव के विकास में लाभप्रद तो रहा है, परंतु कहीं-कहीं इसने मानव को कष्ट और पीड़ा से झकझोर भी दिया है। जितनी भी प्रकार की तकनीकी वस्तुओं का प्रयोग मानव समाज कर रहा है उससे उसे कहीं-कहीं हानि भी हो रही है। जरा-सी असावधानी होने पर वही तकनीकी वस्तु तबाही मचा देती है। विद्युत से चलने वाले यंत्र का अगर सावधानीपूर्वक प्रयोग नहीं किया गया तो उसका दुष्परिणाम तुरन्त सामने आ सकता है।

मनुष्य अपने आविष्कारों से आज स्वयं को अपराधी महसूस करने लगा है। अगर हम अपने देश को शक्तिशाली और सुरक्षित देखना चाहते हैं तो हमें मजबूरन उन सभी आधुनिक यंत्रों, जंगी जहाजों, तोप, मिसाइल आदि के साथ-साथ परमाणु बम-जैसी अत्यंत विनाशकारी हथियारों का संग्रह करना ही होगा जिनके प्रयोग से मानव सभ्यता पूर्णतः नष्ट हो सकती है। जापान-जैसे देश इसके भुक्तभोगी हैं। आज भी वहाँ की आने वाली पीढ़ी विकलांग पैदा हो रही है। उन सब बातों को लेकर मानव को स्वयं के निर्मित तकनीक पर पछतावा होता है। प्राचीन काल से लेकर सन 1962 ईस्वी में हुए चीन के आक्रमण तक भारत ने कई बार इस आवश्यकता की दुखद अनुभूति की थी। आक्रामक भाव रखने वाले दो पड़ोसी देशों के परमाणु परीक्षण संबंधी प्रयासों को देखकर भारत ने भी इस दिशा में अपने प्रयास प्रारंभ कर दिए। देश के आत्मसम्मान, गौरव, देशवासियों की सुरक्षा का भाव जागृत करने तथा

सतत रूप से प्रगति की दिशा में अग्रसर रहने के उद्देश्य से भारत भी इसमें शामिल हो गया है। आज भारत विश्व की छठी परमाणु शक्ति बनकर, एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभर कर सामने आ चुका है। इस संदर्भ में श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का यह कथन पूर्णतया उपयुक्त होगा "हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहाँ भारत परमाणु अस्त्रों से घिरा है। कोई भी जिम्मेदार सरकार ज़मीनी सच्चाइयों की उपेक्षा कर, मात्र अमूर्त सिद्धांतों के आधार पर देश की रक्षा-नीति तैयार नहीं कर सकती है'।"

"आज हमारा वायुमंडल प्रदूषित हो चुका है, जिसकी वजह से मानव का जीवन खतरे में आ गया है। आज यूरोप के कई देशों में प्रदूषण इतना बढ़ गया है, जिसके कारण वहाँ कभी-कभी अम्ल-मिश्रित वर्षा होती है। ओस की बूँदों में भी अम्ल मिला रहता है। यदि समय रहते हमने इस तरफ ध्यान नहीं दिया तो एक दिन विश्व में संकट छा जाएगा'।

–'खनन भारती' से उद्धृत

वास्तव में तकनीकी ज्ञान और विकास से मानव का कल्याण ही हुआ है। यह तो एक शक्ति है जिसका प्रयोग अच्छे और बुरे दोनों कार्यों के लिए किया जाता है। अच्छे कार्य से मानव को अच्छा और बुरे काम से बुरा परिणाम मिलता है। तकनीकी ज्ञान का वास्तविक लक्ष्य है 'मानव हित' और 'मानव कल्याण'।

> अध्यापक राष्ट्र की संस्कृति के चतुर मालिक होते हैं, वे संस्कारों की जड़ों में खाद देते हें और अपने श्रम से उन्हें सींच-सींच कर महाप्राण शक्तियाँ बनाते हैं।
>
> – महर्षि अरविन्द

# भ्रष्टाचार मिटाओ, नया भारत बनाओ



**पूजा**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, तृतीय वर्ष

प्राचीन काल में हमारा देश मुसलमान आक्रमणकारियों का गुलाम बना। उनके चंगुल से छूटे भी न थे कि यहाँ अंग्रेजों का आधिपत्य हो गया। अनेक युद्ध और निरंतर संघर्ष के पश्चात देश उस गुलामी से मुक्त हुआ। धीरे-धीरे यहाँ विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति हुई। आज हम देखते हैं कि हमने प्रगति तो की है, किंतु हम स्वयं ही अपना सत्यानाश करने पर तुले हैं। देश में भ्रष्टाचार, चोरी, अनीति, जुआ-खोरी आदि बुराइयों ने अपनी जड़ें जमा ली हैं। सर्वत्र भय, आतंक और विक्षोभ का वातावरण व्याप्त है। दीर्घकालीन परतंत्रता के कारण हमारे समाज में अनेक प्रकार की कुरीतियों ने जन्म ले लिया। वही कुरीतियाँ आज हमारे सामने चुनौती बनकर खड़ी है। परिस्थितियों और नैतिक मूल्यों में बदलाव आने से भी हमारे देश में अनेक नई आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक बुराइयाँ भी उत्पन्न हो गई हैं।

समाज की आर्थिक समस्याओं के अंतर्गत भ्रष्टाचार की समस्या सुरसा की तरह मुँह फाड़े खड़ी है और समाज रूपी हनुमान को उसके जबड़ों से पार पाना है। सरकारी कार्यालयों में रिश्वत के बगैर कोई काम नहीं होता। यद्यपि रिश्वत लेना और देना दोनों कानूनी अपराध हैं। फिर भी आज लोग रिश्वत दे कर ही अपना काम भी करवाने के लिए विवश है।

''कह काका कवि, काँप रहा क्यों रिश्वत लेकर?
रिश्वत पकड़ी जाय, छूट जाए रिश्वत देकर।''

रिश्वत के कारण भ्रष्टाचार बढ़ता ही जा रहा है। भ्रष्टाचार का दूसरा रूप है-कालाबाजारी या चोर बाजारी। अधिक लाभ कमाने के लालच में व्यापारी सामान को गोदामों में छुपा कर रख लेते हैं और कृत्रिम अभाव पैदा करके ऊँचे दामों पर सामान बेचने लगते हैं। इस काले धन का उपयोग भ्रष्टाचार को बढ़ाने के लिए किया जाता है। इस रोग का इलाज कर पाना अत्यंत कठिन हो गया है। नैतिक, सामाजिक एवं धार्मिक मूल्यों के विपरीत किए जाने वाले आचरण ही भ्रष्टाचार है। आज सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार का साम्राज्य है। लोग अपने स्वार्थ के लिए सामाजिक एवं राष्ट्रीय हितों की उपेक्षा कर रहे हैं। यह मनोवृत्ति देश के लिए अत्यंत घातक सिद्ध हो रही है। भ्रष्टाचार का मुख्य कारण व्यक्ति की इच्छाओं एवं आवश्यकताओं में वृद्धि, जनसंख्या वृद्धि, निर्धनता, बेरोजगारी एवं चारित्रिक पतन हैं। वर्षों पहले जो समस्याएँ थीं, आज भी कमोबेश ज्यों-की-त्यों बनी हुई है। इस संदर्भ में भारतेंदु जी की पंक्तियाँ सटीक प्रतीक होती है:-

''रोवहु सब मिलीकै, आवहु भारत भाई।
हा हा! भारत-दुर्दशा न देखी जाई।''

भ्रष्टाचार के कारण देश की प्रगति अवरुद्ध हो गई है। देश का भविष्य संकट में है। भ्रष्टाचार मिटाने के लिए तत्काल प्रयास की आवश्यकता है। इसके लिए हमें इसके मुख्य कारण और निवारण पर ध्यान देना होगा। तभी एक 'नए भारत' का निर्माण होना संभव है। भ्रष्टाचार के निवारण के लिए जनसंख्या पर नियंत्रण, निर्धनता और बेरोजगारी की समाप्ति, भ्रष्टाचारियों को कठोर दंड तथा जनहित को सर्वोपरि मानने वाले नेताओं का चुनाव आदि जैसी महत्वपूर्ण बातों को समाज में प्रचारित करने की आवश्यकता है।

आवश्यकता इस बात की है कि हम भारत के नवोत्थान के लिए, प्रगति एवं विकास के लिए, समस्याओं को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में समझते हुए दूर करने का सार्थक, सश्रम यत्न करें। देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने की प्रतिज्ञा लें।

# स्वच्छ भारत : संपन्न भारत



**अमीषा सिंह**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, तृतीय वर्ष

एक बात तो सत्य है कि स्वच्छता और संपन्नता हर व्यक्ति को पसंद है। हर व्यक्ति स्वच्छ दिखना चाहता है, संपन्न होना चाहता है। प्रत्येक भारतवासी यह भी चाहता है कि उसका देश भारत स्वच्छ दिखे, संपन्न रहे, परंतु विडंबना यह है कि वह केवल चाहता है, इसके लिए खुद कदम बढ़ाना नहीं चाहता; क्योंकि अगर सचमुच हम सभी ने स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाया होता तो, हमारा देश आज पूर्ण रूप से स्वच्छ होता, परंतु अफसोस ऐसा नहीं है।

'स्वच्छता'... इस शब्द से हम सभी परिचित हैं। परंतु 2 अक्टूबर 2014 को इस शब्द से जुड़े नारे हमें ज्यादा सुनाई दे रहे हैं; जैसे - 'स्वच्छ भारत - संपन्न भारत', 'स्वच्छ भारत - स्वस्थ भारत', 'एक कदम स्वच्छता की ओर' आदि। 2 अक्टूबर 2014 को हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री 'श्री नरेंद्र मोदी' ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की। इसी दिन हमारे देश के राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 145 वीं जयंती थी। इस अभियान का लक्ष्य था 2 अक्टूबर 2019 तक भारत को पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाना। गाँधीजी की 150वीं जयंती पर उनके सपने को पूरा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना।

स्वयं महात्मा गाँधी जी ने कहा था कि ''स्वतंत्रता से ज्यादा स्वच्छता कहीं अधिक महत्वपूर्ण है''। भारत को अगर पूर्ण रूप से संपन्न होना है तो सबसे पहले इसका स्वच्छ होना अति आवश्यक है। 2 अक्टूबर 2019 अब ज्यादा दूर नहीं, परंतु लक्ष्य को पाना अभी भी बहुत दूर है।

कोई देश संपन्न तभी हो सकता है जब वह विकसित होने के साथ-साथ स्वच्छ भी हो। भारत आज विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, परंतु स्वच्छता में आज भी यह बहुत पीछे है।

अगर हम भारत की स्वच्छता पर ध्यान दें तो संपन्नता की ओर कुछ इस प्रकार से बढ़ सकते हैं :

पहला, अगर भारत स्वच्छ होगा तो भारत में बीमार लोगों की संख्या कम हो जाएगी, क्योंकि यह बात हर व्यक्ति जानता है कि ज्यादातर बीमारियाँ गंदगी की वजह से ही फैलती हैं।

दूसरा, ज्यादा-से-ज्यादा परिवार जब रोग मुक्त होंगें तब ज्यादातर भारतवासी खुशहाल जीवन व्यतीत करने लगेंगे जिससे भारत को खुशहाल देशों में गिना जाने लगेगा।

तीसरा, स्वच्छता की वजह से भारत में पर्यटकों के आगमन में वृद्धि होगी जिससे भारत की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी।

चौथा, स्वच्छता हर किसी को पसंद है, इसलिए स्वच्छता को देखते हुए भारत में अन्य देश निवेश करना चाहेंगे, जिससे भारत को अत्यधिक लाभ होगा।

पाँचवा, स्वच्छ भारत बनाकर हम अपने आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ, स्वस्थ और बेहतर जिंदगी देने में कामयाब होंगे।

छठा, सबसे महत्वपूर्ण बात स्वच्छता का उपहार देकर हम सब भारतवासी अपने देश को, अपनी भारत माँ को अपना एक महत्वपूर्ण योगदान देकर इस देश की मिट्टी का थोड़ा-बहुत ऋण चुकाने में गर्व का अनुभव करेंगे। इसलिए यह बात बिल्कुल सत्य है कि अगर हमें संपन्न भारत चाहिए तो सर्वप्रथम उसका स्वच्छ होना अति आवश्यक है।

'जापान' के नियम कुछ इस प्रकार हैं कि वहाँ के विद्यालयों की साफ-सफाई की जिम्मेदारी किसी सफाई कर्मचारी पर ना होकर वहाँ के विद्यार्थियों पर ही है। कितनी अजीब विडंबना है कि बचपन से ही हमें साफ-सफाई का महत्व बताया जाता है। उसे सुनकर भी हम अनसुना कर देते हैं गली-मोहल्लों और सड़कों पर कचरा फैलाते हैं और उम्मीद करते हैं, सफाई कर्मचारियों से कि वे हमारे देश को स्वच्छ बनाएँगे, ऐसा क्यों? हम खुद अगर अपने हाथ से कचरा साफ कर देंगे तो छोटे नहीं हो जाएँगे।

जापान की तरह भारत में भी ऐसे नियम बनने चाहिए, जहाँ विद्यालयों और महाविद्यालयों की साफ-सफाई की जिम्मेदारी विद्यार्थियों लें न कि केवल सफाई कर्मचारी। यह बात तो हम सब जानते हैं कि 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता'। अर्थात् केवल कुछ कर्मचारी इस विशाल देश को स्वच्छ नहीं बना सकते।

जब हर कदम स्वच्छता की ओर बढ़ेगा, तभी भारत में संपन्नता आएगी।

> जिस भाषा में बहादुरी, सच्चाई और दया के लक्षण नहीं होते, उस भाषा के बोलने वाले बहादुर, सच्चे और दयावान नहीं होते।
>
> – महात्मा गाँधी

# अरुण यह मधुमय देश हमारा।

अरुण यह मधुमय देश हमारा।
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।।
सरल तामरस गर्भ विभा पर, नाच रही तरुशिखा मनोहर।
छिटका जीवन हरियाली पर, मंगल कुंकुम सारा।।
लघु सुरधनु से पंख पसारे, शीतल मलय समीर सहारे।
उड़ते खग जिस ओर मुँह किए, समझ नीड़ निज प्यारा।।
बरसाती आँखों के बादल, बनते जहाँ भरे करुणा जल।
लहरें टकरातीं अनन्त की, पाकर जहाँ किनारा।।
हेम कुम्भ ले उषा सवेरे, भरती ढुलकाती सुख मेरे।
मंदिर ऊँघते रहते जब, जगकर रजनी भर तारा।।
अरुण यह मधुमय देश हमारा।

**–जयशंकर प्रसाद 'चन्द्रगुप्त'**




# पद्य खंड

# पद्य खंड

| क्र. सं. | विषय | नाम |
|---|---|---|
| 1. | दुख सभी को माँजता है | - अमीषा सिंह |
| 2. | तथाकथित राजनीति | - अर्पित शाक्य |
| 3. | यादें | - अर्पित शाक्य |
| 4. | दोस्ती | - पिंकी झा |
| 5. | ज़िंदगी | - पिंकी झा |
| 6. | पापा | - सौरभ हरदेनिया |
| 7. | गुजरा हमारा जमाना | - कृष्णा |
| 8. | माँ | - प्रखर शुक्ला |
| 9. | मैं भारत की बेटी हूँ। | - सविता कुमारी |
| 10. | शिक्षक का सम्मान | - सविता कुमारी |
| 11. | आस्था के लिए रास्ता | - सौरभ सक्सेना |
| 12. | पर्यावरण संरक्षण | - निशा |
| 13. | बेटियाँ | - निशा |
| 14. | अभिलाषा | - इरफान खान |
| 15 | भारत की शान है बेटियाँ | - इरफान खान |
| 16. | हुनर | - इरफान खान |
| 17. | एक दशहरा ऐसा भी (अमृतसर) | - शुभम शर्मा |
| 18. | कोशिश | - कमल |
| 19. | आँखें | - कमल |
| 20. | था वह मेरा कॉलेज का पहला दिन | - अब्दुल कादिर |
| 21. | पथ पर पथिक | - अमरजीत वर्मा |
| 22. | नवप्रेरक | - अमरजीत वर्मा |
| 23. | अपना भारत | - अमरजीत वर्मा |
| 24. | भ्रष्टाचार | - धर्मेन्द्र |
| 25. | मेरा बचपन | - शाज़िया लारी |
| 26. | ज़िंदगी इसको कहते हैं | - शाज़िया लारी |
| 27. | रूबरू | - अंशुमान नाथ |
| 28. | मेरी आभा है निराली | - शाशि चौरसिया |
| 29. | सपने | - शाशि चौरसिया |
| 30. | प्रकृति | - रीटा |
| 31. | किसी ने नहीं देखा कल | - रीटा |
| 32. | इस रेल ने | - रीटा |

33. खुद से एक सवाल - प्रवीण कुमार
34. आत्म द्वंद्व - प्रवीण कुमार
35. मेरे दर्द - गौरव बैसोया
36. आ गए तुम - गौरव बैसोया
37. देवी न बनाओ तुम मुझको - मनीषा
38. ज़रूरी तो नहीं - कनिका गर्ग
39. स्कूल के दिन - कनिका गर्ग
40. नई सोच की कविता - विष्णु प्रिया
41. माँ - सौरभ
42. माँ - हिमांशु यादव
43. व्यवहार - अर्पित गुप्ता
44. अध्यापक की विशेषता - अर्पित गुप्ता
45. चोरी - अर्पित गुप्ता
46. हाँ, हम भी मुस्कुराएँगे मगर उस दिन - सौरभ
47. मेरे शहीद सैनिक - अरुणा
48. सैनिक की माँ हूँ मैं - अरुणा
49. अधूरी मुलाकात - पंकज पंत
50. कभी तो ख्वाब ऐसा आए - पंकज पंत

# दुख सभी को माँजता है



**अमीषा सिंह**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, तृतीय वर्ष

अपमान के दुख से हो आतंकित,
कोई मूर्ख, कवि बन जाता है।
किसी ने ठीक ही कहा है,
दुख सभी को माँजता है।। (कालिदास)

पुत्री, पत्नी के मृत्यु से टूटकर,
कोई 'सरोज स्मृति' रच जाता है।
किसी ने ठीक ही कहा है,
दुख सभी को माँजता है।। (सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला')

दलित पीड़ा के दुख को सहकर,
कोई संविधान लिख जाता है।
किसी ने ठीक ही कहा है,
दुख सभी को माँजता है।। (डॉ. बी आर अंबेडकर)

गुलाम देश की दशा देखकर,
संपूर्ण जीवन समर्पित कर जाता है,
तब राष्ट्रपिता कहलाता है।
किसी ने ठीक ही कहा है,
दुख सभी को माँजता है।। (महात्मा गांधी)

गरीबी का दुख सहते-सहते,
कोई प्रधानमंत्री बन जाता है।
किसी ने ठीक ही कहा है,
दुख सभी को माँजता है।। (श्री नरेंद्र मोदी)

सूत-पुत्र का जीवन जीकर,
कोई इतिहास अमर हो जाता है।
किसी ने ठीक ही कहा है,
दुख सभी को माँजता है।। (दानवीर कर्ण)

पिता की गोद से होकर वंचित,
कोई ध्रुव तारा बन जाता है।
किसी ने ठीक ही कहा है,
दुख सभी को माँजता है।। (ध्रुव)

बन-बन कर मिटना ही होगा,
जब कण-कण में परिवर्तन है।
संभव हो यहाँ मिलना कैसे,
जीवन तो आत्म-विसर्जन है।
- शिवमंगल सिंह सुमन (हिल्लोल)

# तथाकथित राजनेता



**अर्पित शाक्य**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, द्वितीय वर्ष

क्या कहते हो तुम?
हम तुम्हारे हैं, और तुम हमारे हो।
साहेब पता नहीं था, मुझे कि तुम झूठ भी
कितनी शिद्दत से बोल लेते हो।
कि हम तुम्हारे हैं।

साहेब! इस स्वार्थी और मतलबी दुनिया में
अपनों में अपनेपन की झलक मिट जाती है,
और कहते हो तुम,
हम तुम्हारे हैं,
जो गृहस्थ जीवन में पड़ जाता हैं,
उसमें से अपनों की झलक खो जाती है,
मित्र एक ऐसा होता है जिसके लिए
हम अपने आप को कुर्बान कर देते हैं।
समय आने पर वह भी अपनापन मिटा देता है।
उसके अंदर भी परायेपन की बू आने लगती है।
और साहेब कहते हो तुम,
हम तुम्हारे हैं!
जब से अपनों को मतलबी होते देखा है।
तब से इस शब्द से नफरत हो गई है।
कि हम तुम्हारे हैं,
साहेब भगवान के कहर से डरो, इसको मत बोलो,
साहेब, मुझे एक बात बताओ
इस मतलबी दुनिया में हम,
आपके कैसे हो गए?
हम 5 साल पहले तुम्हारे थे।
और 5 साल बाद आपके हो गए।
साहेब! अपना स्वार्थ सिद्ध करके
ईद का चांद हो जाते हो!
क्या हमको अपने मतलब के लिए
अपना बनाते हो,
क्या कभी 5 साल के अंदर हमारे बीच
आकर अपनापन दिखाते हो?
जाओ साहेब जाओ
अपना काम करो,
अब हम इस मतलबी दुनिया से भलीभांति
परिचित हो चुके हैं।
कृपा करके इस झूठ को झूठ ही रहने दो,
कि "हम आपके" हैं!

# यादें

बेटियाँ ही नहीं, बेटे भी घर छोड़ कर आते हैं।
रोज सुबह माँ जब उठाती थी, तो कष्ट होता था,
लेकिन जब मैं यहाँ अकेला हूँ,
माँ का वह कष्ट याद आता है।

माँ जो खाना पकाती थी,
उसमें खाने में कमी निकालना मेरी आदत थी,
लेकिन उस खाने की बहुत याद आती है।
बेटियाँ ही नहीं, बेटे भी घर छोड़ कर आते हैं।

पापा जब हमें सुधारने के लिए कुछ कहते थे,
तो उनकी बातों को हम भाषण कहकर टाल देते थे,
उस भाषण की बहुत याद आती है।
छोटी बहन की वे बातें और गुस्सा मुझ को चिढ़ाता था,
लेकिन उस चिढ़ की बहुत याद आती है।
दादा जी मुझसे कुछ कहते,
बुजुर्गों की बात कह कर टाल देता था,
लेकिन वह बुजुर्ग जैसी बातों की बहुत याद आती है।

पिज्जा-बर्गर खा कर थक गया हूँ माँ,
तेरे हाथ की दाल-रोटी बहुत याद आती है।
हे! भगवान कुछ ऐसा कर,
कि पुरानी यादें वास्तविक हो जाएँ,
क्योंकि पुरानी यादों की भी बहुत याद आती है!

# दोस्ती



**पिंकी झा**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, द्वितीय वर्ष

दोस्त जितना छोटा शब्द है,
उसके मायने उतने ही बड़े होते हैं।।
उनकी जिंदगी बड़ी हसीन होती है,
जिनके पास सच्चे दोस्त होते हैं।।
यहाँ लोग सब कुछ पाकर भी,
अधूरे होते हैं, .....

हम अपने चुनिंदा दोस्तों को पाकर ही पूरे होते हैं।
लोग यहाँ दौलत पर गुमान करते हैं,
तो हम भी अपने दोस्तों पर जान छिड़कते हैं।।
कुछ लोग अजनबी बनकर आते हैं,
और जिंदगी जीने का तजुर्बा सिखा जाते हैं।।

ऐसे ही कुछ प्यारे लोग, .....
हमारे दोस्त कहलाते हैं।।....

पुरुषार्थहीन मनुष्य जीते जी मरा है।
– स्वामी शंकराचार्य

# जिंदगी

क्या भरोसा जिंदगी का, कब खत्म हो जाए..
जी लो उसको अच्छे से, क्या पता
कल हम ही दूर हो जाएँ..
रह जाएगी कुछ यादें, क्यों न
उन यादों को हसीन बना लिया जाए...
जिंदगी और मौत में फासले बहुत कम है यारों
रोकर जिंदगी बिताने से अच्छा नहीं क्या
जिंदगी को खुश रंग बना लिया जाए...।।

# पापा



**सौरभ हरदेनिया**
बी.एस.सी. (विशेष) गणित, द्वितीय वर्ष

पापा के कंधे पर बैठा बेटा,
जब पापा के कंधों पर खड़ा हो गया,

तो पापा से कहने लगा,
देखो मैं आपसे बड़ा हो गया।

पापा ने कहा इस खूबसूरत गलतफहमी में
भले ही जकड़े रहना, मगर मेरा हाथ हमेशा पकड़े रहना।

जिस दिन यह हाथ छूट जाएगा,
तेरा रंगीन सपना टूट जाएगा।

दुनिया वास्तव में इतनी हसीन नहीं है,
तेरे पाँव तले अभी जमीन नहीं है।

जिस दिन तू मुझसे बड़ा हो जाएगा,
मैं खुद खुश हो जाऊँगा।

मगर जब तू कंधे पर नहीं, जमीन पर खड़ा हो जाएगा,
यह बाप तुझे सब कुछ दे जाएगा।
और एक दिन तेरे कंधे पर दुनिया से विदा हो जाएगा।।

# गुजरा हमारा जमाना



**कृष्णा**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, द्वितीय वर्ष

आज वक्त को रोकने को जी चाहता है,
न जाने क्यों कुछ छूट जाने से डर लगता है।
बच्चे बनकर ही तो आए थे हम सब,
एक-दूसरे से कितने पराए आए थे हम सब।
कॉलेज के दिनों में ही एक हो गए,
हँसने खेलने के बहाने अनेक हो गए,
दोस्तों तीन साल पहले एक शुरुआत हुई थी,
सेमिनार इंट्री से जो स्टार्ट हुई थी।
सूरज की पहली किरण से जो शुरुआत हमारी,
पूरे दिन की मस्ती और फिर रात भी हमारी।
याद आएगा हम सबको वह डी.ए.वी. से बिछड़ जाना,
वह रात को देर से सोना और सुबह की पहली क्लास में अटेंडेंस खोना।
जैसे-तैसे करके हमने निकाला था अपना पहला साल
बहुत खुश हुए यार अब बचे हैं दो साल
पहले सेमेस्टर के रिजल्ट ने हमें हमारी असलियत दिखाई
एक-दूसरे के कंधे पर हाथ रख कर बोले अपने बस में कुछ नहीं है भाई।
ना चाहते हुए भी इस भीड़ का हिस्सा सा हो गए।
बाहर से आए बच्चों को रह-रहकर घर की याद सताती थी,
कैंटीन की थाली में ना जाने क्यों मां की तस्वीर नजर आती थी।
पर न जाने दोस्तों, दिल में कुछ आता है,
वक्त को रोकने को जी चाहता है।
जिन बातों का दुख था, आज उन पर हँसी आती है,
न जाने क्यों उन पलों की याद दोस्तों खूब सताती है।
कही-अनकही हजारों बातें रह गई,
न बताने वाली, न सुनाने वाली कुछ यादें रह गई।
मुझे अब 'जोकर' कहकर कौन बुलाएगा?
अलग-अलग नामों से कौन पुकारेगा?
मेरी बातों से परेशान अब कौन होगा?
भाई तू चुप हो जा! अब कौन बोलेगा?
कौन मुझसे बिना पूछे मेरा टिफिन खोलेगा,
असाइनमेंट मेरा भी बना दे। अब कौन कहेगा?
असाइनमेंट पहले करने के लिए अब कौन आगे बढ़ेगा?
फैकल्टी के पीछे अब कौन हँसेगा?
अब कौन खड़ा होकर, 'यह नहीं, यह था' कहेगा?
क्लास और कैंटीन की कहानी होगी खत्म अब,
अलग होगी मंजिलें और अलग होंगे हम सब।
न्यू बिल्डिंग की वे सीढ़ियाँ, जहाँ जमती थी महफिलें,
सीढ़ियों का स्टेज भी अब खाली करना होगा,
आ गया वह मोड़ जिसमें अलविदा कहना होगा।
आखिर आ ही गया वह दिन जिस का हमें इंतजार था,
अब बिछड़ जाएँगे यार सारे जिनसे हमें बहुत प्यार था।।
मेरे दोस्त जरा ठीक से देख लो, कहीं कुछ छूटा न हो,
कहीं तुम्हारी वजह से किसी का दिल टूटा न हो।
भूलकर सारी रंजिशें, आज गले मिल लो,
एक बार फिर से मिलने का वादा कर लो।।
क्योंकि जा रहा जो वक्त, दोबारा आने से रहा,
दिल थामकर, आँखें मींचकर अलविदा कहना पड़ रहा।
मेरे यारों! दोस्ती का यह हसीं पल, अब एक दास्तान में बदल रहा
आ गया वह मोड़ जिसमें अलविदा कहना पड़ रहा।

# माँ



**प्रखर शुक्ला**
बी.एस.सी. (विशेष) गणित, द्वितीय वर्ष

ईश्वर भी जिसकी महिमा के,
पल-पल गाता सार।
जिसके चरणों में झुक जाते,
बड़े-बड़े दरबार।
त्याग समेटा आँचल में,
दुनिया हमको दिखलाई है।
ज़रा गौ़र से सोचो तो,
यह दुनिया भी माँ से आई है।
जिसने तुमको दूध पिलाया,
आँचल में स्थान दिया।
सिर आते तूफानों को,
आगे आकर थाम लिया।
जिसने अपनी जान लगाकर,
तुम में जान बसाई है।
जरा गौ़र से सोचो तो,
यह जान भी माँ से आई है।
याद रखो उदंड थे तुम,
माँ ने तुम्हें खिलाया था।
नन्हे हाथों की चोटों को,
फूँक-फूँक सहलाया था।
तुम्हें खिलाया उसने भरपेट,
खुद आधी रोटी खाई है।
ज़रा गौ़र से सोचो तो,
यह रोटी भी माँ से आई है।
तेरी हर नादानी को,
उसने हँस-हँस टाल दिया।
खुद सर्दी में ठिठुर गई,
पर तुमको अपना शॉल दिया।
तेरी मर्जी की हर चीजें,
प्यार से तुम्हें खिलाई है।
जरा गौ़र से सोचो तो,
यह चीजे भी माँ से आई है।
अपने जीवन को काटा,
पर तुमसे नहीं कोताही की।
आकार तुम्हे देने को,
कुम्हार की तरह पिटाई की।
'गगन' चढ़े-सा इतराते हो,
तुमने जो आभा पाई है।
ज़रा गौ़र से सोचो तो,
यह आभा भी माँ से आई है।

मातृत्व दीर्घ तपस्या है।
– प्रेमचन्द

# मैं भारत की बेटी हूँ



**सविता कुमारी**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, प्रथम वर्ष

बेटों से मैं कम नहीं,
जीवन में आगे बढ़ती जाऊँगी।
ऐसा कोई काम नहीं,
जो मैं ना कर पाऊँगी।
साबित कर दूँगी कि,
कन्या एक वरदान है, न कि वह अभिशाप है।।

बेटों का जब जन्म हुआ,
मिलकर दीप जलाए थे।
बेटी का जब जन्म हुआ,
आँखों से नीर बहाए थे।
कन्या एक वरदान है, न कि वह अभिशाप है।।

दुर्गा माता, काली माता,
वह भी तो एक कन्या थी।
झाँसी की रानी को देखो,
वह भी तो एक कन्या थी।
फिर से मैं कहती हूँ सबसे,
कन्या एक वरदान है, न कि वह अभिशाप है।।

# शिक्षक का सम्मान

माँ बाप तो देते हैं जन्म,
पर शिक्षक सिखाते हैं जीवन का पाठ!

माँ बाप तो पाल-पोस कर बड़ा करते है,
पर शिक्षक सिखाते हैं जीवन को जीने का राज!

माँ-बाप तो सुख-सुविधाओं का करते है विधान,
पर शिक्षक पढ़ा लिखा कर हमें बनाते हैं महान।

शिक्षक तो हमें देते हैं अपना सर्वस्व एवं ज्ञान।
सदैव करो शिक्षकों का सम्मान।

# आस्था के लिए रास्ता



**सौरभ सक्सेना**
बी.ए. (विशेष) संस्कृत, तृतीय वर्ष

बीच सड़क अपनी भक्ति का प्रदर्शन करते हुए
भक्तों का समूह निकल चुका है मोक्ष की प्राप्ति
करने
उन्हें रास्ता दो...।

सारे बाजार ढोल-नगाड़े समेत, कोलाहल का दृश्य
ईश्वर से प्रार्थना करते हुए
आशायुक्त समूह आतुर है विसर्जन को
उन्हें रास्ता दो...।

कुछ श्रद्धालुओं की मंडली
कहीं काँवर का भार लिए अग्रसर हैं पथ पर
और अन्य अपने जख्मों की वेदना से
परमात्मा को लुभाते हुए
उत्साहित समूह आशा करता है शुद्धिकरण की
गंगा स्नान से
उन्हें रास्ता दो...।।

# पर्यावरण संरक्षण



**निशा**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, वर्ष

संदेश ये हम सब तक फैलाएँ,
आओ पर्यावरण बचाएँ।

फैल रहा है जब प्रदूषण,
काट रहा मानव जंगल-वन।
हवा हो रही है जहरीली,
कमजोर पड़ रहा है सब का तन।
समय आ गया है कि मिलकर,
हम सब कोई कदम उठाएँ।
संदेश यह हम सब तक फैलाएँ,
आओ पर्यावरण बचाएँ।।

प्रयोग करें गाड़ी का कम हम,
पैदल चलने पर जोर दें।
थैले रखें हम कपड़ों के,
प्लास्टिक को रखना छोड़ दें।
अहंकार की छोड़कर बातें,
संदेश हम सब तक यह फैलाएँ।
आओ पर्यावरण बचाएँ।।

हवा चाहिए शुद्ध ही सबको,
पेड़ न कोई लगाता है।
अनजाने में सब रोगों को,
पास में खुद ही बुलाता है।
हरियाली फैला कर आओ,
सबको अब हम स्वस्थ बनाएँ।
संदेश यह हम सब तक फैलाएँ,
आओ पर्यावरण बचाएँ।।

मत व्यर्थ करो जल को,
जल है तो अपना जीवन है।
प्रकृति ने है जो हमको दिया,
सबसे अनमोल यह धन है।
सब जीवों को मिले बराबर,
इस उद्देश्य से अब हम जल बचाएँ
संदेश यह हम सब तक फैलाएँ,
आओ पर्यावरण बचाएँ।।

माता है यह धरा हमारी,
हम इसका सम्मान करें।
बिगाड़ रही हालत है इसकी,
इस बात का हम ध्यान करें।
भला निहित हो जिससे सभी का,
ऐसा एक विधान बनाएँ
संदेश यह हम सब तक फैलाएँ,
आओ पर्यावरण बचाएँ।।

# बेटियाँ

जिम्मेदारियों का बोझ परिवार पर पड़ा तो,
ऑटो, रिक्शा, ट्रेन को चलाने लगी बेटियाँ।

साहस के साथ अंतरिक्ष तक बेध डाला,
सुना है वायुयान भी उड़ाने लगी बेटियाँ।

वीर की शहादत पर अर्थी को कंधा देकर,
अब श्मशान तक जाने लगी बेटियाँ।

और कितने उदाहरण ढूँढ कर लाऊँ,
हर क्षेत्र में शक्ति आजमाने लगी बेटियाँ।

कटु बोल बोलने से पहले सोचती हैं खूब,
संस्कारों की डोर से जुड़ी हैं बेटियाँ।

बेटे भले दुखा दे आपका दिल,
कष्ट सहकर सुख देती हैं बेटियाँ।

प्रश्न यह ज्वलनशील सबके लिए आज,
नित्य प्रति कोख में क्यों मरती हैं बेटियाँ?

## मेरी तीन रचनाएँ

# अभिलाषा



**इरफान खान**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, प्रथम वर्ष

लिख दिया है मैंने खुद को,
इन शब्दों में ढूँढ लेना मुझको।
जला हूँ, लड़ा हूँ,
हारा भी हूँ मैं।
चखा मैंने स्वाद मीठा जीत का भी है,
फिर थूकी कड़वाहट अगले कदम भी है।
उड़ते ही मैं गिरा,
बेराह चलना क्या है, कैसे बताऊँ तुमको।
इसलिए लिख दिया है मैंने खुद को।।
क्रूर बना भी,
प्रेम की भीख भी माँगी,
भरे मैंने औरों के जख्म अनगिनत भी,
सीखा चलते चलते हैं सीना खुद को।
हाँ, मैंने देखा है आँखों में आँखें डाले
कुल्हाड़ी मारते अपने पैरों पर खुद को।
इन शब्दों में ढूँढ लेना मुझको।
यह स्याही अभी नहीं सूखी,
कहानी तो अब तक शुरू भी न हुई,
यह पढ़कर यह मत समझो,
कि पूरा पढ़ लिया है तुमने मुझको।
धरती पर रेंगना बंद हुआ है,
उड़ान अब शुरू हुई है,
कल उड़ता देखोगे उस नीले आसमाँ में मुझको।
इसलिए लिख लिया है मैंने खुद को,
इन शब्दों में ढूँढ लेना मुझको।
नहीं जरूरत तुझे ए इंसा,
की हाल-ए दिल तू खोज सुनाए किसी को,
कलम उठा! और तू भी अब लिख डाल खुद को।

# भारत की शान हैं बेटियाँ

भारत की शान हैं बेटियाँ,
हम सब का अभिमान हैं बेटियाँ,
अंतरिक्ष यात्री बनी बेटियाँ,
अबल नहीं, सबला हैं बेटियाँ
विवश नहीं, तूफ़ान हैं बेटियाँ।
आज इस गणतंत्र पर बेटी बचाने का संकल्प हमें लेना है;
कन्या भ्रूण हत्यारों का साथ हरगिज नहीं देना है।
पढ़े बेटियाँ, बढ़े बेटियाँ,
बेटी बची तो बचेगा देश
घर की जान हैं बेटियाँ, वतन की शान हैं बेटियाँ
बेटों के समान हैं बेटियाँ।।

# हुनर

हम भी कुछ रंग जमाने का हुनर रखते हैं,
और रंग-पे-रंग चढ़ाने का हुनर रखते हैं,
किसी का रंग चढ़ गया हो किसी पर तो
हम रंग-में-भंग करने का हुनर रखते हैं।

हम तो रोते हुए को हँसाने का हुनर रखते हैं,
और सोते को जगाने का हुनर रखते हैं,
जिस भी तालाब की मछली पसंद आ जाए,
जाल में उसे फँसाने का हुनर रखते हैं।

# एक दशहरा ऐसा भी ( अमृतसर )



**शुभम शर्मा**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, प्रथम वर्ष

शहर में आज उत्सव है,
लगी होड़ जल्दी पहुँचने की।
चलो-चलो अब देर न करो,
मोहल्ले के लोगों ने एक-दूसरे को आवाज दी।
क्यों री कहाँ रह गई थी?
अरे प्रीति आई है ससुराल से, देखने दशहरा...
छुटकी को भी साथ लाई है।
ओह! यह तो और भी बढ़िया हुआ।
चलो-चलो अब देर ना करो।
सुना है बहुत बड़ा मेला है।
हाँ...
देखना कोई एक-दूसरे से जुदा होने ना पाए,
हाथों को थामे रखना जोर से...
बच्चे?
बच्चे कहाँ टिकते हैं जमीन पर,
शहंशाह की भाँति देखेंगे रावण,
पिता के कंधों पर!
मेला! मेला!
वह देखो तलवार, गदा, तीर, धनुष,
और खाने को भी कितना कुछ!
बच्चे अपनी सोच रहे थे, धनुष, तीर लिए हाथ में
रावण को खोज रहे थे।
कोई राम, कोई हनुमान,
कोई कुंभकरण और मेघनाद बना है
अपने-अपने किरदारों में तनकर हर कोई खड़ा है।
तभी हा.. हा.. हा.. हा.. हा.. की ध्वनि गूँज उठी
मैदान में, राम का भी आगमन हुआ लिए धनुष हाथ में।
थम-सा गया मैदान, इंतजार था लोगों को,
आज फिर होगी, बुराई पर अच्छाई की जीत।
निकला तीर कमान से भेद दिया रावण को,
जल उठा पुतला अहंकार का,
उल्लसित हो उठा जनसैलाब, पुकारा नाम श्री राम का।
पटाखों की धूँ-धूँ में जल रहा था कलयुगी रावण।
सहसा त्रेता की कल्पना लोगों को खींच कलयुग में लाई,
चिंगारियों से अब स्वयं को बचाना था।
अब न अतीत था, न भविष्य,
यदि कुछ था तो मनुष्य स्वयं।
कैसे कहूँ आगे का मंजर?
चंद सैकेंड में उजड़ गया सब।
किसने किसको थामा था?
बैठ पिता के कंधों पर, कौन कहाँ से आया था?
माँ बेटी को खोज रही, बिलख-बिलख कर रो रही,
तुमने देखा, तुमने देखा?
सवालों का यह घनघोर बवंडर छाया था।
स्तब्ध खड़े सब मौन, समझ किसी के कुछ ना आया था।
जली लाशों में हर कोई ढूँढ रहा था अपनों को,
वहीं कहीं दिखा रावण का शीश लोगों को,
नहीं, नहीं, यह त्रेता का रावण न था, अभिनय कर
तीर झेले थे राम के,
हाय! आज शून्य हुआ जीवन उसका, बिखर गया
टुकड़ों में।
कैसा था यह विजय नाद?
एक प्रश्न अभी भी मन में कौंध रहा था,
किसकी हुई थी विजय और हुई किसकी हार?
अब न तो कोई रावण बचा था और न ही कोई राम।
अब न कोई मेला था, बस हर कोई अकेला था,
या शायद नहीं था।

मेरी दो रचनाएँ

## कोशिश



**कमल**
एम.ए. (विशेष) हिंदी, द्वितीय वर्ष

कोशिश!
कोशिश!!
कोशिश!!!
क्या बस इतनी ही बाकी थी
इतनी सुबह और इतनी रात गुजर गई,
क्या ये अंतिम क्षण थे, जिन्हें तुमने यों गँवा दिया।
और सुबह और रात अभी बाकी है
इन्हें तो कीमती तू समझ
तेरी वह चाह पूरी जरूर होगी,
जिस दिन मिलेगी सफलता
उस दिन 'नायाब' जीत हासिल होगी।

## आँखें

आँखें तो इशारा भी करतीं हैं,
कभी सोचा है तुमने?
वे भी तो किसी का सहारा बनतीं हैं।
कभी-कभी पलकों से ढक बेशक जाती लेकिन,
वे किसी का सहारा नहीं हैं छोड़ती।
आँखों से बेशक आँसू की एक बूँद क्यों न गिरे,
वह बूँद भी किसी-न-किसी का सहारा है बनती।
ये आँखें ईश्वर के समक्ष हाथ जोड़कर,
बंद अवस्था में भी ईश्वर का सहारा हैं ढूँढती।

## था वह मेरा कॉलेज का पहला दिन



**अब्दुल कादिर**
बी.कॉम (विशेष) प्रथम वर्ष

था वह मेरा कॉलेज का पहला दिन।
सहमा-सहमा मैं कहीं गुमसुम-सा।
नया था शहर, नई थी सोच।
नए थे इरादे, नए थे लोग।
फिर मिला मुझे एक रत्न अनमोल।
कहने को था मित्र, साफ था चरित्र।
था वह मेरा कॉलेज का पहला दिन।

रहता था वह साथ, देता था हर बात में साथ।
प्यारे थे वे लम्हे, जो थे हमने साथ गुजारे।
वरना कहाँ मिलते हैं, अनजान जगह में
बेसहारा को सहारे।
रह जाते हैं लोग तन्हा, ढूँढते हैं बहाने।
था वह मेरा कॉलेज का पहला दिन।

असीम राहें, अनिद्र आँखें,
सपने अटूट, ना कोई फितूर
साथ में बैठना, संग दोस्तों के,
किस्से सुनाने और फिर मुस्कुराना।
कहाँ गए वे लम्हे कहाँ रहा अब ऐसा दिन
था जो वह मेरा कॉलेज का पहला दिन।

## पथ पर पथिक



**अमरजीत वर्मा**
बी.ए. (प्रोग्राम) द्वितीय वर्ष

एक सीढ़ी, गाँव, घर, पीढ़ी, परत,
एक नजरिया, सफलता, रुझान, खुशी या संतोष।
मिलने या मिलती है यदि तो अटूट अटल इच्छाशक्ति से।
लापरवाही, तफरी, भटकाव, बहस, गलत संगत,
और बुरी आदतें देती है केवल कष्ट और असफलता।
है नहीं कोई फर्क पड़ता कि आप
हैं कहाँ के, किसके और कैसे?
है फर्क पड़ता जब नहीं करते आप
दृढ़ इच्छाशक्ति से मेहनत!
आज तक किसी का नहीं हुआ 'पूरा स्वप्न'
जो स्वप्निल पलकों को 'संतोष' करके देखे
अधूरा पर करें संपूर्ण।
अपने को जियो, खुशी, आनंदमय और
हृदय के तल की गहराई तक तल्लीन
होकर जियो, जीना है तो जियो।
क्योंकि काटने से नहीं कटती, यह अकाट्य जिंदगी
नहीं है चलता पता यदि जिए,
बहुत छोटी है यह महकती जिंदगी
क्यों उदासी गम लेकर जिएँ भला,
किसका हुआ है भला?

## नव प्रेरक

होगा वही जो किया है, कभी
हुआ है वही जो किया था, कभी
आएगा वही जो कर रहे हैं, अभी
रह जाएगा यहीं जो किया है अधूरा-अधूरा कभी।

सच्चे, अच्छे, कठिन-परिश्रम दृढ़-इच्छाशक्ति, संकल्प
लक्ष्य आदि शब्दों से यदि है दोस्ती।
तो कराएँगे भेट, सफलता, सम्मान, आदर
प्रतिष्ठा, वैभव आदि महान, शब्दों से

यदि अभी नहीं, तो कभी नहीं।
जो सोच गए, सच्ची सोच से
तो हो जाओगे अडिग, अजर, अमर
इस धरा पर पूरी तरह से।
क्योंकि जिसने भी किया उसको मिला है,
औकात से भी ज्यादा कभी-कभी।
'बुद्धू' से 'बुद्ध' तक की यात्रा,
है कल्प समान अभी।
पर हो जाएगी, पूर्ण यह यात्रा,
यदि किए सच्चे-कर्म, पुरुषार्थ अभी।

> विचारों के युद्ध में पुस्तकें ही अस्त्र हैं।
>
> – बर्नार्ड शॉ

# अपना भारत

हमें बने रहना है हरदम जीवन की ओर अग्रसर
करके कठोर परिश्रम सफलता मिलेगी अग्रिम पद पर
होकर महान, बने रहना महान, है कठिन?
यदि सहेजें हरदम इसे, तब अभिभूत रहेंगे हर वक्त,
और उभरकर निकलेंगे बनकर सिकंदर।
अगर आए मुश्किल से भी कोई मुश्किल,
नहीं बनना बुरा इतिहास, करके कोई गलती से गलती
अंजाम चाहे कुछ भी हो, रहना है अच्छा और सच्चा।
बनाना है भारतवर्ष को जगतगुरु फिर,
नहीं रहना लकीरों के फकीर, खोज स्वयं करेंगे।
बनके किसी हाथ की कठपुतली कष्ट नहीं सहेंगे।
मिट्टी डालो इतिहास पर सचेत हो।
क्योंकि अब जगतगुरु के लिए मरने की नहीं,
है जीने की जरूरत।
अब्दुल बिन कासिम, गज़नी, मुगल, फिरंगी
और कुछ जयचंदों की कहानी न अब दोहराऐंगे,
करके कठिन परिश्रम, गाँधी के भारत को
विकसित करके दिखाऐंगे

# भ्रष्टाचार



**धर्मेंद्र**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, प्रथम वर्ष

सब लोगों पर भ्रष्टाचार का भूत चढ़ा है,
हर घर इसका राज बढ़ा है,
भ्रष्टाचार का खूब प्रचार बढ़ा है,
ईमानदार लाचार खड़ा है।
भ्रष्टाचार के कारण पापी खूब कमाता है,
ईमानदारों को लूटकर अपनी जेब भरता है,
वर्तमान समय ऐसा है, जग में जीता वही
जिसके पास पैसा है,
भ्रष्टाचार का हुआ बोलबाला है,
ईमानदार बेबस खड़ा हुआ दिखा है।
भ्रष्टाचार के कारण अमीर अपराध
करने के बाद भी कानून से बच जाता है
और ईमानदार बेगुनाह होकर भी कोर्ट कचहरी में
फँस जाता है।
अब भ्रष्टाचारी नेताओं की बारी
मौसम चुनाव का आते ही घर-घर हाथ फैलाते हैं
भगवान के नाम पर दे दो वोट
बस यही एक गाना गाते हैं।
चुनाव के समय रिश्तेदार इन्हें सब याद आते हैं
लेकिन जब चुनाव जीत जाते हैं तो सब को भूल जाते हैं।
जब काम किसी का करना हो तो यह मुँह फेर लेते हैं,
जनता का खून चूस कर यह अपना राज चलाते हैं।

> जिस राष्ट्र में चरित्रशीलता नहीं है उसमें कोई योजना काम नहीं करती।
>
> – आचार्य विनोबा भावे

# मेरा बचपन



**शाज़िया लारी**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, प्रथम वर्ष


आई रे आई याद चली आई,
वो खेलना-कूदना, वो छुपने छुपाई,
वो छुट्टी के दिन, वह आलस भरी अंगड़ाई,
रंग-बिरंगी पतंगे हमने खूब उड़ाई,
गिल्ली झंडे की आवाज भी लगाई,
कागज की कश्ती पानी में चलाई,
बारिश मे गड्ढों में छलाँग भी लगाई,
वो किताबों की दुनिया, वो परीक्षा की घड़ियाँ,
वो पढ़ना-पढ़ाना, वो आँसू बहाना,
वो दोस्तों से लड़ना, वो रूठना-मनाना,
मुझे याद आता है, वह बचपन सुहाना,
यादों से भरा मेरा बचपन सुहाना।

# जिंदगी इसको कहते हैं

दिल टूटने पर भी हँसना
शायद जिंदादिली इसी को कहते हैं।
ठोकर लगने पर भी मंजिल के लिए भटकना
शायद तलाश इसी को कहते हैं।
सूने खंडहर में भी बिना तेल के दीए जलाना,
उम्मीद इसी को कहते हैं।
टूट कर चाहने पर भी उसे न पा सकना,
शायद चाहत इसी को कहते हैं।
गिरकर भी फिर से खड़े हो जाना,
शायद हिम्मत इसी को कहते हैं।
''उम्मीद, तलाश, चाहत, हिम्मत,
शायद 'जिंदगी' इसी को कहते हैं''

# रूबरू




**अंशुमान नाथ चौधरी**
बी.एस.सी. (विशेष) गणित, तृतीय वर्ष


तनहा जो तू होगी तो, वह खुद भी तनहा होगा।
गर मुश्किल में तू है तो, समय थमा उसका होगा।।

मेरी वो ही चाहत है, चाहत हूँ मैं जिसकी सुन!
आज करीब नहीं तो क्या! कल खुद भी सहमा होगा।।

ऐसे अलग अभी वो है, फलक सरीखी लगती धुन
बगल खड़ी है मंजिल तो, तू थोड़ा बहका होगा!

पिघले मोम तपिश पर ही, उजियारा देता है लेकिन।
घबराकर हट जाए तू, वो तो कायरपन होगा।।

शक्कर जल से मिलता जब, अपना रंग पकड़ता है।
पकड़ कलाई छोड़े जो, पागलपन करता होगा।।

मेरी दो रचनाएँ

# मेरी आभा है निराली



**शशि चौरसिया**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, प्रथम वर्ष

मेरी आभा है निराली, मेरा रूप है सुनहरा,
सुनो! तुम मुझे केवल उपभोग मात्र न समझना।

न हूँ मैं काली, न मैं दुर्गा,
मैं एक स्त्री हूँ, और मुझे स्त्री ही समझना।

मेरी आभा है निराली, मेरा रूप है सुनहरा,
सुनो! तुम मुझे केवल उपभोग मात्र न समझना।

नहीं हैं हम स्त्रियाँ, किसी शौर्य को सुशोभित करने वाला गहना,
और इतनी संकीर्ण मानसिकता, रखने वाले पुरुषों को अब और क्या कहना।

मेरी आभा है निराली मेरा रूप है सुनहरा,
सुनो तुम मुझे केवल उपभोग मात्र ना समझना।

हम हैं शीतल, हम हैं कोमल और हमें भी आता है, अनल में बदलना।
सुनो! तुम मुझे केवल उपभोग मात्र न समझना।।

मेरी आभा है निराली मेरा रूप है सुनहरा,
सुनो तुम मुझे केवल उपभोग्य मात्र न समझना।।

# सपने

क्यों न इन नन्ही आँखों में सौ सपने लिए
चलते चले जाएँ पता नहीं किस मोड़,
किस शहर, किस चौराहे उस मंजिल से मुलाकात हो जाए

क्यों न इन नन्ही आँखों में सपने लिए चलते चले जाएँ।

असफलता के डर से न हम सहमें, न हम ठहरें
न ही कतराएँ और बिना घबराए उस मंजिल की राह पर चलते चले जाएँ।

और ध्यान रहे, उस स्वप्नील मंजिल की ऊँचाई में
परिश्रम की थोड़ी सी पूँजी भी आए।

इस तन के साथ छोटे से निश्चल मन के साथ,
और थोड़े से पापी धन के साथ हठी बने बस बढ़ते ही चले जाएँ।

क्यों ना इन नन्ही आंखों में सपने लिए चलते चले जाएँ

कलाकार के निर्माण में जीवन के निर्माण का लक्ष्य छिपा रहता है।
– महादेवी वर्मा (दीपशिखा)

# प्रकृति



**रीटा**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, द्वितीय वर्ष

प्रकृति ने अच्छा दृश्य रचा,
इसका उपयोग करें मानव।
प्रकृति के नियमों का उल्लंघन करके,
हम क्यों बन रहे हैं दानव?
ऊँचे वृक्ष घने जंगल ये,
सब हैं प्रकृति के वरदान।
इसे नष्ट करने के लिए,
तत्पर खड़ा है क्यों इंसान?
इस धरती ने सोना उगला,
उगली हैं हीरों की खान।
इसे नष्ट करने के लिए,
तत्पर खड़ा है क्यों इंसान?
धरती हमारी माता है,
हमसे कहते हैं वेद-पुराण,
इसे नष्ट करने के लिए,
तत्पर खड़ा है क्यों इंसान?
हमने अपने कर्मों से,
हरियाली को कर डाला श्मशान,
इसे नष्ट करने के लिए,
तत्पर खड़ा है क्यों इंसान?

# किसी ने नहीं देखा कल

कल-कल, छल-छल जैसे अविरल,
रहता है नदियों का जल।
गुजर जाता है कुछ ऐसे ही,
जीवन सरिता का हर पल
बनकर कल आज और कल।

हर आज बन जाता है बीतकर,
बीता हुआ वह कल,
आने वाला कल भी,
भोर से पहले ही फिर,
बन जाता है आज।

कोई न जान सका इस आज कल का राज
न जाने कैसा होगा वह आने वाला कल,
क्यों न जी लें हँसते-हँसते,
जीवन का यह स्वर्णिम पल।

कल किसने देखा? किसी ने नहीं देखा कल!

# इस रेल ने!

इस रेल ने कितनी कहानियाँ छिपाई होगी!
कितने सफर खूबसूरत बनाए होंगे!
कितने मुसाफिरों की मंजिलें मिलाई होगी!
इस रेल ने कितनी कहानियाँ छिपाई होगी!

उस चाय वाले ने कितनों को चाय की आदत लगाई होगी!
उन चुस्कियों ने कितनी मुलाकातें यादगार बनाई होगी!
कितने किस्से बने होंगे स्टेशन में इंतजार के वक्त!
फिर इस रेल की आवाज ने कितनी यादें दोहराई होगी!
इस रेल ने कितनी कहानियाँ छिपाई होगी!

कितनों को घर मिला होगा, कितने बेघर हुए होंगे,
इन दरवाजों ने कितनी आत्मीयता दिखाई होगी!
कितने मुसाफिर गुम हुए होंगे इस भीड़ में,
कितनों को नई मंजिलें दिलाई होगी!
इस रेल ने कितनी कहानियाँ छिपाई होगी!

# खुद से एक सवाल



**प्रवीण कुमार**
बी.ए. (विशेष) राजनीति विज्ञान, तृतीय वर्ष

कोई फिल्मी नहीं,
सत्य है, आजादी मना रहे,
हमारी दिल्ली राजधानी का सत्य है,
साहब एक तिरंगा ले लीजिए ना,
भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिंद।

अचानक कुछ लोगों में देशभक्ति जाग जाती है,
ला दे दे कितने का है,
साहब 100, 70, 40 का,
अचानक एक आवाज आती है,
देश भक्ति के नाम पर लूट रहे हो, शर्म करो।

तभी पीछे से एक साथी तपाक से बोल बैठता है,
साहब हम तो सिर्फ,
पेट भरने के लिए तिरंगा बेच रहे हैं,
लूट तो आप जैसे लोग रहें है।
तभी तो हम जैसे भटक रहे हैं,
साहब गुस्से में लाल, आगे बढ़ जाते हैं।

आखिर यह कैसी आजादी,
जहाँ तिरंगा बेचते नन्हें हाथ नहीं दिखते,
पर तिरंगा दिखता है, उस तिरंगे की कीमत दिखती है
पर उस मासूम चेहरों की बेबसी का एहसास नहीं होता,
यह तो कुछ उदाहरण मात्र हैं,
कुछ ऐसी मानसिकता और व्यवस्था से घिरे हैं,
जहां 'आज़ादी' शब्द हम से कुछ सवाल करता है,
क्या भारत की आज़ादी का मतलब,
सिर्फ कुछ लोगों की आजादी है?
क्या आजादी का मतलब,
सिर्फ एक दिन तिरंगा फहरा लेना,
और राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान गा लेना,
और वंदे मातरम, भारत माता की जय,
के नारे लगा लेना मात्र है?

क्या वे आज़ाद है जो भूख से लड़ रहे हैं?
क्या वे आज़ाद है जो इलाज के अभाव में,
जीवन और मृत्यु से लड़ रहे हैं?
क्या वे आज़ाद हैं, जो खुद मिट्टी के होकर भी,
लेकिन अपने वजूद के लिए लड़ रहे हैं?
क्या इन्हें भी आज़ादी मनानी चाहिए?
क्या ये आजाद हैं?
एक सच्ची 'आज़ादी' को समझने और मनाने के
लिए हर किसी को खुद से एक सवाल करना होगा,
जी हाँ! खुद से एक सवाल करना होगा!

# आत्म द्वंद्व

कभी-कभी बिस्तर पर आराम से सो जाना,
सोना नहीं होता।
कब्र में भयानक मौत से चले जाने जैसा होता है,

दिल्ली की सड़कों पर चलना आसान तो है,
पर हर जगह नजरों को उठा कर चलना,
आसान नहीं होता है।

कुछ नजरें देखती हैं बड़ी मासूमियत से,
कुछ में सच्चाई, तो कुछ में फ़रेब होता है,
कुछ हाथ उठते हैं मजबूरी में,
कुछ आदतों की मोहताज होती हैं।

सपने, लक्ष्य, उन्नति ने,
हम सबकी संवेदना को मार दिया है,
हम और तुम खुश हैं कि हम साँस ले रहे हैं,
शरीर का हर हिस्सा क्रियाशील है,
पर कभी गौर कीजिएगा,
क्या आप सच में बिस्तर पर सोए हैं?
क्या आप सच में जिंदा हैं?

# मेरे दर्द



**गौरव बैसोया**
बी.कॉम (विशेष) तृतीय वर्ष

मेरे दर्द नहीं ऐसे कि उनके पीछे आँसू बहाए जाएँ
आज इस कलम से चीरकर इन पन्नों का सीना,
इन लोगों को भी अपनी दास्ताँ सुनाई जाएँ।

मेरे लिखे पर दाद दो, मेरे सपनों को दाब दो,
कहीं बस न जाऊँ इन पन्नों पर, इन पन्नों को ही फाड़ दो।

मेरी ख्वाहिशें, मेरी तकदीर की मोहताज नहीं,
हर उड़ान पहले से ऊँची हो, यह भी कोई अच्छी बात नहीं।

हार से अगर हार गया, तो हार की जीत होगी,
जीत होगी जिस दिन मेरी, उस दिन से जमाने में
हारने की रीत होगी।

लोग सोचते बहुत हैं, इसलिए हमने सोचना छोड़
दिया, लोग सब बोलते बहुत हैं,
इसलिए हमने बोलना भी छोड़ दिया।

जरूरी नहीं हर दर्द की एक वजह, एक नाम हो,
होते हैं सब के कुछ जख्म ऐसे भी,
जिनकी पहचान गुमनाम हो।

गम की दुकान में बिके नहीं, आज फिर गम मेरे कोई,
लगता है दुनिया में दोबारा हँसना शुरू कर दिया।

तुम शुरु तो करो तुम्हारे हर सफर का परिणाम आएगा,
यह कोई मेरी कहानी नहीं जो आग़ाज से पहले
अंजाम आएगा।

खून के धब्बों की इन पन्नों पर अहमियत बहुत है,
पर इन जख्मों की मुझे इस दुनिया में रियायत कोई नहीं।

मुख्तलिफ अपने इन दिनों की पहचान तो है मुझे यूं तो,
पर यों मुसल्सल्ल बहते लहू को देख अक्सर उस
जख्म की पहचान भूल जाता हूँ।

# आ गए तुम

आज आ गए हो वापस तुम इस दरबार में,
कहानी तुम्हारी शुरू हुई थी इस दरबार से।
फिर भेज दिया था तुम्हें इस दुनिया के व्यापार में,
लिख दी थी तकदीर तेरी कर्म तेरे हाथ में,
जैसे ही तू उतरा जमीन पर तेरी किताब यह खुल गई,
मेरे हाथों लिखी तेरी तकदीर भी,
तेरे कर्मों की मोहताज बन गई।

फिर जो भी तूने किया, जैसे किया, वह सब मैं यहाँ
लिखता रहा,
तुझसे कभी मुलाकात न की पर नजर तुझ पर सदा
रखता रहा,
तेरे अच्छे बुरे दोनों में, मैं तेरे साथ था,
तुझे दिखा नहीं, पर तेरे सर पर हमेशा मेरा हाथ था।
फिर जैसे-जैसे साल बीते तुझे समझ आने लगा,
यह व्यापार क्या है?

यह मतलब की दुनिया है, और यहाँ मतलब ही
बिकता है।

सोचा तो बहुत तुझे रोक लूँ,
पर इंसान मेरी सुनता कहाँ है?

तूने पूजा की, मेरे आगे हाथ जोड़कर और बहुत चीजें माँगी,
पर तू यह न समझा कि हर चीज की एक कीमत
होती है,
हाथ जोड़ने से नहीं तेरी ख्वाहिश तेरे कर्मों से पूरी
होती है,
तूने जो भी किया, सब लिखा मेरे सामने है,
तेरे पाप, तेरे पुण्य, तेरे कर्म सब इस किताब में है,
पढ़ना शुरू करता हूँ, जो भी लिखा इस किताब में है,
फिर पढ़कर बताऊँ तुझे कि तेरी तकदीर मैंने क्या
लिखी थी?
और फिर अपने कर्मों से तूने वह क्या कर दिया?

जब झूठ बोला तूने अपने गुरु से,
या जब आवाज ऊँची की थी अपने माता पिता के
सामने,
जो वह कुत्ता सो रहा था, सड़क पर उस को भगाया
था, पत्थर मार कर
अपने इस जीवन में जिसको भी तकलीफ दी है,
वह अब तू भुगतेगा।
जब तूने किसी और के जीवन को नरक बनाया,
अब नरक ही तेरा जीवन बनेगा।

मगर उससे पहले कुछ काम तूने अच्छे भी किए हैं,
उस गरीब बच्चे को जब रोटी खिलाई,
और उस बूढ़ी अम्मा का हाथ पकड़कर,
सड़क पार कराई,
जब माँ के अपनी तूने पांव दबाए,
जब पिता को हुई तंगी तूने उनके खर्चे कम करवाए।

अब तुझे भेजूँ कहाँ तेरे पाप देखूँ या तेरा पुण्य,
जिस को तकलीफ दी है उसकी सजा भी मिलेगी,
मगर जब किसी की तकलीफ ली है,
उसका इनाम भी मिलेगा।
रात तेरी नरक में कटेगी, तो दिन में तुझे जन्नत का
आराम भी मिलेगा।
पर तेरे हर कर्म का बराबर हिसाब होगा,
दंड और इनाम तू दोनों का भागीदार होगा

## देवी न बनाओ तुम मुझको



**मनीषा**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, तृतीय वर्ष

देवी न बनाओ तुम मुझको,
नारी ही मुझको बने रहने दो,
बस नारी को सम्मान दो।

मुझे माँ की कोख में मत मारो,
संसार में तो आने दो,
बस नारी का सम्मान दो।

बंदिशें अत्यधिक न लगाओ तुम,
मेरा बचपन मुझे जीने दो,
बस नारी को सम्मान दो।

चूल्हा चौकी में ही मत उलझाओ,
कॉलेज, स्कूल तो जाने दो,
बस नारी को सम्मान दो।

जबरन न किसी को थोपो मुझ पर,
जीवन साथी चुनने का हक मुझे दो,
बस नारी को सम्मान दो।

दहेज के लिए न प्रताड़ित करो,
न ही तेल छिड़क जलाओ मुझे,
बस नारी को सम्मान दो।

देना ही है अगर, थोड़ी इज्जत-
तुम मुझे आर्थिक रूप से सशक्त करो,
और स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दो,
ताकि कभी अनिष्ट कुछ होने पर
मैं पैरों पर अपने खड़ी हो सकूँ।
देवी न बनाओ मुझे तुम,
बस नारी का सम्मान दो।

## जरूरी तो नहीं



**कनिका गर्ग**
बी कॉम (विशेष) प्रथम वर्ष

जरूरी तो नहीं कि,
जिस बेटी को तुम ने पाला,
उसे 25 की होने पर पराया कर दो,
तुमने माँ-बाप का फर्ज निभाया,
उसे भी औलाद होने का फर्ज़ निभाने दो।

क्यों तुम बेटी को,
पराई अमानत समझते हो,
अभी अभी वह सयानी हुई है,
उसे भी थोड़े पंख फैलाने दो।

उसे एक मौका दे कर देखो
थोड़ी तो उसे मोहलत दो,
'अपनी' बेटी ही है, कोई 'पराई नहीं
उसे भी 'बेटा' बनकर जीने दो।

## स्कूल के दिन

स्कूल के भी क्या दिन थे!
रोज बस्ता लेकर जाते थे,
लेट होने पर टीचर की डाँट खाते थे,
दोस्तों के साथ गप्पे लड़ाते थे।
एक-दूसरे का टिफिन छीन कर खाते थे,
अगर कोई दोस्त गुस्सा हो जाए,
तो उसे खूब प्यार से समझाते थे,
लेकिन कभी एक-दूसरे का,
दिल नहीं दुखाते थे।
कभी नंबर कम आते तो,
मम्मी से छुपाते थे।
स्कूल के वे भी क्या दिन थे!

## नई सोच की कविता



**विष्णु प्रिया**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, तृतीय वर्ष

नई सोच में लिखने बैठी हूँ कविता,
नई उमंग है साथ भी,
पर समझ नहीं आता,
आगे कैसे बढ़ेगी कविता?

डालने हैं इसमें मुझे ऐसे शब्द,
जिसमें छिपे हो गहरे अर्थ,
साहस भी है मुझमें
नए जोश के साथ भी,
पर समझ नहीं आता,
आगे कैसे बढ़ेगी कविता?

नई सोच में लिखने बैठी हूँ कविता,
नए सपनों के साथ भी,
पर समझ नहीं आता,
आगे कैसे बढ़ेगी कविता?

# माँ



**सौरभ**
बी कॉम (विशेष) प्रथम वर्ष

माँ तू फिर मुझे वह रास्ता बता दे,
मेरे कंधों पर से यह बोझ हटा दे।
मुझे मेरी मंजिल तक पहुँचा दे,
सुनसान रास्तों पर चलना सिखा दे।।

मेरी हर दुआओं में शामिल है तू माँ,
जिंदगी की रीत से वाकिफ है तू माँ।
तुझसे ही तो मेरी सारी खुशियाँ हैं माँ,
तेरे बिना तो मैं कुछ भी नहीं माँ।।

तू है तो है मेरी शाम ढले है,
तुझसे ही तो मेरी साँस चले है।
जो तू न दिखे एक पल को भी,
तो फिर मुझे सब सुनसान लगे है।।

माँ तू सबसे प्यारी है,
इस जग में सबसे न्यारी है,
तेरे से ही तो मैं पूरा हूँ माँ,
तेरे बिना तो मैं अधूरा हूँ माँ।।

तेरे लिए कुछ करके दिखाऊँगा,
अपनी मेहनत से कुछ बनकर दिखाऊँगा।
तूने तो रास्ता दिखा दिया माँ,
अब मैं उस पर चल कर दिखाऊँगा।।

एक दिन तू मुझ पर नाज़ करेगी,
मेरी सारी खुशियों पर तू राज करेगी।
मेरी गलतियों को माफ कर देना माँ,
तू ही मेरा संसार, मेरी क़ायनात है माँ।।

# माँ



**हिमांशु यादव**
बी.कॉम (विशेष) द्वितीय वर्ष

तूने मुझे यह जन्म दिया,
तूने मुझे यह जीवन दिया,
मेरे लिए ऐसी है तू,
अँधेरे में जैसे जलता दिया।

मैंने एक दिन कहा रब से,
तूने मुझे अपना स्वरुप दिया,
ऐ माँ मेरा सब कुछ है तू,
कैसे करूँ मैं तेरा शुक्रिया।

आया था जब मैं इस दुनिया में,
था नहीं मेरा कोई तेरे सिवा,
मेरे लिए ऐसी है तू,
अँधेरे में जैसे जलता दिया।

अब मेरा यह फर्ज बनता है माँ,
कदमों में ला दूँ तेरे मैं यह दुनिया,
ऐ माँ मेरा सब कुछ है तू,
कैसे करूँ मैं तेरा शुक्रिया।

## व्यवहार



**अर्पित गुप्ता**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, प्रथम वर्ष

व्यवहार एक ऐसा गहना है,
व्यक्ति का चरित्र ही उसका आईना है।

सांस्कृतिक परिचय और भाषा,
बोलचाल, प्रसार की मौखिक अभिलाषा।

समाज एक चक्रव्यूह है,
जो चारों दिशाओं से उलझा हुआ है,
फिर भी अनुशासन, निष्ठा, तुष्टीकरण,
की नीति से सुलझा हुआ है।

पहनावा, बहकावा यह अकारण ही आर्थिक गोलबंदी है,
समाज की दृष्टि से समझदारी प्रस्तुत करना ही
असलियत की तोलबंदी है।

यह देश विदेश की उड़ानें भरना,
यह जीवन जीने का प्रयास करना,
प्रत्येक व्यक्ति का सपना है,
विभिन्न जातियों एवं जनजातियों का बच्चा गौरवान्वित
अपना है।

## अध्यापक की विशेषता

अध्यापक पढ़ाता है, लिखाता है,
आखिर कुछ ना कुछ समझा ही जाता है।

अध्यापक की कलम जब चलती है,
छात्रों में विभिन्न प्रकार के रत्नों को टटोलती है।

विद्यार्थियों की पहेलियाँ,
किताबों की अजब-गजब सहेलियाँ।

अध्यापक का विश्वास,
सभी छात्रों से होती है कुछ-न-कुछ आस।

अध्यापक का ज्ञान,
दिलाता है कुछ बनने का ध्यान,
विद्यार्थियों का स्वाभिमान,
देश का गौरवमय सम्मान।

अध्यापक वह है जो गिरे को उठाता है,
लंगड़े को चलना सिखाता है,
अच्छे विद्यार्थी को तो कोई भी समझा के चला जाता है।

गलत विचारों का परिष्कार,
जिससे समाज का होगा संस्कार।

अध्यापक एक अद्भुत किताब है,
जिसके पास सभी प्रकार के छात्रों का लक्ष्यकृत हिसाब है।

## चोरी

चोरी चोरी चोरी चोरी...
कैसी है रोना खोरी,
कोई कहता है पॉकेटमार,
कोई कहता है सबसे बड़ा गँवार,
सब कहते हैं चोर,
फिर क्यों करते हैं लोग इनकी होड़।

चोर पकड़ो चोर छोड़ो चोर,
नहीं जाते उसकी रोने की आवाज की ओर।

मारो पीटो या मार डालो,
किसी का क्या जाता है,
इस आदमी को उखाड़ डालो,
बस यही बनी रहेगी लोगों की गंदी सोच,
तभी तो उनके दिमाग में आती है एक गहरी मोच।

फिर कहते हैं पढ़ाई और खेल के बारे में मत सोच
असली चोर वही होता है जो देखने,
और सुनने के बाद लोगों की मुसीबतों का हल नहीं जानता।
चोरी को बढ़ावा देने वालों की निकालो खाल में से बाल,
तभी उनके दिमाग में लगेगा समझदारी का ताल,
चोरी करनी है ज्ञान और सम्मान की करो,
कभी भी अपमान और गलत काम की मत करो।

# हाँ, हम भी मुस्कुराएँगे, मगर उस दिन



**सौरभ**
बी कॉम (विशेष) प्रथम वर्ष

हाँ! हम भी मुस्कुराएँगे मगर उस दिन...
जब काट देंगे तेरी गुमान भरी पतंगों को अपने ही
छत पर खड़े होकर,
फर्क बस इतना होगा कि मेरी ऊँचाई तेरी ऊँचाई से
ज़रा कम होगी
पर मेरे हौसलों की बुलंदियाँ तेरे हौसलों की बुलंदियों
पर कहीं भारी पड़ेंगी।
हाँ! हम भी मुस्कुराएँगे मगर उस दिन...

जब काट देंगे तेरी गुमान भरी पतंगों को अपने ही
छत पर खड़े होकर।
गली के बच्चे दौड़ पड़ेंगे तेरी कटी पतंग को लूटने,
पेड़ों की टहनियों में लपेट लेंगे उस की डोर को,
पतंग इस तरह लटकी होगी कि जैसे
लटका दिया गया हो किसी अपराधी को फाँसी पर,
और बाहर निकल आए हो उसके प्राण आंखें और
जिह्वा।
और उसका बेजान शरीर हवा में झूल रहा होगा
लावारिसों की तरह।

हाँ! हम भी मुस्कुराएँगे मगर उस दिन,
जब काट देंगे तेरी गुमान भरी पतंगों को अपने ही
छत पर खड़े होकर।

चील कौओं की तरह वह भूखे बच्चे भी टूट पड़ेंगे
उस पतंग पर,
चीर-फाड़ देंगे उसे अपने ही नन्हें हाथों से,
देखेगी खुद-ब-खुद अपने जिस्म के टुकड़े होते हुए,
भयावह मंजर को अपनी ही आँखों से,
चीखेगी चिल्लाएगी वह पतंग, उसकी आत्मा सिहर जाएगी।

हाँ। हम भी मुस्कुराएंगे मगर उस दिन...
जब काट देंगे तेरी गुमान भरी पतंगों को अपने ही
छत पर खड़े होकर।

मिट जाएगा जब इस कदर उस पतंग का अस्तित्व,
तब उड़ेगी अनेक पतंग एक साथ एक ही हवा में,
होगी तो उनके मन में बस, ऊँची उड़ान की आजाद
हसरतें,
जो न महँगा देखेंगी, न सस्ता देखेंगी,
न ऊँचा देखेंगी, न नीचा देखेंगी,
न गोरा देखेंगी, न काला देखेंगी,
देखेंगी तो हर एक डोर, हर एक डोर को मोहब्बत
से,
और इस कदर नहीं इतराएगी, फिर से कोई अकड़ती
पतंग,
इस खुले आसमाँ में किसी दूसरी पतंग की डोर काट
देने को,
हाँ! हम भी मुस्कुराएंगे मगर उस दिन...
जब काट देंगे तेरी गुमान भरी पतंगों को अपने ही
छत पर खड़े होकर।

# मेरे शहीद सैनिक



**अरुणा**
बी.ए. (विशेष) हिंदी, तृतीय वर्ष

दर्द बहुत है, दुख बहुत है
उन शहीदों के जाने का गम बहुत है
रूह काँपती है उस माँ को याद कर
जिस ने बिताया बेटे के साथ वक्त बहुत कम हैं।

सैनिक नहीं वे भगवान हमारे हैं
सुरक्षा बल वह हमारे रखवाले हैं
उनके खून का एक-एक कतरा उस मोती के समान है
जिस पर लिखा भारत हमारी जान है।

मरे नहीं, शहीद हुए
मरेंगे तो वे दुष्ट, जो छिपे हुए हैं
छिपना हमारे सुरक्षा बलों का काम नहीं
वे तो अपनी भारत माँ पर कुर्बान हुए हैं।

पीठ पर नहीं सीने पर गोली खाते हैं
एक बार शहीद होकर हजारों बार जी जाते हैं
वे किसी सुरक्षा में नहीं रहते
वे खुद का नाम ही सुरक्षा बताते हैं।

रूह उनकी कठोर है
'थे' नहीं, 'हैं' वे सदा ज़िंदा रहते हैं
मारेगा क्या दुश्मन उनको,
जो भारत माँ की सरहद पर रहते हैं

# सैनिक की माँ हूँ मैं

जा रहा था वह,
रोने ना मुझको दिया
लौटकर जल्द वापस आऊँगा
तिलक कर विदा मैंने किया।

दुखी न होना मेरे मन,
खुद को मैंने यह वचन दिया,
वीर सैनिक की माँ हूँ मैं,
खुद को मैंने यह गर्व दिया।

लाल मेरा, बहादुर है सैनिक,
न माँ को कभी उदास किया
सदैव ऊँची रहे माँ की शान
सैनिक मेरे ने ऐसा काम किया।

सदैव सर झुकाए हाथ जोड़े,
माँ को नमन किया उसने
भूल से भी होने न पाए कोई चूक
ऐसे वीर ने ऋण लिया।

आँसू छलक आए आँखों से मेरे,
जब मैंने अपने दीपक को जाने दिया
फिर याद आया सैनिक की माँ हूँ।
मैंने खुद को मुस्कुराने का वरदान दिया।

दिन रात मुझे आराम क्यों आए,
यादों ने उसका स्पर्श किया
मैंने भी भेजा दुलार सैनिक को,
जिसने माँ के लिए था जन्म लिया।

कैसे काटूँ जीवन बिन उसके,
क्या करूँ माँ हूँ, दर्द झलक आता है,
गर्व है मुझे लाल, वीर सैनिक पर,
यादों के आँसू के टपकते ही याद आता है।

# अधूरी मुलाकात




**पंकज पंत**
कम्प्यूटर विज्ञान (विशेष) प्रथम वर्ष

किस बात पर खफा हो, शायद बताया नहीं तुमने।
जिस दिन से जुदा हो, शायद जताया नहीं तुमने।।

तुम्हारे बिना दिन रात आहें भरता था।
पर ना जाने क्यों आज रूलाया नहीं तुमने।।

ख्वाबों में रोज छेड़ा करती थी तुम मुझे।
पर इत्तेफाक से आज सताया नहीं तुमने।।

मेरी बेरुख साँसों को आदत थी जिसकी,
क्यों वह खूबसूरत नगमा सुनाया नहीं तुमने।।

सुनसान गलियों में रोज दिखती थी तुम मुझे।
पर आज क्यों यह नजारा दिखाया नहीं तुमने।।

हँसना भुला दिया तुमने जिन लबों को।
आज मिलकर क्यों हँसाया नहीं तुमने।।

जुदा होकर तुम भी रोई, शायद बताया नहीं तुमने।
जिस दिन से जुदा हो, शायद जताया नहीं तुमने।।

# कभी तो ख्वाब ऐसा आए

कभी तो ख्वाब ऐसा आए, जिसमें तेरा अक्स नजर आए।
कभी तो तसव्वुर ऐसा हो, जिसमें तू मुकम्मल ना हो।।
सुना था ख्वाब कुछ देकर जाते हैं,
मुझे तो तेरी याद दे गए।।
सुना था ख़्वाब कुछ अच्छा दिखाते हैं,
मुझे तो जुदाई के लम्हें दिखा गए।।
मयस्सर नहीं मुझे जो हस्तियाँ, उनमें अब तू भी शुमार है।
फुर्कत हूँ नींद से, अब बस ख्वाबों का ही खुमार है।।
कभी तो ख्वाब ऐसा आए जिस में तेरा अक्स नजर आए।
कभी तो सांस ऐसी आए, जो मुझे इल्जाम ना देकर जाए।।

अतीत चाहे जैसा हो, उसकी स्मृतियाँ प्रायः सुखद होती है।
– मुंशी प्रेमचन्द

# शब्दों का ताना-बाना



**नीतिश**
बी.ए. (प्रोग्राम) तृतीय वर्ष

'शब्द' वह जो अभिव्यक्ति दें
'शब्द' वह जो पुनरावृति के लिए सम्प्रेषित करें।
'शब्द' वह जिससे भाव सम्प्रेषित हो।
'शब्द' जिससें दूरियाँ मिटती हों।
'शब्द' वह जिसके लिए अखियाँ झलकती हो।
'शब्द' का सफरनामा कुछ इस तरह है जनाब,
कि जिससे और जिसके द्वारा मुस्कानों का कारण बनती हो अखियाँ।
'शब्द' के जंजाल में फँसना पड़ता है,
जनाब पर जंजाल के बिना काम भी तो नहीं बनता है।
सोचना गलत है कि, सिर्फ बातों को पहुँचाते है 'शब्द'
पर कहीं ना कहीं दुख-सुख, अच्छे बुरे भाव का कारण भी बनता हैं, शब्द।
वे 'शब्द' ही हैं जिनसे खत्म हो दूरी
वे भी जिनसे बढ़ती हो दूरी।
दाँत नहीं होते शब्दों के गालिब
पर काटे तो घाव बिच्छू से कम नहीं।

जिस भाषा में बहादुरी, सच्चाई और दया के लक्षण नहीं होते, उस भाषा के बोलने वाले बहादुर, सच्चे और दयावान नहीं होते।

– महात्मा गाँधी



# English Section

# *Editorial*

Living in a time where thought, language and communication has been reduced to abbreviations, emoticons and acronyms, it is heartening to see the students telling their stories and sharing their world view and experiences with such eloquence. Their involvement with the significant issues and events of the day bodes well for us as a nation. It shows a generation whose vital spirit is that of engagement rather than that of apathy. Without waiting for perfect endings, the present generation does not hesitate in traversing the social, ethical and cultural ambiguities – sometimes with great seriousness and at others with humour, wit, irony and storytelling.

As their guides, it becomes our duty to impart the tools that will allow them to relearn and re-educate themselves as they are bombarded with information from all quarters. As these 'digital natives' strive to express themselves in this constantly and quickly changing landscape, as they train for jobs yet to exist and for technology yet to be unleashed, we as educators and facilitators have to provide them with certain moorings through which they can contextualise and authenticate. So that instead of fitting into a pre-existing mould, they continue to tell stories that delight us, engage us, move us and question us.

In such a scenario, the college magazine plays an empowering role by giving a platform, the very nature of which allows one to formulate, argue, reason, coax, cajole and question. Instead of the imposed word limit and presentation format of an app, here one is allowed creative freedom. Provided with a pen and a paper, one is forced to confront one's thoughts firmly and forcefully. And I am delighted to say that our contributors have done just that!

I would like to express my deep appreciation for my colleague and co-editor, Ms. Lallianpuii Ralte, student editors – Ria Sharma, Komal Joshi and Kartik Gupta. Their collaboration and efforts have made this an enjoyable experience. I would also like to thank all the contributors. We invite you to read on and do hope you will enjoy this section.

**Nancy Khera**

# *Thoughts in Prose*

*Words are flowing out like endless rain into a paper cup*
*They slither wildly as they slip away across the universe*

***The Beatles: Across the Universe ( written by John Lennon)***

# CONTENTS


1. Blue - Kanika Kataria
2. Cold Room - Priya Singh
3. Home - Priya Singh
4. Do It For Me - Rajanish
5. Matchsticks - Rajanish
6. Not My Salvation - Rajanish
7. Title Is Missing - Sachin
8. Darkness Visible - Renu Kapoor
9. She - Kanika Kataria
10. Belief - Gulshan Khan
11. Wolfsbane, Wednesday - Christ Keivom
12. Essence Of Women's Beauty - Amanda & Ajiang
13. Amma - Bhavya Sinha
14. A Study In White/ Bureaucracy, A Theory - Isha Gupta
15. My Personalised Personified Ode To Absurdity - Aakriti Pant
16. Flipping Through The World... - Ria Sharma
17. A Jest Called Life - Ria Sharma
18. Halfway To Paradise - Komal Joshi
19. Citizenship Amendment Bill 2016 : An Introduction - Dr. Mukesh Aggarwal
20. Tale Of Reshma - Deepashi Arora
21. Of June And A Birthday - Vibha Dalal
22. Examination - Shaziya Lari
23. Death Sentence - Isha Gupta
24. Parwaaz - Kartik Gupta
25. Enchanter - Kartikey Malviya

# BLUE



**Kanika Kataria**
B.A. (Hons), English, 2nd year

*"What's your favourite colour?"* Someone asked me today.

I am really amazed at how that one question paused my life at that moment, as my mind revisited the past few years of my life and wondered how my favourite colour has changed over these years.

At about 6, my favourite colour was pink, for the best dress of my favourite doll was pink, and my favourite fairy gown that mom bought me for my birthday was pink, and how the pink roses were my favourite. The colour offered me comfort and feelings of at love at that age.

At around 11, my favourite colour was yellow, for the colour always seemed so promising, and the kind of vibes that yellow used to send me, were beyond satisfying. I used to appreciate how the sun was shining bright, yellow and entirely beautiful.

Then, when I was about 14, my favourite colour was red; for the beautiful brides dressed up in red dresses used to promise me that my prince charming was on his way to me. I used to be amazed at the thought that all of us have the same colour running in our veins and how that colour always evoked fantasies in my mind.

At about 17, my favourite colour changed to black:, for I could see the darkness that it carried within itself; how I could understand and sense that darkness each time I used to talk, or associate myself with anyone, in any way. I understood that the entire universe was black; and that there was this silent darkness in each life, no matter how much we try to hide or ignore it.

But today, that this person asked me about my favourite colour, I won't reply pink, or black. Even yellow and red fail to please me anymore. "Blue", I replied, "Blue is my favourite colour", for now I can see the blue in everyone I meet, how the sky that heads us is blue, and how the entire earth is blue. I see the blue in each eye I come in contact with, in each conversation I engage myself with, I see the blue in each soul I meet.

But, there is a certain amount of coldness I feel whenever I think of my favourite colour now.

I wonder if the blue of my life, and why only mine, but life in general, will ever cease to exist.

I wonder if universe will ever give me a chance to once again change my favourite colour...

**Pain is inevitable, suffering is optional.**
**-Haruki Murakami**

# COLD ROOM



**Priya Singh**
B.A. (Hons), English, 3rd year

My room was closed off,
the windows never opened
unless my dad came to my room
in the evening to let the air in
brighten up the atmosphere
but this is Delhi Pa,
but nothing changed anyway
the door of my room that
connected me to the rest of the house
often closed, opened with groans,
only when knocked.
The door in my room
which opened to the tiny balcony
was left unused, that no one ever used
the tiny balcony was all mine
dusty, empty, barren.
I had opened it a long time ago,
it was the beginning of summer
from what year I don't know
it's winter now, it must be-
my room is so cold, my fingers numb
or is it my whole body which is numb
my fingers can't reach them even when
they're gliding across that very skin.
I often wondered who lived on the balcony
opposite mine and how come I never saw
anyone as if the clothes hung themselves my magic
I had sometimes kept an eye on that
but never heard a sound from that house.
Now that my canvas is grim, no grease
I feel like splashing on the stark-naked linen
I hear voices from their house,
I hear voices from my house
but nothing compels me to open the doors.
I'm always in my room,
it's always the same plain pastel
walls staring at me, or is it me
blankly staring at them?
So, my room is closed off,
freezing in summers
downright a grave in winters
the bare necessities scattered
across my room
my mom calls it a pig sty
and I don't deny
my mood doesn't get any better
or worse, what is that anyway?
My room has a bed that covers half of the room
the bed, never made, books and notebooks,
open pens just ravishing the bed in colours
I want in my life IRL but they only
seep in my dreams but what is IRL
when my castle is made up of papers and pens
there's a bookshelf I keep changing its location
to somehow bring... excitement?
We both look sullen as usual.
There are more books on my bed and floor than
what's jam-packed on the wooden shelf
I should reorganize it soon but not soon enough
there's a built-in closet too

Promises I've made to open it someday
perhaps clean it too, at least organize it better
but it stays, I don't want to see or talk about what's in it.
The walls were light yellow, the tiles & ceiling were bland white and the windows were large yet none of the ivory gleams could frighten the monsters within.
My room is so cold
is there a ghost lurking under my bed,
lurking inside my literal closet,
or (please don't be true)
right behind me
for my room to be the terrible,
the numbing cold that it is?
My body has been my temple,
warm, faithful, bold
My body is in the present - no notice of where I am exactly but my temple has turned into an Aztec structure – moss & vines – my adornments
and I think of how and when
my body and my temple became two separate identities contrasting enough for me to be in two different places & not notice where I am in the former one never seeing the latter but always living in it –

Whole, free
Broken, caged
All at once.

I don't believe in ghosts,
but I believe my mind is a bitch
it conjures up things untrue
but I can't separate the lies from the truth
and now I don't even care to try.
Yes, my room is cold and closed
I don't know why
but so am I.

**I don't want to earn a living, I want to live.**
**-Oscar Wilde**

# HOME



**Priya Singh**
B.A. (Hons), English, 3rd year

To all the Homes I've changed like clothes
I miss the colourful streets of life-
things that make us human
growing up I've moved a lot
and so I've left behind loves
rarely a major breakdown
mostly a dull ringing ache, always in the back of my mind
springing up at moments we share strolling, walking life
Home.
A foreign concept, never a Homey idea
Home: people whom I met once in a blue moon
to share our bliss and blues, and it feels like we're specimens frozen in time,
our memories showcased in the hall of fame.
Home : the cities I haven't stepped on in years yet my feet always recognize the soils of our past, strolling blind, safe, despite the changes development made.
Home: that song from years ago that my fingers start gliding on the air guitar as soon the music plays and words just flow as if they've etched in my veins.
Home: those people I've bared my soul to bare. They are, well, family but I can no longer run to their laps for comfort. They were once the picturesque lanterns without whom festivals seemed bleak. And now my house lights candles with none of their essences in it. The perfect bright rangoli on my front door is the terrible replacement of their footprints which no longer dwells here.
The physical distance didn't widen the threshold between me and my pretty Homes. And so I never felt the need to open my closeted conflicted feelings and moved on from those Homes that abandoned me.
thinking of haven,
but the lack of heaven in it
my voice cracks like water gushing down a cracked pipe by the building that I call Home but mean the breathing books I love
because they aren't just some humans for me
they are a multitude of stories stitched together over the years
the locked books opening up just for me were Homes
in the buildings, we lived together.
Despite it all,
I never questioned what Home is
for all that left a hole in me
was a well-furnished penthouse for
my parents and bhai.
Now having moved away
to yet another alley of some city
alone, trying to act my age,
trying to find new Homes
I am now that adult I had always had to depend upon
I felt a new kind of Homesickness I didn't
know about that has clung to me since forever
the people I had left behind were the vacation Homes that housed me but were heavily tattooed on my bones
And the people who left me are the Homes that still cage me

# DO IT FOR ME



**Rajanish**
B.Sc. (Computer Sc.) 2nd year

I know you're there
Alone in the dark corner
Crying, shivering
In the chilling Eurus
Bleeding, withering away
In the smothering darkness
I know you're there
In that deepest crevice
In that shunned alley
In the city of dead souls
Floating in the ocean of scarred existence
I know you're broken
That you believe that there's no redemption
No salvation
But there is
A light at the end of the tunnel
A ray in the woods
A shimmering comet in the void
I know it's difficult
But hold on to that hope
That belief of a better day
Do that for the people you love
The people you care for
Do it for those enchanting promises
Do it for the unsaid goodbyes
Do it for those binding smiles
Do it for those unfinished sentences
Just hold on to the hope
For a little longer
Do it for me

# MATCHSTICKS



**Rajanish**
B.Sc. (Computer Sc.) 2nd year

Fire in my bloodstream
Water in the lungs, I drown
With the kiss of death on my pale face,
Choking on the diamond, and the poison in my veins
Shaking in my own cage, I am
With the storm in my eyes, I live
With the mirages surrounding me,
With the lies burning into me,
With the chaos in my ears
And darkness in the air,
I don't want to remembered, not anymore
I just want to fade away, far from here
I don't want to save anyone, not anymore
If all I have is meant for destruction, if my love is meant for waste
Then what do I believe in?
You? The one I don't know will be there when the war begins
Then what do I fight for? You? The one who I know will leave me
There is nothing left for me here
And no one who cares if I live, and no one will
Hand me the kerosene and the
Matchsticks

## NOT MY SALVATION



**Rajanish**
B.Sc. (Computer Sc.) 2nd year

You were my angel
My demon
The beginning of my day
The endgame I deserve
You were the venom
That was killing me from within
You were the oxygen
My lungs needed
You were my alpha
You were my Omega
You were the drug I'm addicted to
And I want you so bad
Your smiles
Your little crimes
Made me wonder if you were real
You were the torture I never felt
The pain I never realized
Your love destroyed me
And made me who I am
Your love scarred my soul
And ruined it for eternity
Your love was the acid I didn't deserve
You were the evil I never foresaw
I'd die to just get a glimpse
Now I don't care if you are right in front of me
You were my the beginning of my story
Definitely not the end of it
You could be my damnation
But not my salvation

## TITLE IS MISSING



**Sachin**
B.Sc. (Mathematics) 3rd year

Why the non-materialistic stuff matters to us,
why we strive to live for those who masquerade,
why it actually all starts,
why it happens the way it happens,
why the hell we do fall at first,
why Sartre it affects the mind,
why these things just don't eliminate,
why these things still make frustrate,
it's not a dilemma for you,
oh higher dimensional(s),
just disclose,
why the psychology fails at them,
why not Oxytocin enters their brain,
a simple question to the eternal optimist,
why naïve realism -can't- exist,
why mentalism seems to outcome dualism,
why intuitionism seems to define it,
why free will can't exit,
why an existentialist should face all that,
why a nihilist stays silent,
why don't s/he/them tell the world,
that nothing matters at the end of life,
in unconsciousness,
and at last,
why the heck it still remains,
why it ends the way it ends,
why it takes almost 16 months to forget,
even then why it remains to almost death?
Is it still okay to fall in such deteriorating world of hormones and chemical reactions,
relatively named by the world, what we call love?

# DARKNESS VISIBLE



**Renu Kapoor**
Associate professor
(Dept. of English)

I take a special interest in history and culture and when I travel I choose destinations that offer a combination of the two. Being at a historical place gives me a sense of being a part of a larger reality, of being in a continuum. Being in a different culture gives me a perspective on where I come from as well as making me realize that while cultures are different, the basic values underlying every culture remain the same.

It was with this in my mind that I decided to travel to Europe with my daughter who shares similar interests and is particularly interested in the history and politics of World War 2 and the Holocaust. We decided it was time to visit a dark chapter of European history.

Well meaning friends and family members warned us against the "dark tourism" part of it but we were driven by Elie Weisel's spirit when he said, "Those who forget history are condemned to repeat it". It was time for us to pay homage to the countless victims of the Holocaust.

Our first stop was Prague, a beautiful, vibrant city, bursting with architectural splendour. However, there had been a time when the city had been under German occupation. The Nazi's invasion of Czechoslovakia had been one of the most politically dramatic moments in the history of the second World War. With the Nazis came the humiliation, confinement, imprisonment and then, extermination of the Jews. The Jewish quarter of Prague is testimony to the rich history of the Jews. Beautiful synagogues stand cheek by jowl with an ancient Jewish cemetery, reminding one of the eternal as well as the transient.

Prague is also home to the Orthodox Cathedral of St Cyril and Methodius where Czech nationalists, who assassinated Reinhard Heydrich were martyred. The history of the Czech resistance is inspiring but outside the scope of this piece of writing therefore I will not dwell on it in detail. Heydrich, a high ranking Nazi officer, the Reich Protector of Bohemia and Moravia fell to the bullets of Josef Gabcik and Jan Kubis in Prague in 1942.



Hitler was furious and needed his revenge. The nationalist heroes found a hiding place in the crypt of this church but the infamous SS traced them. A confrontation ensued and the heroes killed themselves in the crypt rather than surrendering or allowing themselves to be captured. The story of these heroes has been poignantly captured in movies such as *Anthropoid* and *Operation Daybreak*.

The same thread of history took us to Lidice, a small village on the outskirts of Prague. Lidice is a tragic symbol of what the fury of a mad regime could unleash on innocent people. While Gabcik and Kubic were on the run after assassinating Heydrich, the vengeful Nazis were hot on their trail. Hearing a flimsy rumour that the assassins could be hiding in Lidice, the SS surrounded Lidice, assembled all the men in the central square of the village and shot each one of them. The women and children were sent to Auschwitz, to the gas chambers. The village was torched and wiped off the face of the earth. What was once a flourishing village is now the Lidice memorial and museum. The undulating landscaped gardens with neat rows of roses in all possible colours hide behind their serenity a saga of anguished suffering. The victims of the massacre at Lidice are frozen in time.

